Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

१- एकादशी माहात्म्य
२- कार्तिक मास माहात्म्य
३- पुरुषोत्तम मास माहा

183

7

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

। श्री ।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

❋ श्री ❋

पुरुषोत्तम मास माहात्म्य

–[भाषा टीका]–

टीकाकार–पं० हरिश्चन्द्र जी 'शास्त्री'

प्रकाशकः—हिन्दी पुस्तकालय, मथुरा।

बम्बई बाडी में छपा]

❋–❋–❋–❋

[मूल्य ३) रुपया।

CSU-Jaipur Campus Collection

tion: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamog

CSU-Jaipur Campus Collection

tion: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamog

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ अथ श्री पुरुषोत्तम मास महात्म्य भाषा टीका ॥

भक्तों के लिये कल्प वृक्ष वृन्दावन के बिहारी एवं वृन्दावनचन्द्र अद्भुत पुरुषोत्तम भगवान् को में प्रणाम करता हूं ॥ १॥ नारायण, नर नरोत्तम, एवं देवी सरस्वती, श्री वेद व्यास जी को प्रणाम करके तब कथा को आरम्भ करे ॥ २ ॥ नैमिष नामक वन में यज्ञ करने की इच्छा से मुनिजन जिन में मुख्य २ देवल, असित, सुमन्तु, पिप्पलायन ॥३॥ आपस्तम्ब, माण्डव्य, अगस्त्य

श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगोपीजनवल्लभायनमः ॥ वंदेवंदारुमंदारंवृन्दावनविनोदिनम् ॥ वृन्दावनकलानाथंपुरुषोत्तममद्भुतम् ॥ १ ॥ नारायणंनमस्कृत्यनरंचैवनरोत्तमम् देवींसरस्वतींव्यासंततोजयमुदीरयेत् ॥ २ ॥ नैमिषारण्यमाजग्मुर्मुनयःसत्रकाम्यया ॥ असितोदेवलःपैलःसुमन्तुः पिप्पलायनः ॥ ३ ॥ सुमतिःकाश्यपश्चैवजाबालिर्भृगुरंगिराः ॥ वामदेवःसुतीक्ष्णश्चशरभङ्गश्चपर्वतः ॥ ४ ॥ आपस्तम्बोऽथमाण्डव्योऽगस्त्यःकात्यायनस्तथा ॥ रथीतरोऋभुश्चैवकपिलोरैभ्यएवच ॥ ५ ॥ गौतमोमुद्गलश्चैवकौशिकोगालवःक्रतुः ॥ अत्रिर्बभ्रुस्त्रितःशक्तिर्बुधोबौधायनोवसुः ॥६॥ कौंडिन्यःपृथुहारीतोधूम्रःशंकुश्चसंकृतिः ॥

कात्यायन, सुमति, काश्यप, जाबालि भृगु, अंगिरा ॥ ४ ॥ वामदेव, सुतीक्ष्ण, शरभंग, पर्वत, रथीतर, ऋभु, कपिल, रैभ्य ॥५॥ गौतम, मुद्गल, कौशिक, गालव, क्रतु, अत्रि, बभ्रु, त्रित, शक्ति, बुध, बोधायन वसु ॥ ६ ॥ कौंडिन्य, पृथुहारीत, धूम्र, शंकु,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

संकृति, शनि, विभाण्डक, पंक, गर्ग काणाद ॥ ७ ॥ जमदग्नि, भरद्वाज, धूमय, मौन, भार्गव, कर्कश, शौनक, महातपस्वी शतानन्द ॥ ८ ॥ विशाल, विष्णुवृद्ध, जर्जर, जंगम, पार, पाशधर, पूर, महाकाय, जैमिन ॥ ९ ॥ महाग्रीव, महाबाहु, महोदर, महाबल उद्दालक, महासेन, आर्त, आमलक प्रिय ॥ १० ॥ ऊर्ध्वबाहु, ऊर्ध्वपाद, एकपाद, दुर्धर, उग्रशील, जलाशी, पिंगल, अत्रि ऋभु

शनिर्विभांडकः पंकोगर्गः काणाद एवच ॥ ७ ॥ जमदग्निर्भरद्वाजोधूमपोमौनभागवः ॥ कर्कशःशौनकश्चैवशतानन्दोमहातपाः ॥ ८ ॥ विशालाख्योविष्णु वृद्धोजर्जरोजयजंजमौ ॥ पाराःपाशधरःपूरोमहाकायोऽथजैमिनिः ॥ ९ ॥ महाग्रीवोमहाबाहुर्महोदरमहाबलौ ॥ उद्दालकोमहासेन आर्तआमलकप्रियः ॥ ॥ १० ॥ ऊर्ध्वबाहुरूर्ध्वपादएकपादश्चदुर्धरः ॥ उग्रशीलोजलाशीचपिंगलोऽत्रिऋभुस्तथाः ॥ ११ ॥ शांडीरः करुणःकालःकैवल्यश्चकलाधरः ॥ श्वेतबाहूरोमपादःकद्रुःकालाग्निरुद्रगः ॥ १२ ॥ श्वेताश्वतर एद्यःशरभंगःपृथुश्रवाः ॥ एतेस शिष्याब्रह्मिष्ठावेदवेदांगपारगः ॥ १३ ॥ लोकानुग्रहकर्तारःपरोपकृतिशीलिनः ॥ परप्रियरतानित्यंश्रौतस्मार्तपरायणाः ॥ १४ ॥ नैमिषारण्यमासाद्यसत्रंकर्तु समुद्यताः ॥ तीर्थ-

॥ ११ ॥ शांडीर, करुण, काल, कैवल्य, कलाधर, श्वेतबाहु, रोमपाद, कद्रू, कालाग्नि, रुद्रग ॥ १२ ॥ श्वेताश्वतर, शरभंग, पृथुश्रवा आदि ब्रह्मिष्ट एवं वेद वेदाङ्ग जानने वाले ये सब मुनि शिष्यों के साथ वहां आये ॥ १३ ॥ सब के सब परोपकारी लोकों पर अनुग्रह कर्त्ता दूसरों पर प्यार करने वाले श्रौतस्मार्त धर्म परायण थे ॥ १४ ॥ ये सब नैमिषारण्य में आकर यज्ञ करने लगे।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

इधर तीर्थ यात्रा के लिये घर से निकलकर सूत जी भी ॥ १५ ॥ पृथ्वी पर्यटन करते हुए नैमिषारण्य में आकर संसार सागर से उद्धारक मुनिजनों को शिष्यों के साथ देखा ॥ १६ ॥ प्रसन्नता पूर्वक उन सब को प्रणाम किया । उन मुनिजनों ने भी उस आये हुए लाल वल्कलधारी ॥ १७ ॥ प्रसन्न मुख, परमशान्त, तत्त्ववेत्ता, सर्वगुण सम्पन्न, आनन्दमय ॥ १८ ॥ ऊर्ध्व पुण्ड्रधारी,

यात्रामथोद्दिश्यगेहात्सूतोविनिर्गतः ॥ १५ ॥ पृथिवींपर्यटन्नैवनैमिषेदृष्टवान्मुनीन् ॥ तान्सशिष्यान्नमस्कृतु संसारार्णवतारकान् ॥ १६ ॥ सूतःप्रहर्षितःप्रागाद्यत्रासंस्तेमुनिश्वराः ॥ ततःसूतंसमायातंरक्तवल्कलधारिणम् ॥ १७ ॥ प्रसन्नवदनंशांतंपरमार्थविशारदम् ॥ अशेषगुणसंपन्नशेषानन्दसंप्लुतम् ॥ १८ ॥ ऊर्ध्वपुंड्रधरंश्रीमन्नाममुद्राविराजितम् ॥ शङ्खचक्रधरंदिव्यंगोपीचन्दनमृत्स्नया ॥ १९ ॥ लसच्छ्रीतुलसीमालजटामुकटमंडितम् ॥ जपन्तंपरमंमन्त्रंहरेःशरणमद्भुतम् ॥ २० ॥ सर्वशास्त्रार्थसारज्ञंसर्वलोकहितेरतम् ॥ जितेंद्रियंजितक्रोधंजीवन्मुक्तंजगद्गुरुम् ॥ २१ ॥ व्यासप्रसादसंपन्नंव्यास वद्विगतस्पृहम् ॥ तंदृष्ट्वासहसो-

भगवन्नाम की मुद्रा धारण किये, गोपीचन्दन के द्वारा शंखचक्रादि दिव्य चिन्ह धारे ॥१९॥ तुलसी माला से शोभायमान जटाओं के मुकटसे शोभित हरिकी शरणका अद्भुत मंत्र जपते हुए ॥२०॥ सर्वशास्त्र तत्त्ववेता,सर्वलोकहित कर्ता,जितेन्द्रिय,क्रोधको जीतने वाले जीवनमुक्त, जगद्गुरु ॥ २१ ॥ व्यासजी की कृपा से सम्पन्न श्री व्यास जी की भान्ति निस्पृह ऐसे श्री सूत जी को देखा फिर वे

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

शीघ्र उठ खड़े हुए ॥ २२ ॥ फिर तो नैमिषारण्य निवासी मुनियों ने सुन्दर एवं अद्भुत कथाओं को सुन ने के लिये श्री सूत जी को घेर लिया। श्री सूत जी ने भी हाथ जोड़ कर प्रसन्नता पूर्वक उन्हें दण्डवत् प्रणाम किया ॥ २३ ॥ ऋषि कहने लगे—हे सूत जी! आप की बड़ी आयु हो। आप भागवत हो। आपके विराजनेके लिये यह सुन्दर आसन ॥२४॥ हे महाभाग! आप थके हुए

त्थायनैमिषेयामहर्षयः ॥ २२ ॥ श्रोतुकामाःसमावव्रुर्विचित्राविविधाःकथाः ॥ ततःसूतोविनीतात्मासर्वानृषिवरांमुदा ॥ बद्धांजलिपुटोभूत्वाननामदंडवंमुहुः ॥ २३ ॥ ऋषयऊचुः ॥ सूतसूतचिरंजीवमहाभागवतोभवान् ॥ अस्माभि स्त्वासनंतेऽद्यकल्पितंसुमनोहरम् ॥२४॥ अत्रास्यतांमहाभागश्रांतोसीत्यब्रुवन्द्विजाः ॥ इत्युक्त्वासूपविष्टेषुसर्वेषुचतपस्विषु ॥ २५ ॥ तपोवृद्धिंततःपृष्ट्वासर्वान्मुनिगणान्मुदा ॥ निर्दिष्टमासनंभेजेविनयाद्रौमहर्षणिः ॥ २६ ॥ सुखासीनंततस्तन्तुविश्रान्तमुपलक्ष्यच ॥ श्रोतुकामाः कथाः पुण्याइदंवचनमब्रुवन् ॥ २७ ॥ ऋषयऊचुः ॥ सूतसूतमहाभागभाग्यवानसिसांप्रतम् ॥ पाराशर्यवचोहार्दंत्वंवेद कृपया-

हो इस पर विराज जाइये। हमभी बैठ जाते हैं। यह कहकर मुनि जन बैठ गये ॥ २५ ॥ तब तपोवृद्ध-वयोवृद्ध मुनियों से आज्ञा लेकर निर्दिष्ट आसन पर श्री सूत जी बैठ गये ॥ २६ ॥ तब उन्हें सुखपूर्वक बैठे हुए स्वस्थ देखकर पवित्र कथाऐं सुनाने के लिये ऋषि कहने लगे ॥ २७ ॥ हे महाभाग! सूत जी आप भाग्यशाली हैं। आप पर गुरु की कृपा है। श्री व्यास जी के वचन जानते

हो ॥ २८ ॥ श्री व्यास शिष्यों में शिरोमणि सूत जी आप सुखपूर्वक तो हो? चिरकाल के अनन्तर इस वनमें पधारे हो पूज्य एवं श्लाघनीय हो ॥ २६ ॥ इस असार संसार में सुनने के योग्य तो बहुत कुछ है। उस में जो सर्व श्रेष्ठ एवं सार हो ॥ ३० ॥ जो आप ने मन में निश्चित कर रक्खा हो। संसार सागर से उद्धार करने वाला एवं शुभ हो ॥ ३१ ॥ अज्ञान रूप अन्धकार से

गुरोः ॥ २८ ॥ सुखीकच्चिद्भवानद्यचिराद्दृष्टःकथंवने ॥ श्लाघनीयोपूज्योऽसिव्यासशिष्यशिरोमणे ॥२९॥ संसारेऽस्मिन्नसारेतु श्रोतव्यानिसहस्रशः ॥ तत्रश्रेयस्करंस्वल्पंसारभूतंचयद्भवेत् ॥ ३० ॥ तन्नोवदमहाभागयत्ते मनसिनिश्चितम् ॥ संसारार्णवमग्नानां पारदंशुभदंचयत् ॥ ३१ ॥ अज्ञानतिमिरांधानांनेत्रदानपरायण ॥ वदशीघ्रं कथासारंभवरोगरसायनम् ॥ ३२ ॥ हरिलीलारसोपेतं परमानंदकारणम् ॥ एवंपृष्टः शौनकाद्यैःसूतःप्रोवाचप्रांजलिः ॥ ३३ ॥ सूतउवाच ॥ शृण्वंतुमुनयःसर्वेमदुक्तंसुमनोहरम् ॥ आदावहंगतोविप्रास्तीर्थंपुष्करसंज्ञितम् ॥ ३४ ॥ स्नात्वातृप्त्वाऋषीन्पुण्यान्सुरान्पितृगणानथ ॥ ततःप्रयातो-

अन्धो को नेत्र देने वाला सांसारिक रोगों की औषधिरूप कथा सार शीघ्र कहिये ॥ ३२ ॥ और शौनक जी आदिने यह भी कहा कि—वही कथा सुनाइये जिसमें हरि लीला का रस एवं परमानन्द की प्राप्ति हो ॥ ३३ ॥ तब सूत जी हाथ जोड़ कर बोले—हे मुनिगण! सुनिये मैं आपको उत्तम कथा कहूंगा। मैं पहिले पुष्कर तीर्थ पर पहुँचा ॥ ३४ ॥ वहां स्नान करके ऋषि देवता एवं

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पितरों को तर्पण दिया । उसके अनन्तर पापनाशिनी यमुना पर पहुँचा ॥ ३५ ॥ क्रमानुसार तीर्थ यात्रा करता हुआ श्री गंगाजी गया फिर काशी, वहाँ से होता हुआ गया तीर्थ पर गया ॥ ३६ ॥ वहां पितर पिण्ड करके त्रिवेणी, कृष्णा गण्डकी आदि में स्नान करके पुलह ऋषि के आश्रम पर पहुँचा ॥ ३७ ॥ तब धेनुमती में स्नान कर सरस्वती के किनारे तीन दिन निवास किया

यमुनांप्रतिबंधविनाशिनीम् ॥ ३५ ॥ क्रमादन्यानितीर्थानिगत्वागङ्गामुपागतः ॥ तत काशीमुपागम्य-
गयांगत्वाततःपरम ॥ ३६ ॥ पितृनिष्ट्वाततोवेणीं कृष्णांचतदनंतरम् ॥ ततःस्नात्वाचगंडक्यांपुलहाश्रमम-
व्रजम् ॥ ३७ ॥ धेनुमत्यामहंस्नात्वाततःसारस्वतेतटे ॥ त्रिरात्रमुषितोविप्रास्ततोगोदावरींगतः ॥ ३८ ॥
कृतमालांचकावेरींनिर्विंध्यांताम्रपर्णिकाम् ॥ तापींवैहायसींनन्दांनर्मदांशर्मदांगतः ॥ ३९ ॥ गत्वाचर्मण्व
तींपश्चात्सेतुबन्धमथागमम् ॥ ततोनारायणंद्रष्टुँ गतोहंबदरीवनम् ॥ ४० ॥ ततोनारायणंदृष्ट्वातापसान-
भिवाद्यच ॥ नत्वास्तुत्वा चतंदेवंसिद्धक्षेत्रमुपागतः ॥ ४१ ॥ एवमादिषुतीर्थेषुभ्रमन्नागतवान्कुरून् ॥

तब वहां से गोदावरी पहुँचा ॥ ३८ ॥ फिर कृतमाला, कावेरी, निर्विन्ध्या, ताम्रपर्णी, तापी, वैहायसी, नन्दा, नर्मदा, शर्मदा आदि तीर्थों पर गया ॥ ३९ ॥ चर्मण्वती पर पहुँच कर सेतुबन्ध पर पहुँचा । वहां से श्री बदरिकाश्रम में श्री नारायण के दर्शन करने गया ॥ ४० ॥ वहाँ दर्शन करके तपस्वियों को भी अभिवादन करके सिद्ध क्षेत्र पर चला आया ॥ ४१ ॥ इसी प्रकार

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

तीर्थाटन करता हुआ कुरु जांगल देशों में होता हुआ हस्तिनापुर में आगया ॥ ४२ ॥ वहां सुना गया—महाराज परीक्षित् अपना राज्य त्याग कर पवित्र गंगाजी के तट पर पहुँचे हैं ॥ ४३ ॥ और वहां बड़े २ योगी सिद्ध लोग देवर्षि आदि भी पहुँचे हैं। उन में कई एक निरा हारी हैं ॥ ४४ ॥ और कई एक वायु, जल, पत्र, श्वास, फल, एवं फेन आदि का आहार करने वाले हैं ॥४५॥

जांगलंदेशमासाद्यहस्तिनापुरगोऽभवम् ॥ ४२ ॥ तत्रश्रुतंविष्णुरातोराज्यमुसृज्यजग्मिवान् ॥ गङ्गातीरं महापुण्यमृषिभिर्बहुभिर्द्विजाः ॥ ४३ ॥ तत्रसिद्धा समाजग्मुर्योगिन सिद्धिभूषणाः ॥ देवर्षयश्चतत्रैवनिराहाराश्चकेचन ॥ ४४ ॥ वातांबुपर्णाहाराश्चश्वासाहाराश्चकेचन ॥ फलाहाराःपरेकेचितफेनाहाराश्चकेचन ॥ ४५ ॥ तंसमाजंप्रष्टुकामस्तत्राहमगमंद्विजाः ॥ तत्राजगामभगवान्ब्रह्मभूतोमहामुनिः ४६ ॥ व्यासपुत्रोमहातेजाःशुकदेवःप्रतापवान् ॥ श्रीकृष्णचरणांभोजेमनसोधारणांदधत् ॥ ४७ ॥ तंद्व्यष्टवर्षंयोगीशंकंबुकंठंमहोन्नतम् ॥ स्निग्धालकावृतमुखंगूढजत्रुं ज्वलत्प्रभम् ॥४८॥ अवधूतंब्रह्मभूतंष्ठीवद्भिर्बालकैर्वृतम् ॥

हे ऋषिगण ! उस समाज से कुछ पूछने के लिये मैं वहां पहुँचा वहां साक्षात् ब्रह्म मय महामुनि आये ॥ ४६ ॥ वे व्यास जी के पुत्र महातेजस्वी प्रतापी श्री शुकदेवजी ही थे। उन्होंने श्री कृष्ण के चरणारबिन्दों में मन लगाया हुआ था ॥ ४७ ॥ उनकी आयु दशवर्ष की थी कम्बुकण्ठ, महा उन्नत, स्निग्ध केशों से घिरा हुआ मुख, दृढ़ स्कन्ध, दीप्तिमान ॥ ४८ ॥ वे ब्रह्म स्वरूप अवधूत

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सूत जी बोले—तब राजा परीक्षित् ने श्री शुकदेव जी से पवित्र श्री मद्भागवत् को श्रवणकिया। श्री शुकदेव जी की कृपा से राजा की मुक्ति हुई ॥ १ ॥ वहां से चल कर मैं यहाँ आया हूं। यज्ञ में दीक्षित हुए आप सब मुनियों के दर्शन पाकर मैं कृतार्थ हुआ हूं ॥२॥ ऋषि बोले—हे सूत जी ! अब अन्य बातों को छोड़कर हमें श्री वेद व्यास जी के मुख से सुने वचन सुनाइये ॥३॥

सूत उवाच ॥ राज्ञापृष्टंशुकेनोक्तंश्रीमद्भागवतंपरम् ॥ शुकप्रसादात्तच्छ्रुत्वाद्दृष्ट्वाराज्ञोविमोक्षणम् ॥ १ ॥ अत्राहमागतोविप्रान्सत्रोद्यमपरायणान् ॥ द्रष्टुकामकृतार्थोऽहंजातोदीक्षितदर्शनात् ॥ २ ॥ ऋषय ऊचु ॥ साधोवार्त्तांतरंत्यक्त्वासूतापूर्ववदस्वन ॥ कृष्णद्वैपायनमुखाद्यच्छ्रुतंतत्प्रसादतः ॥३॥ सारात्सारतरापुण्याकथामात्मप्रसादनीम् ॥ पाययस्वमहाभागसुधाधिकतरापराम् ॥ ४ ॥ सूतउवाच ॥ विलोमजोपिधन्योस्मियन्मापृच्छतसत्तमा ॥ यथाज्ञानंप्रवक्ष्यामियच्छ्रुतंव्यासवक्त्रतः ॥ ५ ॥ एकदानारदोगच्छन्नरनारायणालयम् ॥ तापसैर्बहुभि सिद्धै र्देवैरपिनिषेवितम् ॥ ६ ॥ बदर्य्यामलकैर्बिल्वैराम्रै राम्रातकैरपि ॥ कपित्थैर्ज

ऐसा कथारूप अमृत हमें पिलायें जो सार का सार आत्मा को प्रसन्न करने वाला परम पुण्य रूप हो ॥ ४ ॥ सूत जी बोले—हे ऋषिगण ! मैं विलोमज हूं मुझ से आप पूछ रहे हैं इसलिये मैं धन्य हूं। अब मैं श्री व्यास से सुनी कथा कहता हूं ॥ ५ ॥ सुनिये—एक बार श्री नारद जी बहुत से तपस्वी सिद्ध एवं देवताओं से सेवित नर नारायण के आश्रम पर पहुँचे ॥ ६ ॥ उस

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

आश्रम पर बेर, आंवले, बिल्व, आम्र, आम्रातक, कपित्थ, जामन कदम्ब आदि के सुहावने वृक्ष लगे हुए थे ।। ७ ।। और वहाँ श्री विष्णु के चरणों का जलरूप पवित्र अलक नन्दा नदी बह रही थी । वहां जाकर मैंने नारायण महामुनि को प्रणाम किया ।।८।। वे मुनि परब्रह्म में मन लगाये हुए थे । जितेन्द्रिय एवं छः शत्रुओं को जीते हुए परमकान्तिमान विराजमान थे ।। ९ ।। उन्हें साष्टांग

बुनीपाद्यै र्वृक्षैरन्यैर्विराजितम् ।। ७ ।। विष्णुपादोदकीपुण्याऽलक नंदास्तितत्रच ।। तत्रगत्वाऽनमद्दे वंना रायणमहामुनिम् ।।८।। परब्रह्मणिसंलग्नमानसंचजितेंद्रियम् ।। जितारिषट्कममलंप्रस्फुरद्ब हुलप्रभम् ।।९।। नमस्कृत्वाचसाष्टांगंदेवदेवंतपस्विनम् ।। कृतांजलिपुटोभूत्वातुष्टावनारदोविभुम् ।। १० ।। नारदउवाच ।। देवदेव जगन्नाथकृपाकूपारसत्पते ।। सत्सव्रतस्त्रिसत्योसिसत्यात्मासत्यसंभवः ।। ११ ।। सत्ययोनेनमस्तेस्तु-त्वामहंशरणंगतः ।। तपस्तेऽखिल शिक्षार्थमर्यादास्थापनायच ।। १२ ।। अन्यथैककृतात्पापात्कलौमज्ज-तिमेदिना ।। तथैवपुण्यात्तरतिपुण्यपापिजनावृता ।। १३ ।। कृतादिषुयथापूर्वमेकगंतत्समस्तगम् ।। ताद्द-

दण्डवत् करके उन देवाधिदेव तपस्वी नारायण जी के आगे हाथ जोड़कर नारद जी स्तुति करने लगे ।। १० ।। नारद बोले—हे देवाधिदेव ! जगन्नाथ ! कृपासागर ! सत्पते ! आप सत्यव्रत त्रिसत्य सत्यात्मा एवं सत्य से उत्पन्न हो ।। ११ ।। हे सत्ययोने ! मैं आपकी शरण आया हूं आप को नमस्कार हो आपकी तपस्या सबकी शिक्षक तथा मर्यादा स्थापक है ।। १२ ।। हे नाथ ! कलि में यह पृथ्वी पाप से डूब जाती है और पुण्य से पापी जनों से आवृत होकर भी तर जाती है ।। १३ ।। सत्ययुग आदि में

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

एक से किया कर्म सब को प्राप्त होता है किन्तु कलियुग में ऐसी स्थिति नहीं यहां तो केवल कर्ता ही भोगता है ॥१४॥ हे भगवन् ! आपकी तपस्या की स्थिति तो पाप पुण्य दोनों से लिपायमान है। अब तो सब प्राणी विषयासक्त हैं ॥ १५ ॥ कुटुम्ब एवं गृह में आसक्त हो रहे हैं। अब उनका तथा मेरा जिसमें हित हो वह विचार कर कहिये ॥ १६ ॥ मैं आप के मुख से सुनने की इच्छा

किस्थतिंनिराकृत्यकलौकर्त्तैवकेवलम् ॥ १४ ॥ लिप्यतेपुण्यपापाभ्यामितितेतपसि स्थितः ॥ १५ ॥ भगवन्प्राणिनःसर्वे विषयासक्तमानसः ॥ १५ ॥ दारापत्यगृहासक्तास्तेषांहितकरंचयत् ॥ ममापिहितकृत्किंचिद्विचार्यत्वंतुमर्हसि ॥१६॥ त्वन्मुखाच्छ्रोतुकामोहंब्रह्मलोकादिहागतः ॥ ऊपकारप्रियोविष्णुरितिवेदेविनिश्चितम ॥ १७ ॥तस्माल्लोकोप कारायकथासारंवदाधुना ॥ तस्यश्रवणमात्रेणनिर्भयंविंदतेपदम् ॥ १८ ॥ नारदस्यवचःश्रुत्वाप्रहस्यभगवानृषिः ॥ कथांकथितुमारेभे पुण्यांभुवनपावनीम् ॥ १९ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ गोपांगनावदनपंकजषट्पदस्यरासेश्वरस्यरसिकाभरणस्यपुंसः ॥ वृन्दावने विहरतोव्रजभर्तुरादेःपुण्यांकथा-

से ब्रह्मलोक से चल कर यहां आया हूं। आप विष्णु उपकार प्रिय हैं ऐसा वेद कहते हैं ॥ १७ ॥ अतएव लोकोप कार के लिये आप कथासार कहिये। जिसके श्रवण करने से प्राणी अभयपद प्राप्त कर सके ॥ १८ ॥ नारदजी के वचन सुनकर हंसते हुए ऋषि भगवान् लोक पावनी पवित्र कथा कहने लगे ॥ १९ ॥ श्री नारायण बोले—हे नारद ! श्रीमद्गोपीजनों के मुखारविन्दु के भ्रमर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

रास के ईश्वर, रसिक पुरुषों के आभरण, आदि पुरुष, वृन्दावन विहारी भगवान् व्रजेश्वर की परम पवित्र कथा सुनो ॥ २० ॥ हे वत्स ! भला उनके चरित्र कौन वर्णन कर सकता है जो भगवान् जगत् के विधाता एवं निमिष मात्र में संहार करने वाले हैं। हे मुने ! तुम भी तो भगवच्चरित्र जानते ही हो जो अकथनीय सार रूप एवं सरस है ॥ २१ ॥ फिर भी मैं पुरुषोत्तम का अत्यद्भुत

भगवतःशृणुनारदत्वम् ॥ २० ॥ चक्षुर्निमेषपतितोजगतांविधातातत्कर्मवत्सकथितुंभुविकःसमर्थः ॥ त्वंचापि नारदमुनेभगवच्चरित्रंजानासिसारसरसंवचसामगम्यम् ॥ २१ ॥ तथापिवच्मिपुरुषोत्तमस्यमाहात्म्यमत्यद्भुतमादरेण ॥ दारिद्र्यवैधव्यहरंयशस्यंसत्पुत्रदंमोक्षदमाशुसेव्यम् ॥ २२ ॥ नारदउवाच ॥ पुरुषोत्तमस्तुकादेवोमहात्म्यतस्यकिंमुने ॥ अत्यद्भुतमिवाभातिविस्तरेणवदस्वमे ॥ २३ ॥ सूतउवाच ॥ नारदोक्तंवचःश्रुत्वामुनिर्नारायणोऽब्रवीत् ॥ समाधायमनःसम्यङ् मुहूर्तं पुरुषोत्तमम् ॥ २४ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ पुरुषोत्तमेतिमासस्यनामाप्यस्तिसहेतुकम् ॥ तस्यस्वामीकृपासिंधुःपुरुषोत्तमउच्यते ।२५। ऋषिभिःप्रोच्यतेतस्मान्मासः

महात्म्य कहता हूं। यही महात्म्य दरिद्रता वैधव्य नाशक है। यश सत्पुत्रादि तथा मुक्ति देता है अतः शीघ्र सेवनीय है ॥ २२ ॥ नारद बोले–हे मुनि जी ! यह तो अद्भुत सी बात है कृपया विस्तार से सुनाइये वे देव पुरुषोत्तम कौन है ? और उनका क्या महात्म्य है ॥ २३ ॥ सूत जी बोले – नारद के वचन सुनकर मुनि नारायण जी मुहुर्त तक मन को एकाग्र करके बोले ॥ २४ ॥ श्री नारायण बोले—सुनिये महीने का नाम पुरुषोत्तम है उस महीने के स्वामी कृपासागर पुरुषोत्तम हैं ॥ २५ ॥ ऋषि इसे पुरु-

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

षोत्तम मास कहते हैं। इसके व्रत से पुरुषोत्तम प्रसन्न होते हैं ॥ २६ ॥ नारद जी बोले--स्वामियों के सहित चैत्रादि मास तो सुने हैं किन्तु पुरुषोत्तम मास तो सुनने में नहीं आया ॥ २७ ॥ वह कौन सा महीना है और उसके स्वामी कृपानिधान पुरुषोत्तम किस प्रकार हैं ॥ २८ ॥ हे प्रभो! उसका क्या स्वरूप है। उस महीने में कर्तव्य स्नानदानादि विधान कहिये ॥ २९ ॥ जप पूजा

श्रीपुरुषोत्तमः ॥ तस्यव्रतविधानेनप्रीतःस्यात्पुरुषोत्तमः ॥ २६ ॥ नारदउवाच ॥ सन्तिमध्वादयोमासासेश्वरास्तेश्रुतामया ॥ तन्मध्येनश्रुतोमासःपुरुषोत्तमसञ्ज्ञकः ॥२७॥ पुरुषोत्तमस्तुकोमासस्तस्यस्वामीकृपानिधिः ॥ पुरुषोत्तमःकथंजातस्तन्मेब्रूहिकृपानिधे ॥ २८ ॥ स्वरूपंतस्यमासस्यसविधानंवदप्रभो ॥ किंकर्तव्यंकथंस्नानंकिंदानंतत्रसत्पते ॥ २९॥ जपपूजोपवासादिसाधनंकिंचभण्यताम् ॥ तुष्येत्कृतेनकोदेवःकिंफलंवाप्रयच्छति ॥ ३० ॥ एतदन्यच्चयत्किंचित्तत्त्वंब्रूहितपोधन अनापृष्टमपिब्रूयुःसाधवोदीनवत्सलाः ॥ ३१ ॥ नरायेभुविजायंतेपरभाग्यानुवर्तिनः ॥ दारिद्र्यपीडितानित्यंरोगिणःपुत्रकांक्षिणः ॥ ३२ ॥ जडामूकादांभिकाश्श्रद्धहीन

उपवासादि साधन भी कहिये और उससे कौन से देव प्रसन्न होते हैं और क्या फल देते हैं ॥ ३० ॥ हे तपोधन! साधुजन दीनों पर दया करके विनापूछे भी कह देते हैं अतः और भी जो कुछ तत्त्व हो वह भी सुनाइये ॥ ३१ ॥ और इस प्रकार के भी पुरुष परभाग्यानु जीवी पृथ्वी पर उत्पन्न होते हैं जो दरिद्रता से पीड़ित, नित्य रोगी पुत्रादि की इच्छा वाले ॥ ३२ ॥ जड़, मूक,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पाखण्डी, विद्या रहित, कुचैल, नास्तिक, नीच, जर्जर, नींचों की सेवा करने वालें, ।।३३।। नष्टआशा वाले संकल्प तोड़ देने वाले,
चीणवल, कुरूपी, रोगी कुष्टी किसी अंगसे हीन तथा कोई नेत्र हीन ।।३४।। कई एक इष्ट मित्र कलत्रसे संयुक्त एवं कई पिता मातासे
वियुक्त, कई शोक दुःख आदि से शुष्क अंगों वाले, प्रिय वस्तु से रहित ।।३५।। हे प्रभो ! ऐसी कथा सुनाइये जिसके सुनने पढ़ने

विद्याःकुचैलिनः ।। नास्तिकालंपटानीचाजर्जराःपरसेविनः ।।३३।। नष्टाशाभग्नसंकल्पाःचीणसत्वाःकुरूपिणः ।।
रोगिणःकुष्ठिनोव्यंगानेत्रहीनाश्चकेचन ।। ३४ ।। इष्टमित्रकलत्राप्तपितृमातृवियोगिनः ।। शोकदुःखादि
शुष्कांगाः स्वेष्टवस्तुविवर्जिताः ।। ३५ ।। पुनर्नैवंविधास्तेस्युर्यःकृतेनश्रु तेनच ।। पठितेनानुचीर्णेनतद्वद
स्वममप्रभो ।। ३६ ।। वैधव्यवंध्यतादोषहीनःगत्वदुराधयः ।। रक्तपित्ताद्यपस्माररराजयक्ष्मादयश्चये ।।३७।।
एतैर्दोषसमूहैश्चदुःखितान्वीक्ष्यमानवान् ।। दुःखितोऽस्मिजगन्नाथकृपांकृत्वाममोपरि ।। ३८ ।। विस्तरे
णवदब्रह्मन्मन्मनोमोदहेतुकम् ।। सर्वज्ञःसर्वतत्त्वानांनिधानंत्वमसिप्रभो ।। ३९ ।। सूतउवाच ।। इतिविधित

करने एवं आचरण से फिर इस प्रकार के रोगादि दोष युक्त मनुष्य उत्पन्न न हों ।। ३६ ।। और विधवापन एवं बन्ध्यात्व आदि
दोष भी न हों, अंगहीनता भी न हो एवं दुष्ट व्याधियां रक्तपित्त आदि मिरगी, राजयक्ष्मा आदि राजरोग ।।३७।। इन बीमारियों से
पीड़ित मनुष्यों को देख कर हे जगन्नाथ ! मैं अत्यन्त दुःखित हूं मुझ पर कृपा करें ।।३८।। मुझे प्रसन्न करने के हेतु हे ब्रह्मन् !
विस्तार से कहें । आप सर्वज्ञ एवं सर्वतत्त्वों के निधान हो ।। ३९ ।। सूत जी बोले--इसी प्रकार लोक हित कारक ब्रह्मा जी के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

रसमय बचन सुन कर परमशान्त मुनि की पूजा करके श्री नारायण जी मनोहर बाणी से कहने लगे ॥ ४० ॥

इति श्री पुरुषोत्तममहात्म्ये भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

ऋषि बोले—हे सूतजी ! नर सखा नारायण ने नारदजी को जो शुभ बचन कहे हे महा भाग ! वह हमें विस्तार पूर्वक

नयोदितंरसालंजनहितहेतुनिशम्यदेवदेवः ॥ अभिनवघनरावरम्यवाचाऽवददभिपूज्यमुनिंसुधांशुशांतम् ॥४०

इति श्रीवृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेप्रश्नविधिर्नामद्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

ऋषयऊचुः ॥ नारायणोनरसखोयदुवाचशुभंवचः ॥ नारदायमहाभागतन्नोवदसविस्तरम् ॥ १

सूतउवाच ॥ नारायणवचोरम्यंश्रूयतांद्विजसत्तमाः ॥ यदुक्तंनारदायैतत्प्रवक्ष्यामियथाश्रुतम् ॥ २ ॥

श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुनारदवक्ष्यामियदुक्तंहरिणापुरा ॥ राज्ञेयुधिष्ठिरायैवश्रीकृष्णेनमहात्मना ॥ ३ ॥

एकादाधार्मिकोराजाऽजातशत्रुर्युधिष्ठिरः ॥ द्यूतेपराजितोदुष्टैर्धार्तराष्ट्रैश्छलप्रियैः ॥ ४ ॥ समक्षमग्नि-

सुनाइये ॥ १ ॥ सूतजी बोले ! श्रीनारायणजी ने नारदजी को जिस प्रकार कहा वह सुनिये मैं कहता हूं ॥ २ ॥ श्रीनारायण बोले-हे नारद ! सुनो जैसा कि राजा युधिष्ठिर के प्रति भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रजी ने कहा वह मैं कहता हूँ ॥ ३ ॥ जिस समय कपट प्रिय दुष्ट दुर्योधन ने अजात शत्रु धर्मात्मा महाराज युधिष्ठर को जूए में पराजित कर दिया था ॥ ४ ॥ उस समय दुर्योधन

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

की आज्ञा से दुःशासन ने अग्नि से प्रकट हुई धर्मपरायणा द्रौपदी को बालों से पकड़ कर सभा में खींचा था ॥ ५ ॥ भरी सभा में उसकी साड़ी खींची जा रही थी, ऐसे समय श्रीकृष्ण ने उसकी रक्षा की फिर प्रतिज्ञा के कारण पाण्डव काम्यक वनमें चले गये ॥ ६ ॥ वहां पाण्डवों ने अनेकों कष्ट उठाये। खुले बालों से वनमें फिरते रहे जंगली हाथियों की भांति जंगली फल फूल

संभूताकृष्णाधर्मपरायणा ॥ दुःशासनेनदुष्टेनकचेष्वादायकर्षिताः ॥ ५ ॥ आकृष्टानिचवासासिश्रीकृष्णेन सुरक्षिता ॥ पश्चाद्राज्यंपरित्यज्यप्रयाताःकाम्यकंवनम् ॥ ६ ॥ अत्यंतंक्लेशमापन्नाःपार्थावन्यफलाशिनः॥ विष्कक्कचाचिताःसर्वेग जाइववनौकसः ॥ ७ ॥ अथतान्दुःखितान्द्रष्टुं भगवान्देवकीसुतः ॥ जगामकाम्य-कवनंमुनिभिःपरिवारितः ॥ ८ ॥ तंदृष्ट्वासहसोत्तस्थुर्देहाः प्राणानिवागतान् ॥ पार्थाःसस्वजिरेप्रीत्याश्रीकृष्णं प्रेमविव्हलाः ॥ ९ ॥ तेचानीनमतांभक्त्यायमौहरिपदांबुजम् ॥ द्रोपदीतंननामाशुशनैःशनैरतंद्रिता ॥१०॥ तान्दृष्ट्वादुःखितान्पार्थान्रौरवाजिनवाससः ॥ धूलिभिर्वूसरान्रूक्षान्सर्वतःकचसंवृतान् ॥ ११ ॥ पांचाली

खाते रहे ॥ ७ ॥ उन दुःखियों को देखने के लिये मुनियों को साथ लेकर भगवान् कृष्ण एकबार काम्यकवन में पधारे ॥ ८ ॥ तब भगवान् को आया देखकर मानो शरीर में प्राण आगये हों शीघ्रता पूर्वक वे पाण्डव उठकर प्रेम से भगवान् को मिलने लगे ॥ ९ ॥ नकुल सहदेव ने भगवान् के चरणारविन्दों को प्रणाम किया। और द्रोपदी भी अत्यन्त सावधानता से शनैः २ प्रणाम करने लगी ॥ १० ॥ भगवान् ने देखा वे सब महादुःखी थे मृगचर्म धारण किये मिट्टी से भरे हुए रूखे एवं खुले बालों

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वाले थे ॥११॥कोमलांगी द्रौपदी भी अत्यन्त दुःखी थी ऐसा उन्हें दुःखी देख भगवान् स्वयं अतीव दुःखित हुए ॥१२॥ तत्र भक्त वत्सल विश्वात्मा भगवान् धृतराष्ट्र के पुत्र दुर्योधन आदि के जलादेने की इच्छा से क्रोध में आगये। उनकी भौंहे कुटिल हो गई ॥ १३ ॥ करोड़ों विकराल काल की भांति भयानक मुख से प्रलयाग्नि भड़क उठी। त्रिलोकी को मानो जला डालने के

मपितन्वंगीतादृशीदुःखसंवृताम् ॥ तोषांदुःखमतीवोग्रं दृष्ट्वैवातीवदुःखितः ॥ १२ ॥ धार्तराष्ट्रान्दग्धुकामो भगवान् भक्तवत्सलः ॥ चक्रे कोपंसविश्वात्माभ्रूभंगकुटिलेक्षणः ॥ १३ ॥ कोटिकालकरालास्यःप्रलयाग्नि रिवोत्थितः ॥ संदष्टौष्ठपुटःप्रोच्चैस्त्रिलोकींज्वलयन्निव ॥ १४ ॥ सीतावियोगसंतप्तःसाक्षाद्दाशरथिर्यथा । तमालक्ष्यतदावीरोबीभत्सुजार्तवपेथुः ॥ १५ ॥ उत्थायकृष्णंतुष्टावबद्धांजलिपुटंप्रिया ॥ धर्मानुमोदितः शीघ्रंद्रौपद्याचतथापरैः ॥ १६ ॥ अर्जुनउवाच ॥ हेकृष्णजगतांनाथनाथनाहंजगद्बहिः ॥ त्वमेवजगतां-पातामांनपासिकथंप्रभो ॥ १७ ॥ यच्चक्षुःपतनेनैवब्रह्मणःपतनंभवेत् ॥ तत्कोपेनभवेत्किंवाकोवेदकिंभविष्यति

लिये अधर ओष्ट को दांतों से काटने लगे ॥ १४ ॥ सीता वियुक्त साक्षात् श्रीराम जिस प्रकार क्रोध में भर गये थे उसी प्रकार भगवान् का स्वरूप देखकर अर्जुन कांप उठे ॥ १५ ॥ तत्काल उठकर युधिष्ठिर द्रौपदी एवं और भी हाथ जोड़ कर भगवान् की स्तुति करने लगे ॥ १६ ॥ अर्जुन बोले—हे कृष्ण ! हे जगत् के नाथ ! मैं भी तो जगत् से बाहिर नहीं। आपतो जगत् के रक्षक हो क्या मेरी रक्षा नहीं करोगे प्रभो ॥ १७ ॥ जिस दृष्टि के पतन मात्र से ब्रह्मा का भी पतन हो जाता है। इस प्रकार

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के क्रोध से मालूम नहीं क्या होजायगा ॥१८॥ हे जगदीश्वर ! इस संहारक क्रोध को आप हर लें । आपके इस क्रोध से तो जगत् का प्रलय हो जायगा ॥ १९ ॥ आप सर्व तत्वों के ज्ञाता, सब कारणों के कारण, वेद वेदाङ्ग के बीजों के बीज ईश्वर श्रीकृष्ण हो आपको नमस्कार है ॥२०॥ आप चराचर जगत्के उत्पादक एवं ईश्वर हो ! मंगलों के मंगलएवंबीजरूप सनातन हो॥२१॥एक अपराध

॥ १८ ॥ क्रोधंसंहरतस्तातततातजगत्पते ॥ त्वद्विधानांचकोपेनजगतःप्रलयोभवेत् ॥ १९ ॥ वंदेत्वांसर्वतत्त्वज्ञंसर्वकारणकारणम् ॥ वेदवेदांगबीजस्यबीजंश्रीकृष्णमीश्वरम् ॥ २० ॥ त्वमीश्वरोऽसृजःसर्वजगदेतच्चराचरम् ॥ सर्वमंगलमांगल्यबीजरूपःसनातनः ॥ २१ ॥ सकथंस्वकृतंहन्याद्विश्वमेकापराधतः ॥ मशकान्भस्मसात्कर्तुं कोवादहतिमंदिरम् ॥ २२ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इतिविज्ञाप्यश्रीकृष्णंफाल्गुनःपरवीरहा ॥ बद्धांजलिपुटोभूत्वाप्रणनामजनार्दनम् ॥ २३ ॥ सूतउवाच ॥ हरिःक्रोधंनिरस्याशुसौम्योभूच्चंद्रमाइव ॥ तमालक्ष्यतदासर्वेपांडवाःस्वास्थ्यमागताः ॥ २४ ॥ प्रीत्युत्फुल्लमुखाःसर्वेप्रणेमुःप्रेमविह्वलाः ॥ श्रीकृष्णंपूज-

से स्वकृत विश्व को कौन नाश कर देता है । मच्छरों को जलाने के लिये सारे मन्दिर को भला कौन जला देता है ॥२२॥ श्रीनारायण बोले–हे शत्रुओं के नाशक वीर अर्जुन ! घबड़ामत, इसप्रकार प्रार्थना करके बारम्बार हाथजोड़े प्रणाम करने लगे ॥२३॥सूतजी बोले —अर्जुन की प्रार्थना से क्रोध को हटा कर श्रीकृष्ण चन्द्रमा की भांति शीतल हुए । ऐसा देखकर सब पांडव भी स्वस्थ हुए ॥ २४ ॥ उनके प्रेम के कारण मुख खिल उठे । प्रेम से विह्वल होकर सब ने प्रणाम किया और जङ्गली कन्दमूल फलों से

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पूजन किया ॥ २५ ॥ श्रीनारायण बोले—इस प्रकार भक्त वत्सल शरण्य श्री कृष्ण को प्रसन्न जान कर प्रेम मग्न सिर झुकाये ॥ २६ ॥ हाथ जोड़े बारम्बार प्रणाम करते हुए अर्जुन ने वही प्रश्न पूछा जैसे कि नारद जी आप पूछ रहे हैं ॥ २७ ॥ श्रीकृष्ण भगवान् ऐसा सुनकर दो घड़ी ध्यान करके अपने मित्र एवं प्रेमवती पांचाली को धैर्य देकर पाण्डवों के हितकारी बचन

यांचक्रुर्वन्यैर्मुलफलादिभिः ॥ २५ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ ततःप्रसन्नंश्रीकृष्णंशरण्यंभक्तवत्सलम् ॥ विज्ञायावनतोभूत्वावृहत्प्रेमपरिप्लुतः ॥ २६ ॥ बद्धांजलिर्गुडाकेशोनामंनामपुनःपुनः ॥ तंतथाकृतवान्प्रश्नंयथापृच्छतियंभवान् ॥ २७ ॥ श्रुत्वैवंभगवान्दध्यौमुहूर्तमनसाहरिः ॥ ध्यात्वाश्वास्यसुहृद्वर्गंपांचालींचधृतव्रताम् ॥ उवाचवदतांश्रेष्ठःपांडवानांहितंवचः ॥२८॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ शृणुराजन्महाभागवीभत्सोह्ययमद्वचः ॥ अपूर्वोयंकृतःप्रश्नोनोत्तरंवक्तुमुत्सहे ॥ २९ ॥ एषगुह्यतरोलोकेऋषीणामपिदुर्घटः ॥ तथापिवक्ष्येमित्रत्वाद्भक्तत्वाच्चतवार्जुन ॥ ३० ॥ तदुत्तरमतीवोग्रंक्रमतःशृणुसुव्रत ॥ मध्वादयश्चयेमासालव-

बोले ॥ २८ ॥ श्रीकृष्ण बोले—हे राजन् ! तथा महाभाग अर्जुन ! आपने यह अपूर्वसा प्रश्न किया है इसके उत्तर देने में मैं भी असमर्थ हूं ॥ २३ ॥ लोक में यह अत्यन्त गुप्त है ऋषि लोगों के लिये भी कठिन है किन्तु तुम्हें अपना मित्र और भक्त समझ कर अर्जुन ! मैं कहता हूं ॥ ३० ॥ इसका उत्तर देना अतीव कठिन है। अब क्रम क्रम से सुनते जाइये। चैत्र आदि महीने, टूटे हुए

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पक्ष नाड़िकाएं ।। ३१ ।। याम, त्रियाम, ऋतुएं मुहूर्त, उत्तरायण, दक्षिणायन, वर्ष, युग, परार्ध, अन्त, एवं इनसे भी परे।।३२।। नदियें समुद्र, झीलें, कूए, बावड़ियें, पल्वल, निर्झर, लताएं, औषधियां वृक्ष, एवं वंश वृक्ष ।। ३३ ।। वनस्पति, पुर, ग्राम, पर्वत, पत्तन, ये सब के सब मूर्तिमान हैं। ये सब अपने २ गुणों के द्वारा पूजनीय हैं ।। ३४ ।।इन सब में ऐसा कोई भी नहीं जो अपूर्व

पक्षाश्चनाडिकाः ।। ३१ ।। यामास्त्रियामाऋतवोमुहूर्तान्ययनेउभे ।। हायनंचयुगान्येवपरार्धांताःपरेचये ।। ।। ३२ ।। नद्योर्णवह्रदाःकूपावापील्वलनिर्झराः ।। लतौषधिद्रुमाश्चैवत्वक्साराःपादपाश्चये ।। ३३ ।। वनस्पतिपुरग्रामगिरयःपत्तनानिच ।। एतेसर्वेमूर्तिमंतःपूज्यंतेस्वात्मनोगुणैः ।। ३४ ।। नंतेषांकश्चिदप्यस्तिह्यपूर्वः स्वामिवर्जितः ।। स्वेस्वेऽधिकारेसततंपूज्यंतेफलदायिनः ।। ३५ ।। स्वस्वामियोगमाहात्म्यात्सर्वेसौभाग्यशालिनः ।। अधिमासःसमुत्पन्नःकदाचित्पांडुनंदन ।। ३६ ।। तमूचुःसकलालोकाअसहायंजुगुप्सितम् ।। अनहोमलमासोयंरविसंक्रमवर्जितः ।। ३७ ।। अस्पृश्योमलरूपत्वाच्छुभेकर्मणिगर्हितः ।। श्रुत्वैतद्वचनंलो-

एवं स्वामि रहित हो। ये सब अपने २ अधिकार में स्थित फल देते हैं, अतः पूजनीय हैं ।। ३५ ।। और अपने २ स्वामी की महिमा के कारण ही सौभाग्य शाली हैं। हे पाण्डुनन्दन! इनमें कभी अधिक मास की उत्पत्ति होगई ।। ३६ ।। ये सब के सब एवं लोक उसकी निन्दा करने लगे। कोई तो उसे मलमास कहता कोई असहाय, एवं कोई रवि संक्रमण से रहित कहने लगा।।३७।।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

कोई इसे मलरूप समझ अस्पृश्य बोल उठा । कोई इसे शुभ कर्म्मों में निन्दित बोला इन्हीं वचनों को सुन यह निरुद्यमी एवं हत प्रभ होगया ॥ अत्यन्त दुखी एवं अत्यन्त चिन्तातुर होकर यह मरणावस्था को प्राप्त हुआ । तब किसी प्रकार से धैर्य करके मेरी शरण में आया ॥ ३९ ॥ उस वैकुण्ठ लोक में पहुँच गया जहां कि मेरा निवास है । भीतर पहुंच कर इसने मेरे

कान्निरुद्योगोहतप्रभः ॥ ३८ ॥ दुःखान्वितोतिखिन्नात्माचिंताग्रस्तैकमानसः ॥ मुमूर्षुरभवत्तेनहृदयेनविदूयता ॥ पश्चाद्धैर्यंसमालंब्यमामसौशरणंगतः ॥ ३९ ॥ प्राप्तोवैकुण्ठभवनंयत्राहमवसंनर ॥ अंतर्गृहंसमागत्यमामसौदृष्टवान्परम् ॥ ४० ॥ अमूल्यरत्नरचितेहेमसिंहासनेस्थितम् ॥ तदानींमामसौदृष्ट्वादंडवत्पतितोभुवि ॥ ४१ ॥ प्रांजलिःप्रयतोभूत्वामुंचन्नश्रूणिनेत्रतः ॥ वाचागद्गदयासौम्यंबभाषेधैर्यमुद्वहन ॥ ४२ ॥
सूतउवाच ॥ इत्युक्त्वाबदरीनाथोविरराममहामुनिः ॥ तच्छ्रुत्वापुनरेवाहनारदोभक्तवत्सलः ॥ ४३ ॥
नारदउवाच ॥ इत्थंगत्वाभवनममलंपूर्णरूपस्यविष्णोर्भक्तिप्राप्यंजगदघहरंयोगिनामप्यगम्यम् ॥ यत्रैवास्ते-

दर्शन किये ॥ ४० ॥ रत्न ज़टित स्वर्ण सिंहासन पर बैठे हुए मेरे सामने आकर इसने पृथ्वी पर दण्डवत् प्रणाम किया ॥ ४१ ॥ हाथ जोड़े हुए आंखों से आंसू बहाते धैर्य धारण करके गद्गद्वाणी द्वारा कहने लगा॥४२॥सूतजी बोले—इतनी कथा सुनाकर भक्तवत्सल नारदजी फिर कहने लगे ॥ ४३ ॥ नारद बोले—हे नाथ ! इस प्रकार पूर्णरूप विष्णु भगवान् के निर्मल भक्ति प्राप्य,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जगत्पाप नाशक, योगी जन भी जिसे नहीं पासकते ऐसे वैकुन्ठ लोक में जहां कि जगत् को अभय देने वाले ब्रह्मरूप मुकुन्द रहते हैं वहां जाकर उनकी शरण में अधिक मास ने क्या कहा ॥ ४४ ॥

इति श्री पुरुषोत्तम महात्म्ये भाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

जगदभयदोब्रह्मरूपोमुकुंदस्तत्पादाब्जंशरणमभितः किंबभायेऽधिमासः ॥ ४४ ॥

इतिश्रीवृहन्नारदीय-पुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येऽधिमासस्यवैकुण्ठप्रापणंनामतृतीयोऽध्याय ॥ ३ ॥

श्रीनारायणउवाच ॥ श्रृणुनारदवक्ष्येऽहंलोकानांहितकाम्यया ॥ अधिमासेनयत्प्रोक्तंहरेरग्रे शुभंवचः ॥ १ ॥ अधिमासउवाच ॥ अयिनाथकृपानिधेहरेनकथंरक्षसिमामिहागतम् ॥ कृपणंप्रबलैर्निराकृतंमलमासे-त्यभिधांविधायमे ॥ २ ॥ शुभकर्मणिवर्जितंहिमांनिरधीशंमलिनंसदैवतैः ॥ अवलोकयतोदयालुताक्वगता तेऽद्यकठोरताकथम् ॥ ३ ॥ वसुदेववरांगनायथाखलकंसानलतःसुरक्षिता ॥ वदमांशरणागतंकथंनतथा

श्रीनारायण बोले - हे नारद ! लोकहित कामना से मैं तुझे कहता हूं सो सुन । अधिक मास विष्णु भगवान् को प्रणाम करके शुभ वचन बोला ॥ १ ॥ अधिकमास बोला-हे नाथ ! कृपा निधे ! मैं आपकी शरण आया हूं क्या मेरी रक्षा नहीं होगी । मैं दीन हूँ मुझे मलमास कह कर बलवानों ने निरादर कर दिया है ॥ २ ॥ स्वामी से रहित एवं मलिन कह कर शुभ कर्मों से वर्जित कर दिया है । ऐसा देखते हुए आपकी दयालुता कहां चली गई । आज यह कठोरता कैसी ॥ ३ ॥ हे दीन वत्सल !

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

कंस की कोप अग्नि से वसुदेव की पत्नी देवकी की आपने रक्षा की । आज फिर मुझ शरणागत की रक्षा क्यों नहीं करते !! ४ ॥
दुष्ट दुःशासन के दुःख से द्रौपदी को बचाने वाले दीनानाथ ! कहिये आज मुझ शरणागत की रक्षा क्यों नहीं करते ॥ ५ ॥
जैसे कि आपने यमुना के विषैले जल से गोप एवं पशुओं की रक्षा की वैसे मुझ शरणागत दीन को अब रक्षा क्यों नहीं करते

द्यावसिदीनवत्सल ॥ ४ ॥ द्रुपदस्यसुतायथापुराखलदुःशासनदुःखतोऽविता ॥ वदमांशरणागततंकथंन
तथाद्यावसिदीनवत्सल ॥ ५ ॥ यमुनाविषतोऽविताःपशुपालाःपशवोयथात्वया ॥ वदमांशरणागतंकथंन
तथाद्यावसिदीनवत्सल ॥ ६ ॥ पशवःपशुपास्तदंगनाअवितादावधनंजयाद्यथा ॥ वदमांशरणागतंकथंन-
तथाद्यावसिदीनवत्सल ॥ ७ ॥ पृथिवीपतयोयथावितामगधेशालयबंधनात्त्वया ॥ वदमांशरणागतंकथंन
तथाद्यावसिदीनवत्सल ॥ ८ ॥ गजनायकएत्यरक्षितोझटितिग्राहमुखाद्यथात्वया ॥ वदमांशरणागतंकथंन
तथाद्यावसिदीनवत्सल ॥९॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इतिविज्ञाप्यभूमानंविररामनिरीश्वरः ॥ मलमासोऽश्रुव

॥ ६ ॥ दावाग्नि से पशु गोप गोपियों की रक्षा करने वाले दीनबन्धु ! अब मुझ शरणागत की रक्षा क्यों नहीं करते ॥ ७ ॥
जरासन्ध की कैद से जिस प्रकार राजाओं की रक्षा करली थी वैसे ही अब मुझ शरणागत की रक्षा क्यों नहीं करते ॥ ८ ॥
गजराज की पुकार सुनकर उसे ग्राह के मुख से रक्षा करने वाले दीन वत्सल मुझ शरणागत की रक्षा क्यों नहीं करते ॥ ९ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

श्रीनारायण बोले – वह अनाथ मलमास इस प्रकार प्रार्थना करके आँसु बहाता जगत्पति विष्णु के सामने ठहर गया ॥ १० ॥ तब दयामय दया से द्रवित होकर सामने खड़े हुए दीन वदन मलमास से बोले ॥ ११ ॥ श्रीविष्णु बोले--हे वत्स हे पुत्र ! तुम इतने दुःखी क्यों हो ? इस प्रकार का महान् दुःख तुम्हें कौनसा प्राप्त हुआ है ॥ १२ ॥ तुम शोक मत करो मैं अभी २ तुम्हारा दुःख

दनस्तिष्ठन्नग्रे जगत्पते ॥ १० ॥ तदानीश्रीहरिस्तूर्णंकृपयाप्लावितोभृशम् ॥ उवाचदीनवदनंमलमासंपुरःस्थितम् ॥ ११ ॥ श्रीहरिरुवाच ॥ वत्सवत्सकिमत्यंतंदुःखमग्नोसिसांप्रतम् ॥ एतादृशंमहद्दुःखंकिंतेमनसिवर्तते ॥ १२ ॥ त्वामहंदुःखसंमग्नमुद्धरिष्यामिमाशुचः ॥ नमेशरणमापन्नःपुनःशोचितुमर्हति ॥ १३ ॥ इहागत्यमहादुःखीपतितोऽपिनशोचति ॥ किमर्थत्वमिहागत्यशोकसंमग्नमानसः ॥ १४ ॥ अशोकमजरंनित्यंसानंदंमृत्युवर्जितम् ॥ वैकुण्ठमीदृशंप्राप्यकथंदुःखान्वितोभवान् ॥ १५ ॥ त्वामत्रदुःखितंदृष्ट्वावैकुंठस्थाः सुविस्मिताः ॥ किमर्थंमर्तुकामोसितन्मेवत्सवदाधुना ॥ १६ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ श्रुत्वेदंभगव

दूर कर दूंगा । जो भी पुरुष एक बार मेरी शरण में आ जाय उसको कोई शोक नहीं रहता ॥ १३ ॥ यहाँ आकर कोई भी दुःखी नहीं रहता । तू यहाँ आ गया है तुझे दुःखी नहीं रहना चाहिये ॥ १४ ॥ यह वैकुण्ठ है शोक रहित, अजर, नित्य, मृत्यु रहित एवं आनन्द संयुक्त है, यहाँ आकर तू क्यों दुःखी हो रहा है ॥ १५ ॥ हे पुत्र ! तुझे दुःखी देखकर यहाँ के वैकुण्ठवासी भी विस्मत हैं । तू क्यों मरने की इच्छा रखता है । इसका कारण कह ॥ १६ ॥ श्रीनारायण बोले--जिस प्रकार भार उठाने वाले

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

का भार हलका हो जाय, ऐसे धैर्य दायक भगवान् के वचन सुनकर, दीर्घ श्वास लेता हुआ वह मलमास, भगवान् के प्रति बोला ॥ १७ ॥ अधिक मास बोला—हे भगवन्! आकाश की भांति सारे विश्व में आप व्यापक हैं आपसे क्या अज्ञात है ॥ १८ ॥ चराचर जगत् के घट २ में रहने वाले सबके साक्षी विश्वद्रष्ठा इस प्रकार के कूटस्थ रूप तुममें सब प्राणी निवास

द्वाक्यंविभारइवभारभृत् ॥ श्वासोच्छ्वाससमायुक्तउवाचमधुसूदनम् ॥ १७ ॥ अधिमासउवाच ॥ अज्ञातं-किंचिन्नेवास्तिसर्वत्रभगवंस्तव ॥ आकाशइवसर्वत्रविश्वंव्याप्यव्यवस्थितः ॥ १८ ॥ चराचरगतोविष्णुः साक्षीसर्वस्यविश्वदृक् ॥ कूटस्थेत्वयिसर्वाणिभूतानिचव्यवस्थया ॥ १९ ॥ संस्थितानिजगन्नाथनकिंचिद्भवता विना ॥ किन्नजानासिभगवन्निर्भाग्यस्यममव्यथाम् ॥ २० ॥ तथापिवच्मिहेनाथदुःखजालमपावृतम् ॥ तादृशंनैवकस्यापिनश्रुतंनावलोकितम् ॥ २१ ॥ क्षणालवामुहूर्ताश्चपक्षामासादिवानिशम् ॥ स्वामिनाम-धिकारैस्तेमोदंतेनिर्भयाःसदा ॥ २२ ॥ नमेनामनमेस्वामीनहिकश्चिन्ममाश्रयः ॥ तस्मान्निराकृतःसर्वैःसा-

करते हैं ॥ १९ ॥ हे जगन्नाथ! सारे संसार में आपके बिना अन्य कुछ भी नहीं। क्या मुझ निर्भाग्य का दुःख आप नहीं जानते? ॥ २० ॥ फिर भी हे नाथ मैं अपना दुःख जाल सुनाता हूं। वह ऐसा दुःखजाल है जिसे न किसी ने देखा एवं न सुना है, उसमें मैं फंसा हूं॥२१॥ क्षण, लव, मुहूर्त, पक्ष, मास, दिन, रात्रि, आदि ये सब अपने २ स्वामी से अधिकार प्राप्त करके निर्भय विचरणकर रहे हैं ॥ २२ ॥ न मेरा कोइ नाम है, न कोई स्वामी एवं न कोई आश्रय है। इसी कारण सारे अधिदेव

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सुकर्मों में मेरा निरादर कर देते हैं ॥ २३ ॥ ये सब अन्ध परम्परा में पड़ कर यही कहते आ रहे हैं कि मलमास शुभ कर्मों में निषिद्ध है । इसी निरादर से मैं जीना नहीं चाहता ॥ २४ ॥ इस प्रकार के दुःखी जीवन से मरना अच्छा है । नित्य का जला भला किस प्रकार सोवे । इससे बढ़कर महाराज मैं और क्या कहूं ॥ २५ ॥ आप पर दुःख नहीं सहते सदा उपकार प्रिय हो ऐसा

धिदेवैःसुकर्मणः ॥२३॥ निषिद्धोमलमासोयमित्यंधोऽवटगःसदा ॥ तस्माद्विनष्टुमिच्छामिनाहंजीवितुमुत्सहे ॥२४॥ कुजीविताद्वरंमृत्युर्नित्यदग्धःकथंस्वपेत् ॥ अतःपरंमहाराजवक्तव्यंनावशिष्यते ॥२५॥ परदुःखासहिष्णुस्त्वमुपकारप्रियोमतः ॥ वेदेषुचपुराणेषुप्रसिद्धःपुरुषोत्तमः ॥२६॥ निजधर्मंसमालोच्ययथारुचितथाकुरु ॥ पुनःपुनः पामरेणनवक्तव्यःप्रभुर्महमान् ॥२७॥ मरिष्येऽहंमरिष्येऽहंमरिष्येऽहंपुनःपुनः ॥ इत्युक्त्वामलमासोऽयंविररामविधेःसुत ॥२८॥ ततःपपातसहसासन्निधौश्रीरमापतेः ॥ तत्रतंपतितंदृष्ट्वासंसज्जातासुविस्मिता ॥२९॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्युक्त्वाविरतिमुपागतेऽधिमासेश्रीकृष्णोबहुलकृपाभरावसन्नः ॥ प्रोवाच-

वेद शास्त्रों में प्रसिद्ध पुरुषोत्तम हो ॥ २६ ॥ अब आप अपना धर्म देखकर जैसा चाहें वैसा करें । आप प्रभु हैं मैं पामर हूं, बार २ क्या कहता रहूँ ॥ २७ ॥ मैं मरूंगा, मरूंगा, मरूंगा ऐसा बार २ कह कर हे नारद जी वह मलमास चुप होकर ॥२८॥ श्रीलक्ष्मीनाथ के सन्निधान सहसा गिर पड़ा । इस प्रकार उसे गिरा हुआ देख कर सबके सब विस्मित हो गये ॥ २९ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

श्रीरायण बोले--उस अधिक मास के गिरने एवं चुप हो जाने पर श्रीकृष्ण दयाभार से परिपूर्ण होकर शरदऋतु की किरणों की भांति शीतल एवं मेघ के समान गंभीर वाणी द्वारा सुन्दर वचन बोले ।। ३० ।। सूतजी बोले—इस प्रकार पाप समूह को जलाने वाली बड़वाग्नि के तुल्यवेद की ऋद्धि में परायण नारायण के पवित्र वचन सुनकर आगे सुनने की इच्छा से हे ब्राह्मणो ! प्रसन्न

ज्जलदगभीररावरम्यंनिर्वाणंशिशिरमयूखवन्नयंस्तम् ।। ३० ।। सूतउवाच ।। नारायणस्यनिगमर्द्धिपरायणस्यपापौघवाधिवडाग्निवचोवदातम् ।। श्रुत्वाप्रहर्षितमनामुनिराबभाषेशुश्रूषुरादिपुरुषस्यवचासिविप्राः ।। ।। ३१ ।। इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येमलमासविज्ञप्तिर्नामचतुर्थोऽध्यायः ।। ४ ।।

नारदउवाच ।। किमुवाचमहाभागश्रुत्वातद्वचनंहरिः ।। चरणाग्रेनिपतितमधिमासंतपोनिधे ।। १ ।। श्रीनारायणउवाच ।। शृणुनारदवक्ष्यामियदुक्तंहरिणानघ ।। धन्योऽसित्वंमुनिश्रेष्ठयन्मांपृच्छसिसत्कथाम् ।। ।। २ ।। श्रीकृष्णउवाच ।। शृणुतत्रत्यवृत्तांतंप्रवक्ष्यामित वाग्रतः ।। नेत्रकोणसमादिष्टस्तदानीहरिणार्जुन

होकर नारद बोले ।। ३१ ।। इति श्रीपुरुषोत्तम महात्म्ये भाषा टीकायां चतुर्थोध्यायः ।। ४ ।।

नारद बोले—हे महाभाग तपोनिधे ! तब चरणों में पड़े अधिक मास को विष्णु भगवान् ने क्या उत्तर दिया ।। १ ।। श्रीनारायण बोले—हे निष्पाप नारद ! सुन जो कुछ भगवान् ने कहा । तू धन्य है जो मुझ से यह कथा पूछ रहा है ।। २ ।। श्रीकृष्ण

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

बोले – हे अर्जुन ! अब वहां का वृत्तान्त सुनिये तब विष्णु भगवान् ने गरुड़ को इशारे से आज्ञा दी ॥ ३ ॥ गरुड़ पक्षी ने जाकर अपने पंखों से अधिक मास को हवा की उससे होश में आकर वह बोला–प्रभो ! यह मुझे नहीं चाहिये ॥ ४ ॥ अधिक मास बोला-हे नाथ मैं तो आपकी शरण में आया हूं मेरी उपेक्षा न करें ! हे जगत्पते, मेरी रक्षा करें ॥ ५ ॥ यह कह कर कांपते हुए बार

॥ ३ ॥ वीजयामासपक्षेणतंमासंमूर्छितंखगः ॥ उत्थितःपुनरेवाहनैतन्मेरोचतेविभो ॥ ४ ॥ अधिमास-उवाच ॥ पाहिपाहिजगद्धातःपाहिविष्णोजगत्पते ॥ उपेक्षसेकथंनाथशरणंमामुपागतम् ॥ ५ ॥ इत्युक्त्वा-वेपमानंतंविलपंतंमुहुर्मुहुः ॥ तमुवाचहृषीकेशोवैकुण्ठनिलयोहरिः । ६ ॥ श्रीविष्णुरुवाच ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठभद्रंतेविषादंवत्समाकुरु ॥ त्वद्दुःखंदुर्निवार्यंमेप्रतिभातिनिरीश्वर ॥ ७ ॥ इत्युक्त्वामनसिध्यात्वा-तदुपायंक्षणंप्रभुः ॥ विनिश्चित्यपुनर्वाक्यमुवाचमधुसूदनः ॥ ८ ॥ श्रीविष्णुरुवाच ॥ वत्सागच्छमयासार्धंगोलोकंयोगिदुर्लभम् ॥ यत्रास्तेभगवान्कृष्णःपुरुषोत्तमईश्वरः ॥ ९ ॥ गोपिकावृंदमध्यस्थोद्विभुजो

बार विलाप करते हुए अधिक मास को वैकुण्ठ वासी हृषीकेश विष्णु बोले ॥ ६ ॥ श्री विष्णु बोले---हे पुत्र उठो उठो शोक मत करो । हे अनाथ ! तुम्हारा दुःख निवारण करने के योग्य मुझे एक उपाय सूझ गया है ॥ ७ ॥ ऐसा कह कर क्षण भर अपने मन में विचार कर बोले ॥ ८ ॥ श्रीविष्णु बोले–हे पुत्र ! तुम मेरे साथ योगी जन दुर्लभ गोलोक में चलो । जहाँ पुरुषोत्तम ईश्वर भगवान् श्रीकृष्ण हैं ॥ ९ ॥ वे श्री गोपीजनों में विराजमान, दो भुजा वाले, मुरली धर, नये मेघोके समान श्याम, लाल कमलों के समान

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

नेत्रों वाले ॥ १० ॥ शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा की भाँति सुन्दर मुख वाले, करोड़ों कामदेव की लावण्यता वाले लीला धाम, परम मनोहर ॥ ११ ॥ पीतम्बर धारी, वन माली, प्रेम विभूषण, रत्नभरण भूषित, भक्त वत्सल दीन दयालु हैं ॥ १२ ॥ जिन के समस्त अंगो पर केसर चन्दन कस्तूरी लग रही है। श्री चिन्हित वक्ष स्थल में कौस्तुभ मणि प्रदीप्त हो रही है ॥ १३ ॥ अमूल्य रत्नों

मुरलीधरः ॥ नवीननीरदश्यामोरक्तपंकजलोचनः ॥ १० ॥ शारदीयपार्वणेंदुशोभातिरोचनाननः ॥ कोटिकंदर्पलावण्यलीलाधाममनोहरः ॥ ११ ॥ पीतांबरधरःस्रग्वीवनमालाविभूषितः ॥ सद्रत्नभूषणःप्रेमभूषणोभक्तवत्सलः ॥ १२ ॥ चंदनोक्षितसर्वांगःकस्तूरीकुंकुमान्वितः ॥ श्रीवत्सवक्षाःसंभ्राजत्कौस्तुभेनविराजितः ॥ १३ ॥ सद्रत्नसाररचितकिरीटीकुण्डलोज्ज्वलः ॥ रत्नसिंहासनारूढःपार्षदैःपरिवेष्टितः ॥ १४ ॥ सएवपरमंब्रह्मपुराणपुरुषोत्तमः ॥ स्वेच्छामयःसर्वबीजंसर्वाधारःपरात्परः ॥ १५ ॥ निरीहोनिर्विकारश्चपरिपूर्णतमःप्रभुः ॥ प्रकृतेःपरईशानोनिर्गुणोनित्यविग्रहः ॥ १६ ॥ गच्छावस्तत्रत्वद्दुःखंश्रीकृष्णोव्यपनेष्यति ॥

से जड़ो किरीट मुकुट शिर पर धारण किये हैं एवं कानों में कुण्डल झलक रहे हैं। वे ही प्रभु रत्न जटित सिंहासन पर विराजमान हैं। पार्षद गण सेवा कर रहे हैं ॥१४॥ वे ही परिपूर्ण ब्रह्म पुरुषोत्तम हैं, स्वेच्छामय, सर्वबीज, सर्वाधार परात्पर हैं ॥१५॥ इच्छा से रहित निर्विकार हैं, परिपूर्ण, प्रकृति से परे, सर्वेश निगुर्ण एवं नित्यविग्रह हैं ॥ १६ ॥ वे ही श्रीकृष्ण दुःख दूर करने

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वाले हैं हे पुत्र ! हम दोनों वहीं चले । श्रीनारायण बोले—यह कह अधिक मास का हाथ पकड़ कर विष्णु भगवान् गोलोक में पहुँचे ॥ १७ ॥हे ! मुने वह गोलोक अज्ञात रूप अन्धकार का नाशक तथा ज्ञान मार्ग का प्रदर्शक दीपक रूप ज्योति स्वरूप है, प्रलय में एवं पहिले वही केवल ज्योति स्वरूप रहता है ॥ १८ ॥ करोड़ों सूर्य प्रकाशक, नित्य, असंख्य विश्व के कारण, स्वेच्छा

श्रीनारायणउवाच ॥ इत्युक्त्वातंकरेकृत्वागोलोकंगतवान्हरिः ॥ १७ ॥ अज्ञानांधतमोध्वंसंज्ञानवर्त्मप्रदीपकम् ॥ ज्योतिःस्वरूपंप्रलयेपुरासीत्केवलंमुने ॥ १८ ॥ सूर्यकोटिनिभंनित्यतसख्यंविश्वकारणम् ॥ विभोःस्वेच्छामयस्यैवतज्ज्योतिरुल्बणंमहत् ॥ १९ ॥ ज्योतिरभ्यंतरेलोकत्रयमेवमनोहरम् ॥ तस्यैवोपरिगोलोकः शाश्वतोब्रह्मवन्मुने ॥ २० ॥ त्रिकोटियोजनायामोविस्तीर्णोमंडलाकृतिः ॥ तेजःस्वरूपःसुमहद्रत्नभूमिमयः परः ॥ २१ ॥ अदृश्योयोगिभिःस्वप्नेदृश्योगम्यश्च वैष्णवैः ॥ ईशेनविधृतोयोगैरंतरिक्षस्थितोवरः ॥२२॥ आधिव्याधिजरामृत्युशोकभीतिविवर्जितः ॥ सद्रत्नभूषितासंख्यमंदिरैःपरिशोभितः ॥ २३ ॥ तदधोदक्षि-

मय, विभु परमात्मा की वह महान् एवं उग्र ज्योति है ॥ १९ ॥ उसी ज्योति के भीतर मनोहर तीन लोक हैं । उन के उपर ब्रह्मलोक की भान्ति हे मुने ! वही सनातन गोलोक है ॥ २० ॥ तीन करोड़ योजन के विस्तार वाला मण्डलाकार तेजः स्वरूप है उसकी पृथ्वी अमूल्य रत्नों से जटित शोभाय मान है ॥ २१ ॥ योगिजन तो जिसे स्वप्न में भी नही देख सकते । वैष्णव जन वहां जाते हैं । वह आकाश में स्थित है । परमात्मा ने ही अपने योगबल से उसे धारण कर रखा है ॥ २२ ॥ आधि, व्याधि, जरा, मृत्यु, शोक, एवं भय से रहित है । रत्न जटित असंख्य मन्दिरों से वह

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

शोभायमान है ॥ २३ ॥ उसके नीचे दांये बांये पचास करोड़ योजन के विस्तार में गोलोक के समान सुन्दर वैकुण्ठ तथा शिव लोक है ॥ २४ ॥ उसमें करोड़ योजन विस्तीर्ण गोलोक है जिसमें वैष्णवजन सुन्दर रेशमी पीतवस्त्र पहिने रहते हैं। वह मण्डलाकार है ॥ २५ ॥ वे वैष्णव शंख, चक्र, गदा पद्मधारी चतुर्भुज लक्ष्मी सम स्त्रियों से सेवित हैं। वे स्त्रियां मेखला नूपुरों की

ण्सव्येपंचाशत्कोटिविस्तरात् ॥ वैकुण्ठःशिवलोकश्चतत्समःसुमनोहरः ॥ २४ ॥ कोटियोजनविस्तीर्णोवैकुण्ठोमंडलाकृतिः ॥ लसत्पीतपटारम्यायत्रतिष्ठंतिवैष्णवाः ॥ २५ ॥ शंखचक्रगदापद्मश्रियाजुष्टचतुर्भुजाः ॥ स्त्रियोलक्ष्मीसमाःसर्वाःकूजन्नूपुरमेखलाः ॥ २६ ॥ सव्येनशिवलोकश्चकोटियोजनविस्तृतः ॥ लयशून्यश्चसृष्टौचपार्षदैःपरिवारितः ॥ २७ ॥ निवसंतिमहाभागागणायत्रकपर्दिनः ॥ भस्मोद्धूलितसर्वांगानागयज्ञोपवीतिनः ॥ २८ ॥ अर्धचंद्रलसद्भालाःशूलपट्टिशपाणयः ॥ सर्वेगंगाधराःशूरास्त्र्यंबकाजयशालिनः ॥ २९ ॥ गोलोकाभ्यंतरेज्योतिरतीवसुमनोहरम् ॥ परमाल्हादकंशश्वत्परमानंदकारणम् ॥३०॥

ध्वनियों से सर्वदा सुशोभित हैं ॥ २६ ॥ गोलोक से दांयी ओर प्रलय होने पर भी नाश न होने वाले पार्षदों से आवृत्त करोड़ योजन विस्तृत शिव लोक है ॥ २७ ॥ जहां भस्म रमाये सर्पों का यज्ञो पवीत पहिने महाभाग शिवगण रहते हैं ॥ २८ ॥ आधाचन्द्र जिनके माथे पर सुशोभित है, शूल पट्टिश जिनके हाथों में है सब के सब गंगाधर होकर शंकर की जय मना रहे हैं ॥२९॥ उस गोलोक में आनन्द कारक हर्षवर्धिनी अतीव सुन्दर ज्योति है ॥३०॥ उस ज्योति में परम आनन्द

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जनक परात्पर निराकार ब्रह्म का ज्ञान योगिजननेत्रोंसे ध्यान कियाकरते हैं ॥३१॥ वही ज्योति और भी परम सुन्दर है जिसमें नीलकमल सम अरुण नेत्र॥३२॥शरद ऋतु के करोड़ों पूर्णचन्द्र सम मनोहर शोभाय मान मुखचन्द्र करोड़ों काम सम सौन्दर्य, मनोहर लीला धाम ॥ ३३ ॥ दो भुजा वाले मुरलिका हाथ में लिये मन्द मुस्कराहट वाले पीत वस्त्र धारी भृगु की लात से चिन्हित,

ध्यायंतेयोगिनः शश्वद्योगेनज्ञानचक्षुषा ॥ त देवानंदजनकंनिराकारंपरात्परम् ॥ ३१ ॥ तज्ज्योतिरंतरे· रूपमतीवसुमनोरम् ॥ इन्दीवरदलश्यामंपंकजारुणलोचनम् ॥ ३२ ॥ कोटिशारदपूर्णेंदुशोभातिरोचनानन-नम् ॥ कोटिमन्मथसौंदर्यलीलाधाममनोहरम् ॥ ३३ ॥ द्विभुजंमुरलीहस्तंसस्मितंपीतवाससम् ॥ श्रीवत्स-वत्तसंभ्राजत्कौस्तुभेनविराजितम् ॥ ३४ ॥ सद्रत्नकोटिखचितकिरीटकटकोज्ज्वलम् ॥ रत्नसिंहासनस्थंचवन मालाविभूषितम् ॥ ३५ ॥ तदेवपरमंब्रह्मपूर्णंश्रीकृष्णसंज्ञकम् ॥ स्वेच्छामयंसर्वबीजंसर्वाधारंपरात्परम् ॥ ॥ ३६ ॥ किशोरवयसंशश्वद्गोपवेषविधायकम् ॥ कोटिपूर्णेंदुशोभाढ्यं भक्तानुग्रहकारकम् ॥ ३७ ॥

कौस्तुभ मणि सुशोभित ॥ ३४ ॥ करोड़ों सुरत्नों से जटित किरीट एवं उज्ज्वल हार धारे वन माला से सुशोभित, रत्न जटित सिंहासन पर विराज मान ॥ ३५ ॥ इस प्रकार का स्वरूप परम पूर्ण ब्रह्म श्रीकृष्ण ही हैं। वे स्वेच्छा स्वरूप, सब के बीज, सब के आधार परात्पर हैं ॥ ३६ ॥ किशोर अवस्था के गोपवेश किये हुए करोड़ों पूर्ण चन्द्र की शोभा से सम्पन्न, भक्तों पर कृपा करने वाले हैं ॥ ३७ ॥ वे इच्छा रहित, निर्विकार, परम परिपूर्ण प्रभु हैं। रास मण्डल में विराजमान रासेश्वर श्री हरि हैं

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ ३८ ॥ मङ्गलरूप, मङ्गलमय, सर्व मङ्गलों के मङ्गल, परम आनन्द के राजा, सत्यस्वरूप, अक्षर एवं अव्यय हैं ॥ ३९ ॥ सब सिद्धियों के ईश्वर, सब सिद्धियों के रूप, सिद्धिदाता, प्रकृति से परे, ईशान, निर्गुण एवं नित्य स्वरूप हैं ॥ ४० ॥ आद्य पुरुष, अव्यक्त, एवं इन्द्ररूप हैं, पुरुष से स्तुत, नित्य, स्वतन्त्र केवल एक ही परमात्मा स्वरूप हैं ॥ ४१ ॥ इस प्रकार के अद्भुत

निरीहंनिर्विकारंचपरिपूर्णतमंप्रभुम् ॥ रासमंडपमध्यस्थंशांतंरासेश्वरंहरिम् ॥ ३८ ॥ मंगलंमंगलार्हंचसर्व-मंगलमंगलम् ॥ परमानंदराजंचसत्यमक्षरमव्ययम् ॥ ३९ ॥ सर्वसिद्धेश्वरंसर्वसिद्धिरूपंचसिद्धिदम् ॥ प्रकृतेःपरमीशानंनिर्गुणंनित्यविग्रहम् ॥ ४० ॥ आद्यंपुरुषमव्यक्तंपुरुस्तुतम् ॥ नित्यंस्वतंत्रमेकंचपरमात्म-स्वरूपकम् ॥ ४१ ॥ ध्यायंतेवैष्णवाःशांताःशांतंशांतिपरायणम् ॥ एवंरूपंपरंबिभ्रद्भगवानेकएवसः ॥ ॥ ४२ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ एवमुक्त्वाततोविष्णुरधिमाससमन्वितः ॥ गोलोकमगमच्छीघ्रंविरजोवेष्टि तंपरम् ॥ ४३ ॥ सूतउवाच ॥ इतीरयित्वागिरमात्तसक्रियांमुनीश्वरेतूष्णिमवस्थितेमुनिः ॥ जगादवाक्यं-

शांत स्वरूप का तो शान्ति परायण शान्त वैष्णव जन ही ध्यान करते हैं। यह परम सुन्दर रूप केवल एक भगवान् ही धारण करते हैं ॥ ४२ ॥ श्रीनारायण बोले—इस प्रकार कह कर अधिक मास को साथ लिये विष्णु परम सात्विक गोलोक में शीघ्र पहुँचे ॥ ४३ ॥ सूतजी बोले—सत्कर्म करानेवालीवाणी को कह कर तब श्रीनारायण मौन होगये। इसके आगे की आनन्द दायक

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHEA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

नई कथा सुनाने के लिये नारद जी कहने लगे ॥ ४४ ॥

इति श्री पुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां पंचमोऽध्याय ॥ ५ ॥

श्रीनारदजी बोले---हे अनघ ! वैकुण्ठ वासी विष्णु ने गोलोक में जाकर क्या किया यह कथा कृपा करके सुनाइये ॥ १ ॥

विधिजोमहोत्सवाच्छुश्रूषुरानन्दनिधेर्नवाःकथाः ॥ ४४ ॥

इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेश्रीनारायणनारदसंबादेपुरुषोत्तममहात्म्येविष्णोर्गोलोकगमनेपंचमोऽध्यायः ॥५॥

नारदउवाच ॥ वैकुण्ठाधिपतिर्गत्वागोलोकेकिंचकारह ॥ तद्वदस्वकृपांकृत्वामह्यं शुश्रूषवेऽनघ ॥१॥ श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुनारदवक्ष्येऽहंयज्जातंतत्रतेऽनघ ॥ विष्णुर्गोलोकमगमदधिमासेनसंयुतः ॥ २ ॥ तन्मध्येभगवद्धाममणिस्तंभैःसुशोभितम् ॥ ददर्शदूरतोविष्णुर्ज्योतिर्धाममनोहरम् ॥ ३ ॥ तत्तेजःपिहिता-क्षोसौशनरुन्मील्यलोचने ॥ मंदंमंदंजगामाधिमासंकृत्वास्वपृष्ठतः ॥ ४ ॥ उपमंदिरमासाद्यसाधिमासोमुदा

श्रीनारायण बोले—हे निष्पाप सुनिये, विष्णु भगवान् अधिक मास को साथ लेकर गोलोक से पहुँचे ॥ २ ॥ उसके मध्य में भगवान का धाम है। मणि के खंभों से परम शोभायमान अतीव मनोहर ज्योतिमय धाम को विष्णुजी ने दूर से देखा ॥ ३ ॥ उसके तेज से उनकी आंखें मिच गईं फिर शनैः २ आंखे खोलकर अधिक मास अपने पीछे रख कर धीरे २ विष्णु चलने लगे ॥ ॥ अधिकमास के साथ प्रसन्नता पूर्वक मन्दिर के समीप पहुँच गये। उन्हें आया देखकर उपस्थित द्वारपाल चरणवन्दना

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के लिये उठे ॥ ५ ॥ उसके अनन्तर श्री विष्णु ने भगवद्धाम में प्रवेश किया, धाम की चमक से आंखें मिच गई। पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण को जाकर प्रणाम किया ॥ ६ ॥ श्रीकृष्ण गोपिकाओं के मध्य में रत्न सिंहासन पर विराजमान थे । लक्ष्मीनाथ विष्णु हाथ जोड़ प्रणाम करते हुए बोले ॥ ७ ॥ श्रीविष्णु बोले—गुणातीत, अक्षर, अव्यय, सगुण गोप वेशधारी विष्णु को वन्दना

गतान्यब्दसहस्राणिनवराजन्यभूषण ॥ ११ ॥ संतुष्टस्तपसातस्याभगवान्पार्वतीपतिः ॥ दर्शयामासबाला-येनिजंरूपमगोचरम् ॥ १२ ॥ तद्दृष्ट्वासहसोत्तस्थौदेहःप्राणमिवागतम् ॥ तपःकृशापिसाबालाहृष्टपुष्टातदा-भवत् ॥ १३ ॥ भूरिवातपसंक्लिष्टादेवमीढागरीयसी ॥ साबालाऽवनताभूत्वाववंदेगिरिजापतिम् ॥ १४ ॥ मानसैरुपचारैस्तंसंपूज्यविश्ववंदितम् ॥ तुष्टावजगतांनाथंभक्तियुक्तेनचेतसा ॥ १५ ॥ बालोवाच ॥ अयेशैलजावल्लभप्राणनाथप्रभोभर्गभूतेशगौरीशशंभो ॥ नमः सोमसूर्याग्निदिव्यत्रिनेत्रमदाधारमुंडास्थि-मालिन्नमस्ते ॥ १६ ॥ नरोनेकतापाभिभूताङ्गपीडःपरंघोरसंसारवार्धौनिमग्नः ॥ खलव्यालकालोग्रदंष्ट्राभि-

सी सरदी गरमी वर्षा आदि झेल २ कर तप से क्लिष्ठ हुई भी उस बालाने सिर झुका कर शंकर जी को प्रणाम किया ॥ १४ ॥ उन विश्व वन्दित श्रीमहादेव जी का मानसिक भावनाओं से पूजन करके भक्ति पूर्वक स्तुति करने लगी ॥ १५ ॥ वह बाला बोली—हे पार्वती जी के प्राण वल्लभ ! हें भर्ग ! हे भूतों के नाथ ! हे गौरी के स्वामी ! हे शम्भो ! हे चन्द्र सूर्य अग्नि के दिव्यनेत्र धारिन् ! हे मेरे आश्रय ! मुण्डों की तथा अस्थियों की माला धारने वाले ! आपको मेरी नमस्कार हो ॥ १६ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हे प्रभो जो भी आपकी शरण में आता है, वह घोर संसार सागर में डूबा हुआ भी हो, एवं अनेक तापों से उसके अङ्ग प्रत्यंग पीड़ित भी हो रहे हों, दुष्ठ काले सर्प रूप काल को कठोर दंष्ट्राओं से काटा भी जा रहा हो, वह झट पट इन सन्तापों से मुक्त हो जाता है ॥ १७ ॥ हे समर्थ ! आपने बाणासुर को अपना लिया, अलर्क राजा की मृत पत्नी को जीवित कर दिया, हे दया

दष्टोविमुच्येद्भवंतंशरण्यंप्रपन्नः ॥ १७ ॥ विभोयेनबाणःस्वकीयीकृतश्चमृताजीवितालर्कभूपालपत्नी ॥ दयानाथभूतेशचंडीशभव्यभवत्राणमृत्युञ्जयप्राणनाथ ॥ १८ ॥ मखध्वंसकर्तःसमस्तारिहर्तःसदासेवकानां- भवाध्वंसकर्तः ॥ नमोजन्महर्तःपुरासृष्टिकर्तस्त्वदीयानवप्राणनाथाघहर्तः ॥१९॥ इत्येवंमनसावाचाशिवंस्तु- त्वातपस्विनी ॥ विररामहाभागामेधावितनयानृप ॥ २० ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ तत्कृतंस्तोत्रमाकर्ण्यतप- सोग्रतरेणच ॥ प्रसन्नवदनांभोजस्तामुवाचसदाशिवः ॥ २१ ॥ शिवउवाच ॥ वरंवरयभद्रंतेयस्तेमनसिवां

करने वाले भूतेश, चण्डी के अधिपति ! हे भव्य, संसार से रक्षा करने वाले, मृत्युंजय, प्राणेश्वर ॥ १८ ॥ यज्ञ के भंग करने वाले, सब शत्रुओं के विध्वंस करने वाले, अपने भक्तों के संसार बन्धन हटाने वाले, जन्म मरण से छुड़ाने वाले, पहिले सृष्टि के रचयिता, भक्तों के प्राणजीवन पाप नाशक प्राण नाथ ! नमस्कार हो ॥ १९ ॥ इसी प्रकार मन तथा वाणी से उस तपस्विनी ने शिव की स्तुति की । हे राजन् । वह महा भागा मेधावि पुत्री स्तुति करके चुप होगई ॥ २० ॥ श्रीकृष्ण बोले—उसकी स्तुति सुनकर उसके उग्रतप से प्रसन्न हुए मुख कमल वाले सदाशिव बोले ॥ २१ ॥ शिव बोले—हे भद्रे जो तुम्हारे मनमें हो वह

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वर मांग। हे तपस्विनि दुःखी न हो दुःखी न हो मैं अति प्रसन्न हूं ॥ २२ ॥ ऐसा सुनकर वह कुमारी आनन्द में निमग्न होकर हे राजन्! सदा शिव से कहने लगी ॥ २३ ॥ बाला बोली—हे दीनानाथ दयासागर यदि आप प्रसन्न हैं तो मेरी मन की इच्छा पूर्ण करें, विलम्ब न करो ॥२४॥ हे महादेव मुझे पति देवें। मैं पति की चाहना रखती हूं। मेरे चित्त में पति है और कुछ

छितं.॥ प्रसन्नोस्मिमहाभागेमामाखिदतपस्विनि ॥ २२ ॥ तदाकर्ण्यकुमारीयंमहानंदपरिप्लुता ॥ उवाच वचनंराजन्सुप्रसन्नंसदाशिवम् ॥ २३ ॥ बालोवाच ॥ दीननाथदयासिंधोप्रसन्नश्चेन्ममोपरि ॥ तदामत्का-मितंदेहिमाविलंबंकुरुप्रभो ॥ २४ ॥ पतिंदेहिपतिंमह्यंपतिंपतिमहंवृणे ॥ पतिंदेहिमहादेवनान्यन्मेत्रितितं-हृदि ॥ २५ ॥ एवमुक्त्वातदासैंयोविररामकपर्दिनम् ॥ तदाकर्ण्यमहादेवोजगादमुनिकन्यकाम् ॥ २६ ॥ शिवउवाच ॥ त्वयायत्स्वमुखेनोक्तंतदस्तुमुनिकन्यके ॥ पंचकृत्वस्त्वयायस्मात्पतिःसंप्रार्थितोऽधुना ॥२७॥ तस्मात्पंचभविष्यंतिपतयस्तवसुंदरि ॥ शूराःसकलधर्मज्ञाःसाधवःसत्यविक्रमाः ॥ २८ ॥ यज्वानःस्वगुणख्या-

विचार नहीं, पति, पति, ही दीजिये ॥ २५ ॥ महादेव जी से ऐसा कह कर वह बाला चुप होगई। तब उस बाला से महादेवजी कहने लगे ॥ २६ ॥ शिव बोले-हे मुनि कन्ये तूने अपने मुख से मेरे सामने पांच बार पति पाने की प्रार्थना की है ॥ २७ ॥ हे सुन्दरि इसी कारण तेरे पाँच पति होंगे, वे शूर वीर सब धर्मों के ज्ञाता, साधु एवं सत्य पराक्रमी ॥ २८ ॥ यज्ञ कर्ता, गुणों

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

से प्रख्यात, सत्यवादी, जितेन्द्रिय,तुम्हारे मुख की ओर देखने वाले गुणशाली राजा होंगे ॥ २६ ॥ श्रीकृष्ण बोले—ऐसा श्रीमहादेव का बचन सुन जो इतना प्रिय नहीं था वह बाला अवनत होकर बचन चातुरी से बोली ॥ ३० ॥ बाला बोली–हे सदा शिव गिरिजा कान्त संसार में मेरा इस प्रकार तो उपहास न कराइये। एक स्त्री का एक ही पति होता है ॥ ३१ ॥ एक स्त्री पांच

ताःसत्यसंधाजितेंद्रियाः ॥ त्वन्मुखप्रेक्षकासर्वेराजन्यागुणशालिनः ॥ २६ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ इत्याकर्ण्य-वचस्तस्यधूर्जटेरनतिप्रियम् ॥ उवाचावनताभूत्वाबालावाक्यविशारदा ॥ ३० ॥ बालोवाच ॥ एवंमेगिरि-जाकांतमास्तुलोकेऽतिकौतुकम् ॥ एकस्याएकएवास्तिभर्तानार्याःसदा शिवः ॥ ३१ ॥ नदृष्टानश्रुताक्वा-पिनार्येकापंचभर्तृका ॥ एकस्यपंचपत्न्यस्तुपुरुषस्यभवंतिहि ॥ ३२ ॥ त्वदीयाहंकथंशंभोभवेयंपंचभर्तृका ॥ नैवार्हशिवचस्त्वेवंमयिवक्तुंकृपानिधे ॥ ३३ ॥ तवैवजायतेलज्जात्वदीयाहंयतःप्रभो ॥ इत्याकर्ण्यवचस्तस्याः शंकरः प्राहतांपुनः ॥ ३४ ॥ शिवउवाच ॥ मास्तुतेस्मिन्भवेभीरुभव्यंतत्परजन्मनि ॥ अयोनिसंभवातत्र-

भर्ता वाली न कहीं देखने में आई न सुनी गई है। हाँ एक पुरुष की पांच पत्नियां हुआ करती हैं ॥ ३२ ॥ हे शंभो मैं आपकी सेविका होते हुए पांचभर्ता वाली क्यों होऊं। हे कृपानिधे! इस प्रकार कहना क्षमा करें उचित तो नहीं ॥ ३३ ॥ हे प्रभो यह लज्जा तो आपको हो क्योंकि मैं तो आपकी ही हूं। इस प्रकार सुनकर शंकर फिर कहने लगे ॥ ३४ ॥ हे भीरू तूं डर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

नहीं, अगले जन्म में तपोबल से तू योनि से उत्पन्न नहीं होगी उसी जन्म में ही मुझे पति प्राप्त होंगे ॥ ३५ ॥ पति सुख पाकर तू परमपद भी प्राप्त करेगी । दुर्वासा तो मेरी प्रिय मूर्ति हैं उनका तू अपमान कर चुकी है ॥ ३६ ॥ यदि वे क्रोध में आजाय तो त्रिलोकी जला सकने हैं तूने गर्व की मात्रा से उस ब्रह्म तेज का तिरस्कार किया था ॥ ३७ ॥ पुरुषोत्तम मास तो भगवत्प्रिय

भविष्यसितपोबलात् ॥ ३५ ॥ भर्तृजंसुखमासाद्यततोगंत्रीपरंपदम् ॥ दुर्वासामेप्रियामूर्तिःसत्वयाऽवमतः
पुरा ॥ ३६ ॥ सचेत्कोपावृतःसुभ्रु निर्दहेद्भुवनत्रयम् ॥ त्वयागर्वातिरेकेणब्रह्मतेजःप्रमर्दितम् ॥ ३७ ॥ पुरु-
षोत्तमस्त्वयामासोनकृतोभगवत्प्रियः ॥ यस्मिन्नर्पितमैश्वर्यंश्रीकृष्णेनात्मनःस्वकम् ॥ ३८ ॥ अहं ब्रह्मादयोदे-
वानारदाद्यास्तपस्विनः ॥ यदादेशकराबालेतदाज्ञांकोविलंघयेत् ॥ ३९ ॥ समासोनत्वयामूढेपूजितोलोक
पूजितः ॥ अतस्तेपंचभर्तारोभविष्यंतिद्विजात्मजे ॥ ४० ॥ नान्यथाभावितद्बालेपुरुषोत्तमखंडनात् ॥ योवै-
निंदतितंमासंसयातिघोररौरवम् ॥ ४१ ॥ विपरीतंभवेत्तस्यनकदाप्यन्यथाभवेत् ॥ पुरुषोत्तमस्ययेभक्ताःपुत्र-

मास है । उसका व्रत तैंने नहीं किया, श्रीकृष्ण भगवान् ने ही अपना ऐश्वर्य सौंप कर उसे अपना बनाया है ॥ ३८ ॥ मैं ब्रह्मादि देवता नारद आदि तपस्वी जिसकी आज्ञा पालन करते हैं भला कौन उनकी आज्ञा उल्लंघन करे ॥ ३९ ॥ हे मूढ़े उस लोक पूजित मास का तूने पूजन नहीं किया । हे ब्राह्मण पुत्री इसी कारण तेरे पाँच पति होंगे ॥ ४० ॥ हे बाले–पुरुषोत्तम की अवज्ञा हो जानेसे अत्र अन्यथा हो ही नहीं सकता । जो भी उस मास की निन्दा करता है वह घोर रौरव नरक में पड़ता है॥४१॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

उससे विपरीत रहने वाले का कभी मङ्गल नहीं। और पुरुषोत्तम के भक्त जन धन धान्य पुत्र पौत्र से सम्पन्न होकर ॥ ४२ ॥ इस लोक की तथा परलोक की सिद्धियां पाते हैं, पा चुके हैं और पाँयेगे। हम देवता लोग भी पुरुषोत्तम की सेवा करते हैं ॥ ४३ ॥ जिस पुरुषोत्तम मास की सेवा से श्रीपुरुषोत्तम शीघ्र प्रसन्न होते हैं। वह मास फिर क्यों न सेवनीय हो, एवं सुमध्यमे

पौत्रधनान्विताः ॥ ४२ ॥ ऐहिकामुष्मिकींसिद्धिंयातायास्यंतियांतिच ॥ वयंसर्वेपिगीर्वाणाःपुरुषोत्तमसेविनः ॥ ४३ ॥ यस्मिन्संसेवितेशीघ्रं प्रीयतेपुरुषोत्तमः ॥ सेवनीयंकथंमासंनभजामसुमध्यमे ॥ ४४ ॥ अत्युत्कटानांमहतांवचोमिथ्याकथंवद ॥ अनुनेयाहिमुनयःसदसद्वादवादिनः ॥ ४५ ॥ वदन्नेवंनीलकंठःक्षिप्रमंतर्दधेहरः ॥ चकितासाभवद्बालायूथभ्रष्टामृगीयथा ॥ ४६ ॥ सूतउवाच ॥ शशांकलेखांकितभालदेशेसदाशिवेशैवदिशंप्रयाते ॥ चिंताबबाधेमुनिराजकन्यांहत्यायथावृत्रहणंमुनीशाः ॥ ४७ ॥

भजनीय ही ॥ ४४ ॥ बड़े २ महात्माओं के ये वचन भला किस प्रकार मिथ्या हों सत् असत् वक्ता मुनि जन प्रार्थनीय होते हैं ॥ ४५ ॥ इस प्रकार कहते २ नील कण्ठ सदाशिव तत्काल अन्तर्ध्यान होगये। वह बाला यूथ भ्रष्टामृगी की भान्ति चकित होगई ॥ ४६ ॥ सूतजी बोले—हे मुनिजन! जब कि अपने मस्तक पर चन्द्रमा की रेखा रखने वाले सदाशिव शिवलोक में पधारे तब वृत्रासुर की हत्या करने वाले इन्द्र की भांति मुनि राज की कन्या चिन्ता में पड़ गई ॥ ४७ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

नारद जी बोले—हे महर्षे ! मैं आगे का वृत्त सुनना चाहता हूं, विनय यह है कि जब श्रीमहादेव चले गये गये शोक ग्रस्ता उस बाला ने फिर क्या किया ॥ १ ॥ श्रीनारायण बोले-जैसा कि तुम पूछ रहे हो इसी प्रकार पाण्डु पुत्र युधिष्ठिर जीने भी

इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येशिववाक्यंनामएकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

नारदउवाच ॥ शितिकंठेगतेनाथबालाकिमकरोच्छुचा ॥ तन्मेवदविनीतायशुश्रूषाधर्मसिद्धये ॥१॥ श्रीनारायणउवाच ॥ एवमेवपुरापृष्टःश्रीकृष्णःपांडुसूनुना ॥ यदुवाचवचोरज्ञेतन्मेनिगदतःशृणु ॥ २ ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥ एवंगतेशिवेराजन्सावालाविगतप्रभा ॥ निःश्वासपरमाभीतासाश्रुनेत्राकृशोदरी ॥ ३ ॥ हृद्याग्निलसज्ज्वालाज्वलितांगीकुमारिका ॥ दावाग्निदग्धपत्रासालतेवासतपस्विनी ॥ ४ ॥ दुःखमीर्ष्या-मासन्नत्यामेवंकालोमहान्गतः । असौतामवचस्कंदताहशीतापसींप्रभुः ॥ ५ ॥ सहसातांसमापन्नांफणीवा·

श्रीकृष्ण भगवान् से पूछा था। उन्हीं के कथनानुसार श्रवण करो ॥ २ ॥ श्रीकृष्णजी ने कहा था कि—जब शिव चले गये उस समय राजन् उस बाला का तेज नष्ट हो गया बड़ी डर गई सांस चलने लग गये आंखों में आंसु छल छला आये ॥३॥ उस कुमारि का के हृदय में आगे जल उठी उसके अंग प्रत्यंग जलने लगे दावाग्नि से जले पत्र वाली बेलकी भांति वह तपस्विनी झुलस गई ॥ ४ ॥ दुःख तथा ईर्षा प्राप्त होते २ उसे बहुत समय गुजरा, इसी दुःख ईर्षा में ही उस तपस्विनी का

CSU-Jaipur Campus Collection

प्रभु ने जीवन समाप्त किया ॥ ५ ॥ जिस प्रकार बिल में घुसते चूहे को सर्प भागकर पकड़ लेता है उसी प्रकार उस तपस्विनी
को भी बलवान् काल ने अपने वश कर लिया ॥ ६ ॥ वर्षा कालीन मेघों से घिरे हुए आकाश मण्डल में जिस प्रकार बिजली
चमक कर लुप्त हो जाती है, वैसे ही अपने आश्रम में वह तपद्वारा निष्पाप होकर मृत्युकोप्राप्त हुई ॥७॥ उसी समय यज्ञसेन धर्मिष्ठ

खुनिवेशनम् ॥ इतिकालेनबलिनावशंनीतातपस्विनी ॥ ६ ॥ प्रावृण्मेघावृतेव्योम्निविद्युत्सौदामिनीयथा ॥
तथाऽऽश्रमेस्वकेनष्टातपसादग्धकल्मषा ॥ ७ ॥ तदानीमेवधर्मिष्ठोयज्ञसेनोनराधिपः ॥ बृहत्संभारसंपन्नम-
करोद्यज्ञमुत्तमम् ॥ ८ ॥ तद्यज्ञकुण्डादुद्भूताकुमारीकनकप्रभा ॥ सेयंद्रुपदशार्दूलतनयाप्रथिताभुवि ॥
॥ ९ ॥ द्रौपदीसर्वलोकेषुह्यार्षेयीयापुराऽभवत् ॥ सेयंस्वयंवरेराजन्मत्स्यवेधेकृतेसति ॥ १० ॥ लब्धार्जु-
नेनपांचालीक्षुभितेराजमंडले ॥ तृणीकृत्यनृपान्सर्वान्भीष्मकर्णादिकान्बहून् ॥ ११ ॥ सेयंकचग्रहंप्राप्तादुष्ट
दुःशासनान्मुने ॥ वचांसिकर्णशूलानिश्राविताखर्णिनी ॥ १२ ॥ मयाचोपेक्षिताराजन्पुरुषोत्तमहेलनात् ॥

द्रुपद राजा यज्ञ की बड़ी सामग्री इकट्ठी करके उत्तम यज्ञ कर रहे थे ॥ ८ ॥ उसी ही यज्ञ कुण्ड से
वही कुमारी स्वर्ण की तरह प्रभावली प्रकट हो गयीं, हे राजन् यह वही अब द्रुपद कन्या करके प्रसिद्ध द्रौपदी
है जिसेस्वयंवर में मत्स्यवेध करके ॥९॥१०॥ सब राजाओं के मण्डल में बड़े २ भीष्म कर्ण आदि सब राजाओं को निस्तेज करके
अर्जुन ने स्वयंवरमें प्राप्त किया॥११॥कानों में शूल की तरह चुभने वाले वचन सुना२ कर दुष्ठ दुःशासन ने जिसे बालों से घसीटा
था ॥ १२ ॥ हे राजन् उस समय मैंने भी इसकी उपेक्षा करदी थी क्योंकि इसने पुरुषोत्तम मास का अपराध किया था फिर

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जब स्नेह द्वारा बार २ मुझे पुकारा ॥१३॥ मेरे नाम ले लेकर पुकार ने लगी—हे कृष्ण ! जगत्पति कृष्ण ! दामोदर ! दयासागर ! नाथ ! लक्ष्मीकान्त ! क्लेश नाशक केशव ॥ १४ ॥ हे हृषीकेश ! मेरे माता, पिता, भ्राता सम्बन्धी सखी सहेली कोई नहीं और न मैं भैन, भानजा, इष्ट, प्राण पति, कुछ भी नही जानती, हे दयालो मेरे लिये तो आप ही सब कुछ हैं ॥ १५ ॥ हे गोविन्द,

यदामयिकृतस्नेहामन्नामान्यवदन्मुहुः ॥ १३ ॥ दामोदरदयासिंधोकृष्णकृष्णजगत्पते ॥ हेनाथहेरमानाथं- केशवक्लेशनाशन ॥ १४ ॥ नमातानतातोनचभ्रातृवर्गोनसख्योनजामिर्नवैभागिनेयः ॥ नबन्धुर्नचेष्टोन- वैप्राणनाथोहृषीकेशसर्वंभवानेवमेऽस्ति ॥ १५ ॥ गोविंदगोपिकानाथदीनबन्धोदयानिधे ॥ दुःशासनपरा- भूतांकिंनजानासिमांप्रभो ॥ १६ ॥ दुःशासनपराभूतातदाद्रुपदनंदिनी ॥ मदीयस्मरणंप्राप्ताविस्मृतापिम- यापुरा ॥ १७ ॥ शीघ्रंगरुडमारुह्यतत्रागत्यस्थितेनवै ॥ पूरितानिमयाराजन्नस्यैवासांस्यनेकशः १८ ॥ सदामयिकृतस्नेहामत्प्राणामत्परायणा ॥ ममातिवल्लभासाध्वीसखीमेप्राणसन्निभा ॥ १९ ॥ तथाप्युपेक्षिते-

गोपीजन वल्लभ, दीन बन्धो, दयानिधे ! मैं दुष्ठ दुःशासन के हाथ पड़ गई हूं प्रभो क्या आप नहीं जान रहे ॥ १६ ॥ श्रीकृष्ण बोले—इस प्रकार दुःशासन के हाथ पड़कर द्रौपदी ने मेरी शरण पकड़ी मैं चाहे उसे भूल भी चुका था ॥ १७ ॥ झट पट गरुड़ पर सवार होकर वहां पहुँच गया। वहां ठहर कर मैंने उसे अनेकों वस्त्रों से पूर्ण कर दिया ॥ १८ ॥ हे भारत वह द्रौपदी मुझ में पूर्ण स्नेह करती है, मुझे अपने प्राण समझती हैं मेरी भक्ति में परायण होकर वह मुझे अत्यन्त प्रिय है सखी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

है एवं प्राण समान है ॥ १९ ॥ ऐसा होने पर भी पुरुषोत्तम मास की अवहेलना से मैंने उस की उपेक्षा कर रखी थी । हे राजन् ! पुरुषोत्तम के तिरष्कार कर्त्ता को मैं गिरा दिया करता हूं ॥ २० ॥ मुनि देवता आदि सबका यह पुरुषोत्तम सर्व था सेव्य है । सब प्रकार के अर्थ रूप फल देने वाले इस पुरुषोत्तम की फिर मनुष्य क्यों न सेवा करें ॥ २१ ॥ इसी कारण अत्र आने वाले इस

यंसापुरुषोत्तमहेलनात् ॥ पुरुषोत्तमतिरस्कारकर्तारंपातयाम्यहम् ॥ २० ॥ सर्वथामुनिदेवानांसेव्योयंपुरुषोत्तमः ॥ किंपुनर्मानुषाणांतुसर्वार्थफलदायकः ॥ २१ ॥ तस्मादाराधयस्वैनमागामिपुरुषोत्तमम् ॥ वर्षेचतुर्दशेपूर्णेसर्वंतेभविताशुभम् ॥ २२ ॥ व्यलोकिचिकुरव्रातोयैरस्याःपांडुनंदन ॥ तन्नारीणामहंराजन्निर्वापिष्येऽलकान्रुषः ॥ २३ ॥ सुयोधनादिभूपालान्सर्वान्नेष्येयमक्षयम् ॥ सर्वशत्रुक्षयंकृत्वात्वंचराजाभविष्यसि ॥ २४ ॥ नमेक्षीरोदतनयाप्रियानापिहलायुधः ॥ नतथादेवकीदेवीप्रद्युम्नोनापिसात्यकिः ॥ २५ ॥ यादृशामेप्रियाभक्तास्तादृशोनास्तिकश्चन ॥ येनमेपीडिताभक्तास्तेनाहंपीडितःसदा ॥ २६ ॥ द्वेष्योमेनास्तित

पुरुषोत्तम मास की तुम आराधना करो । जब चौदह वर्ष पूर्ण हो जांयगे तब तुम्हारा मंगल होगा ॥ २२ ॥ दुर्योधन आदि जिन दुष्टों ने इस द्रौपदी के केश देखे हैं उन दुष्टों की स्त्रियों के अब वाल मैं उखाड़ने वाला हूं ॥ ॥ २३ ॥ दुर्योधन आदि सब पापी राजाओं को यमपुर भेजकर तथा सब शत्रुओं का क्षय करके तू राजा होगा ॥ २४ ॥ हे राजन् मुझे उतनी प्रिय लक्ष्मी नहीं है, और न भ्राता बलदेव जी प्रिय हैं । न माता देवकी प्रद्युम्न एवं सात्यकि प्रिय है ॥ २५ ॥ जितने कि मुझे अपने भक्त प्रिय

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हैं वैसा तो प्रिय मुझे कोई दिखाई नहीं देता। जिसने मेरे भक्त दुःखाए उसने मुझे ही दुःखाया ॥ २६ ॥ उसके समान मेरा और कोई शत्रु नहीं। यम उसे फल देता है मैं उसे देखता भी नहीं अतः दण्ड नहीं देता। हे पाण्डव! यमराज ही उसे दण्ड देता है ॥ २७ ॥ श्रीनारायण बोले—श्रीकृष्ण भगवान् ने इस प्रकार द्रौपदी तथा पान्डवों को आश्वासन दिया, तब द्वारका जाने

त्तुल्योयमस्तस्यफलप्रदः ॥ नावलोक्योमयादुष्टोदंडार्थमपिपांडव ॥ २७ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ श्रीकृष्ण
स्तान्समाश्वास्यपांडवान्द्रौपदींतथा ॥कुशस्थलींजिगमिषुरुवाचमधुसूदनः ॥ २८ ॥ राजन्नद्यगमिष्यामिद्वा-
रकांविरहाकुलाम् ॥ वसुदेवोमहाभागोबलदेवोममाग्रजः ॥ २९ ॥ मन्मातादेवकीदेवीगदसांबादयोऽपरे ॥
आहुकाद्याश्चयदवोरुक्मिण्याद्याश्चयाःस्त्रियः ॥ ३० ॥ सर्वेतेऽनिमिषैर्नेत्रैर्मदागमनकांक्षिणः ॥ मामेवचित-
यंत्येवंमद्दर्शनसमुत्सुकाः ॥ ३१ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्युक्तवंतंदेवेशंकथंचित्पांडुनंदनाः ॥ हरिप्रयाण
मालक्ष्यतमूचुर्गद्गदाक्षरम् ॥ ३२ ॥ जीवनंनोभवानेवयथावारिजलौकसाम् ॥ पुनर्दर्शनमल्पेनकालेनास्तु-

की इच्छा से कहने लगे ॥ २८ ॥ हे राजन्! अब द्वारका मेरे विरह से व्याकुल है मैं आज ही द्वारका जा रहा हूं। महा भाग्य वसुदेव जी तथा बड़े भैया बलदेव जी ॥ २९ ॥ मैया देवकी, और भी गद सांब आहुक आदि यादव एवं रुक्मिणी आदि पत्नियां ॥ ३० ॥ ये सब मेरे मार्ग में पलकें बिछाये मेरे आने की प्रतीक्षा में हैं। मेरे देखने का उन्हें उत्साह है एवं मेरे चिन्तन में हैं ॥३१॥ श्रीनारायण बोले–इस प्रकार कहते हुए भगवान् का प्रस्थान देखकर वे पाण्डव गद्गद् वाणी से बोले ॥ ३२ ॥ हे प्रभो!

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जलचर जीवों के जीवन रूप जल की भान्ति आप हमारे जीवन हैं। हे जनार्दन ! फिर जल्दी २ दर्शन देने की कृपा करना॥३३॥ हे नाथ ! इस त्रिलोकी में पाण्डवों के तो आप ही नाथ हो इस प्रकार हे स्वामिन् ! आप हमारी रक्षा करें ऐसे वे बोले ॥ ३४ ॥ हे जगत्पते ? हमें कहीं भुला न देना हमारे चित्तरूप भ्रमरों का तो जीवन आपके चरण कमल हैं ॥ ३५ ॥ आप ही हमारे

जनार्दन ॥ ३३ ॥ पांडवानांहरिर्नाथोनान्यःकश्चिज्जगत्त्रये ॥ इत्थंसर्वेवदंत्यद्धातस्मान्नःपाहिसर्वदा ॥३४॥ नविस्मार्यवियंसर्वैस्त्वदीयाजगदीश्वर ॥ अस्मच्चेतोमिलिंदानांजीवनंत्वत्पदांबुजम् ॥ ३५ ॥ अवलंबनमेवास्तुप्रार्थयामोमुहुर्मुहुः ॥ असकृत्पांडुपुत्रेषुगृणत्स्वेवंयदूद्वहः ॥ ३६ ॥ मंदंमंदंसमारुह्यरथंप्रेमपरिप्लुतः ॥ ययौद्वारवतीमेतान्पराकृत्यानुगच्छतः ॥ ३७ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ अथश्रीद्वारकानाथेगतेद्वारवतीतदा ॥ राजापिसानुजस्तप्यंस्तीर्थानिचचचारह ॥ ३८ ॥ पुरुषोत्तमेमनःकृत्वाब्रह्मञ्छ्रीभगवत्प्रिये ॥ अनुजानाहकृष्णांचविष्वक्सेनवचःस्मरन् ॥ ३९ ॥ अहोश्रुतमतीवोग्रंमाहात्म्यंपौरुषोत्तमम् ॥ कथंसुखानिलभ्यंतेना-

आश्रय हैं। हम आपकी वार २ प्रार्थना करते हैं लगातार इस प्रकार कहते हुए पाण्डवों के वे श्रीकृष्ण भगवान् ॥ ३६ ॥ प्रेम में विभोर होकर धीरे २ रथ पर सवार होगये। पाण्डवों को कुछ आगे चलकर लौटा दिया आप द्वारका पधारे ॥३७॥ श्रीनारायण बोले श्रीद्वारकानाथ के द्वारका पधार जाने पर राजा युधिष्ठिर तप करते हुए भाइयों के साथ तीर्थ यात्रा करने लगे ॥ ३८ ॥ हे ब्रह्मन् ! श्रीभगवान् के प्रिय पुरुषोत्तम मास का विचार करके राजा श्रीकृष्ण के वचन स्मरण करके अपने भाई तथा द्रौपदी से

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

बोले ॥ ३९ ॥ हे भ्राताओं ! तुमने पुरुषोत्तम मास का महान् महात्म्य तो सुन लिया है । पुरुषोत्तम की पूजा के बिना भला किस प्रकार सुख प्राप्त हो ॥ ४० ॥ इस भारत वर्ष में वही पुरुष धन्य है वही पूज्य एवं श्रेष्ठ है जिसने पुरुषोत्तम का अनेक नियमों से पूजन किया है ॥ ४१ ॥ इसी प्रकार सर्व तीर्थों पर भ्रमण करते २ पाण्डवों ने पुरुषोत्तम मास लगने पर नियम पूर्वक व्रत

भ्यर्च्यपुरुषोत्तमम् ॥ ४० ॥ सधन्योभारतेवर्षेसपूज्यःश्रेष्ठएवसः ॥ विविधैर्नियमैर्यस्तुपूजयेत्पुरुषोत्तमम् ॥ ॥ ४१ ॥ एवंसर्गेषुतीर्थेषुभ्रमंतःपांडुनंदना ॥ पुरुषोत्तममासाद्यव्रतंचेरुर्विधानतः ॥ ४२ ॥ तदंतेराज्यमतुलमवापुर्गतकंटकम् ॥ पूर्णेचतुर्दशेवर्षेश्रीकृष्णकृपयामुने ॥ ४३ ॥ दृढधन्वानृपःपूर्वंसूर्यवंशसमुद्भवः ॥ पुरुषोत्तममासस्यसेवनान्महतींश्रियम् ॥ ४४ ॥ पुत्रपौत्रसुखंचैवभुक्त्वाभोगाननेकशः ॥ जगामभगवल्लोकमगम्यंयोगिनामपि ॥ ४५ ॥ एतन्मासस्यमाहात्म्यमतुलंमुनिसत्तम ॥ नाहंवक्तुंसमर्थोस्मिकल्पकोटिशतैरपि ॥ ४६ ॥ सूतउवाच ॥ पुरुषोत्तममासस्यकृष्णद्वैपायनादहम् ॥ माहात्म्यंश्रुतवान्विप्राःसोपिवक्तुं-

धारण किया ॥ ४२ ॥ उसके अन्त में चौदह वर्ष पूर्ण होने पर श्रीकृष्ण की पूर्ण कृपा से उन्होंने निष्कण्टक राज्य प्राप्त किया ॥४३॥ इससे पहिले भी सूर्य वंशी राजा दृढ़धन्वा पुरुषोत्तम मास के व्रत के प्रभाव से बड़ी भारी लक्ष्मी ॥ ४४ ॥ तथा पुत्र पौत्र आदि का अनन्त सुख एवं अनेकों भोग भोगकर योगीजनों से अगम्य भगवान् के लोक में प्राप्त हुआ ॥ ४५ ॥ हे मुनिसत्तम ! मैं करोड़ों कल्पों तक भी इस मास का अतुलनीय महात्म्य वर्णन करने में असमर्थ हूं ॥४६॥ सूत बोले– हे ऋषियों ! श्रीवेदव्यास

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जैसे श्रीपुरुषोत्तम मास का महात्म्य मैंने सुना है, वे भी वर्णन करने में असमर्थ हैं ॥४७॥ इसका सब महात्म्य तो स्वयं नारायण जानते हैं, अथवा वैकुण्ठाधिपति साक्षात् भगवान् विष्णु जानते हैं ॥ ४८ ॥ ब्रह्मादि देवता जिनकी चरण चौकी को प्रणाम करते हैं उन्हीं गोलोकनाथ प्रभुने जिसे अपना लिया है उस पुरुषोत्तम मास का माहात्म्य देवता भी नहीं जान पाते वहां

शशाकनो ॥ ४७ ॥ अस्यमाहात्म्यमखिलंवेत्तिनारायणःस्वयम् ॥ अथवाभगवान्साक्षाद्वैकुंठनिलयोहरिः ॥ ४८ ॥ ब्रह्मादिदेवानतपादपीठगोलोकनाथेनस्वकीकृतस्य ॥ सर्वंमहात्म्यंपुरुषोत्तमस्यदेवोनजानातिकुतोमनुष्यः ॥ ४९ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेपुरुषोत्तमव्रतोपदेशोनामद्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

ऋषयऊचुः ॥ सूतसूतमहाभागवदनोवदतांवर ॥ दृढधन्वाकथंप्रापपुरुषोत्तमसेवनात् ॥ १ ॥ सौराज्यंपुत्रपौत्रादींललनांचपतिव्रताम् ॥ कथंचभगवल्लोकमवापयोगिदुर्लभम् ॥ २ ॥ शृण्वतांतेमुखांभोजात्कथा-

मनुष्यों की क्या गणना है ॥ ४९ ॥ इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां द्वादशोऽध्याय ॥ १२ ॥

ऋषि बोले—सूतजी हे महाभाग सूत ! बोलने में चतुर ! हमें यह सुनाइये–दृढ़ धन्वाराजाने–पुरुषोत्तम व्रत से किस प्रकार ॥१॥ निष्कण्टक राज्य पतिव्रता सुन्दर पत्नी पुत्र पौत्रादि का अनन्त सुख तथा योगिजन दुर्लभ भगवल्लोक प्राप्त किया ॥ २ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हे परमप्रिय ! जिस प्रकार अमृत पान से तृप्ति नहीं होती वैसे ही आपके मुखारविन्द से कथातत्त्व को सुनते हुए हम अघाते ही
नहीं ॥ ३ ॥ अतः एव इस प्राचीन इतिहास को विस्तार से सुनाएं । हमारे भाग्यों के उदय से ही विधाता ने आपके दर्शन कराये
हैं ॥ ४ ॥सूतजी बोले-हे ब्राह्मणों ! यह इतिहास भी नारायण जी ने नारदजी के प्रति कहा है उसी प्रकारमैं सुनाता हूँ ॥५॥हेमुनि

सारंमुहुर्मुहुः ॥ अलबुद्धिर्ननस्तातयथापीयूषपानतः ॥ ३ ॥ अतोविस्तरतोब्रूहिइतिहासंपुरांतनम् ॥ अस्म-
द्भाग्यवलेनैवधात्रासंदर्शितोभवान् ॥ ४ ॥ सूतउवाच ॥ सनातनमुनिर्विप्रानारदायपुरातनम् ॥ इतिहास-
मुवाचेमंसएवप्रोच्यतेधुना ॥ ५ ॥ शृण्वन्तुमुनयःसर्वेचरित्रंपापनाशनम् ॥ यथाधीतंगुरुमुखाद्राज्ञोवैदृढध-
न्वनः ॥ ६ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुब्रह्मन्प्रवक्ष्येहंभूपस्यदृढधन्वनः ॥ कथांपुरातनींरम्यांस्वर्धुनीमिव
पावनीम् ॥ ७ ॥ आसीद्धैहयदेशस्यगोप्ताश्रीमान्महीपतिः ॥ चित्रधर्मेतिविख्यातोधीमान्सत्यपराक्रमः ॥
॥ ८ ॥ तस्यपुत्रोतितेजस्वीदृढधन्वेतिविश्रुतः ॥ ससर्वगुणसंपन्नःसत्यवाग्धार्मिकःशुचिः ॥ ९ ॥ आकर्णा-

जन ! यह चरित्र पाप नाशकहैजैसे कि मैंने गुरु मुखसे सुनाहै वही राजा दृढधन्वा की कथा सुनिये॥६॥श्रीनारायण बोले-हेब्रह्मन्!
उस दृढ़धन्वा राजाकी प्रचीन एवं गंगाकी भांति पवित्र सुन्दर कथा सुनो ॥ ७ ॥ हेहय देशके शासक श्रीमान् बुद्धिमान् एवं सत्य-
वादीचित्रधर्मानामसे प्रसिद्ध एकराजा हुए हैं॥८॥उन्हीं के पुत्र ही दृढ़धन्वा हुए हैं वे परम तेजस्वी थे। सर्वगुण सम्पन्न सत्यवादी
परम धर्मात्मा एवं सदाचारी थे ॥ ९ ॥ कानों पर्यन्त विशाल तो उसके नेत्र थे विशाल वक्षस्थल था, लम्बी २ भुजाएं थीं।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वे परम तेजस्वी गुणगणों के साथ बढ़ने लगे ।। १० ।। उन्होंने गुरु कुल में अंगों के साथ चारों वेद गुरु के एक बार कथन मात्र से ही अध्ययन कर लिये ।। ११ ।। गुरुवर्य को गुरु दक्षिणा देकर उनकी विधि पूर्वक पूजा करके आज्ञा लेकर वे बुद्धिमान् नगर में पिता जी के पास आये ।। १२ ।। नगर निवासियों के नेत्रों को आनन्दित करते हुए अपने पिता के पास पहुँच कर उन्हें

तविशालाक्षःपृथुवक्षामहाभुजः ।। अवर्धतमहातेजाःसार्धगुणगणैरसौ ।। १० अधीत्यसांगान्निगमांश्चतुरो मुदा ।। सकृन्निगदमात्रेणप्रागधीतानिवस्फुटम् ।। ११ ।। दक्षिणांगुरवेदत्वासंपूज्यविधिवच्चतम् ।। गुरोरनुज्ञयाधीमान्पितुःपुरमजीगमत् ।। १२ ।। जनयन्नयनानंदंनिजपत्तनवासिनाम् ।। चित्रधर्मापितंपुत्रंदृष्ट्वा लेभेपरांमुदम् ।। १३ ।। युवानंसर्वधर्मज्ञंप्रजानांपालनेक्षमम् ।। अतःपरंकिमत्रास्तिसंसारेसारवर्जिते ।।१४।। आराधयामिश्रीकृष्णंद्विभुजंमुरलीधरम् ।। प्रसन्नवदनंशांतंभक्तानामभयप्रदम् ।। १५ ।। ध्रुवांबरीषशर्यातिययातिप्रमुखान्नृपाः ।। शिबिश्चरंतिदेवश्चशशबिंदुर्भगीरथः ।। १६ ।। भीष्मश्चविदुरश्चैवदुष्यंतोभर-

परम आनन्दित कर दिया ।। १३ ।। असार संसार में राजा को इससे बढ़ कर और क्या प्रसन्नता हो जो नवयुवक परम धर्मज्ञ प्रजापालन में समर्थ पुत्र आगये हैं ।। १४ ।। तब राजाने विचार किया कि अब तो भक्तों को अभय देने वाले परम शान्त प्रसन्न वदन द्विभुज मुरली मनोहर श्रीकृष्ण की आराधना करूं ।। १५ ।। जिस प्रकार ध्रुव, अम्बरीष, शर्य्याति, ययाति, आदि बड़े बड़े राजा एवं शिवि, रन्तिदेव, शशबिन्दु, भगीरथ ।। १६ ।। भीष्म, विदुर, दुष्यन्त, भरत, पृथु, उत्तानपाद, प्रह्लाद, एवं विभीषण

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ १७ ॥ इस प्रकार अन्य राजाओंने अनेक भोगों का त्याग करके पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण की आराधना करके नश्वर मर्त्य लोक से सनातन गति प्राप्त की ॥ १८ ॥ अतः एव मैं भी वनमें जाकर श्रीकृष्ण की आराधना में परायण होऊं घर पुत्र पत्नी आदि के स्नेहमय बन्धन को काट देना उचित है ॥ १९ ॥ ऐसा दृढ़ निश्चय करके राज्यभार समर्थ दृढ़धन्वा पर छोड़कर वैराग्य प्राप्त

तोपिवा ॥ पृथुरुत्तानपादश्चप्रल्हादोथविभीषणः ॥ १७ ॥ एतेचान्येचराजानस्त्यक्त्वाभोगाननेकशः ॥ अध्रुवेणध्रुवंप्राप्ताआराध्यपुरुषोत्तमम् ॥ १८ ॥ अतोमयापिकर्तव्यमरण्येहरिसेवनम् ॥ छित्वास्नेहमयंपाशंदारागारसुतादिषु ॥ १९ ॥ इतिनिश्चित्यमनसासमर्थेदृढधन्वनि ॥ धुरंन्यस्यजगामाशुविरक्तःपुलहाश्रमम् ॥ २० ॥ तत्रगत्वातपस्तेपेश्रीकृष्णंमनसास्मरन् ॥ निस्पृहःसर्वकामेभ्योनिराहारोनिरंतरम् ॥ २१ ॥ कियत्कालंतपस्तप्त्वाहरेर्धामजगामसः ॥ दृढधन्वापिशुश्रावस्वपितुर्वैष्णवींगतिम् ॥ २२ ॥ हर्षशोकसमाविष्टोह्यकरोदौर्ध्वदेहिकम् ॥ पितृभक्त्यामहीपालोविद्वज्जनवचःस्थितः ॥ २३ ॥ पुष्करावर्तकेपुण्येनगरेऽत्यंतशो

हो वे राजा पुलह ऋषिके आश्रम पर चले गये ॥२०॥ वहां सर्व कामनाएं छोड़कर निरन्तर निराहार रहते हुए मनमें श्रीकृष्ण का ध्यान करके तप करने लगे ॥ २१ ॥ चित्र धर्मा इस प्रकार तप करते २ समय पाकर वैकुण्ठ में पहुँच गये। दृढ़ धन्वाने अपने पिताका वैकुण्ठ वास सुना ॥ २२ ॥ हर्ष एवं शोक में आकर विद्वानों के कथनानुसार पितृ भक्त दृढ़धन्वा महाराज ने पिताकी और्ध्वदैहिक क्रिया की ॥२३॥ तव पुष्करावर्तक पवित्रनगर में नीति शास्त्र में निपुण उन्होंने राज्य करना आरम्भ किया ॥ २४ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

उनकी परम सुन्दरी विदर्भ राजा की पुत्री गुणवती शीलवती नाम से प्रसिद्ध धर्म पत्नी थी ॥ २५ ॥ उसने परम चतुर चार सुन्दर पुत्र उत्पन्न किये। और सर्व लक्षणों से संयुक्त चारुमती नाम की एक कन्या भी उत्पन्न की ॥ २६ ॥ उनके चारों पुत्र परम माननीय शूरवीर थे जिनके पृथक २ नाम ये थे-चित्रवाक्, चित्रवाह, मणिमान्, चित्रकुण्डल ॥ २७ ॥ इनका पिता दृढ़धन्वा भी

भिते ॥ राज्यंचकारभूपालोनीतिशास्त्रविशारदः ॥ २४ ॥ तस्यशीलवतीभार्यानाम्नायागुणसुन्दरी ॥ विदर्भराजतनयारूपेणाप्रतिमाभुवि ॥ २५ ॥ पुत्रान्सासुषुवेदिव्यांश्चतुरश्चतुराञ्छुभान् ॥ पुत्रींचारुमतींनाम्ना सर्वलक्षणसंयुताम् ॥ २६ ॥ चित्रवाक्चित्रवाहश्चमणिमांश्चित्रकुण्डलः ॥ सर्वेतेमानिनःशूराविख्याता-नामभिःपृथक् ॥ २७ ॥ दृढधन्वागुणैःख्यातःशांतोदांतोदृढव्रतः ॥ रूपवान्गुणवाञ्छूरःश्रीमान्प्रकृति-सुन्दरः ॥ २८ ॥ वेदवेदांगविद्वाग्मीधनुर्विद्याविशारदः ॥ सुनिर्जितारिषड्वर्गःशत्रुसंघविदारणः ॥२९॥ क्षमयापृथिवीतुल्योगांभीर्येसागरोपमः ॥ पितामहसमःसाम्येप्रसादेगिरिशोपमः ॥ ३० ॥ एकपत्नी

सर्व गुण सम्पन्न थे, परमशान्त दानवीर दृढ़व्रती, गुणवान् स्वभाव से सुन्दर ॥ २८ ॥ वेद वेदांग ज्ञाता, बोलने में चतुर, धनुर्विद्या में निपुण थे, उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मद, मात्सर्य आदि छः शत्रुओं को जीत लिया था वे शत्रुओं को नाश करने वाले थे ॥ २९ ॥ वे क्षमा में पृथ्वी के समान थे, गंभीरता में समुद्र के समान, समानता में ब्रह्माके समान एवं कृपा करने में महादेव

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के समान थे ॥ ३० ॥ एक पत्नी के व्रत में तो वे दूसरे श्रीरघुनाथजी थे । अत्यन्त उग्र पराक्रम में तथा सत् धर्म में दूसरे कार्तिक स्वामी थे ॥ ३१ ॥ श्रीनारायण बोले—एक बार वे राजा रात्रि को शयन कर रहे थे उन्हें विचार उत्पन्न हुआ इतना वैभव किस पुण्य से प्राप्त हुआ होगा ॥ ३२ ॥ वे सोचने लगे—मैंने कोई तप भी नहीं किया, न दान किया है न कहीं हवन किया है।

एक व्रतधरोरघुनाथइवापरः ॥ अत्युग्रवीर्यःसद्धर्मीकार्तवीर्यइवापरः ॥ ३१ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ एकदानिशिसुप्तस्यचिंतासीत्तस्यभूपतेः ॥ अहोऽयंवैभवःकेनपुण्येनमहताभवेत् ॥ ३२ ॥ नमयाचतपस्तप्तंनदत्तंनहुतंक्वचित् ॥ कमिदंपरिपृच्छामिममभाग्यस्यकारणम् ॥ ३३ ॥ एवंचिंतयतस्तस्यरजनीविरतिंगता ॥ ब्राह्मेमुहूर्तेउत्थायस्नानंकृत्वायथाविधि ॥ ३४ ॥ उपस्थायार्कमुद्यंतंसंतर्प्यभगवत्कलाः ॥ दत्त्वादानानिविप्रेभ्योनमस्कृत्वाऽश्वमारुहत् ॥ ३५ ॥ ततोरण्यंजगामाशुमृगयासक्तमानसः ॥ मृगान्वराहाञ्छार्दूलान्जघानगवयान्बहून् ॥ ३६ ॥ कश्चिन्मृगोहतोरण्येबाणेनदृढधन्वना ॥ वनाद्वनांतरंयातोबाणमादायसत्व-

अब किस से जाकर अपने भाग्यों का कारण पूछूं ॥ ३३ ॥ इसी प्रकार के विचार में ही उनकी रात बीती । प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर विधि से स्नान आदि किया ॥३४॥ सन्ध्यावन्दन करके उदय होते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर भगवत्कलाओं की पूजा करके ब्राह्मणों को नमस्कार तथा दान देकर घोड़े पर सवार हुए ॥ ३५ ॥ शिकार खेलने के लिये वे वन में पहुंचे । मृग, वाराह, सिंह, एवं बहुत से हिंशक पशुओं का शिकार किया ॥ ३६ ॥ एक मृग को दृढ़धन्वा महाराज ने ज्यों ही बाण मारा तब

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वह बाण विद्ध होकर उस वन से जल्दी २ दूसरे वनमें भागा ॥३७॥ उसकी मार्ग पर पड़ी हुई रुधिर बिन्दुओं के अनुसार राजाने भी पीछा किया, मृग कहीं जाकर छुप गया राजा वन में फिरते रहे ॥ ३८ ॥ फिरते २ राजा प्यास से व्याकुल हो गये, सामने सागर तुल्य एक सरोवर उन्हें दिखाई दिया । वहाँ जल जाकर पान किया फिर उसके किनारे पर आये ॥ ३९ ॥ वहां राजाने

रम् ॥ ३७ ॥ शोणितस्रुतिमार्गेणराजाप्यनुययौमृगम् ॥ मृगःकुत्रापिसंलीनोराजाबभ्रामतद्वनम् ॥३८॥ तृषाक्रांतःसकासारंददर्शसागरोपमम् ॥ तत्रगत्वाशुपीत्वासौपानीयंतीरमागतः ॥ ३९ ॥ ततोददर्शन्यग्रोधं-घनच्छायंमहातरुम् ॥ तज्जटायांनिबद्ध्याश्वंनिषसादमहीपतिः ॥ ४० ॥ तत्रागमत्खगःकश्चित्कीरःपरम-शोभनः ॥ मानुषीमीरयन्वाणीमतुलांनृपमोहिनीम् ॥ ४१ ॥ शुकःपपाठसुश्लोकमेकमेवपुनःपुनः ॥ संबोध्य दृढधन्वानमेकाकिनमुपस्थितम् ॥ ४२ ॥ विद्यमानातुलसुखमालोक्यातीवभूतले ॥ नचिंतयसितत्त्वंत्वंत-त्कथंपारमेष्यसि ॥ ४३ ॥ वारंवारमिदंपद्यं पपाठनृपतेःपुरः ॥ श्रुत्वातस्यवचोराजामुमुदेमुमुहेपिच ॥४४॥

घनी छाया दार बड़े भारी बढ़ के वृक्ष को देखा । उसकी जटा में घोड़ा बान्धकर राजा बैठ गये ॥ ४० ॥ उस वृक्ष पर परमसुन्दर एक तोता पक्षी आकर बैठा। वह राजा को मोहित करने वाली मनुष्यों जैसी वाणी में ॥ ४१ ॥ एक सुन्दर श्लोक एकाकी बैठे हुए राजा दृढ़धन्वा को सम्बोधन करके बार २ पढ़ने लगा ॥ ४२ ॥ उस श्लोक का तात्पर्य यह था कि हे राजन् ! इस संसारमें अनन्त सुख प्राप्त हैं, उन्हें देखकर तू परमतत्त्व का विचार नहीं कर रहा, इस संसार से भला किस प्रकार पार पहुंचोगे ॥ ४३ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

राजाके सामने वह बार २ इस श्लोक को पढ़ने लगा। सुनकर राजा प्रसन्न भी हुए एवं मोहित भी ॥ ४४ ॥ विचार करने लगे-यह तोता नारियल के समान अगम्य कठिनता से समझ में आने वाले सार पूर्ण एक श्लोक को बार २ पढ़ते २ क्या कह रहा है ॥ ४५ ॥ क्या ये वेद व्यासजी के पुत्र श्री शुकदेवजी तो नहीं जो संसार सागर में निमग्न महा मूर्ख मुझ श्रीकृष्ण के

किमेतदुक्तवान्कीरएकंपद्यं पुनः पुनः ॥ नारीकेलमिवागम्यंदुर्वोधंसारसंभृतम् ॥४५॥ किंवानायंभवेत्कृष्णद्वै-पायनसुतःपरः ॥ श्रीकृष्णसेवकंमूढंमग्नं संसारसागरे ॥ ४६ ॥ विष्णुरातमिवोद्धर्तुं कृपयामासमागतः ॥ इति चिंतयतस्तस्यतत्सेनासमुपागता ॥४७॥ कीरस्त्वदर्शनंप्राप्तोबोधयित्वानराधिपम् ॥ राजास्वपुरमागत्य-कीरवाक्यमनुस्मरन् ॥ ४८ ॥ वाच्यमानोपिनावोचद्विनिद्रस्त्यक्तभोजनः ॥ राज्ञीरहःसमागत्यराजानंपर्य-पृच्छत ॥ ४९ ॥ गुणसुंदर्युवाच ॥ भोभोपुरुषशार्दूलदौर्मनस्यमिदंकुतः ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठभूपालभुंक्ष्व-

सेवक का ॥ ४६ ॥ परीक्षित् राजाकी भान्ति उद्धार करने के लिये तो नहीं आये। इस प्रकार वे बार २ सोचने लगे। तब वहां सेना भी आगई ॥ ४७ ॥ वह तोता तो राजा को बोध देकर उड़ गया। और राजा अपने नगर में आये। तोते के बचन स्मरण करते हुए ॥४८॥ राजाने खाना, पीना, बोलना, सोना, सब कुछ छोड़ दिया ॥ तब रानी ने एकान्त में जाकर राजा से पूछा॥४९॥ गुण सुन्दरी बोली--हे पुरुषसिंह राजन्! आपको इस प्रकार की उदासीनता कहां से प्राप्त हुई है। उठो उठो भोग पदार्थ प्राप्त करो

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

बातचीत करो ॥ ५० ॥ इस प्रकार रानी ने बहुत ही अनुनय विनय की राजा कुछ भी न बोले, उन्हें तो देवताओं की समझ में न आने वाले तोते के तथ्य वचन स्मरण हो रहे थे ॥ ५१ ॥ उनकी धर्म पत्नी ने दीर्घ निश्वास छोड़ा पति दुःख में अत्यन्त दुःखित होगई । वह सोचते २ पति की चिन्ता का कारण न समझ सकी ॥ ५२ इस प्रकार सोच में पड़े २ राजाको भी बहुत

भोगान्वचोवद ॥ ५० ॥ एवंस्त्रियानुनीतोपिनकिंचिदवन्नृपः ॥ स्मरञ्छुकवचस्तथ्यंदुर्ज्ञेयममरैरपि ॥५१॥ सापिबालाविनिःश्वस्यभर्तृदुःखातिपीड़िता ॥ नबुबोधनिजस्वामीचिंताकारणमुत्कटम् ॥ ५२ ॥ एवंचिंताब्धिमग्नस्यराज्ञःकालःकियान्गतः ॥ संदेहसागरोत्तारेहेतुनैवाभिपश्यत ॥ ५३ ॥ नारदउवाच ॥ इतिचिंतयतोधरापतेर्वदजातंदृढधन्वनश्चकिम् ॥ विमलंचरितंहिवैष्णवंकलुषंहंतिमनाक्छ्रुतंमुने ॥ ५४ ॥ इतिश्री बृहन्नारदीयपुराणे पुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेदृढधन्वनोपाख्यानेदृढधन्वनोमनःखेदोनामत्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

सा समय व्यतीत होगया । उन्हें सन्देह समुद्र से निकलने का कोई भी कारण दृष्टिगत न हुआ ॥ ५३ ॥ नारद बोले—हे मुने! इसी चिन्ता में आतुर दृढ़धन्वा राजाके आगे का वृत्त सुनाइये, फिर क्या हुआ । वैष्णवों का चरित्र परम निर्मल होता है उसे थोड़ा भी सुना जाय तो पाप नाश हो जाते हैं ॥ ४५ ॥

इति श्री पुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

श्रीनारायण बोले—इस प्रकार वे राजा अत्यन्त चिन्तातुर हो रहे थे उनके घर में जिन्होंने श्रीराम चरित लिखकर अद्भुत काव्य रचना की है वे ही वाल्मीकि ऋषि आये ॥ १ ॥ राजाने उन्हें दूर से ही देख लिया तब संभ्रम के साथ उठकर खड़े हो गये पास जाकर अत्यन्त भक्तिपूर्वक उनके चरणों में दण्डवत् प्रणाम किया ॥ २ ॥ उनका पूजन करके उत्तम आसन पर बिठाया,

श्रीनारायणउवाच ॥ अथचिंतातुरस्यास्यगृहंवाल्मीकिराययौ ॥ योरामचरितंदिव्यंचकारपरमाद्भुतम् ॥ १ ॥ दूरादालोक्यभूपालःसमुत्थायससंभ्रमम् ॥ अनीनमत्तच्चरणौदंडवद्भक्तिसंयुतः ॥ २ ॥ संपूज्यस्थापयामासतमृषिंपरमासने ॥ पादावंकगतौकृत्वाकराभ्यांसमलालयत् ॥ ३ ॥ पादावनेजनीरापःशिरसाधारयन्मुदा ॥ उवाचस्निग्धयावाचास्मरन्कीरवचोनृपः ॥ ४ ॥ दृढधन्वोवाच ॥ भगवन्कृतकृत्योहंभाग्यवानस्मिसांप्रतम् ॥ अद्यमेसफलंजन्मह्यद्यार्थोधिगतःप्रभो ॥ ५ ॥ श्रुतंमेसफलंजातंयद्भवानक्षिगोचरः ॥ किंवर्ण्यमेमहद्भाग्यंजगत्पावनपावन ॥ ६ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्युक्त्वामुनिशार्दूलंविरराम सभूपतिः ॥

उनके चरण अपनी गोदी में लेकर अपने दोनों हाथों से सहलाने लगा ॥ ३ ॥ फिर उनके चरणों को धोया, वह धोवन जल परम प्रसन्नता से अपने माथे पर चढ़ाया, फिर उस तोते की वाणी स्मरण करते हुए राजा मधुर वाणी द्वारा कहने लगा ॥ ४ ॥ दृढ़धन्वा बोला—हे भगवन्! आज मैं कृतकृत्य हूं, मेरे भाग्यों का उदय हुआ है। मेरा जन्म भी आज सफल हुआ है एवं आज ही मेरे मनोरथ पूर्ण हुए हैं ॥ ५ ॥ मेरा स्वाध्याय श्रवण आज ही सफल है जो आपके साक्षात् दर्शन हुए हैं। हे

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जगत् पवित्रकर्ता पवित्र स्वरूप मैं अपने भाग्योंकी महत्ताका क्या वर्णन करूं ॥६॥ श्रीनारायण बोले-इस प्रकार उन श्रेष्ठ मुनि से प्रार्थना करके वे राजा मौन हो गये। श्रीवाल्मीकिजी ने भी अत्यन्त नम्रता से पूर्ण उस राजा को देखा ॥ ७ ॥ अपनी प्रसन्नता दिखाते हुए हर्ष से मुनि जी उस राजा से बोले—हे राजन्! धन्य हो इस प्रकार की नम्रता हे श्रेष्ठ नृप! तुम्हारे में शोभित है ॥ ८ ॥ राजन्! तुम चिन्तातुर दिखाई दे तो हो अपने मनोगत भाव शीघ्र स्पष्ट कर कहो जो कुछ भी कहना चाहते

वाल्मीकिरपितंदृष्ट्वाराजानंविनयान्वितम् ॥ ७ ॥ उवाचपरमप्रीतोहर्षञ्जनयतंमुनिः ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ साधुसाधुनृपश्रेष्ठत्वय्येतदुपपद्यते ॥ ८ ॥ चिंतातुरःकथंराजन्वदसर्वंमनोगतम् ॥ किंचिद्वक्तुंस्पृहातेस्ति- तद्वदस्वमहामते ॥ ९ ॥ दृढधन्वोवाच ॥ भवदीयपदांभोजकृपयामेसुखंसदा ॥ परंत्वेकोमहान्विद्वन्संदेहो हृदयेमम ॥ १० ॥ तमपाकुरुशल्यंत्वंवन्यकीरमुखोद्गतम् ॥ कदाचिन्मृगयाकामोगतोहंगहनेवने ॥ ११ ॥ भ्रमन्नपश्यंकासारंतत्रपीतंजलंमया ॥ श्रमापनोदनाकांक्षीमहान्यग्रोधमाश्रितः ॥ १२ ॥ स्निग्धच्छायंसुनि-

हो उसमें विलम्ब न करो ॥ ६ ॥ दृढ़धन्वा बोले—हे स्वामिन आपके चरणों के प्रताप से मुझे सदा सर्व प्रकार का सुख है, किन्तु हृदय में एक बड़ा भारी संदेह आकर उत्पन्न हुआ है ॥ १० ॥ वह तीर की तरह चुभ रहा है कृपा करके उसे हटाइये। वह संशय बनमें किसी तोते के मुखसे कुछ सुनकर उत्पन्न हुआ है। सुनिये एक बार में मृगया करने को घने वन में चला गया था ॥ ११ ॥ वहां भ्रमण करते २ मैंने एक तालाब देखा, उस पर चला गया, जाकर जल पिया, थक गया था, कुछ सुस्ताने के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

लिये मैं एक वड़ वृक्ष के नीचे जाकर वैठ गया ॥ १२ ॥ वह घना वृक्ष था, उसकी छाया मन एवं नयनों को शीतल करने वाली अत्यन्त स्निग्ध थी, वहाँ एक तोता बैठा था, उसे देखकर मन अतीव प्रसन्न हुआ ॥ १३ ॥ मैं उस तोते को प्रेम से देखने लगा, उस समय उसने मेरी तरफ मुंह करके एक श्लोक पढ़ दिया ॥ १४ ॥ वह पढ़ने लगा कि–इस पृथ्वी पर तुझे अतुलनीय

विडंमनोनयननंदनम् ॥ तत्रापश्यंस्थितंकीरंमनोमोदविधायकम् ॥ १३ ॥ दत्तदृष्टिरहंयावज्जातस्तस्मिन्प तत्रिणि ॥ तावन्मांसंमुखीभूयश्लोकमेकंपपाठह ॥ १४ ॥ विद्यमान्दातुलसुखमालोक्यातीवभूतले ॥ नचिंतयसितत्वंत्वंतत्कथंपारमेष्यसि ॥ १५ ॥ इतिवाचःशुकेनोक्ताआकर्ण्याहंसुविस्मितः ॥ नतज्जानाम्यहंब्रह्मन् किमुवाचहरिच्छदः ॥ १६ ॥ इमंमेहार्दसंदेहंभवानुच्छेत्तु मर्हति ॥ ममराज्यसुखंपुत्राश्चत्वारश्चारुदर्शनाः ॥ ॥ १७ ॥ पत्नीपतिव्रतारम्यागजाश्वरथपत्तयः ॥ समृद्धिरतुलाब्रह्मन्केनपुण्येनमेऽधुना ॥ १८ ॥ एत-

सुख प्राप्त हैं उन्हें देखकर तू तत्त्व का चिन्तन नहीं कर रहा, भला किस प्रकार पार पहुंचेगा ॥ १५ ॥ यह उस तोते से पठित श्लोक था, उसे सुनकर मैं अत्यन्त आश्चर्य में पड़गया। हे ब्रह्मन्! उस तोते ने क्या कहा, यह मैं भली भाँति नहीं जान सका ॥ १६ ॥ हे भगवन् यही मेरे हृदय का संदेह है कृपा करके इसका निवारण करें। मुझे राज्य का सुख भी है, और अति सुन्दर चार पुत्र भी हैं ॥ १७ ॥ पत्नी भी सुन्दरी तथा पतिव्रता मिली है, हाथी, घोड़े रथें पत्ति आदि समृद्धि भीअतुलनीय प्राप्त है। हे ब्रह्मन् यह सब किस पुण्य से मुझे इस समय मिला है ॥ १८ ॥ यह सब विचार करके संक्षेप से कहें। इस प्रकार राजा के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वचन सुनकर मुनि श्रेष्ठ वाल्मीकि जी ॥ १९ ॥ प्राणायाम चढ़ाकर एक घण्टाभर ध्यान में स्थित रहे । तब उन्हें हाथ में आये हुए आंवले की तरह विश्व दिखाई देने लगा, भूत, भविष्य, वर्तमान सब को जान गये ॥ २० ॥ देखकर हृदय में निश्चय करके राजाके प्रति वाल्मीकिजी बोले–हे राजसिंह ! अब अपने पूर्व जन्म का चरित्र सुनो ॥ २१ ॥ तुम पहिले जन्म में हे राजेन्द ! द्रविड़

त्सर्वंसमासेनविचार्यवक्तुमर्हसि ॥ श्रुत्वावाक्यानिभूपस्यवाल्मीकिर्मुनिसत्तमः ॥ १९ ॥ प्राणायामपरोभूत्वामुहूर्तंध्यानमास्थितः ॥ करामलकवद्विश्वंभूतंभव्यंभवच्चयत् ॥ २० ॥ विलोक्यहृदिनिश्चत्यराजानंप्रत्युवाचसः ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ शृणुभूपतिशार्दूलप्राग्जन्मचरितंतव ॥ २१ ॥ पुराजन्मनिराजेंद्रभवान्द्रविडदेशजः ॥ द्विजःकश्चित्सुदेवाख्यस्ताम्रपर्णीतटेवसन् ॥ २२ ॥ धार्मिकःसत्यवादीचयथालाभेनतोषवान् ॥ वेदाध्ययनसंपन्नोविष्णुभक्तिपरायणः ॥ २३ ॥ अग्निहोत्रादियागैश्चतोषयामासतंहरिम् ॥ सदैवंवर्तमानस्यभार्यासीद्वरवर्णिनी ॥ २४ ॥ गौतमीतिसुविख्यातागौतमस्यसुताशुभा ॥ पतिंपर्यचरत्प्रेम्णाभवानीवभवं

देश में सुदेव नाम करके कोई ब्राह्मण थे, ताम्रपर्णी नदी के किनारे तुम्हारा निवास था ॥ २२ ॥ उस समय तुमको जो भी प्राप्त हो जाय उसी पर सन्तोष करने वाले धार्मिक, एवं सत्य वक्ता थे, वेदों के स्वाध्याय से सम्पन्न थे, सर्वदा विष्णु भक्ति में तत्पर रहते थे ॥ २३ ॥ अग्नि होत्र आदि अनेकों यज्ञों के द्वारा तुमने विष्णु भगवान् को अत्यन्त सन्तुष्ट किया, गृहस्थ धर्म में गृहिणी भी तुमको अति सुन्दरी तथा गुणवती मिली थीं ॥ २४ ॥ वह गौतम ऋषि की कन्या थी, गोमती उसका शुभ नाम था,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

शंकर भगवान् की सेवा करने वाली पार्वती की तरह वह प्रेम से पति की सेवा करती थी ॥२५॥गृहस्थ धर्म का जन्म उस में तुम धर्म पूर्वक पालन कर रहे थे, इसीप्रकार बहुत सा समय व्यतीत हुआ, किन्तु घर में संतति नहीं हुई ॥ २६ ॥ एक वार तुम आसन पर बैठे हुए थे, पत्नी सेवा कर रही थी। उस समय बहुत दुःखी होकर गद्गद् वाणी द्वारा ब्राह्मण शरीर में तुमने कहा

प्रभुम् ॥ २५ ॥ गृहमेधविधौतस्यवर्तमानस्यधर्मतः ॥ व्यतीतःसुमहान्कालःप्रापासौसंततिंनहि ॥ २६ ॥ एकदासनसंविष्टःसेव्यमानःस्वकांतया ॥ उवाचवचनंविप्रोविषण्णोगद्गदाक्षरम् ॥ २७ ॥ अयिसुन्दरिसंसारे सुखंनास्तिसुतात्परम् ॥ लोकांतरसुखंपुण्यंतपोदानसमुद्भवम् ॥ २८ ॥ सन्ततिःशुद्धवंश्याहिपरत्रेहचशर्मणे तमप्राप्यवरंपुत्रंजीवितंममनिष्फलम् ॥ २९ ॥ नलालितोमयापुत्रोवेदार्थोनप्रबोधितः ॥ नोद्वाहश्चकृतस्त-स्यवृथाजन्मगतंमम ॥ ३० ॥ सद्योमेमृतिरेवास्तुनह्यायुश्चप्रियंमम ॥ इत्थंप्रियवचःश्रुत्वासुदरीखिन्नमा-

॥ २७ ॥ हे सुन्दरि पुत्र से अधिक और कोई सुख इस संसार में नहीं है तप दान आदि पुण्य के द्वारा तो दूसरे लोक में सुख होता है ॥ २८ ॥शुद्ध वंशोत्पन्न सन्तति तो इस लोक में तथा परलोक में कल्याण के लिये होती है। अतः उत्तम पुत्र को प्राप्त न करने से मेरा जन्म भी निरर्थक है॥२९॥मैंने पुत्र पाकर उसे लाड़ लड़ाया नहीं और न उसे वेदों के अर्थ पढ़ाये अपनी आँख से उसका विवाह भी न देखा इसी कारण मेरा सारा जन्म ही व्यर्थ गया ॥ ३० ॥ इससे तो उत्तम है मैं शीघ्र मर जाऊं मुझे जीना

CSU-Jaipur Campus Collection

अच्छा नहीं लग रहा। इस प्रकार पतिके वचन सुनकर पत्नी भी उदास होगई ॥३१॥ तब वह धैर्य धारण करके मधुर वाणी से आश्वासन देती हुई पति प्रेम से परिपूर्ण सुन्दर वचन बोली ॥ ३२ ॥ गौतम ने कहा—हे प्राण प्रिय ! आप भगवद्भक्त हैं पूर्ण विद्वान् हैं इस समय आप इस प्रकार के तुच्छ वचन क्यों कह रहे हैं, आप जैसे विद्वानों को ऐसा कहना उचित नहीं ॥३३॥

नसा ॥ ३१ ॥ समाश्वासयितुं धीराप्रियवाक्यविशारदा ॥ अवीवदद्वचःसौम्यंप्रियप्रेमपरिप्लुता । ३२ ॥ गौतम्युवाच ॥ मामाप्राणेश्वरब्रूहितुच्छवाक्यानिसांप्रतम् ॥ भवद्विधाभागवतानैवमुह्यंतिसूरयः ॥ ३३ ॥ सत्यधर्मपरोसित्वंजितःस्वर्गस्त्वयाविभो ॥ कथंपुत्रैःसुखावाप्तिर्ज्ञानिनस्तवसुव्रत ॥ ३४ ॥ चित्रकेतुःपुराब्रह्मन्पुत्रशोकेनतापितः ॥ सनारदेनांगिरसाभ्येत्यसंतारितोभवत् ॥ ३५ ॥ तथांगराजोदुष्पुत्राद्वेनाद्वनमगान्निशि ॥ तथातेसंततिःस्वामिन्दुःखदाचभविष्यति ॥ ३६ ॥ तथापितवसत्पुत्रलालसाचेत्तपोधन ॥ आराधयजगन्नाथंहरिंसर्वार्थदंमुदा ॥ ३७ ॥ यमाराध्यपुराब्रह्मन्कर्दमःपुत्रमाप्तवान् ॥ सांख्याचार्यस्तुतंदेवं

सत्य धर्म में आप परायण हैं इसी से स्वर्ग पर भी आपकी विजय है। आप इतने ज्ञानवान् होते हुए पुत्र सुख के लिये इतने क्यों तरस रहे हैं॥ ३४ ॥ हे ब्रह्मन् ! चित्र केतु राजा पहिले पुत्र के शोक से अत्यन्त संतप्त था अंगिरा एवं नारदजी ने आकर उसे समझाया ॥ ३५ ॥ उसी प्रकार राजा अंग भी कुपुत्र वेन से दुःखी होकर रात को बनमें निकल गया। उसी प्रकार हे स्वामिन् । कहीं ऐसा न हो कि आपकी संतान भी दुःखदायक निकले ॥ ३६ ॥ हे तपोधन ! फिर आपको श्रेष्ठ पुत्र पाने की इच्छा उग्र

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN
CSU-Jaipur Campus Collection

हो तो जगत् [illegible] ३७ ॥ जिनकी आराधना करके कर्दम ऋषिने भी पुत्र पा लिया था जिसका नाम योगिराज कपिल देव था, सांख्याचार्य जिसकी स्तुति करते थे ॥ ३८ ॥ धर्म पत्नी के इस प्रकार बचन सुनकर वह ब्राह्मण शिरोमणि निश्चय करके पत्नी के साथ ताम्र पर्णी नदी के किनारे पहुँचा॥३९॥

कपिलंयोगिनांवरम् ॥ ३८ ॥ धर्मपत्न्यावचश्चेत्थंश्रुत्वाविप्रशिरोमणिः ॥ निश्चित्यैवंतयासार्धंताम्रपर्णीतटंगतः ॥ ३९ ॥ स्नात्वाथविरजेपुण्येचचारपरमंतपः ॥ शुष्कपर्णजलाहारःपंचमेपंचमेदिने ॥ ४० ॥ चत्वार्यब्दसहस्राणिगतान्येवंतपोनिधेः ॥ तस्यैतत्तपसाब्रह्मंस्त्रयोलोकाश्चकंपिरे ॥ ४१ ॥ अत्युग्रंतत्तपोदृष्ट्वा भगवान्भक्तवत्सलः ॥ प्रादुर्बभूवतरसागरुडोपरिसंस्थितः ॥ ४२ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ तंदृष्ट्वानवजलदोपमंमुरारिंदोर्दंडैर्जगवदनत्क्षमैश्चतुर्भिः ॥ संलक्ष्यंमुदितमुखंसुदेवशर्मासाष्टांगंनतिमकरोन्मुदामुकुन्दम् ॥

वहां जाकर परमपवित्र पुण्य तीर्थ पर स्नान किया, उसके अनन्तर कठोर तप करने लगा आहार तो उसका पांचवे दिन शुष्कपत्ते तथा जलपान था॥४०॥ इस प्रकार तप करते २ उस तपोनिधि को चर सहस्र वर्ष बीत गये। उसके तप द्वारा हे ब्रह्मन् तीनों लोक काम्पने लगे ॥ ४१ उसका इतना उग्र तप देखकर भक्तों पर दया करने वाले भगवान् गरुड़ पर चढ़कर झट वहां प्रकट होगये ॥ ४२ ॥ श्रीनारायण बोले- हे महर्षे अपूर्व प्रकाश जगमगा उठा, जल पूर्ण नये मेघ के समान श्याम सुन्दर, जगत्

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के पालन रक्षण में समर्थ, चार भुजाओं वाले हास्ययुक्त मुखारविन्द वाले, मुरारि के साक्षात् दर्शन करके सुदेव शर्मा ब्राह्मण खड़े होगये बड़ी प्रसन्नता से मुकुन्द भगवान् को साष्ठाङ्ग दण्डवत् प्रणाम किया ॥ ४३ ॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां चतुर्दशोऽध्याय ॥ १४ ॥

॥ ४३ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेचतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

श्रीनारायणउवाच ॥ ततस्तुष्टावतंदेवंश्रीकृष्णंभक्तवत्सलम् ॥ बद्धांजलिपुटोभूत्वासुदेवोगद्गदाक्षरम् ॥ १ ॥ नमस्तेदेवदेवेशत्रैलोक्याभयदप्रभो ॥ सर्वेश्वरनमस्तेस्तुत्वामहंशरणंगतः ॥ २ ॥ पाहिमांपरमेशानशरणागतवत्सल ॥ जगद्वंद्यनमस्तेस्तुप्रपन्नाभयभंजन ॥ ३ ॥ जयस्वरूपंजयदंजयशंजयकारणम् ॥ विश्वाधारंविश्वसंस्थंविश्वकारणकारणम् ॥ ४ ॥ विश्वैकरक्षकंदिव्यंविश्वघ्नंविश्वपंजरम् ॥ फलबीजंफ-

श्रीनारायण बोले—हे नारदजी ! तब सुदेव शर्मा हाथ जोड़कर गद्गद् वाणी द्वारा भक्त वत्सल श्रीकृष्ण भगवान् की स्तुति करने लगे ॥ १ ॥ हे देवेश तीनो लोकों को अभय देने वाले प्रभो सब के ईश्वर आपको नमस्कार हो ! मैं आपकी शरण हूं ॥ २ ॥ हे परम ईशान ! शरणागत पुरुषों की रक्षा करने वाले, जगत् के वन्दनीय अनेकों संकटों से रक्षक भय भंजक, मेरी रक्षा करो ॥ ३ ॥ आप जय देने वाले साक्षात् जयरूप हो जय के कारण भी आप हो सारे विश्व के आश्रय, विश्व में ही स्थित, विश्व के कारणों के भी कारण हो ॥ ४ ॥ आप विश्व के एक ही रक्षक हो, दिव्यरूप हो, विश्व के संहारक भी आप हो,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

विश्व के निवासार्थ पञ्जररूप हो फलों के मूलरूप, फलदाता फल के आधार बीज फल, सब आप हो ॥ ५ ॥ तेज के स्वरूप, तेज के दाता, तेजस्वियों में श्रेष्ठ हे भगवन् आप ही हो, हे दीन दयालों ! हे कृष्ण, हे वासुदेव, मैं आपकी बन्दना करताहूँ॥६॥ हे जगत् के नाथ ब्रह्मा आदि देवता भी आपकी स्तुति करने में समर्थ नहीं, मैं तो मनुष्य हूं हे जनार्दन, मन्द तथा अल्प बुद्धि

लाधारंफलमूलंफलप्रदम् ॥ ५ ॥ तेजःस्वरूपंतेजोदंसर्वतेजस्विनांवरम् ॥ कृष्णंविष्णुवासुदेवंवंदेहंदीनवत्स-
लम् ॥ ६ ॥ नत्वांब्रह्मादयोदेवाःस्तोतुःशक्ताजगत्प्रभो ॥ कथंमंदोमनुष्योहमल्पबुद्धिर्जनार्दन ॥ ७ ॥
अतिदुःखतरंदीनंत्वद्भक्तंमामुपेक्षसे ॥ तत्कथंलोकबंधुत्वंप्रभोलोकेवृथागतम् ॥ ८ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥
इत्यभिष्टूयभूमानंद्विजस्तस्थौहरेःपुरः ॥ तदाकर्ण्यहरिर्वाक्यमुवाचजलदस्वनः ॥ ९ ॥ श्रीहरिरुवाच ॥
सम्यक्संपादितंवत्सयत्त्वयाचरिततपः ॥ किमिच्छसिमहाप्राज्ञतपोधनवदस्वमे ॥ १० ॥ तत्तोहंवितरिष्यामि-

होते हुए आपकी स्तुति कैसे कर सकता हूं ॥ ७ ॥ हे प्रभो ! मैं अत्यन्त दुःखी एवं दीन हूँ पर हूं आपका भक्त, मेरी उपेक्षा आप क्यों करते हो, लोक बन्धु तो आपका नाम है क्या उसे व्यर्थ करोगे ॥ ८ ॥ वाल्मीकिजी बोले-हे राजन् इस प्रकार उस ब्राह्मण जन्म में तुमने भगवान् के सम्मुख स्तुति की, उसे सुनकर मेघ की तरह गंभीर वाणी द्वारा हरि कहने लगे ॥ ९ ॥ श्रीहरि बोले— हे वत्स ! तुमने तप भली भान्ति कर लिया है, हे बुद्धिमान् तपस्विन् ! मुझे कहो तुम क्या चाहते हो ॥ १० ॥ मैं तुम्हारे तप से सन्तुष्ट हूं इस प्रकार का तपरूप कर्म पहिले किसी ने भी नहीं किया, मैं तुम्हें मन

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

मांगी वस्तु दूंगा ॥ ११ ॥ सुदेव बोला—हे नाथ, दीनबन्धो, दयानिधे ! यदि आप प्रसन्न हैं तो पुराण पुरुषोत्तम विष्णो मुझे श्रेष्ट पुत्र प्रदान करें ॥ १२ ॥ हे हरे ! पुत्र के बिना गृहस्थ शून्य है, मुझे वह भाता नहीं । इस प्रकार ब्राह्मण के बचन सुनकर ईश्वर हरि कहने लगे ॥ १३ ॥ श्री हरि बोले—हे द्विज ! एक पुत्र न मांगों बाकी जो चीज अदेय भी होगी मैं दे दूंगा । हे

संतुष्टस्तपसातव ॥ एतादृशंमहत्कर्मन्नकेनापिकृतंपुरा ॥ ११ ॥ सुदेवउवाच ॥ यदिप्रीतोसिहेनाथदीनबंधो दयानिधे ॥ सत्पुत्रंदेहिमेविष्णोपुराणपुरुषोत्तम ॥ १२ ॥ हरेपुत्रंविनाशून्यंगार्हस्थ्यंमेनरोचते ॥ इतिविप्र-वचःश्रुत्वाजगादहरिरीश्वरः ॥ १३ ॥ श्रीहरिरुवाच ॥ अदेयमपितेसर्वंदास्येपुत्रंविनाद्विज ॥ तवपुत्र-सुखंवत्सविधात्रानैवनिर्मितम् ॥ १४ ॥ त्वदीयभालफलकेवर्णाःसर्वेमयेक्षिताः ॥ तत्रनैवास्तितेपुत्रसुखंसप्त सुजन्मसु ॥ १५ ॥ इत्याकर्ण्यहरेर्वाक्यंवज्रनिर्घातनिष्ठुरम् ॥ सपपातमहीपृष्ठेच्छिन्नमूलइवद्रुमः ॥ १६ ॥ पतिंपतितमालोक्यप्रमदात्यंतदुःखिता ॥ पश्यंतीस्वामिनंपुत्रस्पृहाशून्यमरूरुदत् ॥ १७ ॥ पश्चाद्धैर्यंसमलं-

वत्स ब्रह्माने पहिले से पुत्र का सुख तुम्हें नहीं दे रखा ॥ १४ ॥ तुम्हारे मस्तक पट्ट पर मैंने सारे अक्षर पढ़ लिये हैं उसमें तुम्हें सात जन्मों में पुत्र का सुख नहीं ॥ १५ ॥ बिजली जिस प्रकार पड़ जाय इस प्रकार श्री हरि के निष्ठुर वचन सुनकर कटे हुए मूल वाले वृक्ष की तरह वह पृथ्वीपर गिर पड़ा ॥ १६ ॥ इस प्रकार पति को पृथ्वी पर पड़ा देख कर उसकी पत्नी अत्यन्त दुःखी हुई, अपने पति की पुत्र प्राप्ति की इच्छा पूरी होते न देखकर रोने लग गई ॥ १७ ॥ बड़ी कठिनता से धैर्य करके गिरे हुए

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पतिदेव से गौतमी बोली—हे नाथ ! उठिये, उठिये, आपको क्या मेरा बचन याद नहीं ॥ १८ ॥ जो कुछ भी विधाता ने लिख दियो, वही सुख दुःख प्राप्त होता है, लक्ष्मीनाथ भी इसमें क्या करें, मनुष्य तो अपने किये कर्मों को भोगता है ॥ १९ ॥ भाग्य हीन पुरुष का किया हुआ उद्यम भी तो मृत्यु होते हुए पुरुष को ओषध पिलाने की तरह व्यर्थ जाता है ॥ २० ॥ अतएव दैव

व्यसावोचत्पतितंपतिम् ॥ गौतम्युवाच ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठहेनाथकिंनस्मरसिमेवचः ॥ १८ ॥ विधात्रालिखितं भालेतल्लभेतसुखासुखम् ॥ किंकरोतिरमानाथःस्वकृतंभुञ्जतेनर ॥ १९ ॥ अभाग्यस्यकृतोद्योगोमुमूर्षोरिव भेरुजम् ॥ तस्यसर्वंभवेद्व्यर्थंयस्यदैवमदक्षिणम् ॥ २० ॥ क्रतुदानतपःसत्यव्रतेभ्योहरिसेवनम् ॥ श्रेष्ठसर्वे-षुवेदेषुनतोदैवबलंवरम् ॥ २१ ॥ तस्मात्सर्वत्रविश्वासंविहायोत्तिष्ठभूसुर ॥ दैवमेवावलंब्याशुहरिणाकिंप्र योजनम् ॥ २२ ॥ इत्याकर्ण्यवचस्तस्यास्तीव्रशोकसमन्वितम् ॥ वैनतेयोऽवदद्विष्णुंक्षोभसंजातवेपथुः ॥ ॥ २३ ॥ गरुड़उवाच ॥ शोकसागरसंमग्नांब्राह्मणींवीक्ष्यहेहरे ॥ तथैवब्राह्मणंनेत्रगलद्बाष्पकुलाकुलम् ॥

सबसे बलवान् है, यज्ञ, दान, तप, सत्यव्रत, हरि पूजा आदि से अधिक सारे वेदों में दैवबल माना गया है ॥ २१ ॥ हे ब्राह्मण देव ! इन सबका विश्वास छोड़कर उठो, केवल दैव का आश्रय लो, अब हरि का क्या प्रयोजन है ॥ २२ ॥ इस प्रकार उसकी पत्नी अत्यन्त शोक के साथ वचन बोल रही थी उन्हें सुनकर भगवान् के वाहन गरुड़ को अत्यन्त दुःख हुआ तब काँपते २ विष्णु भगवान् के प्रति कहने लगा ॥ २३ ॥ गरुड़ बोला—हे हरे ! देखिये यह ब्राह्मणी शोक समुद्र में डूबी जा रही है, और

CSU-Jaipur Campus Collection

ब्राह्मण भी तो आंखों से आंसुए गिराता हुआ वैसे ही व्याकुल हो रहा है ॥ २४ ॥ हे दीन बन्धो ! दयासागर भक्तों के दुःखों को न सहन करने वाली आपकी वह दया आज कहाँ छुप गई है ॥ २५ ॥ आप तो ब्राह्मणों की रक्षा करने वाले हैं यह धर्म आपका नाथ आज कहाँ चला गया, आपके तो भक्तों के हाथ में चारों प्रकार की मुक्ति रहा करती है ॥ २६ ॥ फिर भी वे

॥ २४ ॥ दीनबन्धोदयासिंधोभक्तानामभयङ्कर ॥ भक्तदुःखासहिष्णोस्तेदयाद्यक्वगताप्रभो ॥ २५ ॥ अहो-ब्रह्मण्यदेवस्त्वंत्वद्धर्मःक्वगतोधुना ॥ त्वद्भक्तस्यचतुर्धापिमुक्तिःकरतलेस्थिता ॥ २६ ॥ अहोतथापिनेच्छं-तिविहायभक्तिमुत्तमाम् ॥ तदग्रेसिद्धयश्चाष्टौकिंकरीभूयसंस्थिताः ॥ २७ ॥ त्वदाराधनमाहात्म्यमेवंसर्वत्र-विश्रुतम् ॥ तर्हिविप्रस्यपुत्रेच्छापूरणेकःपरिश्रमः ॥ २८ ॥ गजमर्पयतःपुंसोह्यंकुशेकःपरिश्रमः ॥ अतः परंनकेनापिसेव्यतेतेपदांबुजम् ॥ २९ ॥ यददृष्टगतंपुंसस्तदेवभविताध्रुवम् ॥ इतिलोकेप्रथाजातात्वद्भक्ति-

आपकी उत्तम भक्ति छोड़ कर मुक्ति नहीं चाहते, उनके आगे ही आठों प्रकार की सिद्धियें दासी बनकर खड़ी रहती हैं, वे तो उनकी तरफ देखते भी नहीं ॥ २७ ॥ आपके आराधन करने का महात्म्य सर्वत्र प्रसिद्ध है इससे इस ब्राह्मण पुत्र की इच्छा पूर्ण करने में आपको क्या परिश्रम है ॥ २८ ॥ जो पुरुष हाथी दे सकता है उसे अंकुश देने में क्या कष्ठ होता है । यह समझ लीजिये-आज के बाद आपके चरण कमलों की कोई भी सेवा नहीं करेगा ॥ २९ ॥ जो भी पुरुष का दैव लिखित है, वही

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

अवश्य मिलना है, इस प्रकार की प्रथा यदिलोक में प्रसिद्ध हो गई तो आपकी भक्ति भी लीन हो जायगी ॥ ३० ॥ न करने वाले काम को भी आप करने की सामर्थ रखते हैं इस प्रकार की सामर्थ आपकी जगत् में प्रसिद्ध हो रही है। अब इसको यदि पुत्र न दिया तो, यह महिमा भी लुप्त हुई ॥ ३१ ॥ अतः इस ब्राह्मण को एक पुत्र आप अवश्य देवें। देखिये सुदामा जी भी

विलयंगता ॥ ३० ॥ कर्तुमकर्तुंसामर्थ्यंतवसर्वत्रविश्रुतम् ॥ तदेवाद्यगतंनाथनचेतस्मैसुतप्रदः ॥ ३१ ॥ अतस्त्वंसर्वथादेहिपुत्रमेकंद्विजन्मने ॥ सुदामात्वांसमाराध्यलेभेवैभवमुत्तमम् ॥ ३२ ॥ सांदीपिनिर्मृतंपुत्रमवापकृपयातव ॥ इतितेशरणंप्राप्तौदंपतीपुत्रलालसौ ॥ ३३ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इतिगरुड़वचोनिशम्यविष्णुर्वचनमुवाचखगंसुधोपमानम् ॥ अयिखगवरपुत्रमेकस्मैवितरमनोगतमाशुवैनतेय ॥ ३४ ॥ इतिहरिवचनंनिजानुकूलंझटितिनिशम्यखगोतिहृष्टचेताः ॥ अदददतिविषण्णमानसायसुतमनुरूपमिलासुराय-

आपकी आराधना से अतुल ऐश्वर्य का स्वामी बन गया ॥ ३२ ॥ और आपकी ही कृपा से सान्दीपन ब्राह्मण ने भी मृत पुत्र को प्राप्त किया था। अब ये दोनों पति पत्नी पुत्र की इच्छा से आपकी शरण आये हैं ॥ ३३ ॥ श्रीनारायण बोले – गरुड़ की बातें सुनकर भगवान् विष्णु गरुड़ के प्रति अमृतमय वचन कहने लगे–हे पक्षिश्रेष्ठ ! तू हो शीघ्र इन्हें कामनामय एक पुत्र प्रदान करदे ॥ ३४ ॥ इस प्रकार श्रीहरि के अपने अनुकूल वचन सुनकर अत्यन्त प्रसन्न होकर गरुड़जी ने उस दुःखी ब्राह्मण को इसकी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

इच्छा के अनुकूल सुन्दर पुत्र होने का वरदान दे दिया ॥ ३५ ॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषा टीकायां पञ्चदशोऽध्याय ॥ १५ ॥

श्रीनारायण बोले—हे नारदजी श्रीवाल्मीकि जी ने उस दृढ़धन्वा के प्रति यह परम अद्भुत जो चरित्र सुनाया है उसका

रम्यम् ॥ ३५ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येदृढधन्वोपाख्यानेश्रीनारायणनारदसंवादेसुदेववरप्रदानंनामपंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुनारदवक्ष्येहंयदुक्तं दृढधन्वने ॥ वाल्मीकिनामहाप्राज्ञचरितंपरमाद्भुतम् ॥
॥ १ ॥ वाल्मींकिरुवाच ॥ दृढधन्वन्महाराजशृणुष्ववचनंमम ॥ सुपर्णःकेशवादेशादिदमाहद्विजेश्वरम् ॥
॥ २ ॥ गरुड़उवाच ॥ सप्तजन्मसुतेपुत्रसुखंनास्तीतियद्वचः ॥ हरिणोक्तं द्विजश्रेष्ठतत्तथैवतवाधुना ॥३॥
तथापिस्वामिनाज्ञप्तःकृपयाददिमतेसुतम् ॥ मदंशसंभवःपुत्रोभवितातेतपोधन ॥ ४ ॥ येनत्वमाशिष.सत्या-

अग्रिम भाग भी सुनो ॥ १ ॥ श्रीवाल्मीकिजी बोले—हे दृढ़धन्वा, महाराज ! अब आगे की कथा सुनो-भगवान् की आज्ञा पाकर उस ब्राह्मण के प्रति गरुड़ कहने लगे ॥ २ ॥ हे द्विज श्रेष्ठ ! जैसा कि श्री हरि भगवान् ने तुम्हें अभी २ आज्ञा की है वैसे ही तुम्हें सात जन्मों तक पुत्र सुख तो नहीं होना था ॥ ३ ॥ किन्तु हे तपोधन ! स्वामी की आज्ञा पाकर में ही तुम्हें पुत्र वर देता हूं । मेरे अंश से तुम्हारा पुत्र होगा ॥ ४ ॥ हे ब्राह्मण देव ! तुम इस आशीर्वाद से सत्य ही पुत्र अवश्य पाओगे किन्तु इस गौतमी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के साथ उसके उत्पन्न होने का दुःख भी तुम्हें अवश्य होगा ॥ ५ ॥ हे द्विजेन्द्र! तुम धन्य हो, तुम्हारी मति श्रीहरि भगवान् में हुई है, सकाम हो अथवा निष्काम हरि भक्ति हरिको अत्यन्त प्रिय है ॥ ६ ॥ पुरुष मात्र का शरीर तो जल के बुलबुले की भांति क्षण भंगुर है। उस शरीरको पाकर वही धन्य होगया जिसने श्रीहरि का हृदय में चिन्तन किया ॥ ७ ॥ श्रीहरि के बिना इस

लप्स्यसेगौतमीयुतः ॥ परंतज्जनितंदुःखंयुवयोर्भविताध्रुवम् ॥ ५ ॥ धन्योद्विजशार्दूलयत्तेजाताहरौमतिः सकामाप्यथनिस्कामाहरिभक्तिर्हरेःप्रिया ॥ ६ ॥ जलबुद्बुदवत्पुंसांशरीरंक्षणभंगुरम् ॥ तदासाद्यहरेःपादं-धन्यश्चिंतयतेहृदि ॥ ७ ॥ हरेरन्योनसंसारात्तारयेद्बहुदुस्तरात् ॥ हरेरेवकृपालेशान्मयादत्तःसुतस्तव ॥ ॥ ८ ॥ मनसिश्रीहरिंधृत्वाविचरस्वयथासुखम् ॥ उदासीनतयास्थित्वाभुंक्ष्वसंसारजंसुखम् ॥ ९ ॥ वाल्मी-किरुवाच ॥ दंपत्योःपश्यतोःसद्योदत्वावरमनुत्तमम् ॥ खगद्वाराहरिःशीघ्रंययौनिजनिकेतनम् ॥ १० ॥ सुदेवोपिसपत्नीकोवरंलब्ध्वामनोगतम् ॥ आसाद्यस्वगृहंभेजेगार्हस्थ्यसुखमुत्तमम् ॥ ११ ॥ कियत्कालक्रमे-

दुस्तर संसार सागर से और कोई नहीं तर सकता। उसी श्रीहरि की कृपा के कण से मैंने तुमको पुत्र वर दे दिया ॥ ८ ॥ अब अपने मनमें श्रीहरि को धारण करके सुख पूर्वक विचरण करो। सांसारिक सुखोंसे उदासीन होकर उनका सुख भोगते रहो॥९॥ श्रीवाल्मीकिजी बोले–इस प्रकार पति पत्नी को उत्तमवर देकर उनके देखते २ गरुड़ के द्वारा श्रीहरि शीघ्र ही अपने लोक में पधारे ॥ १० ॥ सुदेव भी मनोगत वर पाकर पत्नी के साथ घर में आया उत्तम गृहस्थ सुख को पाने लगा ॥ ११ ॥ कुछ समय

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के व्यतीत हो जाने पर श्रीगौत्तमी गर्भवती हुई दशवें महीने के लगने पर उसका गर्भ पूर्ण हुआ ॥ १२ ॥ प्रसूति समय के आने पर गौत्तमी ने सुन्दर बालक उत्पन्न किया। तब तो सुदेव को प्रसन्नता की सीमा न रही ॥ १३ । उसने अत्यन्त प्रसन्नता से विद्वान ब्राह्मणों को बुलवा कर जात कर्म संस्कार कराया, स्नान करके उस श्रेष्ठ ब्राह्मण ने उन ब्राह्मणों को बहुत दान दिया।

णास्यादोहदःसमपद्यत ॥ दशमेमासिसंप्राप्तेपूर्णोगर्भोबभूवह ॥ १२ ॥ प्रसूतिकालेसंप्राप्तेसासूतसुतमुत्त-
मम् ॥ सुदेवस्त्वात्मजेजातेजाताल्हादोबभूवह ॥ १३ ॥ आहूयजातकंकर्मचकारद्विजसत्तमान् ॥ बृहद्दानं-
ददौतेभ्यःसुस्नातोद्विजसत्तमः ॥ १४ ॥ नामचास्याकरोद्धीमान्ब्राह्मणैःस्वजनैर्वृतः ॥ अयंमुतःसुपर्णेनदत्तः
प्रेम्णाकृपालुना ॥ १५ ॥ शारदेंदुरिवप्रोद्यत्तेजस्वीशुकसन्निभः ॥ शुकदेवेतिनामायंपुत्रोस्तुममवल्लभः ॥
॥ १६ ॥ अवर्धतसुतःशीघ्रंशुक्लपक्षइवोडुपः ॥ पितुर्मनोरथैःसाकंमातृमानसनंदनः ॥ १७ ॥ उपनीय-
सुतंतातःसावित्रीदत्तवान्मुदा ॥ संस्कारंवैदिकंप्राप्यब्रह्मचर्यधृतेस्थितः ॥ १८ ॥ तत्तेजसान्वितोरेजे-ात्ता-

॥ १४ ॥ ब्राह्मण तथा बन्धु बान्धनों से मिलकर अपने पुत्र का उस बुद्धिमान ने नाम करण भी किया ॥ १५ ॥ परम कृपालु श्रीगरुड़जी ने प्रेम से यह पुत्र प्रदान किया है और शरद की पूर्णमासी के चन्द्रमा की भांति यह उदय हो रहा है। श्रीशुकदेवजी के समान तेजस्वी है अतएव मेरा प्यारा नाम इसका शुकदेव हां हो ॥ १६ ॥ वह बालक पिता के मनोरथ पूर्ण करता हुआ एवं माता के चित्त को भी आनन्दित करता हुआ शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की भाँति बढ़ने लगा ॥ १७ ॥ पिता ने उसका यज्ञो-

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पवीत संस्कार कराया अत्यन्त प्रसन्नता से उसे गायत्री मंत्र की दीक्षा दी इसप्रकार वह वैदिक संस्कार से ब्रह्मचर्य आश्रम में स्थित हुआ ॥ १८ ॥ ब्रह्मचर्य के तेज से वह दूसरा तेजस्वी साक्षात् सूर्य दिखाई देता था, उस बुद्धिके सागर ने वेद पढ़ने आरंभ किये ॥ १९ ॥ अपनी तीव्र बुद्धि से उस गुरु भक्त विद्यार्थी ने गुरु को सन्तुष्ट कर दिया, एकवार ही पढ़ने से उसने सारी विद्या

त्सूर्यइवापरः ॥ वेदाध्ययनमारेभेकुमारोबुद्धिसागरः ॥१९॥ सद्बुद्ध्यानंदयामासस्वगुरुं गुरुवत्सलः ॥ सकृन्निगदमात्रेणविद्यांसर्वामुपेयिवान् ॥ २० ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ एकदादेवलोऽभ्यागत्कोटिसूर्यसमप्रभः ॥ तमालोक्यसुदेवोसौननामदंडवन्मुदा ॥ २१ ॥ पूजयामासविधिवदर्घ्यपाद्यादिभिर्मुनिम् ॥ आसनंकल्पयामासदेवलायमहात्मने ॥ २२ ॥ तत्रोपविष्टोभगवान्देवलोदेवदर्शनः ॥ चरणेपतितंतदृष्ट्वाकुमारंदेवलोऽब्रवीत् ॥२३॥ देवलउवाच ॥ भोभोसुदेवधन्योसितुष्टस्तेभगवान्हरिः ॥ यतस्त्वंप्राप्तवान्पुत्रंदुर्लभंसुंदरंवरम्

पाली ॥ २० ॥ श्रीवाल्मीकिजी बोले-एकवार देवल ऋषि वहाँ आये उनकी शोभा तेज करोड़ों सूर्य के समान था, उनका दर्शन करके सुदेव ने दण्डवत् प्रणाम किया ॥ २१ ॥ उस मुनि की अर्घ्य पाद्य आदि से पूजा करके उस महात्मा देवल को उत्तम आसन पर बिठाया ॥ २२ ॥ जब देवदर्शन भगवान् देवल आसन पर बैठ गये तब वह ब्रह्मचारी उनके चरणों पर आकर पड़ा उस कुमार को देखकर देवल बोले ॥ २३ ॥ हे सुदेव ! तुम धन्य हो, तुम्हारे भाग्य धन्य है, भगवान् श्रीहरि तुम पर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

अतीव प्रसन्न हैं, इसी कारण तुम्हें अतीव सुन्दर पुत्र का दुर्लभ वर प्राप्त हुआ है ॥ २४ ॥ इस प्रकार का पुत्र तो कहीं पर किसी का देखने में नहीं आया। यह अत्यन्त नम्र, सुशील, बुद्धिमान्, बोलने में चतुर, वेदों के पढ़ने के स्वभाव वाला है ॥ २५ ॥ हे पुत्र थोड़ा मेरे पास आओ मैं तुम्हारा हाथ देखूं हे पुत्र ! तुम्हारे हाथ में तो अद्भुत रेखाएं देख रहा हूं। इसमें छत्र, दो चमर

॥ २४ ॥ एतादृशःसुतःक्वापिकस्याप्यनवलोकितः ॥ विनीतोबुद्धिमान्वाग्मीवेदाध्ययनशीलवान् ॥२५॥ एहिपुत्रकिमेतत्ते करेपश्यामिकौतुकम् ॥ सच्छत्रंचामरयुगंकमलंयवसंयुतम् ॥ २६ ॥ आजानुलंबिनौ-हस्तौहस्तिहस्तसमौतव ॥ आकर्णांतविशालेचचक्षुषीमधुपिंजरे ॥ २७ ॥ वपुर्वर्तुलकंमध्यंवलित्रयविभूषितम् ॥ एवमुक्त्वासुतंदृष्ट्वापुनराहोत्सुकंद्विजम् ॥ २८ ॥ अहोसुदेवतनयस्तवायंगुणसागरः ॥ गूढ-जत्रुःकंबुकंठःस्निग्धकुंचितमूर्धजः ॥ २९ ॥ तुंगवक्षाःपृथुग्रीवःसमकर्णोवृषांसकः ॥ सर्वलक्षणसंपूर्णः

कमल एवं जौ की रेखा पड़ी हुई हैं ॥ २६ ॥ और हाथ भी हाथी के सूंड़ की भांति जानु पर्यन्त दीर्घ हैं, अत्यन्त मिठास से पूर्ण कानों तक विस्तृत विशाल नेत्र हैं ॥ २७ ॥ शरीर भी गोलाकार है उदर में तीन रेखाएं शोभित हैं। इस प्रकार कुमार के लक्षण देखकर प्रसन्न होते हुए उस ब्राह्मण के प्रति फिर देवल ऋषि बोले ॥ २८ ॥ हे सुदेव ! यह तुम्हारा पुत्र गुणों का तो समुद्र है, इसके ऊँचे स्कन्ध हैं, शंख की भांति कण्ठ है स्निग्ध तथा घुंघराले बाल हैं ॥ २९ ॥ विशाल वक्षस्थल है, भरी हुई

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

ग्रीवा है, कान भी बहुत सुन्दर दोनों समान हैं बैल की तरह ऊँचे स्कन्ध है इन सम्पूर्ण लक्षणों से तो तेरा पुत्र महा भाग्यवान् है ॥ ३० ॥ एक ही बड़ा भारी दोष है वह सब लक्षणों को व्यर्थ कर रहा है। यह कहकर सिर हिलाते २ सांस भर कर मुनि बोले ॥ ३१ ॥ पहिले आयु की परीक्षा करें उसके अनन्तर शेष लक्षण काम के होते हैं। जब आयु ही न हो तो कुमार के अन्य

पुत्रोभाग्यनिधिर्महान् ॥ ३० ॥ एकएवमहान्दोषोयेनसर्ववृथाकृतम् ॥ इत्युक्त्वामौलिमाधुन्वन्विनिःश्वस्याब्रुवन्मुनिः ॥ ३१ ॥ पूर्वमायुःपरीक्षेतपश्चाल्लक्षणमादिशेत् ॥ निरायुषःकुमारस्यलक्षणैःकिंप्रयोजनम् ॥ ॥ ३२ ॥ सुदेवतनयोयंतेद्वादशेहायनेजले ॥ मृत्युमेष्यतितस्मात्त्वंशोकंमाकुरुमानसे ॥ ३३ ॥ अवश्यंभाविनोभावाभवंत्येवनसंशयः ॥ तत्रप्रतिविधिर्नास्तिमुमूर्षोरिवभेषजम् ॥ ३४ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ इत्युदीर्यगतोब्रह्मलोकंदेवलकोमुनिः ॥ सुदेवःसहगौतम्यापपातधरणीतले ॥ ३५ ॥ विललापचिरंभूमौदेवलो

लक्षणों से प्रयोजन ही क्या है ॥ ३२ ॥ सुनिये सुदेव ! यह तुम्हारा पुत्र बारहवें वर्ष की अवस्था में जल में डूब कर मृत्यु को प्राप्त होगा, इसका मनमें शोक न करना ॥३३॥ जो होनहार होती है वह होकर ही मिटती है, इसमें संशय ही नहीं। इसका कोई उपाय ही नहीं, मृत्यु शय्या पर पड़े हुए पुरुष को औषध पिलाने की तरह सब व्यर्थ है ॥ ३४ ॥ वाल्मीकिजी बोले-यह कह कर देवल मुनि ब्रह्मलोक में चले गये। सुदेव तथा गौतमी दोनों पृथ्वी पर गिर पड़े ॥ ३५ ॥ सुदेव ब्राह्मण देवल के वचन याद

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

कर २ के बहुत विलाप करने लगे। गौतमी ने कुछ धैर्य करके पुत्र को गोदी में ले लिया ॥ ३६ ॥ अत्यन्त प्रेम के साथ उसका
मुख चुम्बन करके पति से बोली हे द्विजराज ! होनहार की बातों में आप भय न करें ॥ ३८ ॥ न होने वाली बातें तो कभी होती
नहीं, होनहार अवश्य होता है, क्यां नल, श्री राम, युधिष्ठिर आदि ने दुःख नहीं, प्राप्त किये ॥ ३८ ॥ देखिये बलि राजा बान्धे आ.
 क्तंवचःस्मरन् ॥ अथसागौतमीपुत्रंस्वांकमारोप्यधैर्यतः ॥ ३६ ॥ चुचुंबवदनंप्रेम्णापश्चात्पतिमुवाचसा ॥ टी.
 गौतम्युवाच ॥ द्विजराजनकर्तव्याभीतिर्भाव्येषुवस्तुषु ॥ ३७ ॥ नाभाव्यंभविताकुत्रभाव्यमेवभविष्यति ॥ अ.
किंनुनोदुःखमापन्नानलरामयुधिष्ठिराः ॥ ३८ ॥ बंधनंबलिराजापिप्राप्तवान्यदवःक्षयम् ॥ हिरण्याक्षोवधं- १६
घोरंवृत्रोपिनिधनंगतः ॥ ३९ ॥ कार्तवीर्यःशिरश्छेदंरावणोपितथाप्तवान् ॥ विरहंरघुनाथोपिजानक्याःप्राप्त-
वान्मुने ॥ ४० ॥ परीक्षिदपिराजर्षिर्ब्राह्मणान्मृत्युमाप्तवान् ॥ एवंयेभाविनोभावाभवंत्येवमुनीश्वर ॥४१॥
अतउत्तिष्ठहेनाथहरिंभजसनातनम् ॥ शरण्यंसर्वजीवानांनिर्वाणपददायकम् ॥ ४२ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥
गये, यादवों का क्षय हुआ, हिरण्याक्ष का निर्दय वध हुआ, वृत्रासुर की मृत्यु हुई ॥ ३९ ॥ कार्तवीर्य तथा रावण के सिर कटते
रहे, श्रीरामचन्द्र जी ने जानकी जी के विछोड़े का दुःख उठाया ॥ ४० ॥ राजर्षि परीक्षित् भी ब्राह्मण द्वारा मृत्यु को प्राप्त हुए। फा
इसी प्रकार हे मुनीश्वर ! होनहार होकर ही मिटती है ॥ ४१ ॥ इसलिये हे नाथ ! उठो सनातन श्रीहरि का भजनकरो वे ही सब १०
जीवों के आश्रय एवं रक्षक हैं, मोक्षपद देने वाले हैं ॥ ४२ ॥ वाल्मीकि जी बोले—इस प्रकार अपनी पत्नी के बचन सुनकर वे

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सुदेव शर्मा अपने प्राकृत: य में श्री हरि के चरण कमलों को धारण करके अपने पुत्र के भविष्य का शोक निवारण किया ।।४३ ।। इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायांषोड़शोऽध्याय ।। १६ ।।

श्री नारद जी बोले—हे कृपा सागर इस प्रकार जब श्री वाल्मीकि जी ने राजा दृढ़धन्वा को समझाया उसके अनन्तर

इतिनिजवनितावचोनिशम्यप्रकृतिमुपागतवान्सुदेवशर्मा ।। हृदिहरिचरणांबुजंनिधायझटितिजहौशुचमात्मजाद्भवित्रीम् ।।४३।। इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेदृढ़धन्वोपाख्यानेसुदेवप्रतिबोधोनामषोडशोऽध्यायः ।। १६ ।।

नारदउवाच ।। ततःकिमभवत्तस्यप्रबुद्धस्यमहीपतेः ।। तन्मेवदकृपासिंधोशृण्वतांपापनाशनम् ।। १ ।। श्रीनारायणउवाच ।। स्वकीयचरितंश्रुत्वाप्राक्तनंचकितााननम् ।। राजानंपुनरेवाहवाल्मीकिःश्रवणोत्सुकम् ।। ।। २ ।। वाल्मीकिरुवाच ।। इतितांशीतलावाचः समाकर्ण्यप्रियामुखात् ।। सुदेवोधैर्यमालंब्यहरौचित्तमधारयत् ।। ३ ।। निःश्वस्यदीनवदनोयद्भाव्यंतद्भविष्यति ।। इतिनिश्चित्यमनसापुष्पाद्यर्थंवनंययौ ।। ४ ।।

क्या कहा, यह तो इतिहास सुनते ही पाप नाश करने वाला है ।।१।।श्री नारायण बोले—राजा दृढ़धन्वा ने जब अपने पूर्व जन्म का इस प्रकार इतिहास सुना अत्यन्त आश्चर्य करने लगा । श्री वाल्मीकि जी फिर उसे कहने लगे ।। २ ।। श्रीवाल्मीकि जी बोले—हे राजन् अपनी भार्या की शीतल वाणी सुनकर सुदेव ने धैर्य धारण किया, श्रीहरि का चिन्तन करने लगे ।। ३ ।। लम्बा

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सांस खींच कर दीन वदन होकर कह उठे अच्छा जो होना है सो होले। ऐसा निश्चय करके वन में पुष्प आदि लेने को चल पड़े ॥ ४ ॥ इसी प्रकार वन में पुष्प आदि चुनकर घर में आये पूजन आदि किया, इसी काम में उन्हें कुछ समय क्रम से व्यतीत होगया ॥ ५ ॥ फिर किसी दिन सुदेव मन में श्रीहरि का ध्यान करते हुए समिधा कुशा फल आदि लेने को वन में गये। उसी

एवंकृतवतस्तस्यकियान्कालोगतःक्रमात् ॥ समित्कुशफलाद्यर्थंकदाचित्काननंययौ ॥ ५ ॥ सुदेवोमनसा-ध्यायन्हरेःपादसरोरुहम् ॥ तस्मिन्नेवदिनेगच्छद्वापींसूनुसुहृद्वृतः ॥ ६ ॥ प्रविश्यवापींचिक्रीडेत्रयस्यैःसहवारिणि ॥ जलयंत्रैःक्षिपन्वारिबालकेषुस्मयन्मुहुः ॥ ७ ॥ जलेक्रीड़ांमुहुःकुर्वन्ग्रीष्मेमोदमुपाययौ ॥ एवंसर्वे-षुबालेषुक्रीडत्सुप्रेमनिर्भरम् ॥८॥ अगाधसलिलेतिष्ठन्बालकैरुपमर्दितः ॥ सपलायनमन्विच्छन्सुहृद्वर्गभया-द्द्रुतम् ॥ ९ ॥ विधिनानोदितस्तत्रनियम्यश्वासमात्मनः ॥ ममज्जागाधतोयेसौवंचयन्नात्मनःसखीन् ॥

ही दिन शुकदेव भी मित्रों के साथ बावड़ी पर पहुंचा ॥ ६ ॥ मित्रों के साथ जल क्रीड़ा करने को वह बावड़ी में उतरा। गरमी के दिन थे जल क्रीड़ा में एक दूसरे पर जल उछालने लगे, उसमें वह अत्यन्त प्रसन्न था ॥ ७ ॥ इसी प्रकार वे सब बालक प्रेम से निर्भर होकर आगे २ बढ़ते गये खूब खेलते रहे ॥ ८ ॥ तब अगाध जल में अन्य बालकों ने उसे धकेल दिया वह मित्रों के भय से वहां से भागने की इच्छा करने लगा ॥ ९ ॥ विधि बलवान् थी उसने अपना श्वास रोक लिया, अपने मित्रों को छलने

CSU-Jaipur Campus Collection

के लिये उसने गहरे जल में डुबकी लगादी ॥ १० ॥ किन्तु उसमें वह संभल न सका अत्यन्त व्याकुल होकर निकलना चाहा, अगाध जल था निकल न सका, वहीं झट ही उसकी मृत्यु होगयी ॥ ११ ॥ वे सब बालक एक आयु के थे, पानी से निकलते उसे न देखकर हा हा कार करते हुए वहां से भागे ॥ १२ ॥ गौतमी के पास पहुंच कर यह दुःखद समाचार सुनाया, उनकी

॥ १० ॥ तत्रापिव्याकुलीभूयततोनिर्गंतुमुन्मनाः ॥ सहसामृतिमापन्नःकुमारोगाधवारिणि ॥ ११ ॥ जलादनिर्गतंवीक्ष्यसर्वेचकितमानसाः ॥ समानवयसःसर्वेहाहाकृत्वाप्रधाविताः ॥ १२ ॥ गौतम्यैकथयामासुर्बृहच्छोकपरायणाः ॥ वज्रपातसमांवाचंबालानामनतिप्रियाम् ॥ १३ ॥ श्रुत्वाभूमौपपाताशुगौतमीपुत्रवत्सला ॥ एतस्मिन्नेवसमयेवनाद्विप्रःसमाययौ ॥ १४ ॥ निशम्यपुत्रमरणंवृक्षइवापतद्भुवि ॥ ततउत्थायतौविप्रदंपतीवापिकांगतौ ॥ १५ ॥ मृतंपुत्रंसमालिंग्यस्वांकेकृत्वाकलेवरम् ॥ सुदेवःपुत्रवदनंचुचुंबचमुहुर्मुहुः ॥ १६ ॥ ततःस्वांकेस्थितंपुत्रंमृतंवीक्ष्यन्मुहुर्मुहुः ॥ सरुदन्विलपन्नेवगद्गदाक्षरमूचिवान् ॥ १७ ॥

बातें जैसे बिजली पड़ जाय वैसी दुःख देने वाली तथा शोक वर्धक थीं ॥ १३ ॥ उन्हें सुनते ही पुत्र प्रिया गौतमी पृथ्वी पर पड़ गई, उसी समय सुदेव ब्राह्मण भी वन से आगये ॥ १४ ॥ पुत्र मृत्यु को सुनकर कटे वृक्ष की भांति वह भी पृथ्वी पर पड़ गये। तब दोनों पति पत्नी उठकर बावड़ी पर गये ॥ १५ ॥ वहां पुत्र के शव को निकाल कर उसे गोदी में लेकर सुदेव पुत्र के मुख को बार बार चूमने लगे ॥ १६ ॥ इस प्रकार पुत्र मुख बार २ देखते रोते विलाप करते सुदेव गद्गद् वाणी से बोलने लगे ॥ १७ ॥

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सुदेव बोले—पुत्र पुत्र मेरे शोक नाश करने वाली परम शीतल वाणी द्वारा बोलो मेरे मन को प्रसन्न करो ॥ १८ ॥ हे पुत्र ! वृद्ध माता पिता को छोड़कर इस प्रकार तुम्हें चले जाना उचित नहीं । हे बेटा वेद पढ़ने के लिये मित्र बुला रहे हैं ॥१९॥ गुरुदेव भी तुम्हें पढ़ाने को प्रसन्न होकर बुला रहे हैं, हे पुत्र झट पट उठो, अब सो क्यों रहे हो ॥ २० ॥ मैं तुम्हें छोड़ कर जाता ही

सुदेवउवाच ॥ वदपुत्रशुभांवाणींममशोकविनाशिनीम् ॥ शीतलांललितांवत्समनसोमोदमावह ॥ १८ ॥ विहायपितरौवृद्धौनत्वंगंतुमिहार्हसि ॥ वत्साव्हतिसन्मित्रंवेदाध्ययनहेतवे ॥ १९ ॥ मुदाव्हयत्युपाध्यायस्त्वामध्यापनहेतवे ॥ तूर्णमुत्तिष्ठहेपुत्रकथंसुप्तोसिसांप्रतम् ॥ २० ॥ त्वाँविहायनगच्छामिगृहेकिंमेप्रयोजनम् शून्यारण्यमिवाद्यैवत्वद्दतेसदनंमम ॥ २१ ॥ वनेपिनैवगच्छामिगमनेकिंप्रयोजनम् ॥ फलमूलप्रियत्वंचेन्नोत्तिष्ठसिममाग्रतः ॥ २२ ॥ नमयाचरितंगर्ह्यंब्रह्महत्यापिनोकृता ॥ केनकर्मविपाकेनपुत्रोमेनिधनंगतः ॥ २३ ॥ अहोधातःकिमेतावत्फलंलब्धंत्वयामहत् ॥ लोचनंममदीनस्यवृद्धस्याकृष्यनिर्दय ॥ २४ ॥ निर्ध-

नहीं मुझे घर में क्या प्रयोजन है । हे पुत्र तुम्हारे बिना आज घर भी सुनसान वन है ॥ २१ ॥ वनमें भी नहीं जाता, वहां भी मुझे कोई प्रयोजन नहीं तुम को फल मूल प्रिय नहीं, इसी कारण तो तुम नहीं उठ रहे ॥ २२ ॥ मैंने कभी ऐसा निन्दित कर्म नहीं किया, ब्रह्म हत्या भी नहीं की फिर किस कर्म के फल स्वरूप मेरे पुत्र की मृत्यु हुई ॥ २३ ॥ हे विधाता ! तुम्हें इसमें कौन सा बड़ा लाभ हुआ जो मुझ दीन वृद्ध की हे निर्दय ! तुमने आंखें निकाल लीं ॥२४॥हम निर्धनों का धन यही एक बालक था,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पति पत्नी का आश्रय था उसको छीनते हुए तुम्हें लज्जा भी नहीं आयी॥२५॥हे विधाता औरों के लिये तो तुम सर्वत्र दयालु हो, फिर मेरे लिये निर्दय क्यों हुए,क्या मेरे भाग्योंके कारण तुम्हारा स्वभाव भी बदल गया॥२६॥कहां पर जाकर अबमैं प्रकृति से सुन्दर पुत्र को ढूंढूंगा। हे पुत्र तुम्हारा सुन्दर मुखड़ा सुन्दर नेत्रों वाला कहाँ देखूंगा ॥ २७ ॥ देखिये बादल भी वैसे वरसते रहेंगे,

नस्यधनंबालंदंपत्योरवलंबनम् ॥ हरतस्तेकथंलज्जाजायतेनहिकुत्रच्चित् ॥ २५ ॥ सर्वत्रसदयस्त्वंतैमयि निर्दयतांगतः ॥ कथमित्यन्यथाभावोममभाग्यवशादहो ॥ २६ ॥ कुत्राहंशोधयाम्यद्यपुत्रंप्रकृतिसुन्दरम् ॥ द्रक्ष्येतवाननंकुत्रपुत्रचारुसुलोचनम् ॥ २७ ॥ पर्जन्यःस्रवतेवारिसूतेधान्यंवसुन्धरा ॥ गिरयोरत्नजातानि-मुक्तासारंपयोनिधि ॥ २८ ॥ नतंदेशंप्रपश्यामियत्रपुत्रंमृतंलभेत् ॥ यद्गात्रंतुसमालिंग्यहृद्गततापमुत्सृजेत् ॥ २९ ॥ हेवत्सत्वंसकृद्धाचंश्रावयाशुदयांकुरु ॥ विलपत्यतितेमाताकुररीवगतत्रपा ॥ ३० ॥ तांदृष्ट्वातुक-

पृथ्वी भी वैसे ही धान्यादि देती रहेगी, पर्वत भी वैसे ही रत्न उगलते रहेंगे, समुद्र भी वैसे ही मोती निकालता रहेगा ॥ २८ ॥ ये सब अपने २ स्थान पर वैसे ही दिखाई देते रहेंगे पर ऐसा कोई भी स्थान नहीं दिखाई देगा जहां मृतक पुत्र फिर दिखाई दे जाय जिसके अंगों का आलिंगन करके हृदय का दुःख मिटाया जाय ॥ २९ ॥ पुत्र एक बार ही थोड़ा बोलो दया करो यह तुम्हारी माता कुररी की भांति लज्जा त्याग कर विलाप कर रही है ॥ ३० ॥ हे पुत्र उसे देखकर तुम्हें दया नहीं आ रही। पहिले तो कभी माता पिता की आज्ञा के बिना पुत्र कहीं नहीं जाते थे ॥ ३१ ॥ अब हम से बिना पूछे महामार्ग

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

में चले गये । हे पुत्र अब मैं किस से वेदों के अध्ययन की उत्तम वाणी सुनूंगा ॥ ३२ ॥ हे वत्स ! जब भी तुम्हारे तुतले मनोहर वाक्य याद आते हैं तब यह दुष्ट हृदय सौ टुकड़े क्यों नहीं हो जाता ऐसा यह लोहे का है ॥ ३३ ॥ इससे तो राजा दशरथ धन्य हुए हैं अपने पुत्र श्रीरामचन्द्रजी के वन में चले जाने पर अपने प्राणों का भी उन्होंने विसर्जन कर दिया, वे पुत्र विरह से दग्ध

थंपुत्रदयानोत्पद्यतेतव ॥ अग्रेनुज्ञाप्यपितरौनकदापिभवान्गतः ॥ ३१ ॥ आवामपृष्ट्वाकिंदीर्घंमार्गंयातोसि-पुत्रक ॥ वेदाध्ययनसद्वाणींकस्यश्रोष्यामिसाँप्रतम् ॥ ३२ ॥ त्वामनुस्मरतोवत्सकलवाक्यंमनोहरम ॥ शत-धादीर्यतेनोद्यह्यायसंहृदयंमम ॥ ३३ ॥ मन्येसुधन्यंकिलकोशलेंद्रोयःकाननंदाशरथौप्रयाते ॥ दधारनो-ऽसून्सुततापदग्धोधिङ्मांसुतस्यप्रलयेप्यनष्टम् ॥ ३४ ॥ गोविंदविष्णोयदुनाथनाथश्रीरुक्मिणीप्राणपते-मुरारे ॥ दीनानुकंपिन्भगवन्दयालोमांपाहिपुत्रानलतापतप्तम् ॥३५॥ देवाधिदेवाखिललोकनाथगोपीशरथांगपाणे ॥ कालिंदीकन्याविषदोषहारिन्मांपाहिपुत्रानलतापतप्तम् ॥ ३६ ॥ वैकुँठविष्णोनरकासुरारेचरा-

होगये, मुझे तो धिक्कार है पुत्र के मर जाने पर भी मैं जीवित हूं ॥ ३४ ॥ हे नाथ ! गोविन्द, विष्णो, हे यदुनाथ, श्रीरुक्मिणी प्राणवल्लभ, मुर के शत्रो, दीनों पर दया करने वाले, दयालु भगवन् पुत्र शोकाग्नि से सन्तप्त मेरी रक्षा करो ॥ ३५ ॥ हे देवाधि देव, समस्त लोकों के नाथ, हे गोपाल, गोपीजन वल्लभ, सुदर्शन चक्र को हाथ में धारने वाले, श्री यमुना के विष दोष को दूर करने वाले, पुत्र ताप से सन्तप्त होते हुए मेरी रक्षा कीजिये ॥ ३६ ॥ वैकुण्ठ,विष्णो, नरकासुर के शत्रो, चराचर जगत् के आधार,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

संसार सागर से पार करने वाले जहाज, ब्रह्मादि देवता प्रभो आपकी चरण चौकी को नमस्कार करते हैं हे नाथ पुत्राग्नि सन्तप्त मेरी रक्षा कीजिये ॥ ३७ ॥ मेरे समान और कोई दुष्ठ नहीं हो सकता जिसने देवकीनन्दन श्रीकृष्ण भगवान् के वचनों का उल्लंघन कर दिया, भाग्य हीन होने के कारण पुत्र प्राप्ति की दुराशा में लगा रहा, मुझ जैसा और कौन अभागा हो सकता है

चराधारभवाब्धिपोत ॥ ब्रह्मादिदेवानतपादपीठमांपाहिपुत्रानलतापतप्तम् ॥३७॥ शठोमदन्योभवितानकोपियोदेवकीसूनुवचोविलंघ्य ॥ पुत्रेदुराशांकृतवानभाग्योलभेतकोदृष्टविनष्टवस्तु ॥ ३८ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेदृढधन्वापाख्यानेसुदेवविलापोनामसप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

नारदउवाच ॥ दृढधन्वामहीपालंकिमुवाचततःपरम् ॥ वाल्मीकिर्भगवान्साक्षात्तद्वदस्वतपोनिधे ॥ ॥ १ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ दृढधन्वासराजर्षिःश्रुत्वाप्राक्तनमात्मनः ॥ सविस्मयःसमापृच्छद्वाल्मीकिंमुनिसत्तमम् ॥ दृढधन्वोवाच ॥ ब्रह्मंस्तववचोरम्यंसुधाकल्पंनवंनवम् ॥ पीत्वापीत्वानतृप्तोस्मिभूयोवदततःपरम्

जो प्रत्यक्ष रूप नश्वर वस्तु को पाने की चेष्ठा करे, ॥ ३८ ॥

॥ इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

श्रीनारद जी बोले—हे तपोनिधे ! दृढ़धन्वा राजा को भगवान् वाल्मीकि जी ने इसके अनन्तर क्या कहा कृपा करके वह मुझे सुनावें ॥ १ ॥ श्रीनारायण बोले–दृढ़धन्वा राजर्षि अपने पूर्व जन्म का इतिहास सुनकर आश्चर्य में पड़ गये श्री वाल्मीकिजी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

से अग्रिम वृत्त पूछने लगे ॥ २ ॥ दृढ़धन्वा बोले–हे ब्रह्मन् ! आपके वचन तो अमृत जैसे मधुर एवं मनोहर हैं नूतन २ हैं ! उन अमृत सम वचनों का पान करके तृप्ति ही नहीं होती, अग्रिम वृत्त सुनाइये ॥ ३ ॥ वाल्मीकि जी बोले–सुनिये-राजन् ! जब वह ब्राह्मण इस प्रकार पुत्र शोकातुर हो विलाप कर रहे थे उस समय, दश दिशाओं में गर्जना करता हुआ अकाल का मेघ

॥ २ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ ३ ॥ एवंविलपतस्तस्यविप्रस्यजगतीपते ॥ अकालजलदोऽभ्यागाद्गर्जयंश्च-दिशोदश ॥ ४ ॥ ववौवायुःखरस्पर्शःकंपयन्निवपर्वतान् ॥ बृहल्लसन्महाविद्युत्स्वनेनापूरयन्दिशः ॥ ॥ ५ ॥ यावन्मासंववर्षैवमहीपूर्णजलाभवत् ॥ नासौविज्ञातवान्किंचित्पुत्रशोकाग्नितापितः ॥ ६ ॥ नपपौ बुभुजेचैवपुत्रपुत्रइतिब्रुवन् ॥ एवंविलपतस्तस्यमासोयोविगतस्तदा ॥ ७ ॥ श्रीकृष्णवल्लभोमासःसोभव-त्पुरुषोत्तमः ॥ अजानतोपितस्यासीत्पुरुषोत्तमसेवनम् ॥ ८ ॥ तेनात्यंतप्रसन्नःसन्प्रादुरासीद्धरिःस्वयम् ॥

घिर आया ॥ ४ ॥ पर्वतों को हिलाती हुई तीक्ष्ण स्पर्श वायु चल पड़ी, बिजली कड़कती हुई चमक रही थी, इस प्रकार मेघ ने अपनी गर्जना से दिशाएं भरदी ॥ ५ ॥ वर्षा की तार बंध गई, महीना भर वर्षा होती रही, सारी पृथ्वी पानी से भर गई, किन्तु पुत्रशोक की अग्नि से सन्तप्त वह ब्राह्मण कुछ भी न जान सका ॥ ६ ॥ वह तो केवल पुत्र २ पुकारता रहा, महीना भर न खाया न पिया इसी विलाप में महीना गुजर गया ॥ ७ ॥ वह महीना श्रीकृष्ण भगवान् का परमप्रिय पुरुषोत्तम मास था, ब्राह्मण को इसका ज्ञान भी नहीं था, फिर भी उससे पुरुषोत्तम भगवान् के स्मरण कीर्तन करते रहने से पुरुषोत्तम की सेवा हो ही, गई

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ ८ ॥ उससे श्रीहरि अत्यन्त प्रसन्न होकर स्वयं प्रकट होगये । नये मेघ की भांति श्याम स्वरूप वनमाला से विभूषित ॥ ९ ॥ प्रभु जगन्नाथ भगवान् के प्रकट हो जाने से सब घन घटायें विलीन होगईं, तब ब्राह्मण ने श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम भगवान् के दर्शन किये ॥ १० ॥ तब झट पट अपनी गोदी में पड़े पुत्र के शरीर को ,एक तरफ जमीन पर रख कर खड़े हो गये, पत्नी के साथ

नवीनजलदश्यामोवनमालाविभूषितः ॥ ९ ॥ प्रादुर्भूतेजगन्नाथेविलीनाघनराजय ॥ ततोददर्शविप्रोसौ श्रीकृष्णंपुरुषोत्तमम् ॥ १० ॥ सहसांकगतंपुत्रदेहंभुविनिधायच ॥ सपत्नीकोनमश्चक्रे दंडवच्छ्रीहरिंमुदा ॥ ॥ ११ ॥ बद्धांजलिपुटोभूत्वासंस्थितःश्रीहरेःपुरः ॥ श्रीकृष्णएवशरणंममास्त्वितिविचिंतयन् ॥ १२ ॥ भगवानपितुष्टःसन्पुरुषोत्तमसेवनात् ॥ अवोचन्मधुरांवाणींबृहत्पीयूषवर्षिणीम् ॥ १३ ॥ श्रीहरिरुवाच ॥ भोभोसुदेवधन्योसिभाग्यवान्सांप्रतंभवान् ॥ त्वद्भाग्यंवर्णितुं कोवासमर्थोभुवनत्रये ॥ १४ ॥ शृणुवत्सप्रवक्ष्ये-

अत्यन्त प्रसन्नता के साथ श्रीहरि भगवान्को दण्डवत्प्रणाम किया ॥११॥ हाथ जोड़कर श्रीहरि के सामने खड़ा हो गया, श्रीकृष्ण ही मेरे आश्रय हैं, हृदय में इस प्रकार का विचार करने लगा ॥ १२ ॥ इस प्रकार पुरुषोत्तम मास की सेवा हो जाने से भगवान् परम सन्तुष्ठ होकर बहुत से अमृत की वर्षा करते हुए मधुरवाणी से बोले ॥ १३ ॥ श्रीहरि कहने लगे---हे सुदेव तुम धन्य हो, अब तो परम भाग्यशाली हो तुम्हारे भाग्यों को वर्णन करने में त्रिलोकी में कोई भी समर्थ नहीं ॥ १४ ॥ हे तपोधन, पुत्र सुनो

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

मैं तुम्हें तुम्हारा भविष्य कहता हूँ। हे ब्राह्मण तुम्हारे पुत्र की बारह हजार वर्ष की आयु हो जायगी ॥ १५ ॥ और तुम्हें पुत्र सुख मिलेगा प्रसन्न होकर मैंने तुम्हें यह पुत्र प्रदान कर दिया है ॥ १६ ॥ हे द्विजोत्तम ! मेरी कृपा द्वारा पुत्र का सुख पाते हुए तुम्हें देखकर देवता गन्धर्व एवं मनुष्य वैसा सुख पाने की इच्छा करेंगे, मेरी कृपा इसमें मुख्य है ॥ १७ ॥ इसमें एक

हंयत्तेभावितपोधन ॥ द्वादशाब्दसहस्रायुःपुत्रस्तेभविताद्विज ॥ १५ ॥ अतःपरंनसंदेहस्तवपुत्रोद्भवेसुखे ॥
मयायंतेसुतोदत्तःप्रसन्नेनद्विजोत्तम ॥ १६ ॥ तवपुत्रसुखंदृष्ट्वादेवगंधर्वमानवाः ॥ सस्पृहास्तेभविष्यंतिप्रसा
दान्मेद्विजोत्तम ॥ १७ ॥ अत्रतेकथयिष्यामिइतिहासंपुरातनम् ॥ मार्कंडेयेनमुनिनापुराप्रोक्तं रघुं नृपम् ॥
॥ १८ ॥ पुरामुनीश्वरःकश्चिद्धनुर्नामामहामनाः ॥ पश्यन्पुत्राधिनिर्दग्धाँल्लोकान्दीनमनाअभूत ॥१९॥
अमरंपुत्रमन्विच्छंस्तपस्तेपेसुदारुणम् ॥ सहस्राब्देगतेकालेदेवास्तमब्रुवन्मुनिम् ॥ २० ॥ वरंवरयभद्रंतेय-

पुरातन इतिहास मैं तुम्हें सुनाता हूं वहीं इतिहास पहिले रघुराजा के प्रति मार्कण्डेय मुनि सुना चुके हैं ॥ १८ ॥ प्राचीन काल में धनुः नाम के मनस्वी महामुनि हुए हैं उन्होंने देखा कि यह सब लोक पुत्र सम्बन्धी मानसिक पीड़ाओं से दग्ध हो रहे हैं, तब तो उनका मन अतीव दुःखित हुआ ॥ १९ ॥ उन्होंने चाहा कि मुझे अमर रहने वाला पुत्र प्राप्त हो इस कारण उन्होंने कठोर तप करना आरम्भ कर दिया एक हजार वर्ष तक वे तप करते रहे, तब देवताओं ने आकर मुनिसे कहा ॥ २० ॥ हे मुनिवर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हम तुम्हारे तीव्र तप से प्रसन्न हो गये हैं अब मन वांछित वर मागों तुम्हारा कल्याण हो ॥ २१ ॥ श्रीनारायण बोले—इस प्रकार देवताओं के वचन सुनकर वे अमृत के समान तृप्त हो,कर बोले-मुझे बुद्धिमान अमर पुत्र दीजिये ॥ २२ ॥ सब देवताओं ने कहा पृथ्वी पर ऐसा तो कभी नहीं हो सकता। उत्तर में मुनि बोले-अच्छा तो फिर किसी निमित्त तकबड़ी आयु वाला पुत्र हो

स्तेमनसिवांछितः ॥ प्रसन्नाःस्मोवयंसर्वेतीव्रेणतपसातव ॥ २१ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इतिदेववचः श्रुत्वासुतृप्तोमृतसन्निभम् ॥ वव्रेतपोधनःपुत्रममरंबुद्धिशालिनम् ॥ २२ ॥ तमूचुर्निर्जराःसर्वेनैत्रंभूतोस्ति भूतले ॥ पुनराहमुनिर्देवान्निमित्तायुर्भवत्विति ॥ २३ ॥ सुराःप्रोचुर्निमित्तंकिंवदसोप्यवदन्मुनिः ॥ असौ महान्गिरिर्यावत्तावदायुर्विधीयताम् ॥ २४ ॥ एवमस्त्वितिसंपाद्यसेंद्रादेवादिवंययुः ॥ धनुःशर्मासुतंलेभेका लेनाल्पेनतादृशम् ॥ २५ ॥ सपुत्रोववृधेतस्यतारापतिरिवांबरे ॥ प्राप्तेतुषोडशेवर्षेपुत्रंप्राहमुनीश्वरः ॥ ॥ २६ ॥ हेवत्समुनयःसर्वेनावज्ञेयाःकदाचन ॥ शिक्षितोपितथापुत्रःसोद्वेगानकरोन्मुनीन् ॥ २७ ॥

॥ २३ ॥ देवता बोले—निमित्त क्या ? यह भी कहदो। मुनि बोले--देखो यह जो सामने महान् पर्वत हैं, यह जब तक रहे तभी तक आयुर्वान् ॥ २४ ॥ देवता उन्हें 'एवमस्तु' ऐसा ही हो यह कहकर स्वर्ग में चलेगये। धनुः शर्म्मा ने भी थोड़े समय के बाद वैसा ही पुत्र प्राप्त किया ॥ २५ ॥ तब वह मुनि पुत्र आकाश में चन्द्रमा की भांति बढ़ने लगा, जब वह षोड़ष वर्ष का हुआ तो उससे मुनीश्वर पिता बोले ॥ २६ हे पुत्र ! मुनिजनों का कभी अनादर न करना, इस प्रकार पिता ने उसे शिक्षा भी दे रखी

CSU-Jaipur Campus Collection

थी फिर भी मुनियों को निरादर करने लगा ॥ २७ ॥ क्योंकि वह निमित्तायु था, इसी बल पर उन्मत्त होकर वह ऋषि ब्राह्मणों को कुछ नहीं समझता था। एक बार बड़े क्रोधी महिष नाम के मुनि ॥ २८ ॥ विधि पूर्वक शालिग्राम की शुभ शिला का पूजन कर रहे थे, उसी समय वह निमित्तायु वहाँ आ पहुँचा, उस शिला को झट पट उठाकर ॥ २९ ॥ अपनी चंचलता से गहरे पानी

निमित्तायुर्बलोन्मत्तोब्राह्मणानवमन्यते ॥ कदाचिन्महिषोनाममुनिःपरमकोपनः ॥ २८ ॥ पूजयामासविधिनाशालग्रामशिलांशुभाम् ॥ तदानींससमागत्यतामादायत्वरान्वितः ॥ २९ ॥ चिक्षेपनिजचांचल्यात्कूपेपूर्णजलेहसन् ॥ ततःक्रोधसमाविष्टःकालरुद्रइवापरः ॥ ३० ॥ शशापधनुषःपुत्रमद्यैवम्रियतामयम् ॥ तमृतंपुत्रमालक्ष्यदध्यौमनसिकारणम् ॥३१॥ निमित्तायुरयंदेवैःकृतोयंधनुषःसुतः ॥ इतिचिंतापरेणाशुनिःश्वासःप्रकटीकृतः ॥ ३२ महिषाःकोटिशोजातास्तैर्गिरिःशकलीकृतः ॥ तदानीमृतिमापन्नोमुनिपुत्रोतिदुर्मदः ॥ ३३ ॥ धनुःशर्मातिदुःखेनविललापमुहुर्मुहुः ॥ विलप्यबहुधाविप्रोगृह्यपुत्रकलेवरम् ॥ ३४ ॥

वाले कूप में हंसते २ फेंक दिया। तब तो दूसरे भयानक काल की तरह क्रोध में आकर उस मुनि ने ॥ ३० ॥ धनुः शर्मा के पुत्र को शाप दे डाला कि यह आज ही मर जाय। परन्तु वह न मरा, ऐसा देखकर वह कारण सोचने लगा ॥ ३१ ॥ अरे! इस धनुः के पुत्र को तो देवताओं ने निमित्तायु कर दिया है इस चिन्ता में पड़ कर ऋषि ने शीघ्र एक श्वास निकाला ॥ ३२ ॥ उस श्वास से करोड़ों भैंसे पैदा हो गये, उन्होंने जाकर पर्वत को टुकड़े २ कर डाला, उसी समय वह दुर्मद मुनि का पुत्र मर गया।

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ ३३ ॥ धनुः शर्म्मा अत्यन्त दुःख से बार बार विलाप करने लगे, विलाप करते २ पुत्र के शरीर को लेकर ॥ ३४ ॥ पुत्र दुःख से पीड़ित होकर चिता की अग्नि में प्रवेश कर गये। इस प्रकार हठ पूर्वक पुत्र पाने वाले कहीं भी सुखी नहीं होते ॥३५॥ भगवान् बोले-हे तपोधन! यह पुत्र तो तुझे गरुड़ ने दिया है इसी कारण तू लोक में पुत्रपाकरप्रशंसनीयहोगा।३६।पुरुषोत्तम मास के

प्रविवेशचितावन्हिंपुत्रदुःखातिपीड़ितः ॥ एवंहठात्पुत्राप्त्यायेनसुखंयांतिकुत्रचित् ॥ ३५ ॥ वैनतेयेनयोदत्तस्तनयोऽयंतपोधन ॥ तेनत्वंपुत्रवाँल्लोकेस्पृहणीयोभविष्यसि ॥ ३६ ॥ पुरुषोत्तममाहात्म्यात्प्रसन्नेनमयानघ ॥ सुचिरंस्थापितोयंहितनयःसुखदोस्तुते ॥ ३७ ॥ गार्हस्थ्यमतुलंभुक्त्वासहपुत्रेणसर्वदा ॥ ततस्त्वंब्रह्मणोलोकंगत्वातत्रमहत्सुखम् ॥ ३८ ॥ दिव्याब्दवर्षसाहस्रं भुक्त्वागंतासिभूतले ॥ ततोराजाचक्रवर्तीभविष्यसिद्विजोत्तम ॥ ३९ ॥ दृढधन्वेतिविख्यातःसमृद्धबलवाहनः ॥ संवत्सराणामयुतंराज्यंभोक्ष्यसिपार्थिवम् ॥४०॥

महात्म्य से प्रसन्नहोकर मैंने तुम्हारे इस पुत्र को चिरजीवी कर दिया है तुमको यह सुख देगा॥३७।पुत्रके साथ तू गृहस्थ धर्म का सुख सर्वदा भोगकर ब्रह्मलोक में जायगा वहां पर भी तुझे महान् सुख होगा ॥ ३८ ॥ वहां एक हजार दिव्य वर्ष भोग भोगकर पृथ्वी तल पर तेरा जन्म होगा हे द्विजोत्तम! तब तू चक्रवर्ती राजा होगा ॥ ३९ ॥ दृढ़धन्वा तेरा नाम होगा बल तथा वाहन आदि से तू समृद्ध होगा राजा होकर तू दश हजार वर्ष सारी पृथ्वी का राज्य करेगा ॥ ४० ॥ उस समय तेरा बल तथा ऐश्वर्य

CSU-Jaipur Campus Collection

इन्द्र से भी अधिक होगा यही गौतमी आकर तुम्हारी अर्धांगिनी पटरानी होगी ॥ ४१ ॥ इसका नाम गुण सुन्दरी पति की सेवा करने वाली होगी। उस जन्म में राजनीति में निपुण तेरे चार पुत्र होंगे ॥ ४२ ॥ और एक कन्या भी सुशीला महाभागा अत्यन्त सुन्दरी होगी हे महाभाग ! देव दानवों को भी दुर्लभ अनेक भोग भोगकर ॥४३॥ उस समय तुम पृथ्वी पर अपने आप को कृतार्थ

अव्याहतबलैश्वर्यमाखंडलपदाधिकम् ॥ गौतमीयंतवांगार्धहारिणीमहिषीतदा ॥ ४१ ॥ पतिसेवारतानित्यंनाम्नाचगुणसुँदरी ॥ चत्वारस्तेसुताभाव्याराजनीतिविशारदाः ॥ ४२ ॥ कन्यकाचमहाभागासुशीलासुवरानना ॥ भुक्त्वाभोगान्महाभागसुरासुरसुदुर्लभान् ॥ ४३ ॥ कृतार्थोहंधरापीठेइत्यज्ञानविमोहितः ॥ अतिदुस्तरसंसारविषयाकृष्टमानसः ॥ ४४ ॥ यदाविस्मरसेविष्णुंसंसारार्णवतारकम् ॥ अयंतेतनयोविप्रशुकोभूत्वातदावने ॥ ४५ ॥ वटवृक्षंसमाश्रित्यत्वामेवंबोधयिष्यति ॥ वैराग्योत्पादकंपद्यंपठन्नेवमुहुर्मुहुः ॥ ४६ ॥ श्रुत्वावाक्यंशुकप्रोक्तंदुर्मनागृहमेष्यसि ॥ अथचितार्णवेमग्नंत्यक्त्वाविषयजंसुखम् ॥ ४७ ॥

मान बैठोगे, इस प्रकार के अज्ञान से मोहित होकर तुम्हारा मन अत्यन्त दुस्तर सांसारिक विषय वासनाओं की ओर खिंच जायगा ॥ ४४ ॥ तब तुम संसार समुद्र से तारने वाले विष्णु को भी भूल जाओगे, ठीक उसी समय यही तुम्हारा पुत्र द्विज ! तोता होकर वन में ॥ ४५ ॥ वट के वृक्ष पर बैठा हुआ तुम्हें प्रबोध देगा, संसार से वैराग्य प्राप्त कराने वाला श्लोक बार बार पढ़ेगा ॥ ४६॥ तब तुम तोते के वचन का आशय न समझ कर उदास होकर घर पहुंचोगे वहां विषय सुख को छोड़कर चिन्ता समुद्र में निमग्न

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN
CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हो जाओगे ॥ ४७ ॥ उस समय हे ब्राह्मणोत्तम वाल्मीकि ऋषी आकर तुम्हें प्रबोध देंगे उनके कहने से तुम्हारे सब संशय निवृत्त
होंगे फिर विषय वासना को त्याग कर श्रीहरि के पद को ॥ ४८ ॥ पत्नी के साथ प्राप्त होगा, जिससे फिर लौटना ही नहीं
पड़ता, अभी इस प्रकार महा विष्णु कह ही रहे थे, तब वह ब्राह्मण पुत्र उठ खड़ा हुआ ॥ ४९ ॥ स्त्री पुरुष दोनों ने पुत्र को देखा

वाल्मीकिस्त्वांसमागत्यबोधयिष्यतिभूसुर ॥ तद्वाक्यैश्छिन्नसंदेहस्त्यक्त्वालिंगंहरेःपदम् ॥ ४८ ॥ गमिष्य
सिसपत्नीकःपुनरावृत्तिवर्जितम् ॥ वदत्येवंमहाविष्णौसमुत्तस्थौद्विजात्मजः ॥ ४९ ॥ दंपतीतौसुतंदृष्ट्वामहा-
नंदौबभूवतुः ॥ सुराःसर्वेपिसंतुष्टाववृषुःकुसुमाकरान् ॥ ५० ॥ ननामशुकदेवोपिश्रीहरिंपितरौचतौ ॥
गरुडोप्यतिसंहृष्टस्तंदृष्ट्वाससुतंद्विजम् ॥ ५१ ॥ ब्राह्मणश्चकितोभूत्वाननामश्रीहरिंतदा ॥ बद्धांजलिपुटो-
विप्रःप्रोवाचजगदीश्वरम् ॥ ५२ ॥ हृदिस्थंसंशयंछेत्तुँ हर्षगद्गदयागिरा ॥ ५३ ॥ चत्वार्यब्दसहस्रमेवम-
निशंतप्तं तपोदुष्करंतत्रागत्यवचस्त्वयानिगदितंयन्मांहरेकर्कशम् ॥ हेवत्साद्यविलोकितंतवसुतोनैवास्तिनैवा-

बड़े आनन्द को प्राप्त हुए, एवं सारे देवता भी सन्तुष्ठ होकर उस पर पुष्पों की वर्षा करने लगे ॥ ५० ॥ शुकदेव भी उठकर
श्रीहरि तथा पितामाता को प्रणाम करने लगा । उस ब्राह्मण पुत्र को देखकर गरुड़ अत्यन्त प्रसन्न हुए ॥ ५१ ॥ ब्राह्मण ने
आश्चर्य में आकर श्रीहरि को प्रणाम किया । हाथ जोड़कर वह विप्र जगदीश्वर को कहने लगा ॥ ५२ । उसके हृदय में संशय था
उसे निवारण करने को हर्ष से मधुर वाणी द्वारा बोला ॥ ५३ ॥ हे हरे ! चार हजार वर्ष तक मैं दिन रात कठोर तप करता रहा उस

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

समय आकर आपने मुझे कठोर वचन कहे कि हे पुत्र ! तुम्हें पुत्र नहीं है तेरा भाग्य ऐसा है, और फिर उस वचन का उल्लंघन करके अब मेरे मरे पुत्र को आकर जीवित कर दिया, इन दोनों बातों का कारण कृपा करके कहें ॥ ५४ ॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीयां अष्ठादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

स्तिहितद्वाक्यंव्यतिलंघ्यमेमृतसुतोत्थानेचहेतुंवद ॥ ५४ ॥ इतिश्रीवृहन्नारदीपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादेसुदेवपुत्रजीवनंनामाष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

सूतउवाच ॥ इतिब्रुवाणंप्राचीनंमुनिमाहतपस्विनः ॥ प्रीणयन्निवसद्वाचानारदोमुनिसत्तमः ॥ १ ॥ किमुवाचोत्तरंब्रह्मन्सुदेवंतपसांनिधिम् ॥ प्रसन्नोभगवान्विष्णुस्तन्मेब्रूहितपोनिधे ॥२॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्थमावेदितोविष्णुःसुदेवेनमहात्मना ॥ प्रत्याहप्रीणयन्वाचाभगवान्भक्तवत्सलः ॥ ३ ॥ हरिरुवाच ॥ द्विजराजकृतंयत्तेनैतदन्यःकरिष्यति ॥ नतद्वेत्तिभवान्नूनंयेनाहंतुष्टिमाप्तवान् ॥ ४ ॥ अयंममप्रियोमासः

श्री सूतजी बोले—इस प्रकार कथा सुनाते हुए श्रीनारायण जी को मधुर वाणी से प्रसन्न करते हुए श्रेष्ठ मुनि नारद जी कहने लगे ॥ १ ॥ हे ब्रह्मन् सुदेव शर्म्मा परमतपस्वी ब्राह्मण को प्रसन्न होकर भगवान् विष्णु ने क्या उत्तर दिया, हे तपोनिधे ! कृपा करके यह सुनावें ॥ २ ॥ श्रीनारायण बोले—इस प्रकार सुदेवशर्मा महात्माने जब श्रीविष्णुजी के सम्मुख प्रार्थना की तब प्रसन्न होकर भक्त वत्सल श्री हरि कहने लगे ॥ ३ ॥ हे द्विजराज ! जैसा कि तुमने तप किया है वैसा और कोई नहीं कर सकता,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

किन्तु तू यह नहीं जानता कि मैं किस बात पर प्रसन्न होता हूं ।। ४ ।। यह मेरा परम प्रिय पुरुषोत्तम मास आया हुआ है, उसकी सेवा तूने स्त्री के साथ शोक में निमग्न होकर भी की है ।। ५ ।। हे तपोनिधे ! इस महीने में एक भी उपवास जो पुरुष कर लेता है, हे श्रेष्ठ ब्राह्मण ! उसके अनन्त पाप भस्म हो जाते हैं तब वह विमान पर चढ़कर वैकुण्ठ में चला जाता है ।। ६ ।।

प्रयातःपुरुषोत्तमः ।। तत्सेवातेसमजनिशोकमग्नस्यसस्त्रियः ।। ५ ।। एकमप्युपवासंयःकरोत्यस्मिंस्तपोनिधे ।। असावनंतपापानिभस्मीकृत्यद्विजोत्तम ।। सुरयानंसमारुह्यवैकुण्ठंयातिमानवः ।। ६ ।। मासमात्रंनिराहारो-ह्यकालजलदागमात् ।। त्रिषुकालेषुतेस्नानंसंजातंप्रतिवासरम् ।। ७ ।। अभ्रस्नानंत्वयालब्धंमासमात्रंतपोधन उपवासाश्चतेजातातावन्मात्रमखंडिताः ।। ८ ।। शोकसागरमग्नस्यपुरुषोत्तमसेवनम् ।। अजानतोपिसंजा-तंचेतनारहितस्यते ।। ९ ।। त्वदीयसाधनस्यास्यप्रमाणंकःकरिष्यति ।। एकतःसाधनान्येववेदोक्तानिवया-

तूतो महीना भर उपवास व्रत में निराहार रहा है, अकाल वर्षा के आजाने से तीनों काल तेरा प्रतिदिन का स्नान भी होता रहा है ।। ७ ।। हे तपोधन तूने आकाश स्नान प्राप्त किया है, महीना भर तेरे अखण्ड उपवास हुए हैं ।। ८ ।। शोक सागर में निमग्न रहने के कारण तू चेतना रहित होकर पुरुषोत्तम मास नहीं जान सका बिन जाने भी तुमसे पुरुषोत्तम मास की सेवा हो ही गई है ।। ९ ।। तुम्हारे इस साधन का तोल कौन कर सकता है । ब्रह्माजी ने लकड़ी के एक पलड़े पर वेदोक्त सब साधनों को संग्रह

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

करके रखा ॥ १० ॥ एवं दूसरे पलड़े पर पुरुषोत्तम मास को रखा, देवताओं के सन्निधान तोलने लगे ॥ ११ ॥ तब अन्य सब साधन बहुत कम हो गये, पुरुषोत्तम मास सबसे भारी हुआ। इसी कारण पृथ्वी के सब लोग पुरुषोत्तम की पूजा करने लगे ॥ १२ ॥ हेतपोधन ! पुरुषोत्तममास सब लोकों में आता है। फिर भी पृथ्वी लोक पर इसका पूजन सफल होता है ॥ १३ ॥

निवै ॥ १० ॥ तानिसर्वाणिसंगृह्यह्यकतःपुरुषोत्तमम् ॥ तोलयामासदेवानांसन्निधौचतुराननः ॥ ११ ॥ लघून्यन्यानिजातानिगुरुश्चपुरुषोत्तमः ॥ तस्माद्भूमिस्थितैर्लोकैःपूज्यतेपुरुषोत्तमः ॥ १२ ॥ पुरुषोत्तम मासस्तुसर्वत्रास्तितपोधन ॥ तथापिपृथिवीलोकेपूजितःसफलोभवेत् ॥ १३ ॥ तस्मात्सर्वात्मनावत्सभवा-न्धन्योस्तिसांप्रतम् ॥ यदस्मिंतप्तवाननुग्रंतपःपरमदारुणम् ॥ १४ ॥ मानुषंजन्मसंप्राप्यमासेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ स्नानदानादिरहितादरिद्राजन्मनि ॥ १५ ॥ तस्मात्सर्वात्मनासेव्योमत्प्रियःपुरुषोत्तमः ॥ समेवल्लभतांयाति धन्योभाग्ययुतोनरः ॥ १६ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ एवमुक्त्वाहरिःशीघ्रं जगामजगदीश्वरः ॥ वैनतेयं-

अतएव हे वत्स तुम सर्वात्म भाव से अब धन्य हो तुमने इसी मास में परम कठोर तप किया है ॥ १४ ॥ मनुष्य जन्म पाकर श्रीपुरुषोत्तम मास के आने पर जो पुरुष स्नान दान आदि नहीं करते वे जन्म २ में दरिद्र रहते हैं ॥ १५ ॥ इसी कारण प्रयत्न पूर्वक सर्वात्म भाव से मेरे प्रिय पुरुषोत्तम मास की सेवा अवश्य कर्तव्य है, पुरुषोत्तम की सेवा करने वाले पुरुष के भाग्य धन्य हैं एवं वह मुझे अत्यन्त प्रिय है ॥ १६ ॥ श्रीनारायण बोले-ऐसा कह कर मुनिजी ! श्रीहरि भगवान् तो गरुड़ पर चढ़कर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

तत्काल अपने निर्मल वैकुण्ठ में पधारे ॥ १७ ॥ सुदेव शर्मा पत्नी के साथ पुरुषोत्तम मास के सेवन द्वारा अपने मृत पुत्र शुक को जीवित देखकर अत्यन्त आनन्दित हुआ ॥ १८ ॥ बिना जाने मुझसे पुरुषोत्तम सेवन हुआ है यही तप सफल हुआ है तभी तो मर कर भी मेरा पुत्र फिर जी उठा है ॥ १६ ॥ इस प्रकार का अन्य कोई भी मास दिखाई नहीं देता, न कभी देखा है।

समारुह्यवैकुण्ठममलंमुने ॥ १७ ॥ सपत्नीकःसुदेवस्तुमुमुदेहर्निशंभृशम् ॥ मृतोत्थितंशुकंदृष्ट्वापुरुषोत्तम सेवनात् ॥ १८ ॥ अजानतोममैवासीत्पुरुषोत्तमसेवनम् ॥ तदेवसफलंजातंयेनपुत्रोमृतोत्थितः ॥ १६ ॥ अहोएतादृशोमासोनैवदृष्टःकदाचन ॥ इत्येवंविस्मयाविष्टस्तंमासंसमपूजयत् ॥ २५ ॥ तेनपुत्रेणमुमुदेसपत्नीकोद्विजोत्तमः ॥ पितरंनंदयामासशुकदेवोपिसत्कृतैः ॥२१॥ स्तुवन्मासंचविष्णुंचपूजयामाससादरम् ॥ कर्ममार्गस्पृहांत्यक्त्वाभक्तिमार्गैकसस्पृहः ॥ २२ ॥ सर्वदुःखापहंमासंवरिष्ठंपुरुषोत्तमम् ॥ जपहोमादिभिस्तस्मिन्नभजच्छ्रीहरिंस्त्रिया ॥ २३ ॥ भुक्त्वाथविषयान्सर्वान्सहस्राब्दमहर्निशम् ॥ जगामपरमंलोकंसपत्नी-

इस प्रकार के आश्चर्य में आकर अब वह उसी मास की पूजा करने लगा ॥ २० ॥ उस पुत्र को पाकर पति पत्नी आनन्द में रहने लगे, एवं शुकदेव भी सत्कार द्वारा पिता को प्रसन्न रखने लगा ॥ २१ ॥ उस महीने की स्तुति तथा विष्णु पूजन वह आदर से करने लगा। कर्म मार्ग की सब चाहना छोड़ कर भक्ति मार्ग में रहने लगा ॥ २२ ॥ सब दुःखों के नाशक सर्व श्रेष्ठ पुरुषोत्तम मास की पूजा के निमित्त ही स्त्री के साथ उस ब्राह्मण के जप होम आदि होने लगे उसीके द्वारा श्रीहरि का भजन होने

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

लगा ॥ २३ ॥ इसी प्रकार एक सहस्र वर्ष पर्यन्त दिन रात विषय सम्बन्धी सब उत्तम भोगों को भोग कर पत्नी के साथ वह ब्राह्मण परम लोक में प्राप्त हुआ ॥ २४ ॥ वह परमलोक वैकुण्ठ योगी जनों के लिये भी दुष्प्राप्य है फिर यज्ञ करने वालों को कहाँ से प्राप्त हो, जहाँ पहुँच कर भगवान् के सन्निधान निवास करते हुए कोई शोक नहीं रहता । २५ ॥ वहाँ पत्नी के साथ

कोद्विजोत्तमः ॥ २४ ॥ योगिनामपिदुष्प्रापंयाजकानांतुतत्कुतः ॥ यत्रगत्वानशोचंतिवसंतोहरिसन्निधौ ॥ ॥ २५ ॥ तत्रत्यंसुखमासाद्यसपत्नीकोभवंगतः ॥ सएवदृढधन्वात्वंप्रथितःपृथिवीपतिः ॥ २६ ॥ पुरुषोत्तममासस्यसेवनात्सकलर्द्धिभाक् ॥ महिषीयंपुराराजन्गौतमीपतिदेवता ॥ २७ ॥ एतत्तेसर्वमाख्यातंपृष्टवान-सियन्मम ॥ शुकस्तुतवभूपालपूर्वजन्मनियःसुतः ॥ २८ ॥ शुकदेवइतिख्यातोहरिणायोनुजीवितः ॥ द्वादशाब्दसहस्रायुर्भुक्त्वावैकुण्ठमेयिवान् ॥ २९ ॥ सएवारण्यसरसिवटवृक्षंसमाश्रितः ॥ त्वामेवागतमा-

सुख प्राप्त करके फिर यहाँ आकर तुमने जन्म लिया है तुम वही सुदेव इस जन्म में पृथ्वी पति दृढ़धन्वा नाम करके प्रसिद्ध हो ॥ ॥ २६ ॥ उसी पुरुषोत्तम मास की सेवा करने से ही तुम महान् ऋद्धि शाली हुए हो । हे राजन् ! यह तुम्हारी रानी वही पतिव्रता गौतमी है ॥ २७ ॥ हे राजन् ! जैसा तुमने पूछा था वह सब कुछ मैंने तुम्हें सुना दिया । हे भूपाल ! जो तुम्हारे पूर्व जन्म में शुक पुत्र हुए हैं ॥ २८ ॥ और जिन्हें श्रीहरि भगवान् ने जीवित किया था वे शुकदेवजी नाम करके प्रसिद्ध हुए वही बारह हजार वर्ष की आयु भोगकर वैकुण्ठ को प्राप्त हुए हैं ॥ २९ ॥ उन्होंने ही वनमें तालाव के किनारे तोते के रूप में बड़ वृक्ष पर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

बैठ कर तुम्हे आया देखकर अपने पूर्व जन्म के पिता के नाते उपदेश दिया ॥ ३० ॥ उन्होंने यह बिचार किया था–कि यह मेरे हित का उपदेश कर ने वाले प्रत्यक्ष देवता है अब इस समय विषयरूप सर्प से दूषित संसार सागर में डूब रहे हैं ॥ ३१ ॥ उन्हें बड़ी दया आई, विचार करने लगे, यदि इस समय अपने पूर्व जन्मके पिता राजा को ज्ञान न दूं तो मुझ को भी बन्धन है॥३२॥

लोक्यपितरंपूर्वजन्मनः ॥ ३० ॥ हितानामुपदेष्टारंप्रत्यक्षंदैवतंमम ॥ संसारसागरेमग्नंविषयव्यालदूषिते ॥ ३१ ॥ अत्यंतकृपयाविष्टश्चिंतयामासकीरजः ॥ नबोधयामिचेद्भूपंममापिबंधनंभवेत् ॥ ३२ ॥ पुन्नामनरकाद्यस्तुत्रायतेपितरंसुतः ॥ इतिश्रुत्यर्थबोधोपिस्यादेवाद्यान्यथामम ॥ ३३ ॥ तस्मादुपकरिष्यामिपितरंपूर्वजन्मनः ॥ अवधार्यवचश्चेत्थंकीरजोऽजीगदन्नृप ॥ ३४ ॥ इत्येतत्कथितंसर्वंयद्यत्पृष्टंत्वयानघ ॥ अतःपरंगमिष्यामिसरयूंपापनाशिनीम् ॥ ३५ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्येवंप्रथमजनुश्चरित्रमुक्त्वाभूप·

पुत्र शब्द का अर्थ भी यही है कि जो पुं नाम नरक से पिता की रक्षा करे, मैं वेद के इस अर्थ को भली भान्ति जानता हूं यदि रक्षा न की तो मेरा यह ज्ञान भी आज अन्यथा चला जायगा ३३ ॥ इसी कारण मैं आज पूर्व जन्म के पिता का उपकार करूंगा ऐसा विचार करके उन्हों ने तोते के रूप में हे राजन् तुम्हें उपदेश दिया ॥ ३४ ॥ हे महाराज ! अब तुम्हारा संशय निवृत्त हो गया अब पापनाशिनी सरयू पर जाऊंगा ॥ ३५ ॥ श्री नारायण बोले—इस प्रकार परमयशस्वी महाराज दृढ़ धन्वा के पूर्व जन्म का

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वृतान्त सुनाकर जब वे मुनि जी जाने लगे तब उन्हें बड़े पुण्यात्मा राजाने अनुनय पूर्वक निवेदन किया ॥ ३६ ॥

॥ इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां एकोनविंशतितमोऽध्यायः ॥ १६ ॥

सूतजी बोले—श्रीनारदजी ने जब दृढ़ धन्वा राजा के पूर्व जन्म का वृतान्त श्रीनारायण के मुंह से सुना तब वे अतृप्त

स्यप्रथितयशस्विनश्चिराय ॥ गच्छंतंमुनिमनुनीयराजराजःप्रावोचत्किमपिनमन्नगण्यपुण्यः ॥ ३६ ॥

इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादेवाल्मीकिनोक्तदृढधन्वोपाख्यानेपुरुषोत्तम-माहात्म्यकथनंनामनैकोनविंशतितमोऽध्यायः ॥ १६ ॥

सूतउवाच ॥ नारायणमुखाच्छ्रुत्वाप्राक्तनंदृढधन्वनः ॥ नातितृप्तमनाविप्रानारदःपृष्टवान्मुनिम् ॥ १ ॥
नारदउवाच ॥ किमुवाचमहाराजोवाल्मीकिंमुनिसत्तमम् ॥ तन्मेवदविनीतायतपोधनसुविस्तरम् ॥ २ ॥
श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुनारदवक्ष्येहंयदुक्तंदृढधन्वना ॥ अनुनीयमहाप्राज्ञंवाल्मीकिंमुनिसत्तमम् ॥ ३ ॥

होकर फिर मुनि जो से पूछने लगे ॥ १ ॥ नारद बोले—हे मुनिवर। उन महाराजा दृढ़ धन्वा ने मुनिवर श्रीवाल्मीकिजी को क्या निवेदन किया, हे तपोधन मैं विनय करता हूं उसे विस्तार पूर्वक सुनाइये ॥ २ ॥ श्रीनारायण बोले–हे नारदजी सुनो जो अनुनय विनय पूर्वक दृढ़धन्वाने महा प्राज्ञ वाल्मीकिजी से निवेदन किया था ॥ ३ ॥ दृढ़धन्वा ने कहा था–कि हे मुनिजी ! इस

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पुरुषोत्तम मास की सेवा मोक्षार्थी पुरुषों को किस प्रकार करनी चाहिये, किसकी पूजा कैसी होनी चाहिये दान कैसा हो एवं विधि क्या है ॥ ४ ॥ यह मैं सर्वलोकहित के लिये भी पूछ रहा हूं आप जैसे तो लोगों की भलाई के लिये विचरण करते हैं, अतएवं कृपाकरके यह सब कहें ॥ ५ ॥ यह महीना तो साक्षात् पुरुषोत्तम भगवान् हैं, इसकी सेवा करने से महान् पुण्य है यह

दृढधन्वोवाच ॥ पुरुषोत्तममासोयंकथंकार्योमुमुक्षुभिः ॥ कीदृशीकस्यपूजाचकिंदानंकोविधिर्मुने ॥ ४ ॥ एतत्सर्वसमाचक्ष्वसर्वलोकहिताय मे ॥ सर्वलोकहितार्थायचरंतिहिभवादृशाः ॥ ५ ॥ असौमासःस्वयंसाक्षाद्भगवान्पुरुषोत्तमः ॥ तस्मिन्कृतेमहत्पुण्यंत्वन्मुखात्संश्रुतंमया ॥ ६ ॥ पूर्वजन्मन्यहंभूत्वासुदेवोब्राह्मणोत्तमः ॥ विधिनाकृतवान्मासंदृष्ट्वापुत्रंमृतोत्थितम् ॥ ७ ॥ अजानतोपिमेब्रह्मन्पुत्रशोकादचेतसः ॥ निराहारस्यसततंगतश्चपुरुषोत्तमः ॥ ८ ॥ तस्याप्येतत्फलंजातंशुकदेवोमृतोत्थितः ॥ अनुभूतमिमंमासंसेवेहरिणोदितः ॥ ९ ॥ इहजन्मनितत्सर्वंविस्मृतंमेतपोधन ॥ एतत्पूजाविधानंमेवदविस्तरतःपुनः ॥ १० ॥

मैं आपके मुखसे सुन चुका हूं ॥ ६ ॥ पूर्व जन्म में सुदेव नाम के उत्तम ब्राह्मण होते हुए मैंने विधि पूर्वक इस मास की सेवा की थी जिससे मेरा मृत पुत्र भी जीवित हुआ यह मैं देख चुका हूं ॥ ७ ॥ हे ब्रह्मन् यद्यपि मैंने पुत्र शोक से मूर्छित होकर निराहार रह कर विना जाने पुरुषोत्तम मास निरंतर गुजार दिया था ॥ ८ ॥ फिर भी यह फल मिला शुकदेव मर कर उठा, यह श्रीहरि भगवान् ने आकर कहा, इस प्रकार इस मास की सेवा का मैंने अनुभव कर लिया है ॥९॥ और इस जन्म में हे तपोधन !

CSU-Jaipur Campus Collection

वह मुझे सब भूल गया है अब इसकी पूजा का विधान फिर से मुझे विस्तार पूर्वक समझावे ॥ ११ ॥ वाल्मीकि जी बोले-सुनिये इस मास के प्रथम दिन से प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठ पड़े, उस समय ब्रह्म का चिन्तन करे। तब नैऋत्य दिशामें चल पड़े, हाथ में एक बड़ा सा पात्र जल का भरा हुआ हो ॥ ११ ॥ पुरुषोत्तम मास का व्रत धारण करने वाला पुरुष इसी प्रकार ग्राम से

वाल्मीकिरुवाच ॥ ब्राह्मे मुहूर्तेचोत्थायपरंब्रह्मविचिंयेत् ॥ ततोव्रजेन्नैर्ऋतांशांगृहत्सोदकभाजनः ॥ ११ ॥ ग्रामाद्दूरतरंगच्छेत्पुरुषोत्तमसेवकः ॥ दिवासंध्यासुकर्णस्थब्रह्मसूत्रउदङ्मुखः ॥ १२ ॥ अंतर्धायतृणैर्भूमिंशिरःप्रावृत्यवाससा ॥ वक्त्रंनियम्ययत्नेननोष्ठीवेन्नोच्छ्वसेदपि ॥ १३ ॥ कुर्यान्मूत्रपुरीषंचरात्रौचेद्दक्षिणामुखः ॥ गृहीतशिश्नश्चोत्थायगृहीतशुचिमृत्तिकः ॥ १४ ॥ गंधलेपक्षयकरंकुर्याच्छौचमतंद्रितः ॥ एकालिंगेगुदेपंचत्रिर्वामेदशचोभयोः ॥ १५ ॥ द्विसप्तपादयोश्चैवगार्हस्थ्यंशौचमुच्यते ॥ कृत्वाशौचंतुप्रक्षाल्य-

दूर जाकर दिन हो या सायं हो यज्ञोपवीत को कान पर चढ़ावे, फिर उत्तर की ओर मुंह करके ॥ १२ ॥ पहिले पृथ्वी को तिनकों से ढक लेवे, उसका सिर भी साफे से ढका हो, मुँह को प्रयत्न से बन्द करके बैठ जावे, न थूके, न श्वास छोड़े ॥ १३ ॥ बैठकर मल सूत्र करे, यदि रात हो तो दक्षिण की ओर मुँह करले, मल मूत्र त्याग कर खड़ा हो शोच करने के लिये शुद्ध मिट्टी उठा ले ॥ १४ ॥ दुर्गन्धि को मिट्टी से हटावे एक बार लिंग पर पांच बार गुदा पर मिट्टी मर्दन करके सावधानता से शौच करे

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जलसे धोवे फिर बांये हाथ,में तीन बार मिट्टी लगाकर फिर दस वार दोनों हाथो में मिट्टी लगावे॥१५॥फिर चौदह बार दोनों पैरों को मिट्टी मर्दन करे, यह गृहस्थियो के लिये शौच कहा है, इस प्रकार शौच करके मिट्टी जल द्वारा हाथ पैर धोवे ॥ १६ ॥ यह शौच तीर्थ जल से न करे साथ में लाये हुए जल द्वारा करे। तीर्थ जलसे तो एक हाथ भर का स्थान छोड़ कर शुद्ध करे ॥ १७ ॥

पादौहस्तौचमृज्जलैः ॥ १६ ॥ तीर्थशौचंनकुर्वीतकुर्वीतोद्धृतवारिणा ॥ अरत्निद्वयसंचारित्यक्त्वाकुर्याद-नुद्धृते ॥ १७॥ पश्चात्तच्छोधयेत्तीर्थमशुद्धमन्यथाहितत् ॥ एवंशौचंप्रकुर्वीतपुरुषोत्तमसद्व्रती ॥१८॥ ततः षोडशगंडूषान्प्रकुर्याद् द्वादशैववा ॥ मूत्रोत्सर्गतुगंडूषानष्टौवाचतुरोगृही ॥ १९ ॥ उत्थायनेत्रेप्रक्षाल्यदं-तकाष्ठंसमाहरेत् ॥ इमंमंत्रंसमुच्चार्यदंतधावनमाचरेत् ॥ २० ॥ आयुर्बलंयशोवर्चःप्रजाःपशुवसूनिच ॥ ब्रह्मप्रज्ञांचमेधांचत्वंनोदेहिवनस्पते ॥ २१ ॥ अपामार्गबादरवाद्वादशांगुलमव्रणम् ॥ कनिष्ठांगुलिवत्स्थू-

उसके अनन्तर तीर्थ शुद्धि भी करे, अन्यथा वह अशुद्ध रहता है इसी प्रकार पुरुषोत्तम व्रती शुद्धि करे ॥ १८ ॥ उसके अनन्तर गृहस्थी पुरुष १६ अथवा १२ कुल्ले करे, लघुशंका करने के अनन्तर गृहस्थी ८ अथवा ४ कुल्ले करे ॥ १९ ॥ फ़िर उठ खड़ा हो दोनों नेत्र धोले दाँतुन उठा लेवे, इस मन्त्र के द्वारा दान्तन करें ॥ २० ॥ मन्त्र का अर्थ— हे, वनस्पते! तुम हमें आयु, बल, यश, तेज, संतान, पशु, धन, ब्रह्मतत्व, मेधाशक्ति एवं बुद्धि प्रदान करो॥ २१ ॥ जिसमें कोई गांठ छिद्र व्रण न हो ऐसा बारह

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

अंगुल का छोटी अंगुलि प्रमाण मोटा अपामार्ग किंवा, वेर का दांतुन हो उस के पूर्वाध में कूंची बना लेवे ॥ २२ ॥ इस प्रकार दान्तन करके १२ कुल्लोंके द्वारा मुखको शुद्ध करे रविवार को दांतुन न करे। फिर आचमन करके सुप्रकार प्रातः स्नानकरे ।२३॥ स्नान कर लेने के अनन्तर तीर्थ देवताओं को तर्पण देवे। समुद्र गामिनी नदियों में स्नान उत्तम है। वापी, कूप, तालाब आदि

लंपूर्वार्द्धे कृतकूर्चकम् ॥ २२ ॥ शुचिर्द्वादशगंडूषैर्निषिद्धं भानुवासरे ॥ आचम्यप्रयतःसम्यक्प्रातःस्नानंसमाचरेत् ॥ २३ ॥ स्नानादनंतरंतावत्तर्पयेत्तीर्थदेवताः ॥ समुद्रगानदीस्नानमुत्तमंपरिकीर्तितम् ॥ वापीकूपतडागेषुमध्यमंकथितंबुधैः ॥२४॥ गृहेस्नानंतुसामान्यंगृहस्थस्यप्रकीर्त्तितम् ॥२५॥ ततश्चवाससीशुद्धे शुक्लेचपरिधायच ॥ उत्तरीयंसदाधार्यंब्राह्मणेनविजानता ।२६। उपविश्यशुचौदेशेप्राङ्मुखोवाउदङ्मुखः ॥ भूत्वाबद्धशिखःकुर्यादंतर्जानुभुजद्वयम् ॥२७॥ सपवित्रेणहस्तेनकुर्यादाचमनक्रियाम् ॥ नोच्छिष्टंतत्पवित्रंतुभुक्त्वो-

का स्नान मध्यम कहा गया है ॥ २४ ॥ गृहस्थी का घर में स्नान करना साधारण कहा है ॥ २५ ॥ तब शुद्ध तथा सफेद वस्त्र पहिने। ज्ञानवान् ब्राह्मण को अंगोछा अवश्य धारण करना चाहिये ॥ २६ ॥ उसके अनन्तर पवित्र स्थान पर आसन बिछाकर, पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर बैठजावे,शिखा, को गांठ लगादेवे। दोनों घुटनोंके मध्यमें दोनों भुजाएं करके॥२७॥हाथ में पवित्री धारणकरे फिर आचमन करे, आचमन द्वारा पवित्री उच्छिष्ट नहीं हो जाती, भोजन के अनन्तर उच्छिष्ट हो जाती है उस समय उसे

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

त्याग देवे ।। २८ ।। फिर आचमन करके गोपीचन्दन की मृतिका द्वारा तिलक करे वह दण्डाकार सीधी दो रेखा वाला ऊर्ध्व पुण्ड्र तिलक कहाता है ।। २९ ।। इस प्रकार का ऊर्ध्व पुण्ड्र तिलक करे मध्य में छिद्र करे, अथवा त्रिपुण्ड्र लगावे । ऊर्ध्व पुण्ड्र तिलक में लक्ष्मी के साथ स्वयं श्रीहरि भगवान् का निवास है ।। ३० ।। त्रिपुण्ड्र में पार्वती के साथ सदा शिव का निवास है,

च्छिष्टंतुवर्जयेत् ।। २८ ।। आचम्यतिलकंकुर्याद्गोपीचंदनमृत्स्नया ।। ऊर्ध्वपुँड्रमृजु सौम्यंदंडाकारंप्रकल्प-
येत् ।। २९ ।। ऊर्ध्वपुँड्रं त्रिपुँड्रं वामध्येछिद्रंप्रकल्पयेत् ।। निवसत्यूर्ध्वपुँड्रे तुश्रियासहहरिःस्वयम् ।। ३० ।।
त्रिपुँड्रे धूर्जटिःसाक्षादुमयासहसर्वदा ।। विनाछिद्रंतुतत्पुँड्रं शुनःपादसमंविदुः ।।३१।। श्वेतंज्ञानकरंप्रोक्तं-
रक्तंवश्यकरंनृणाम् ।। पीतंसर्वर्द्धिदंप्रोक्तमन्यन्तुपरिवर्जयेत् ।। ३२ ।। शंखचक्रादिकंधार्यंगोपीचंदनमृ-
त्स्नया ।। सर्वपापक्षयकरंपूजांगंपरिकीर्तितम् ।। ३३ ।। शंखचक्रादिचिन्हानिदृश्यंतेयस्यविग्रहे ।। मर्त्योंम-

ऊर्ध्व पुण्ड्र तिलक में छिद्र अवश्य करे, अर्थात् दो दण्डो के आकार में तिलक हो, ऐसा न करने पर वह पुण्ड्र कुत्ते के पूछ के समान है ।।३१।। श्वेत वर्ण का दण्डाकार ऊर्ध्वपुन्ड्र ज्ञानवान् करता है, और लाल वर्णमनुष्यों को वश करने वाला है, पीत वर्ण का सब ऋद्धियों को देता है, और किसी रंग का तिलक न करे ।। ३२ ।। गोपीचन्दन के द्वारा शंख चक्र आदि भी धारणकरे, शंख चक्रादि धारण तो सबपापोंकानाश करने वाला पूजा का अङ्गहै।।३३।। जिसके शरीर में शंख चक्र आदि के चिन्ह दिखाई देते

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हैं वह शरीर मरण धर्मा मनुष्य नहीं वह तो नित्य ही भगवत्तनु है ॥ ३४ ॥ जो नित्य प्रति शंख चक्रादि चिन्ह धारता है उस देही के पाप भी पुण्य रूप हो जाते हैं ॥ ३५ ॥ नारायण के आयुधों से जिसका शरीर सदा चिन्हित रहता है वह कोटिशः पापों से युक्त भी होतो यम उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता ॥ ३६ ॥ उसके अनन्तर प्राणायाम करे, फिर सन्ध्या वन्दन करे,

र्योनविज्ञेयःसनित्यंभगवत्तनुः ॥ ३४ ॥ पापंसुकृतरूपंतुजायतेतस्यदेहिनः ॥ शंखचक्रादिचिह्नानियोधारयतिनित्यशः ॥ ३५ ॥ नारायणायुधैर्नित्यंचिह्नितोयस्यविग्रहः ॥ पापकोटियुतस्यापितस्यकिंकुरुतेयमः ॥ ॥ ३६ ॥ प्राणायामंततःकृत्वासंध्यावंदनमाचरेत् ॥ पूर्वसंध्यासनक्षत्रामुपासीतयथाविधि ॥ ३७ ॥ गायत्रीमभ्यसेत्तावद्यावदादित्यदर्शनम् ॥ सावित्रैरनघैर्मंत्रैरुपस्थायकृतांजलिः ॥ ३८ ॥ आत्मपादौतथाभूमौसंध्याकालेऽभिवादयेत् ॥ यस्यस्मृत्येतिमंत्रेणयदूनंपरिपूरयेत् ॥ ३९ ॥ यस्तुसंध्यामुपासीतश्रद्धयाविधिवद्द्विजः ॥ नतस्यकिंचिद्दुष्प्रापंत्रिषुलोकेषुविद्यते ॥ ४० ॥ दिवसस्यादिमेभागेकृत्यमेतदुदीरितम् ॥ एवंकृ-

प्रातः काल की सन्ध्या तारा गण के रहते विधि पूर्वक होनी चाहिये ॥ ३७ ॥ सन्ध्या करके गायत्री को जपन करता रहे जब तक कि सूर्य उदय नहीं होते, सूर्य दर्शन करके सूर्य मन्त्रों के द्वारा हाथ जोड़ कर उपस्थान करे अर्घ्य देवे ॥ ३८ ॥ सन्ध्या समय में अपने पांव तथा पृथ्वी को नमस्कार करे 'यस्य स्मृत्या' इस मन्त्रसे अपनी न्यूनता हो जाने की क्षमा याचना करके पूर्ति करे ॥ ३९ ॥ जो ब्राह्मण श्रद्धा तथा विधि के साथ सन्ध्या वन्दन करता है त्रिलोकी भर में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो उसे न मिल सके ॥ ४० ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

दिन के पहिले भाग में कृत्य को करे, इस प्रकार नित्य कृत्य करके श्रीहरि भगवान् का पूजन करे ॥ ४१ ॥ उसके अनन्तर लिपी पुती हुई शुद्ध भूमिपर स्वयं शुद्धता पूर्वक वाणी का नियन्त्रण करके शुद्धमन से व्रती पुरुष गोबर द्वारा गोल किंवा चौकोर मण्डल बनावे ॥ ४२ ॥ तब चावलों के द्वारा व्रत की सिद्धि के लिये उस पर अष्ट दलों वाले कमल की रचना करके सोने, चान्दी, ताम्बे

त्वाक्रियांहरिपूजासमाचरेत् ॥ ४१ ॥ उपलिप्तेशुचौदेशेनियतोवाग्यतःशुचिः ॥ वृत्तंवाचतुरस्रंवामंडलंगोमयेनतु ॥ ४२ ॥ विधायाष्टदलंकुर्यात्तंडुलैर्व्रतसिद्धये ॥ सौवर्णराजतंताम्रंमृन्मयंसुदृढंनवम् ॥ ४३ ॥ अव्रणंकलशंशुद्धंस्थापयेन्मंडलोपरि ॥ तत्रोदकंसमापूर्यशुद्धतीर्थाहृतंशिवम् ॥ ४४ ॥ कलशस्यमुखेविष्णुःकण्ठेरुद्रःसमाश्रितः ॥ मूलेतत्स्थितोब्रह्मामध्येमातृगणाःस्मृताः ॥ ४५ ॥ कुक्षौतुसागराःसर्वेसप्तद्वीपावसुन्धरा ॥ ऋग्वेदोथयजुर्वेदःसामवेदोह्यथर्वणः ॥ ४६ ॥ अंगैश्चसहिताःसर्वेकलशंतुसमाश्रिताः ॥ एवंसंस्थाप्यकलशंतत्रतीर्थानियोजयेत् ॥ ४७ ॥ गङ्गागोदावरीचैवकावेरीचसरस्वती ॥ आयांतुममशांत्य-

अथवा मिट्टी के पक्के नये ॥ ४३ ॥ छिद्र रहित शुद्ध कलश को लेकर उस मण्डल पर स्थापित करे, उसमें तीर्थ से लाया हुआ शुद्ध तथा कल्याण मय जल भरदे ॥ ४४ ॥ कलश के मुख में विष्णु का निवास है, कन्ठ में शिवजी का उसके मूल में ब्रह्माजी का निवास है मध्य में मातृगण कहे गये हैं ॥ ४५ ॥ कलश की कुक्षि में सातों समुद्र एवं सप्तद्वीपा पृथिवी है । ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्वण वेद ॥४६॥ अपने अंगों के साथ आकर उस कलश में विराजमान हो जाते हैं । इस प्रकार कलश का स्थापन

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

करके उसमें सब तीर्थों की भावना तथा आवाहन करे ॥ ४७ ॥ श्रीगंगा, गोदावरी, कावेरी, सरस्वती, आदि सब तीर्थ इसमें मेरी शान्ति के लिये, तथा पापों की निवृत्त के लिये पधारें ॥ ४८ ॥ तब षोड़षोपचार पूर्वक मंत्रों द्वारा गन्ध, अक्षत, नैवेद्य, एवं ऋतु के सुन्दर पुष्पों से कलश का पूजन करे ॥ ४९ ॥ फिर उस कलश पर पीताम्बर से लपेटा हुआ ताम्बे का पात्र रखे

थँदुरितक्षयकारणात् ॥ ४८ ॥ ततःसंपूज्यकलशमुपचारैःसमंत्रकै ॥ गंधाक्षतैश्चनैवेद्यैःपुष्पैस्तत्कालसंभवैः ॥ ४९ ॥ तस्योपरिन्यसेत्पात्रंताम्रंपीताँबरावृतम् ॥ तस्योपरिन्यसेद्धैमंराधयासहितंहरिम् ॥ ५० ॥ राधयासहितःकार्यःसौवर्णःपुरुषोत्तमः ॥ तस्यपूजाप्रकर्तव्याधिनाभक्तितत्परैः ॥ ५१ ॥ पुरुषोत्तममासस्य-दैवतंपुरुषोत्तमः ॥ तस्यपूजाप्रकर्त्तव्यासंप्राप्तेपुरुषोत्तमः ॥ ५२ ॥ संसारसागरेमग्नमुत्तारयतियोध्रुवम् ॥ कोनसेवेततंलोकेमर्त्योमरणधर्मवान् ॥ ५३ ॥ पुनर्ग्रामाःपुनर्वित्तंपुनःपुत्राःपुनर्गृहम् ॥ पुनःशुभाशुभंकर्म-

उस पर स्वर्ण की श्रीराधा श्रीकृष्ण की मूर्तियें स्थापित करे ॥ ५० ॥ पुरुषोत्तम भगवान् की श्रीराधाजी के साथ सोने की मूर्त्तियें यथा शक्ति पहिले बनवाले, उस पात्र पर उन्हें स्थापित करके भक्ति से विधि पूर्वक उनका पूजन करे ॥ ५१ ॥ पुरुषोत्तम मास के पुरुषोत्तम भगवान् देवता हैं । पुरुषोत्तम मास आने पर पुरुषोत्तम भगवान् का पूजन परम कर्तव्य है ॥ ५२ ॥ संसार सागर में डूबते हुए पुरुष को जो निश्चय ही निकाल लेते हैं, उन भगवान् पुरुषोत्तम का मरण धर्मा मनुष्य इस लोक में कौन नहीं पूजता ॥ ५३ ॥ ग्राम, धन, पुत्र, घर, शुभ, अशुभ कर्म ये तो फिर२ भी प्राप्त होजाते हैं किन्तु मनुष्य शरीर बार २ नहीं मिलता

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

॥ ५४ ॥ धर्म के लिये उसकी रक्षा करे, ज्ञान के लिये धर्म की रक्षा करे, ज्ञान के द्वारा मोक्ष प्राप्ति सुलभ है, अत एव धर्म का आचरण करे ॥ ५५ ॥ यह शरीर एक प्रकार का वृक्ष है, सनातन धर्म उसका फल है जिस शरीर में धर्मरूप फल न हो वह शरीर वन्ध्य वृक्ष की भांति निष्फल है ॥ ५६ ॥ माता भी सहायक नहीं होती स्त्री पुत्र कलत्र, भ्राता, पिता धन आदि कोई भी

नशरीरंपुनःपुनः ॥ ५४ ॥ तद्रक्षितंतुधर्मार्थेधर्मोज्ञानार्थमेवहि ॥ ज्ञानेनसुलभोमोक्षस्तस्माद्धर्मसमाचरेत् ॥ ॥ ५५ ॥ देहरूपस्यवृक्षस्यफलंधर्मःसनातनः ॥ धर्महीनस्तुयोदेहोनिष्फलोवंध्यवृक्षवत् ॥ नमाताचसहाया- र्थेनकलत्रसुतादयः ॥ नपितासोदरावित्तं धर्मस्तिष्ठतिकेवलम् ॥ ५७ ॥ जराव्याघ्रीवभयदाव्याधयःशत्र- वोयथा ॥ आयुर्यातिप्रतिदिनंभग्नभांडात्पयोयथा ॥ ५८ ॥ तरंगतरलालक्ष्मीर्यौवनंकुसुमोपमम् ॥ विष- याःस्वप्नविषयाइवसर्वेनिरर्थकाः ॥ ५९ ॥ चलंवित्तंचलंचित्तंचलंसंसारजंसुखम् ॥ एवंज्ञात्वाविरक्तःसन्ध-

सहायता नहीं करते, केवल धर्म ही सहायक रहता है ॥ ५७ ॥ सिंहनी जैसे वृद्धावस्था मनुष्य को डराती रहती है, रोग व्याधियां पूरे शत्रु हो जाते हैं, आयु प्रति दिन टूटे हुए वर्तन से झरते हुए पानी के समान क्षीण होती रहती है ॥ ५८ ॥ यह लक्ष्मी तरङ्ग की भाँति चंचल है, जवानी फूल के समान जल्दी मुरझा जाने वाली है, विषय स्वप्न के विषयों की भांति निरर्थक है ॥ ५९ ॥ धन, ऐश्वर्य, मन एवं सांसारिक विषय सुख ये सब चलायमान है। ऐसा जानकर वैराग्य प्राप्त करके धर्म का अभ्यास

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

करने लग जावे ॥ ६० ॥ देखिये—साँप से आधा निगला हुआ भी मेंड़क मक्खी खाना चाहता है, उसी प्रकार काल से पकड़ा हुआ भी जीव दूसरे को दुःख देकर धन हरना चाहता है ॥ ६१ ॥ मौत से पकड़े हुए मनुष्य को किस सुख पर हर्ष होरहा है। उसकी प्रसन्नता तो वध्यस्थान पर ले जाये जारहे पशु के समान व्यर्थ हे ॥६२ ॥ जब धर्म करने को चित्त हो जाय तो आज कल

मभ्यासपरोभवेत् ॥ ६० ॥ अर्धग्रस्तोहिनाभेकोमक्षिकामत्तुमिच्छति ॥ कालग्रस्तस्तथाजीवःपरपीडाधनाहृतः ॥ ६१ ॥ मृत्युग्रस्तायुषःपुँसःकिंसुखंहर्षयत्यहो ॥ आघातंनीयमानस्यवध्यस्येवनिरर्थकम् ॥ ६२ ॥ धर्मार्थंचयदाचित्तंनवित्तंसुलभंतदा ॥ यदावित्तंनचतदाचित्तंधर्मोन्मुखंभवेत् ॥ ६३ ॥ चित्तवित्तेयदास्यातांसत्पात्रंनतदालभेत् ॥ एतच्चितयसंबंधोयदाकालेतुसंभवेत् ॥ ६४ ॥ अविचार्यतदाधर्मंयःकरोतिसबुद्धिमान् ॥ वित्तप्राचुर्यसंसाध्यधर्माःसंत्तिसहस्रशः ॥ ६५ ॥ पुरुषोत्तमेस्वल्पवित्तसाध्योधर्मोमहान्भवेत् ॥

के पुरुषोंको धन होते भी धर्मार्थ धन सुलभनहीं,जब धन सुलभहो तब धर्म करनेको चित्त नहीं होता॥६३॥यदि चित्तधन सुलभ भी हो जाय तो दान लने का अधिकारी नहीं मिलता। यदि धन,मन,एवं अधिकारी तीनों जिस समय पूर्ण हो जांय॥६४॥फिर तो उस समय बिचार ही न करे धर्म कर देवे, ऐसा करने वाला बुद्धिमान है। बहुत धन से तो सिद्ध होने वाले हजारों धर्म हैं ॥ ६५ ॥ किन्तु पुरुषोत्तम मास में थोड़े धन से किया हुआ धर्म महान् हो जाता है स्नान, दान, एवं भगवत्कथा में बैठ कर विष्णुभगवान्

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

का स्मरण करते रहना ॥ ६६ ॥ इतना मात्र किया हुआ श्रेष्ठ धर्म बड़े भारी भय से मनुष्य को बचा लेता है ॥ ६७ ॥ श्री गंगा जी जैसे सब तीर्थों में श्रेष्ठ हैं, धनुर्धारियों में काम श्रेष्ठ है सब धनों में जैसे विद्या उत्तम धन हैं, वैसे सब महीनों में साक्षात् पुरुषोत्तम रूप पुरुषोत्तम मास श्रेष्ठ है ॥ ६८ ॥ यद्यपि यह मास पहिले यज्ञ आदि सब कर्मों में निन्दनीय एवं निषिद्ध माना

स्नानंदानंकलायांचविष्णोःस्मरणमेवच ॥ ६६ ॥ एतन्मात्रोपिसद्धर्मस्त्रायतेमहतोभयात् ॥ ६७ ॥ गंगैव-तीर्थंस्मरएवधन्वीवित्तं तुविद्यैवगुणास्तुरूपम् ॥ मासेषुसर्वेषुतथैवसाक्षान्मासोत्तमोयंपुरुषोत्तमोहि ॥ ६८ ॥ यद्यप्यसौनिद्यतमःपुरासीत्सर्वेषुकृत्येषुमखादिकेषु ॥ तथापिसाक्षाद्भगवत्प्रसादात्तन्नामन्नाम्नाभुविविश्रुतोऽभूत् ॥ ६९ ॥ यथाहस्तिपदेलीनंसर्वंप्राणिपदंभवेत् ॥ धर्माःकालास्तथासर्वेविलीनाःपुरुषोत्तमे ॥ ७० ॥ यथामरतरंगिण्यानसमाःसकलापगाः ॥ कल्पवृक्षेणनसमायथासकलापादपाः ॥ ७१ ॥ चिंतारत्नेनरत्नानिनसमानियथाभुवि ॥ कामधेन्वायथाधेन्वोनराज्ञापुरुषाःसमाः ॥ ७२ ॥ नवेदैःसर्वशास्त्राणिपुण्यकाला-

गया था, तथापि भगवान् की असीम कृपा हो जाने के कारण यही मास फिर पुरुषोत्तम नाम से जगत् भर में प्रसिद्ध हुआ ॥६९॥ जैसे कि प्राणियों के पैर एक हाथी के पाँव में समा जाते हैं वैसे सारे धर्म काल आदि इसी पुरुषोत्तम मास में समा जाते हैं।॥७०॥ जैसे श्रीगङ्गाजी की समानता अन्य सब नदियां नहीं पासकती एवं सब वृक्ष कल्पवृक्ष की समता नहीं कर सकते ॥७१॥ सब शास्त्र वेदों की समता नहीं कर सकते इसी प्रकार कोई भी महीना पुरुषोत्तम मास की समता नहीं कर सकता ॥ ७२ ॥ पुरुषोत्तम मास

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के देवता स्वयं पुरुषोत्तम हैं। इसी कारण श्रद्धा एवं भक्ति से पुरुषोत्तम की पूजा करे ॥ ७३ ॥ पूजा कराने के लिये एक ऐसे आचार्य ब्राह्मण को बुलवाये जो सब शास्त्रों का ज्ञाता, सत्यवादी एवं शुद्ध वैष्णव हो ॥ ७४ ॥ जो पुरुष अत्यन्त गहरे तथा वेग वाले, अन्तः करण में स्थित काम क्रोधादि रूप बड़े २ तिमि तिमिंगल मगर मछलियों से भरपूर संसार रूप समुद्र से तैर कर

स्तथाखिलाः ॥ पुरुषोत्तममासेनसमोमासोनकहिंचित् ॥ ७३ ॥ पुरुषोत्तममासस्यदैवतंपुरुषोत्तमः ॥ तस्मात्संपूजयेद्भक्त्याश्रद्धयापुरुषोत्तमम् ॥७४॥ शास्त्रज्ञंनिपुणंशुद्धं वैष्णवंसत्यवादिनम् ॥ विप्राचार्यमथाहूयपूजांतेनप्रकल्पयेत् ॥ ७५ ॥ संसारसागरमतीवगंभीरवेगमंतस्थमोहमदनादितिमिंगिलौघम् ॥ उल्लंघ्यगंतुमभिवांछतिभारतेस्मिन्संपूजये सपुरुषोत्तममादिदेवम् ॥ ७६ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादेदृढधन्वोपाख्यानेआह्निककथनंनामविंशतितमोऽध्यायः ॥ २० ॥

वाल्मीकिरुवाच ॥ अनलोत्तारणंकृत्वाप्रतिमायास्ततःपरम् ॥ प्राणप्रतिष्ठांकुर्वीतह्यन्यथाधातुरेवसा ॥

पार जाना चाहता हो तो उसे इस भारत वर्ष में आदि देव पुरुषोत्तम की पूजा अवश्य करनी चाहिये ॥ ७५ ॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायाँ विंशतितमोऽध्याय ॥ २० ॥

श्रीवाल्मीकि जी बोले—क्योंकि उन श्रीराधा कृष्ण की स्वर्ण प्रतिमाएं अग्नि से उतारी गई हैं अतः उनके पूजन से

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पहिले प्राण प्रतिष्ठा अवश्य करे, अन्य था वह धातु की धातु है ॥ १ ॥ पहिले उन मूर्तियों के दोनों कपोलों का दक्षिण हाथ से स्पर्श करे तब श्रीहरि भगवान् की प्राण प्रतिष्ठा करे ॥ २ ॥ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा न होने पर सोना जैसे पहिले था वह वैसा ही रहता है देवता होता ही नहीं ॥ ३ ॥ हे राजन् ! अन्य देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी देवत्व की सिद्धि के

॥ १ ॥ प्रतिमायाःकपोलौद्वौस्पृष्ट्वादक्षिणपाणिना ॥ प्राणप्रतिष्ठांकुर्वीततस्यांदेवस्यवैहरेः ॥ २ ॥ अकृतायांप्रतिष्ठायांप्राणानांप्रतिमासुच ॥ यथापूर्वंतथाभागःस्वर्णादीनांनदेवता ॥ ३ ॥ अन्येषामपिदेवानांप्रतिमास्वपिपार्थिव ॥ प्राणप्रतिष्ठाप्रकर्तव्यातस्यांदेवत्वसिद्धये ॥ ४ ॥ पुरुषोत्तमबीजेनतद्विष्णोरित्यनेनच ॥ तथैवहृदयेंगुष्ठंदत्वाशश्वच्चमंत्रवित् ॥ ५ ॥ एभिर्मंत्रैःप्रतिष्ठांतुहृदयेपिसमाचरेत् ॥ अस्यप्राणाःप्रतिष्ठंतुअस्यैप्राणाःक्षरंतुच ॥ ६ ॥ अस्यैदेवत्वसंख्यायैस्वाहेतियजुरित्ययन् ॥ मूलमंत्रैरंगमंत्रैर्वैदिकैरित्यनेनच ॥ ॥ ७ ॥ प्राणप्रतिष्ठांसर्वत्रप्रतिमासुसमाचरेत् ॥ अथवानाममंत्रैश्चतुर्थ्यंतैःप्रयत्नतः ॥ ८ ॥ स्वाहांतैश्चप्रकु-

लिये अवश्य कर्तव्य है ॥ ४ ॥ मन्त्रवेत्ता ब्राह्मण 'तद्विष्णो' इस पुरुषोत्तम बीज द्वारा मूर्ति के हृदय पर अंगुष्ट धर कर ॥ ५ ॥ इन मन्त्रों द्वारा हृदय में प्राण प्रतिष्ठा करे, मन्त्र का अर्थ इस मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठत हों, एवं इसके लिये प्राण आजाय ॥ ६ ॥ मूर्ति में देवत्व सिद्धि के लिये 'स्वाहा' यह यजुर्वेद पढ़ता हुआ वैदिक मूल मन्त्रों द्वारा एवं अङ्ग मन्त्रों के द्वारा ॥ ७ ॥ प्रतिमा

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

के सारे अङ्गों की प्राण प्रतिष्ठा करे। अथवा अन्त में चतुर्थी विभक्ति लगाकर नाम मन्त्रों के द्वारा प्रयत्न पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा करे ॥ ८ ॥ उन उन देवताओं के स्मरण पूर्वक अन्त में 'स्वाहा' शब्द लगा कर प्राण प्रतिष्ठा करे। इस प्रकार प्रतिष्ठा करके पुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करे ॥ ९ ॥ श्री पुरुषोत्तम के स्वरूप का इस प्रकार ध्यान करे-श्रीपुरुषोत्तम परम शान्त स्वरूप, नील

वींतन्तद्दे वाननुस्मरन् ॥ एवंप्राणान्प्रतिष्ठाप्यध्यायेच्छ्रीपुरुषोत्तमम् ॥ ९ ॥ श्रीवत्सवक्षसंशांतंनीलोत्पलदलच्छविम् ॥ त्रिभंगललितंध्यायेत्सराधंपुरुषोत्तमम् ॥ १० ॥ देशकालौसमुच्चार्यनियतोवाग्यतःशुचि ॥ षोडशैरुपचारैश्चपूजयेत्पुरुषोत्तमम् ॥ ११ ॥ आगच्छदेवदेवेश श्रीकृष्णपुरुषोत्तम ॥ राधयासहितश्चात्रगृहाणपूजनंमम ॥ १२ ॥ श्रीराधिकासहितपुरुषोत्तमायनमःआवाहनंसमर्पयामि ॥ इत्यावाहनम् ॥ नानारत्नसमायुक्तं कार्तस्वरविभूषितम् ॥ आसनंदेवदेवेशगृहाणपुरुषोत्तम ॥ श्रीराधिका०आसनं० ॥ १३ ॥ गंगा-

कमल दल की तरह कान्ति वाले, वक्षस्थल पर श्रीवत्स के चिन्ह धारी तीन अङ्गों को मोड़ कर ठहरने वाले, त्रिभंग ललित प्रभु-पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराधिका जी के साथ विराजमान हैं ॥ १० ॥ ध्यान करके फिर देश काल का उच्चारण करके संकल्प करे नियमित होकर वाणी को वश किये हुए शुद्धता पूर्वक सोलह उपचारों द्वारा पुरुषोत्तम का पूजन करे ॥ ११ ॥ क्रमानुसार प्रथम आवाहन करे-हे देव देवेश ! श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम ! आद्यशक्ति श्रीराधिकाजी के साथ यहाँ पधारें, मुझ से किये हुए पूजन को स्वीकार करें ॥ १२ ॥ श्रीराधिका जी के सहित श्रीपुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार हो इस मन्त्र से आवाहन समर्पण करता

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हूं ॥ इत्यावाहनकरे । आसनमन्त्र-हे देव देवेश ! श्रीपुरुषोत्तम ! अनेकों रत्नों जटित स्वर्ण से निर्मित शोभाय मान आसन स्वीकार करें । श्रीराधिकाजी के सहित पुरुषोत्तम भगवान् को नमस्कार हो । इत्यासनम्‌दे ॥ १३ ॥ पाद्य-मैंने प्रार्थना द्वारा गङ्गा आदि सब तीर्थों से सुख स्पर्श जल लाकर रखा है कृपया इसे स्वीकार करें, इतिपाद्यदे ॥ १४ ॥ अर्घ्य--गोपियों को आनन्द

दिसर्वतीर्थेभ्योमयाप्रार्थनयाहृतम् ॥ तोयमेतत्सुखस्पर्शंपाद्यार्थंप्रतिगृह्यताम् ॥ इतिपाद्यम् ॥ १४ ॥ नंद-गोपगृहेजातोगोपिकानंदहेतवे ॥ गृहाणार्घ्यंमयादत्तं राधयासहितोहरे ॥ इत्यर्घ्यम् ॥ १५ ॥ गंगाजलंस-मानीतंसुवर्णकलशस्थितम् ॥ आचम्यतांहृषिकेशपुराणपुरुषोत्तम इत्याचमनम् ॥ १६ ॥ कार्यंमेसिद्धिमा-यातुपूजितेत्वयिधातरि ॥ पंचामृतैर्मयानीतैराधिकासहितोहरे ॥ १७ ॥ पयोदधिघृतंगव्यंमाक्षिकंशर्करा-तथा ॥ गृहाणेमानिद्रव्याणिराधिकानंददायक इतिपंचामृतस्नानम् ॥ १८ ॥ योगेश्वरायदेवायगोवर्धन-

देने के लिये हे श्रीराधिका सहित भगवान् श्रीहरि आप श्रीनन्द गोप के घर प्रकट हुए हैं कृपया मुझसे प्रदत्त अर्घ्य स्वीकार करें । इति अर्घ्य दे ॥ १५ ॥ आचमन-हे हृषीकेश, पुराण पुरुषोत्तम ! सुवर्ण के कलश में श्रीगङ्गाजी का जल ले आया हूं, कृपया आच-मन के अर्थ स्वीकार करें-इससे आचमन देवे ॥ १६ ॥ प्रार्थना-हे श्रीराधिकाजी सहित श्रीहरि भगवान् ! आप जगत् के धाता हैं, लाये हुए इस पंचामृत के द्वारा मैं आप की पूजा करता हूं इससे मेरे कार्य सिद्धि हों ॥ १७ ॥ पंचामृत स्नान--दूध दही, घृत, मधु एवं शर्करा, इन वस्तुओं को हे राधिका के आनन्द दाता प्रभो आप पंचामृत स्नान स्वीकार करें । इससे पंचामृत

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

स्नान करावें ॥ १८ ॥ शुद्ध जल स्नान--हे योगेश्वर, गोवर्द्धन धारिन् ! यज्ञपते, नाथ, गोविन्द, आप को मेरी वार २ नमस्कार हो ॥ १९ ॥ हे श्रीकृष्णानन्द नन्दन ! श्री गङ्गा जल के समान नदी तीर्थ से लाया हुआ यह पवित्र शीतल जल है इसे स्नान में अंगीकार करें, इससे पुनः स्नान करावें ॥ २० ॥ वस्त्र-हे देव ! सर्व कामना की सिद्धि के लिये दो पीताम्बर सेवा में अर्पित हैं

धरायच ॥ यज्ञानांपतयेनाथगोविंदायनमोनमः ॥ १९ ॥ गंगाजलसमंशीतंनदीतीर्थसमुद्भवम् ॥ स्नाने दत्तंमयाकृष्णगृह्यतांनंदनंदन ॥ इतिपुनःस्नानम् ॥ २० ॥ पीतांबरयुगंदेवसर्वकामार्थसिद्धये ॥ मयानिवेदितंभक्त्यागृहाणसुरसत्तम ॥ इतिवस्त्रम् आचमनम् ॥ २१ ॥ दामोदरनमस्तेस्तुत्राहिमांभवसागरात् ॥ ब्रह्मसूत्रंसोत्तरीयंगृहाणपुरुषोत्तम ॥ उपवीतम् ॥ आचमनम् ॥ २२ ॥ श्रीखंडंचंदनंदिव्यंगंधाढ्यंसुमनोहरम् ॥ विलेपनंसुरश्रेष्ठप्रीत्यर्थंप्रतिगृह्यताम् ॥ इतिचंदनम् ॥ २३ ॥ अक्षतास्तुसुरश्रेष्ठकुंकुमाक्ताः

हैं सुरसत्तम ! कृपया स्वीकार करें । इससे वस्त्र देवे फिर आचमन भी करावे ॥ २१ ॥ जनेऊ–हे दामोदर ! आपको नमस्कार हो मेरी भवसागर से रक्षा करें उपरने के साथ यह यज्ञोपवीत है आप अङ्गीकार करें, इससे जनेऊ तथा उपरना ये समर्पण करे, आचमन भी करावे ॥ २२ ॥ चन्दन–दिव्य गन्ध से पूर्ण परम मनोहर श्रीखण्ड का चन्दन आपकी प्रसन्नता के लिये हे सुर श्रेष्ठ अर्पित है इसे शुभ मस्तक पर लगाने को स्वीकार करें । इससे चन्दन समर्पे ॥ २३ ॥ अक्षत–हे देवाधिदेव ! ये कुम कुम

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

केसर से रंजित हैं परमशोभायमान इन अक्षतों को मैं भक्ति से निवेदित कर रहा हूं, हे पुरुषोत्तम कृपया इन्हें अंगीकार करें । इससे अक्षत चढ़ावे ॥ २४ ॥ पुष्प-हे प्रभो ! सुन्दर माल्यादि तथा अति सुगन्धित मालती आदि के पुष्प मैं आपकी पूजा के लिये लाया हूँ कृपया स्वीकार करें, इससे पुष्प चढ़ावे ॥ २५ ॥ इसके अनन्तर अङ्ग पूजा करें हे केशिनिशूदन नन्दनन्दन, श्री यशोदा के

सुशोभिताः ॥ मयानिवेदिताभक्त्यागृहाणपुरुषोत्तम ॥ इत्यक्षतान् ॥ २४ ॥ माल्यादीनिसुगंधीनिमालत्यादीनिवैप्रभो ॥ मयाहृतानिपूजार्थंपुष्पाणिप्रतिगृह्यताम् ॥ इतिपुष्पाणि ॥ २५ ॥ ततोंगपूजा ॥ नंदात्मजोयशोदायास्तनयःकेशिसूदनः ॥ भूभारोत्तारकश्चैवह्यनंतोविष्णुरूपधृक् ॥ २६ ॥ प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्श्रीकंठःसकलास्त्रधृक् ॥ वाचस्पतिःकेशवश्चसर्वात्मेतिचनामतः ॥ २७ ॥ पादौगुल्फौतथाजानूजघनेचकटीतथा ॥ मेढ्रंनाभिंचहृदयंकंठंबाहूमुखंतथा ॥ २८ ॥ नेत्रेशिरश्चसर्वांगंविश्वरूपिणमर्चयेत् ॥ पुष्पाण्यादायक्रमशश्चतुर्थ्यंतैर्जगत्पतिम् ॥ २९ ॥ प्रत्यंगपूजांकृत्वातुपुनश्चकेशवादिभिः ॥ चतुर्विंशतिमंत्रै

लाल, पृथ्वी के भार को उतारने वाले, अनेकों रूप धारने वाले विष्णु भगवान् ॥ २६ ॥ सब प्रकार के अस्त्र धारी, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, श्रीकण्ठ, वाचस्पति, केशव, सर्वात्मा, इन नामों के द्वारा ॥ २७ ॥ पांव, टखने, जानू, जंघा, कटि, लिंग, नाभि, हृदय, कण्ठ, भुजा, मुख, ॥ २८ ॥ नेत्र,एवं विश्वरूपी जगतपति भगवान् के समस्त अङ्गों को पुष्प लेकर पूर्वोक्त नामों से चतुर्थी विभक्ति जोड़कर क्रमशः पूजा करें ॥ २९ ॥ इस प्रकार प्रत्येक अङ्ग की पूजा करके फिर केशव आदि नामों के आगे चतुर्थी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

विभक्ति लगाकर चौबीस मन्त्रों के द्वारा ॥ ३० ॥ पुष्प लेकर पुरुषोत्तम भगवान् की प्रत्येक नाम से पूजा करें अर्थात् -दिव्य वनस्पतियों के रस द्वारा निषपन्न, उत्तम गन्ध से परिपूर्ण, सब देवों के सूंघने के योग्य यह धूप है आप इसे स्वीकार करें । इस मन्त्र से धूप प्रदान करें ॥ ३२ ॥ दीप-हे परम धाम ! आप समस्त देवताओं के ज्योतिः स्वरूप हो, तेजस्वियों के दिव्यतेज एवं

श्चचतुर्थ्यंतैश्चनामभिः ॥ ३० ॥ पुष्पमादायप्रत्येकंपूजयेत्पुरुषोत्तमम् ॥ ३१ ॥ वनस्पतिरसोदिव्योगंधाढ्योगंधउत्तमः ॥ आघ्रेयःसर्वदेवानांधूपोऽयंप्रतिगृह्यताम् ॥ इतिधूपम् ॥ ३२ ॥ त्वंज्योतिःसर्वदेवानांतेजसांतेजउत्तमम् ॥ आत्मज्योतिःपरंधामदीपोयंप्रतिगृह्यताम् ॥ इतिदीपम् ॥ ३३ ॥ नैवेद्यंगृह्यतांदेवभक्तिंमेह्यचलांकुरु ॥ इप्सितंमेवरंदेहिपरत्रचपरांगतिम् ॥ इतिनैवेद्यम् ॥ ३४ ॥ मध्येपानीयम् ॥ उत्तरापोशनम् ॥ गंगाजलंसमानीतंसुवर्णकलशस्थितम् ॥ आचतांहृषीकेशत्रैलोक्यव्याधिनाशन ॥ इत्याचमनम् ॥ ॥ ३५ ॥ इदंफलंमयादेवस्थापितंपुरतस्तव ॥ तेनमेसुफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनिजन्म ॥ इतिश्रीफलम् ॥३६॥

प्रकाशमय हो कृपया दीप ग्रहण करें इससे द्वीप प्रदान करें ॥ ३३ ॥ नैवेद्य--हे देव ! आप नैवेद्य स्वीकार करें मुझे अचला भक्ति दें परलोक में परम गति दें । इससे नैवेद्य चढ़ावे ॥ ३४ ॥ मध्य में जल दें, फिर उतरापोशन प्रदान करे । फिर आचमन सोने के कलशे में भरा हुआ यह श्रीगङ्गा जल ले आया हूं । हे हृषीकेश त्रिलोकी व्याधि नाश करने वाले इससे आचमन करें, इस मन्त्र से आचमन करावे ॥ ३५ ॥ फल-हे देव ! यह श्री फल आपके सामने अर्पित हैं, इससे मुझे जन्म जन्म में सुन्दर फल

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

प्राप्त हों। इससे श्रीफल समर्पे ॥ ३६ ॥ करोद्वर्तन-सुगन्धित काफूर एवं कस्तूरी आदि सुवासित यह करोद्वर्तन है, इसे आप स्वीकार करें इससे करोद्वर्तन देवे ॥ ३७ ॥ ताम्बूल--मनोहर काफूर जिसमें मिश्रित है और सुपारियों से संयुक्त है यह मैं भक्ति से अर्पण कर रहा हूं, हे देव ! इसे स्वीकार करें। इससे ताम्बूल अर्पण करें ॥ ३८ ॥ दक्षिणा–ब्रह्माजी के गर्भ में रहने वाले,

गंधकर्पूरसंयुक्तंकस्तूर्यादिसुवासितम् ॥ करोद्वर्तनकंदेवगृहाणपरमेश्वर । इतिकरोद्वर्तनम् ॥ ३७ ॥ पूंगीफलसमायुक्तंसकर्पूरंमनोहरम् ॥ भक्त्यादत्तंमयादेवतांबूलंप्रतिगृह्यताम् ॥ तांबूलम् ॥ ३८ ॥ हिरण्यगर्भस्थंहेमबीजंविभावसोः ॥ अनंतपुण्यफलदमतःशांतिंप्रच्छमे ॥ इतिदक्षिणाम् ॥ ३९ ॥ शारदेंदीवरश्यामंत्रिभंगललिताकृतिम् ॥ नीराजयामिदेवेशंराधयासहितंहरिम् ॥ इतिनिराजनम् ॥ ४० ॥ रक्ष-रक्षजगन्नाथरक्षत्रैलोक्यनायक ॥ भक्तानुग्रहकर्त्तात्वंप्रदक्षिणांग्रहणमे ॥ इतिप्रदक्षिणाम् ॥ ४१ ॥ यज्ञेश्व·

अग्नि के बीज, पुण्यों के अनन्त फल देने वाले इस स्वर्ण को दक्षिणा में स्वीकार करें, मुझे शान्ति प्रदान करें। इस मन्त्र से दक्षिणा दें ॥ ३९ ॥ आरती–शरद ऋतु के नील कमल के समान श्याम सुन्दर, त्रिभंग ललित आकार वाले, श्रीराधिकाजी के सहित, देवेश ! मैं आपकी आरती करता हूं। इससे नीरांजन (आरती) करें ॥ ४० ॥ परिक्रमा–हे जगन्नाथ ! रक्षा करें, हे त्रिलोकी नाथ रक्षा करें आप भक्तों पर अनुग्रह करते हो प्रभो ! मेरी परिक्रमा स्वीकार करें। इससे परिक्रमा करें ॥ ४१ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

मन्त्र पुष्प–हे गोविन्द ! आप यज्ञपति देव हो एवं यज्ञसे प्रकट होने वाले हो, यज्ञेश्वर आपको बारम्बार नमस्कार इससे नमस्कार करे ॥४२॥ 'मन्त्रहीनं क्रियाहीनम्' इस मन्त्र को पढ़कर पुरुषोत्तम भगवान्से क्षमा प्रार्थना करे प्रतिदिन तिलोंके साथ पुरुषोत्तम भगवान् के नाम मन्त्रों के अन्त में 'स्वाहा' जोड़कर हवन करे ॥ ४३ ॥ महीना भर घृत का अखण्ड दीपक जलावे, यह श्रीपुरुषोत्तम

रायदेवायतथायज्ञोद्भवायच ॥ यज्ञानांपतयेनाथगोविंदायनमोनमः ॥ इतिमंत्रपुष्पम् ॥ ४२ ॥ विश्वेश्वरायविश्वायतथाविश्वोद्भवायच ॥ विश्वस्यपतयेतुभ्यंगोविंदायनमोनमः ॥ इतिनमस्करान् ॥ ४३ ॥ मंत्रहीनेतिमंत्रेणक्षमाप्यपुरुषोत्तमम् ॥ स्वाहांतैर्नाममंत्रैश्चतिलहोमोदिनेदिने ॥ ४४ ॥ दीपःकार्यस्त्वखंडश्चयावन्मासंचसर्पिषा ॥ पुरुषोत्तमस्यप्रीत्यर्थंसर्वार्थफलसिद्धये ॥ ४५ ॥ यस्यस्मृत्येतिमंत्रेणनमस्कृत्यजनार्दनम् ॥ यदूनंतत्तु संपूर्णंविधायविचरेत्सुखम् ॥ ४६ ॥ इत्थंश्रीपुरुषोत्तमंनवघनश्यामंसराधंमुदासंप्राप्ते पुरुषोत्तमेऽत्रनितलेलब्ध्वाजनुर्मानवम् ॥ भक्त्यायःपरिपूजयेत्प्रतिदिनंकृत्वागुरुं वैष्णवंभुक्त्वाह्यत्रसुखंसमस्तमतुलं-

भगवान् की प्रसन्नता एवं सर्वार्थ फल सिद्धि के लिये है ॥ ४४ ॥ 'यस्यस्मृत्या' इस मन्त्र से जनार्दन को नमस्कार करके फिर प्रार्थना करे कि हे भगवन् ! मेरी न्यूनता पूर्ण हो यह कह कर फिर सुख पूर्वक विचरण करें ॥ ४५ ॥ इस प्रकार पुरुषोत्तम मास के आने पर, मनुष्य जन्म पाकर जो मनुष्य श्रीराधिका जी के साथ नये मेघ की भाँति श्याम सुन्दर श्रीपुरुषोत्तम भगवान्

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

का भक्ति से इस पृथ्वीपर प्रतिदिन पूजन किया करता है। और उस पूजन में वैष्णव गुरु करता है। ऐसा पुरुष इस लोक में अखण्ड सुख पाकर अन्त में परमलोक में जाता है ॥ ४६ ॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां एकविंशतितमोऽध्याय ॥ २१ ॥

पश्चात्सगच्छेत्परम् ॥ ४७ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेदृढधन्वोपाख्यानेपुरुषोत्तमपूजनविधिर्नामैकविंशोऽध्यायः ॥ २१ ॥

राजोवाच ॥ पुरुषोत्तमस्यनियमान्व्रतिनोवदविस्तरात् ॥ किंभोज्यंकिमभोज्यंवावर्ज्याविर्ज्येतंपोधन ॥ ॥ १ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ सएवंभगवान्पृष्टोभूभृतावाल्मिकोमुनिः ॥ पुसांनिःश्रेयसार्थायतमाहबहुमानयन् ॥ २ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ पुरुषोत्तममासेयेनियमाःपरिकीर्तिताः ॥ ताञ्छृणुष्वमयाराजन्कथ्यमानान्समासतः ॥ ३ ॥ हविष्यान्नंचभुंजीतमासेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ गोधूमाःशालयःसर्वासितामुद्गायवास्ति-

राजा बोले—हे तपोधन! अब कृपा करके पुरुषोत्तम मास के व्रती पुरुषों के नियम विस्तार से कहें क्या खाना चाहिये क्या नहीं एवं वर्जित अवर्जित सब कहें ॥ १ ॥ श्रीनारायण बोले—सुनिये—इस प्रकार का प्रश्न पुरुषों के कल्याण के लिये राजा दृढ़धन्वा ने भी वाल्मीकि मुनिजी से पूछा था उसी के अनुसार मैं कहता हूं ॥ २ ॥ श्रीवाल्मीकि जीने कहा—पुरुषोत्तम मास के जितने भी नियम कहे गये हैं उन्हें मैं संक्षेप से कहता हूं ॥ ३ ॥ पुरुषोत्तम मास में व्रती पुरुष हविष्य अन्न (खीर) का

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

भोजन करे । अथवा-गेहूं, चावल, सब प्रकार के, मिश्री, मूंग, जौ, तिल ॥ ४ ॥ मटर, सिंवाक, नीवार, बथुआ, हिलमोचिका (निकपत्रा-तन्दूला) अदरख, काल शाक, मूल, कन्द, ककड़ी ॥ ५ ॥ केले के फल, सेन्धा, समुद्री नमक, दधि, माखन, पनीर, आम, हरड़ ॥ ६ ॥ पिप्पली, जीरा, सौंठ, इमली, तिंतड़ी, सुपाड़ी, लवली, आंवला, गुड़ इक्षुरस (चीनी) ॥ ७ ॥ जो पदार्थ

लाः ॥४॥ कालायकंगुनीवारावास्तुकंहिलमोचिका ॥ आर्द्रकंकालशाकंचमूलंकंदंचकर्कटीम् ॥५॥ रंभासै-धवसामुद्रेलवणेदधिसर्पिषी ॥ पयोनुद्धृतसारंचपनसाम्रंहरीतकी ॥६॥ पिप्पलीजीरकंचैवनागरंचैवतिंतिडी क्रमुकंलवलीधात्रीफलान्यगुडमैक्षवम् ॥७॥ अतलपक्वं मुनयोहविष्यंप्रवदंतिच ॥ हविष्यभोजनंनृणामुपवास समंविदुः ॥८॥ सर्वामिषाणिमांसंचक्षौद्रंसौवीरकंतथा ॥ राजमाषादिकंचैवराजिकामादकंतथा ॥९॥ द्विद-लंतिलतैलंचतथान्नंशल्यदूषितम् ॥ भावदुष्टंक्रियादुष्टंशब्ददुष्टंचवर्जयेत् ॥ १० ॥ परान्नंचपरद्रोहंपर दारागमंतथा ॥ तीर्थंविनाप्रयाणंचपरदेशंपारत्यजेत् ॥ ११ ॥ देववेदद्विजानांचगुरुगोव्रतिनांतथा ॥ स्त्री

तेल में न पकाया जाय उसे मुनिजन हविष्य अन्न कहते हैं वह भोजन उपवास के समान होता है ॥ ८ ॥ सब प्रकार के आमिष, मांस, मधु, बेर,उड़द,राई मादक वस्तु ॥९॥दालें तिलतैल, दूषित कीट भक्षित, लोह दूषित, भाव दूषित, क्रिया दूषित अन्न न खावे ॥ १० ॥ परकीय अन्न, दूसरे से शत्रुता, परस्त्री गमन, तीर्थ के सिवा कहीं जाना विदेश गमन आदि त्याग करे ॥ ११ ॥ पुरुषोत्तम मास में, देवता, वेद, ब्राह्मण, गुरु, गौ, व्रती, स्त्री महात्मा पुरुषों की निन्दा करना छोड़दे ॥ १२ ॥ प्राणयंग सूतिका

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

का चूर्ण मांस है एवं फलों में जंबीरी मांस है और धान्यों में मसूर माँस है बासी अन्न भी मांस है, इन्हें त्याग करे ॥ १३ ॥ बकरी, गाय, भैंस के दूध को छोड़कर अन्य सब दूध माँस तुल्य हैं, ब्राह्मण से खरीदा रस तथा पृथ्वी से उत्पन्न नमक मांस तुल्य है ॥ १४ ॥ ताम्बे के पात्र में रखा हुआ दूध, चमड़े के पात्र का जल अपने लिये पकाया हुआ अन्न ये सब मांस तुल्य

राजमहतांनिंदांवर्जयेत्पुरुषोत्तमे।१२।प्राण्यंगमामिषंचूर्णंफलेजंबीरमामिषम् ॥ धान्येमसूरिकाप्रोक्ताअन्नंपर्युषितंतथा ।१३। अजागोमहिषीदुग्धादन्यद्दुग्धादिचामिषम् ॥ द्विजक्रीतारसाःसर्वेलवणंभूमिजंतथा ।१४। ताम्रपात्रस्थितंगव्यंजलंचर्मणिसंस्थितम् ॥ आत्मार्थंपाचितंचान्नमामिषंतद्बुधैःस्मृतम् ।१५। ब्रह्मचर्यमधःशय्यांपत्रावल्यांचभोजनम् । चतुर्थकालेभुक्तिंचप्रकुर्यात्पुरुषोत्तमे ।१६। रजस्वलांत्यजेतम्लेच्छपतितैर्व्रात्यकैःसह । द्विजद्विट्वेदबाह्यैश्चनवदेत्पुरुषोत्तमे ।१७। एभिर्दृष्टंचकाकैश्चसूतकान्नंचयद्भवेत् । द्विःपाचितंचदग्धान्ननैवाद्यात्पुरुषोत्तमे ।१८। पलांडुंलशुनंमुस्तांछत्राकंगृंजनंतथा । नालिकंमूलकंशिग्रुंवर्जयेत्पुरुषोत्तमे ।१९। एता-

कहे गये हैं ॥१५॥ पुरुषोत्तम व्रती ब्रह्मचर्य में रहे, पृथ्वीपर सोवे, पत्तो पर भोजन करे, दिन के चौथे पहर भोजन करे ॥ १६ ॥ रजस्वला स्त्री, चाण्डाल, म्लेच्छ पतित, संस्कार रहित ब्राह्मण द्वेषी वेद विरुद्ध इन सबसे व्रती सम्भाषण न करे ॥ १७ ॥ उपरोक्त पुरुषों से देखे हुए कौओं से देखे हुए अन्न को तथा दो बार पकाये गये एवं जले हुए अन्न को पुरुषोत्तम में नखावे ॥१८॥ प्याज लशुन, मुन्था, छत्रक (खुम्भ) गाजर, पालिक, मूली बथुआ इन्हें पुरुषोत्तम मास में न खावे ॥ १९ ॥ सब प्रकार के व्रतो

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

में व्रती पुरुष इन सबका त्याग करे । और विष्णु प्रीति निमित्त कृच्छ्चान्द्रायण आदि व्रत भी यथा शक्ति करे ॥ २० ॥ कासी फल, कन्ठकारिका, तरुणी, मूरी, श्रीफल, कलिंग, आंवले ॥ २१ ॥ नारियल, अलांबु (तोरी) पटोल, बेर, चर्म शाक, बैंगन, आजिक शाक, केवल जलोत्पन्न शाक वल्ली आदि ॥ २२ ॥ ये सब पुरुषोत्तम मास की प्रति पदा से लेकर पूर्ण मासी तक न खावे

निवर्जयेन्नित्यंव्रतीसर्वव्रतेष्वपि ॥ कृच्छ्राद्यं चापिकुर्वीतस्वशक्त्याविष्णुतुष्टये ॥ २० ॥ कूष्मांडंबृहतीचैव-तरुणीमूलकंतथा ॥ श्रीफलंचकलिंगंचफलंधात्रीफलंधात्रीफलंतथा ॥ २१ ॥ नारिकेलमलाबुंचपटोलं बदरीफलम् ॥ चर्मवृंताजिकंवल्लीशाकंतुजलजंतथा ॥ २२ ॥ शाकान्येतानिवर्ज्यानिक्रमात्प्रतिपदादिषु धात्रीफलंरवौतद्वद्वर्जयेत्सर्वदागृही ॥ २३ ॥ यद्यद्योवर्जयेत्किंचित्पुरुषोत्तमतुष्टये ॥ तत्पुनर्ब्राह्मणेदत्त्वाभक्ष येत्सर्वदैवहि ॥ २४ ॥ कुर्याद्देतांश्चनियमान्व्रतीकार्तिकमाघयोः ॥ नियमेनविनाराजन्फलंनैवाप्नुयाद्व्रती ॥ २५ ॥ उपोषणेनकर्तव्यःशक्तिश्चेत्पुरुषोत्तमः ॥ अथवाघृतपानंचपयःपानमयाचितम् ॥ २६ ॥

एवं रवि वार को गृहस्थी आँवले न खावे ॥ २३ ॥ पुरुषोत्तम मास में जिन २ वस्तुओं को त्याग कर रखा हो मांस आदि गर्ह्य वस्तुओं को छोड़ कर पुरुषोत्तम मास के अनन्तर वे वस्तुएं ब्राह्मण को दान करके फिर खाना आरम्भ करे ॥ २४ ॥ यही नियम कार्तिक माघ के व्रत का भी है । हे राजन् ! नियम के बिना व्रत का कुछ भी फल नहीं मिलता ॥ २५ ॥ यदि शक्ति हो तो पुरुषोत्तम व्रत उपवास से करे । अथवा घृत पान करे किंवा बिना मांगा दुग्ध पान करे ॥ २६ ॥ अथवा व्रतार्थी पुरुष

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

जिससे व्रत भङ्ग न हो उसमें निपुण होकर दिन के समय यथा शक्ति कुछ फलाहार करले ॥ २७॥ पुरुषोत्तम के पवित्र दिन लगने पर प्रातःकाल उठकर समय के पूर्व नित्यकृत्य सब करले, फिर श्रीकृष्ण का हृदयमें स्मरण करके भक्ति पूर्वक नियम ग्रहणकरे। २८ ॥ हे राजन् नियम में उपवास करने का, एक बार भोजन करने का अथवा रात्रि भोजन का निश्चय करके व्रत आरम्भ करे ॥ २९ ॥

फलाहारादिवाकार्यंयथाशक्त्याव्रतार्थिना ॥ व्रतभंगोयथानस्यात्तथाकार्यंविचक्षणैः ॥ २७ ॥ पुण्येन्हिप्रातरुत्थायकृत्वापौर्वाह्हिकीःक्रियाः ॥ गृह्णीयान्नियमंभक्त्याश्रीकृष्णंचहृदिस्मरन् ॥ २८ ॥ उपवासस्यनक्तस्यचैकभुक्तस्यभूपते ॥ एकंचनिश्चयंकृत्वाव्रतमेतत्समाचरेत् ॥ २९ ॥ श्रीमद्भागवतंभक्त्याश्रोतव्यंपुरुषोत्तमे ॥ तत्पुण्यंवचसावक्तुँविधातापिनशक्नुयात् ॥ ३० ॥ शालिग्रमार्चनंकार्यंमासेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ तुलसीदललक्षेणतस्यपुण्यमनंतकम् ॥ ३१ ॥ यथोक्तव्रतिनंदृष्ट्वामासेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ यमदूताःपलायंतेसिंहंदृष्ट्वायथागजाः ॥ ३२ ॥ एतन्मासव्रतंराजञ्छ्रेष्ठंक्रतुशतादपि ॥ क्रतुँकृत्वाप्नुयात्स्वर्गंगोलोकंपुरुषोत्तमे ॥ ३३ ॥

श्रीपुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत की कथा भी प्रतिदिन सुने इसका पुण्य तो ब्रह्मा भी नहीं कह सकते ॥ ३० ॥ श्रीपुरुषोत्तम में एक लाख तुलसी दल चढ़ाकर श्रीशालिग्राम की पूजा करने से अनन्त फल मिलता है यह भी करे ॥ ३१ ॥ इस उक्त विधान से श्रीपुरुषोत्तम व्रत करने वाले पुरुष को देखकर जैसे सिंह को देखकर हाथी भाग जाते हैं वैसे यमदूत भाग जाते हैं ॥ ३२ ॥ सैकड़ो यज्ञों से राजन् ! इस महीने का व्रत श्रेष्ठ है । यज्ञ करने वाला तो स्वर्ग में जाता है, पुरुषोत्तम व्रती गोलोक गमन

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

करता है ॥ ३३ ॥ जो पुरुषोत्तम व्रत करता है उसके शरीर में पृथ्वी भर के सब तीर्थ तथा क्षेत्र आकर निवास करते हैं ॥ ३४ ॥ श्रीपुरुषोत्तम व्रत करने से दुःस्वप्न, दरिद्रता, तीनों प्रकार के पाप सब नष्ट हो जाते हैं ॥ ३५ ॥ श्रीहरि भगवान् के दास जब पुरुषोत्तम मास की सेवा में होते हैं तब पुरुषोत्तम भगवान् की प्रसन्नता के लिये इन्द्र आदि देवता आकर उन्हें विघ्नों से बचाया

पृथिव्यांयानितीर्थानिक्षेत्राणिसर्वदेवताः ॥ तद्देहेतानितिष्ठंतियःकुर्यात्पुरुषोत्तमम् ॥३४॥ दुःस्वप्नंचैवदारिद्र्यंदुष्कृतंत्रिविधंचयत् ॥ तत्सर्वंविलयंयातिकृतेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ ३५ ॥ पुरुषोत्तमसेवायांनिश्चलंहरिसेवकम् ॥ विघ्नाद्रक्ष्यंतिशक्राद्याःपुरुषोत्तमतुष्टये ॥ ३६ ॥ पुरुषोत्तमस्यव्रतिनोयत्रयत्रवसंतिच ॥ भूतप्रेतपिशाचाद्यानतिष्ठंतितदग्रतः ॥ ३७ ॥ एवंयोविधिनाराजन्कुर्याच्छ्रीपुरुषोत्तमम् ॥ सहस्रवदनोनागंतत्फलंवक्तुमंजसा ॥ ३८ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ पुरुषोत्तमंप्रियमसुंपरमादरेणकुर्यादनन्यमनसापुरुषोत्तमोयः ॥

करते हैं ॥ ३६ ॥ पुरुषोत्तम के व्रती पुरुष जहां जहां भी वास करते हैं भूत प्रेत पिशाच आदि उनके आगे ठहर ही नहीं सकते ॥ ३७ ॥ इस विधि से हे राजन् ! जो पुरुषोत्तम व्रत करता है सहस्रमुख शेष नाग भी उसके पुण्यों का फल वर्णन करने में असमर्थ हैं ॥ ३८ ॥ श्रीनारायण बोले—हे राजन् ! जो उत्तम पुरुष इस पुरुषोत्तम भगवान् के अतिप्रिय पुरुषोत्तम व्रत को अति आदर से अनन्य मन होकर धारण करता है वह पुरुषोत्तम भगवान् का अति प्रिय पुरुषों में उत्तम होकर रसिकेश्वर भगवान् के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

साथ क्रीड़ा करता है ॥ ३६ ॥ इति श्री पुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां द्वविंशतितमोऽध्यायः ॥ २२ ॥

राजा बोले—हे मुनिवर्य ! श्रीपुरुषोत्तम मास में दीपदान का क्या फल है, हे दीनदयालों ? कृपा करके यह सुनाइये॥१॥ श्रीनारायण बोले—राजाके ऐसा पूछने पर अत्यन्त प्रसन्न होकर मुनिवर्य वाल्मीकि जी हंसते २ विनीत राजा से बोले ॥ २ ॥

पुरुषोत्तमः प्रियतमः पुरुषः सभूत्वा पुरुषोत्तमेन रमते रसिकेश्वरेण ॥ ३६ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तम-माहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेदृढधन्वोपाख्यानेपुरुषोत्तमव्रतनियमकथनंनामद्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

राजोवाच ॥ किंफलंदीपदानस्यमासेश्रीपुरुषोत्तमे ॥ तन्मेवदमुनिश्रेष्ठकृपयादीनवत्सल ॥ १ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्थंविज्ञापितःप्राहवाल्मीकिमुनिसत्तमः ॥ प्रवृद्धहर्षोराजानंविनीतंप्रहसन्निव ॥ २ ॥ वाल्मीकिरुवाच ॥ शृणुष्वराजशार्दूलकथांपापप्रणाशिनीम् ॥ यांश्रुत्वायातिविलयंपापंपंचविधंमहत् ॥ ३ सौभाग्यनगरेराजाचित्रबाहुरितिश्रुतः ॥ सत्यसंधोमहाप्राज्ञश्चासीच्छूरतरःपरः ॥ ४ ॥ सहिष्णुःसर्वधर्मज्ञः शीलरूपदयान्वितः ॥ ब्रह्मण्योभगवद्भक्तःकथाश्रवणतत्परः ॥ ५ ॥ स्वदारनिरतःशश्वत्पशुपुत्रसमन्वितः

हे राज शार्दूल ! पाप नाशिनी कथा सुनिये, जिसके श्रवण मात्र से पाँचों प्रकार के पाप नष्ठ हो जाते हैं ॥ ३ ॥ सौभाग्य नगर में चित्रबाहु नाम के एक प्रसिद्ध राजा हुए हैं, वे सत्यवक्ता, बुद्धिमान, अत्यन्त पराक्रमी थे ॥ ४ ॥ सहन करने के स्वभाव वाले, सब धर्मों के ज्ञाता, दया, शील रूप आदि से युक्त, ब्राह्मणों के सेवक, भगवद्भक्त, कथा सुनने वाले ॥ ५ ॥ स्वधर्म पत्नी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

में सन्तोषी, पशु पुत्र आदि से युक्त, चतुरंगिणी सेना के स्वामी एवं धन ऐश्वर्य में वे दूसरे कुबेर थे ॥ ६ ॥ उनकी पत्नी महा भागा पति व्रता थी वह पूरी भगवान् की भक्ता थी चौसठ प्रकार की कलाएं उसमें विद्यमान थी, नाम उसका चन्द्रकला था ॥७॥ ऐसी पत्नी पाकर वे नवयुवक राजा पृथ्वी पर शासन कर रहे थे। वे श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त थे। श्रीकृष्ण भगवान् के सिवा वे

चतुरंगबलोपेतःसमृद्धाधनदोपमः ॥ ६ ॥ तस्यभार्याचंद्रकलाचतुःषष्टिकलान्विता ॥ पतिव्रतामहाभागा-भगवद्भक्तिसंयुता ॥ ७ ॥ तयासहमहीपालोबुभुजेमेदिनींयुवा ॥ विनाश्रीकृष्णदेवंसनैवजानातिदैवतम् ॥ ॥ ८ ॥ एकस्मिन्दिवसेराजाचित्रबाहुर्महीपतिः ॥ दृष्ट्वासमागतंदूरादगस्त्यंमुनिपुंगवम् ॥ ९ ॥ प्रणम्य-दंडवद्भूमौविधिनातमपूजत् ॥ कल्पयित्वासनंभक्त्यातस्थौमुनिवराग्रतः ॥ १० ॥ विनयावनतोभूत्वाजगा-दमुनिसत्तमम् ॥ राजोवाच ॥ अद्यमेसफलंजन्मह्यद्यमेसफलंदिनम् ॥ ११ ॥ अद्यमेसफलंराज्यमद्यमेसफ-

किसी दूसरे देवता को जानते ही नहीं थे ॥ ८ ॥ एक दिन–वे महाराज चित्र बाहु घर में बैठे हुए थे कि उन्होंने सामने आते हुए ऋषिश्रेष्ठ अगस्त्य जी को देखा ॥ ९ ॥ उठकर उन्होंने दण्डवत्प्रणाम किया, विधि पूर्वक उनकी पूजा की। उनके लिये आसान बिछाकर प्रेम से उन्हें बिठाया ॥ १० ॥ विनय पूर्वक मुनिवर्य से राजा कहने लगे ॥ हे मुने! आपके दर्शन पाकर मेरा आज ही जन्म सफल हुआ यह दिन भी आज सफल हुआ है ॥ ११ ॥ मेरा राज्य, घर आदि सब आज ही

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सफल हुए हैं, मेरे घर में श्रीकृष्ण भगवान् के पूर्ण भक्त आप पधारे हो ॥ १२ ॥ आपके दर्शन पाकर मैं सब पापों से मुक्त होगया हूं हे मुनिवर ! यह हाथी घोड़े रथों से संयुक्त राज्य आपके समर्पण है ॥१३॥ हे मुनि श्रेष्ठ ! आप वैष्णव हैं मैं भला आपको दे ही क्या सकता हूं । वैष्णवों के चरणों में यदि थोड़ा सा भी समर्पण हो वह मेरु तुल्य हो जाता है ॥ १४ ॥ जो

लंगृहम् ॥ यस्त्वंसमागतोमेद्यगृहेश्रीकृष्णसेवकः ॥ १२ ॥ मुक्तोहंपापसंघाताद्यत्त्वयाहंनिरीक्षितः ॥ तुभ्यं समर्पितंराज्यंगजाश्वरथसंयुतम् ॥ १३ ॥ वैष्णवोसिमुनिश्रेष्ठनास्त्यदेयंमयातव ॥ मेरुतुल्यंभवेत्स्वल्पंवैष्ण-वायसमर्पितम् ॥ १४ ॥ कपर्दिकाप्रमाणंतुव्यंजनंवान्नमुत्तमम् ॥ नयच्छतिदिनेयस्तुवैष्णवायद्विजन्मने ॥ ॥ १५ ॥ तद्दिनंविफलंतस्यकथितंवेदपारगैः ॥ विष्णुभक्ताश्चयेकेचित्सर्वेपूज्याद्विजातयः ॥ १६ ॥ तेषां-संभावनाकार्यावाङ्मनःकायकर्मभिः ॥ कथितंममगर्गेणगौतमेनसुमंतुना ॥ १७ ॥ तावत्प्रभाचताराणांया-

भी पुरुष वैष्णव ब्राह्मण के प्रति कपर्दिका जितना थोड़ा व्यंजन एवं उत्तम अन्न जिस दिन नहीं देता ॥ १५ ॥ वेद वेत्ताओं ने उसका वह दिन निष्फल कहा है । जो विष्णु के भक्त ब्राह्मण हों, वे सब पूजने योग्य हैं ॥ १६ ॥ उन्हीं का मन, वाणी, शरीर, कर्मों के द्वारा सदा सत्कार करना चाहिये, ऐसा मुझे गर्ग, गौतम, सुमंतु महात्माओं ने कहा है ॥ १७ ॥ तारों की तब तक छटा रहती हैं, जब तक कि सूर्य नहीं उदय होते इसी प्रकार अन्य ब्राह्मणों की तभी तक पूजा होती है कि जब तक

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

कोई वैष्णव ब्राह्मण न पधारे ॥ १८ ॥ अगस्त्य बोले —चित्र वाहो! तुम धन्य हो। भाग्यशाली हो। यह सब प्रजा के लोग भी तुम्हारे धन्य हैं, जिनकी तुम परम वैष्णव रक्षा कर रहे हो ॥ १९ ॥ उस राज्य में कभी निवास न करे जहां वैष्णव राजा न हो। इससे तो शून्य वन में रहना ही उत्तम है किन्तु अवैष्णव राजा के राष्ट्र में रहना अच्छा नहीं ॥ २० ॥ जैसे नेत्रहीन

वन्नोदयतेरविः ॥ तावदन्येद्विजन्मानोयावान्नायातिवैष्णवः ॥१८॥ अगस्त्यउवाच ॥ चित्रवाहोमहाभाग-धन्यस्त्वंसांप्रतंनृप ॥ इमाधन्याःप्रजाःसर्वायस्त्वंरक्षसिवैष्णवः ।१९। तस्मिन्राष्ट्रे नवस्तव्यंयस्यराजानवैष्णवः वरोवासोवनेशून्येनतुराष्ट्रे ह्यवैष्णवे: ।२०। चक्षुर्हीनोयथादेहःपतिहीनायथाप्रिया। निरक्षरोयथाविप्रस्तथा राष्ट्रमवैष्णवम् ।।२१।। दंतहीनोयथाहस्तीपक्षहीनायथाखगः। एकादशीदशमीविद्धातथाराष्ट्रमवैष्णवम् ॥२२॥ दर्भहीनायथासंध्यातिलहीनंचतर्पणम्वृत्त्यर्थंदेवसेवाचतथाराष्ट्रमवैष्णवम् ।२३। सकेशाविधवायद्वद्-व्रतंस्नानविवर्जितम् ॥ शूद्रश्चब्राह्मणीगामीतथाराष्ट्रमवैष्णवम् ॥ २४ ॥ सराजाप्रोच्यतेसद्भिर्यःश्रीकृष्ण-

शरीर, पति हीन पत्नी, अनपढ़ ब्राह्मण, अच्छे नहीं वैसे अवैष्णव राष्ट्र भी श्रेष्ठ नहीं ॥ २१ ॥ और जैसे दान्तों के बिना हाथी पंखों के बिना पक्षी दशमी विद्धा एकादशी श्रेष्ठ नहीं वैसे अवैष्णव राष्ट्र अच्छा नहीं ॥ २२ ॥ और जैसे कुशाके बिना सन्ध्यो-पासना, तिलों के बिना तर्पण एवं आजीविकार्थ देव सेवा श्रेष्ठ नहीं वैसे अवैष्णव राष्ट्र अच्छा नहीं ॥ २३ ॥ जैसे बालों वाली विधवा, स्नान किये बिना व्रत, ब्राह्मणी गामी शूद्र अच्छे नहीं वैसे अवैष्णव राष्ट्र अच्छा नहीं ॥ २४ ॥ श्रेष्ठ

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पुरुष उसे राजा कहते हैं जो श्रीकृष्ण भगवान् के चरणों का आश्रय करने वाला हो उसी का राष्ट्र बढ़ता है एवं उसी की प्रजा
सुख पाती है ॥ २५ ॥ हे राजन् ! यह मेरी दृष्टि भी आज सफल हुई है जिसके द्वारा मैंने आपको देखा है, हे भगवद्भक्त !
आपके साथ सम्भाषण करने वाली यह वाणी भी आज सफल हुईहै ॥ २६ ॥ हे राजन् मेरी आज्ञा से इस राज्य को आप ही

पदाश्रयः ॥ तद्राष्ट्रं वर्धतेनित्यंसुखीभ्भवतितत्प्रजा ॥ २५ ॥ दृष्टिर्मेसफलाराजन्यन्मयात्वंनिरीक्षितः ॥
अद्यमेसफलावाणीह्यच्युतेयत्त्वयासह ॥ २६ ॥ इदंराज्यंत्वयाराजन्प्रकर्त्तव्यंममाज्ञया ॥ प्रतिष्ठितोमयारा-
ज्येगमिष्याम्यस्तुस्वस्तिते ॥ २७ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्युक्त्वागंतुकामंतमगस्त्यंमुनिपुंगवम् ॥ ननाः
मपरयाभक्त्यामंहिषीसापतिव्रता ॥ २८ ॥ अगस्त्यउवाच ॥ अवैधव्यंसदातेस्तुभक्त्याभजपतिंशुभे ॥ दृढा
तेस्तुसदाभक्तिःश्रीगोपीजनवल्लभे ॥ २९ ॥ इत्थमाशीर्ददानंतंभूयःप्राहमहीपतिः ॥ बद्धांजलिपुटोभूत्वा-
विनयानतकंधरः ॥ ३० ॥ चित्रबाहुरुवाच ॥ विपुलामेकथंलक्ष्मीःकथंराज्यमकंटकम् ॥ पतिव्रताकथंप-

करें । मैंने आपको राज्य पर प्रतिष्ठित कर दिया आपका कल्याण हो मैं अब जा रहा हूं ॥ २७ ॥ श्रीनारायण बोले-ऐसा
कह कर जब ऋषि श्रेष्ठ अगस्त्य जी जाने को तैयार हुए तब परमभक्त पतिव्रता रानी ने भक्ति से उन्हें प्रणाम किया ॥ २८ ॥
अगस्त्य बोले-हे शुभे ! तुम सौभाग्यवती हो, पति की सेवा में तत्पर रहो, श्रीगोपीजन वल्लभ श्रीकृष्ण में तुम्हारा अविचल
प्रेम हो ॥ २९ ॥ इस प्रकार आशीर्वाद देते हुए महामुनि को राजाने अपना सिर झुका कर हाथ जोड़े फिरकहने लगे ॥ ३० ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

चित्र वाहु बोले—हे महात्मन् ! मैं आपकी शरण हूं कृपया यह कहिये कि इतनी विपुल लक्ष्मी, निष्कण्टक राज्य, तथा पतिव्रता पत्नी मुझे किन पुण्यों से प्राप्त हुई हैं ॥ ३१ ॥ हे मुनीश्वर ! आप तो सर्वज्ञ हैं हाथ में रखे दर्पण की भाँति आप सब कुछ जानते हैं ॥ ३२ ॥ श्रीनारायण बोले—जब इस प्रकार राजाने मुनि श्रेष्ठ अगस्त्य जी से निवेदन किया, तब वे मुनि मन को

त्नीकिंकृतंसुकृतंमया ॥ ३१ ॥ एतन्मेब्रूहिविप्रेंद्रतवाहंशरणांगतः ॥ करस्थामलवत्सर्वंजानासित्वंमुनीश्वर ॥ ३२ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ इत्थमावेदितोराज्ञाह्यगस्त्योमुनिपुँगवः ॥ समाहितमनाभूत्वाजगादनृपसत्तमम् ॥ ३३ ॥ अगस्त्यउवाच ॥ मयाविलोकितंसर्वंप्राक्तनंचरितंतव ॥ तत्सर्वंकथयाम्यद्यसेतिहासंपुरातनम् ॥ ३४ ॥ चमत्कारपुरेरम्येमणिग्रीवाभिधानभृत ॥ त्वमभूःशूद्रजातीयोजीवहिंसापरायणः ॥ ३५ ॥ नास्तिकोदुष्टचारित्रःपरदारप्रधर्षकः ॥ कृतघ्नोदुर्विनीतश्चशिष्टाचारविवर्जितः ॥ ३६ ॥ याचेयंभवतोभा-

एकाग्र करके राजा से कहने लगे ॥ ३३ ॥ अगस्त्य बोले—मैंने तुम्हारे पूर्व जन्म का सब चरित्र देख लिया है। वह सारा इतिहास पुरातन मैं तुम्हें सुनाता हूं ॥ ३४ ॥ पूर्व जन्म में तुम शूद्र थे मणिग्रीव तुम्हारा नाम था, मनोहर चमत्कार पुर में तुम्हारा निवास था, जीवों की हिंसा किया करना तुम्हारा काम था ॥ ३५ ॥ नास्तिक, दुष्ठ चरित्र, पर स्त्रियों को हर लेना, कृतघ्न रहना, दुर्विनीत, शिष्ठाचार से रहित होना, ये सब बातें उस समय तुम्हें स्वाभाविक थीं ॥ ३६ ॥ और जो यह तुम्हारी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पत्नी उस जन्म में भी तुम्हारी पत्नी थी, अत्यन्त सुन्दरी होने के अतिरिक्त मन, कर्म एवं वाणी से यह पति सेवा परायण थी ॥ ३७ ॥ यह महाभागा पतिव्रता परमधर्मात्मा एवं मनस्विनी थी कभी भी तुम पर इसकी दुर्भावना नहीं थी ॥ ३८ ॥ तुम उस समय पाप कर्मा थे इसी कारण जाति बन्धुओं ने तुम्हें त्याग दिया था, राजा ने भी क्रोध में आकर तुम्हारा सारा धन छीन

र्यापूर्वजन्मनिसुँदरी ॥ कर्मणामनसावाचापतिसेवापरायणा ॥ ३७ ॥ पतिव्रतामहाभागाधर्मनिष्ठामनस्विनी ॥ भावंनकुरुतेदुष्टंतवोपरिकदाचन ॥ ३८ ॥ ज्ञातिभिस्त्वंपरित्यक्तोबंधुभिःपापकर्मकृत् ॥ राज्ञाक्रुद्धेनतेसर्वंगृहीतंधनमुत्तमम् ॥ ३९ ॥ ततोऽत्रशिष्टंयत्किंचिद्गृहीतंज्ञातिभिस्तदा ॥ गतेद्रव्येधनाकांक्षातवासीद्विपुलातदा ॥ ४० ॥ क्षीयमाणेधनेसाध्वीनत्वामत्यजदुन्मनाः ॥ एवंतिरस्कृतःसर्वैर्गतवान्निर्जनंवनम् ॥ ४१ ॥ हत्वाजीवाननेकांश्चत्वंचकर्थात्मपोषणम् ॥ एवंवर्तयतस्तस्यपत्न्यासहमहीपते ॥४२॥

भक्षण करे ॥ ६४॥ इस प्रकार खा पीकर सत्य मार्ग से विरोध न करने वाले ऐसे परम श्रेष्ठ शास्त्रों के अध्ययन से ब्रह्म श्रीकृष्ण का विचार करे ॥ ६५ ॥ आजीविका के सर्वथा न होने पर भी दो घड़ी तो स्वस्थ मन होकर बुद्धिमान् अवश्य ही अध्यात्म विद्या श्रवण करे ॥ ६६ ॥ श्रवण करने से धर्म का ज्ञान होता है, श्रवण से पाप निवृत्त होते हैं श्रवण से मोह निवृत्त होता है, श्रवण करके अमृत–मोक्ष मिलता है ॥ ६७ ॥ नीच पुरुष भी श्रवण के द्वारा श्रेष्ठ होजाता है, श्रवण न करने से श्रेष्ठ भी नीच

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

हो जाता है ॥ ६८ ॥ उसके अनन्तर सुख से बाहिर जावे, सब अर्थों की सिद्धि देने वाले श्रीकृष्ण को मन में ध्यान करते हुए अपना कारोबार करे ॥ ६९ ॥ जब सूर्य अस्ता चल गामी होने लगे, तीर्थ पर अथवा घर में ही आकर स्वच्छता पूर्वक पैर हाथ धो, सन्ध्या करे ॥ ७० जो सायंकाल की सन्ध्या नहीं करता, वह ब्राह्मण अधम है, गौहत्या का पाप लगता है, मरने

श्रेष्ठोपिनीचतांयातिरहितःश्रवणेनच ॥ ६८ ॥ व्यवहारंततःकुर्याद्बहिर्गत्वायथासुखम् ॥ श्रीकृष्णंमनसा-ध्यायेत्सर्वार्थसिद्धिदायकम् ॥ ६९ ॥ सूर्येऽस्तशिखरंप्राप्तेतीर्थंगत्वाथवागृहम् ॥ सायंसंध्यामुपासीतधौतांघ्रिः सपवित्रकः ॥ ७० ॥ यःप्रमादान्नकुर्वीतसायंसंध्यांद्विजाधमः ॥ सगोवधमवाप्नोतिमृतेरौरवमाप्नुयात् ॥ ॥ ७१ ॥ कदाचित्काललोपेपिसंकटेवापथिस्थितः ॥ आनिशीथात्प्रकुर्वीतसायंसंध्यांद्विजोत्तमः ॥ ७२ ॥ यस्त्रिसंध्यमुपासीतब्राह्मणःश्रद्धयान्वितः ॥ तत्तेजोवर्धतेत्यंतंघृतेनेवहुताशनः ॥ ७३ ॥ सादित्यांपश्चिमां-संध्यामर्धास्तमितभास्करम् ॥ प्राणानायम्यसंप्रोक्ष्यमंत्रेणाब्दैवतेनतु ॥ ७४ ॥ सायमग्निश्चमेत्युक्त्वाप्रातः

पर रौरव नरक में जाता है ॥ ७१ ॥ जब कभी सायं सध्या का समय टल जाय, कोई संकट हो या मार्ग में हो, तो भी आधी रात तक भी साय सन्ध्या करे ॥ ७२ ॥ सायं काल की सन्ध्या का सूर्यास्त समय में प्राणायाम करे "आपोहिष्ठा" इस मन्त्र से मार्जन करे ॥ ७३ ॥ जो ब्राह्मण श्रद्धा पूर्वक तीनों काल सन्ध्या करता है उसका तेज घृत द्वारा उत्तेजित अग्नि के समान अत्यन्त बढ़ता है ॥ ७४ ॥ सायं काल में "अग्निश्चमा०" इस मन्त्र से प्रात काल "सूर्यश्चमा०" इस मन्त्र से आचमन करे।

CSU-Jaipur Campus Collection

पूर्वाभिमुख सावधानी से चुपचाप होकर बैठे ॥ ७५ ॥ तब जप माला लेकर तागाओं के उदय होने तक ॐ के साथ गायत्री
का जप करता रहे ॥ ७५ ॥ तब वरुण सम्बन्धी मन्त्रों के द्वारा सूर्य का उपस्थान करे, दिशाओं को नमस्कार करके पृथक् २
दिसा देवताओं को भी नमस्कार करे ॥ ७७ ॥ इस प्रकार सायंकाल की सन्ध्या उपास कर अग्नि होत्र कर नौकर चाकरों से

सूर्येत्यपःपिबेत् ॥ प्रत्यङ्मुखोपविष्टस्तुवाग्यतःसुसमाहितः ॥ ७५ ॥ प्रणवव्याहृतियुतांगायत्रींतुजपेत्ततः ॥
अक्षसूत्रंसमादायसम्यगातारकोदयात् ॥ ७६ ॥ वारुणीभिस्तदादित्यमुपस्थायप्रदक्षिणम् ॥ कुर्वन्दिशो-
नमस्कुर्याद्दिगीशांश्चपृथक्पृथक् ॥ ७७ ॥ उपास्यपश्चिमांसंध्यांहुत्वाग्निमशिनयात्त : ॥ भृत्यैःपरिवृतोभूत्वा-
नातितृप्तोथसंविशेत् ॥ ७८ ॥ सायंप्रातर्वैश्वदेवःकर्तव्योबलिकर्मच ॥ अनश्नतापिसततमन्यथाकिल्बिषी-
भवेत् ॥ ७९ ॥ कृतपादादिशौचस्तुभुक्त्वासायंततोगृही ॥ गच्छेच्छय्यांततोमृद्वीमुपधानसमन्विताम् ॥
॥ ८० ॥ स्वगृहेप्राक्शिराःशेतेश्वाशुरेदक्षिणाशिराः ॥ प्रवासेपश्चिमशिरानकदाचिदुदक्शिराः ॥ ८१ ॥

मिलकर थोड़ा भोजन करके शयन घर में जावे ॥ ७८ ॥ सायं प्रातः दोनों समय वैश्वदेव बलि कर्म करे, यदि सायंकाल भोजन
न भी करना हो बलि जरूर करे,अन्यथा पापी होता है॥७९ इसी प्रकार भोजन कर करा कर गृहस्थी पुरुष कोमलतकियों वाली
शय्यापर हाथ धोकर सो जाय॥८० ॥अपना घर होतो पूर्वकी ओर सिर करके सोवे,श्वशुर के घर में दक्षिण की ओरसिर करे, विदेश

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN
CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

में पश्चिम की ओर सिर होवे,उत्तर की ओर कभी भी सिर करके न सोवे॥८१॥सुख पूर्वक सोने वालेदेवताओं का स्मरण करे,रात्रि
सूक्त का पाठ करे,अव्यय विष्णु को नमस्कार करके माधिस्थ होकर रात्रि में शयन करे॥८२ सुखसे सोने वाले ये है-अगस्त्य,माधव,
महावली,मुचकुन्द,कपिल मुनि,आस्तीक,इन पांचों का नाम लेवे॥८३॥मङ्गलीक एक जलसे भरा घड़ाभी सिर की ओर स्थापित करे,

नमस्कृत्याव्ययंविष्णुँसमाधिस्थःस्वपेन्निश ॥ ८२ ॥ अग-
रात्रिसूक्तं जपेत्स्मृत्वादेवांश्चसुखशायिनः ॥ कपिलोमुनिरास्तीकःपंचैतेसुखशायिनः ॥ ८३ ॥ मांगल्यंपूर्णकुंभं-
स्त्योमाधवश्चैवमुचुकुंदोमहाबलः ॥ वैदिकैर्गारुडैर्मंत्रैरक्षांकृत्वास्वपेत्ततः ॥ ८४ ॥ ऋतुकालाभिगामीस्यात्स्वदारनि-
चशिरःस्थानेनिधायच ॥ प्रदोषपश्चिमौयामौवेदाभ्यासेनतौनयेत् ॥
रतःसदा ॥ पर्ववर्जंव्रजेदेनांतद्व्रतीरतिकाम्यया ॥ ८५ ॥ एतत्सर्वमशेषेणकृत्यजातंदिनेदिने ॥ कर्तव्यंगृहिभिःसम्यग्गृ-
यामद्वयंशयानस्तुब्रह्मभूयायकल्पते ॥ ८६ ॥ शमोदानंयथाशक्तिगार्हस्थ्योधर्मउच्यते
हस्थाश्रमलक्षणम् ॥ ८७ ॥ अहिंसासत्यवचनंसर्वभूतानुकंपनम् ॥

वैदिक गरुड़ सम्बन्धी मन्त्रों द्वारा रक्षा करके सो जावे॥८४॥यदि अपनी स्त्री से रति की कामना हो तो ऋतु काल को देखे, तब
स्वस्त्री गमन करे, व्रती पुरुष को पर्व अनुपर्व भी इस काम में देखने चाहिये ॥ ८५ ॥ रात्रि के पिछले दो प्रहर उठकर वेदों
के स्वाध्याय में गुजारे। रात्रि के केवल दो प्रहर सोने वाला पुरुष ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ ८६ ॥ इसी प्रकार दिन रात्रि का
समस्त कृत्य गृहस्थी प्रतिदिन किया करे ये गृहस्थाश्रम के उत्तम लक्षण हैं ॥ ८७ ॥ अहिंसा, सत्यभाषण, सब प्राणियों

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पर दया, शम, यथा शक्ति दान, ये गृहस्थ धर्म कहे हैं ॥ ८८ ॥ पर स्त्री का संसर्ग न हो, अपनी धर्म पत्नी की रक्षा करे बिना दिये कोई वस्तु न लेवे, मद्यमांस भक्षण न करे ॥ ८९ ॥ यह पांच प्रकार का धर्म है, देह धारियों को इसे सदा करते रहना चाहिये ॥ ९० ॥ श्रीनारायण बोले-ये गृहस्थाश्रम के सुन्दर कर्तव्य सब वेदों ने निरूपण किये हैं, हे मुने ! लोकों के हित के

॥ ८८ ॥ परदारेष्वसंसर्गोधर्मस्त्रीपरिरक्षणम् ॥ अदत्तादानविरमोमधुमांसविवर्जनम् ॥ ८९ एषपंचविधो-धर्मोबहुशाखःसुखोदयः । देहिभिर्देहपरमैःकर्तव्योदेहसंभवः ॥ ९० ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ अशेषवेदोदित सच्चरित्रमेतद्गृहस्थाश्रमलक्षणंहि ॥ उक्तंसमासेनचलक्षणेनतुभ्यंमुनेलोकहितायसम्यक् ॥ ९१ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेआन्हिककथनंनामएकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥२९॥

नारदउवाच ॥ स्तुतापतिव्रतानारीत्वयापूर्वंतपोनिधे ॥ तल्लक्षणानिसर्वाणिसमासेनवदस्वमे ॥ १ ॥

सूतउवाच ॥ नोदितोनारदेनेत्थंपुरातनमुनिःस्वयम् ॥ पतिव्रतायाःसर्वाणिलक्षणान्याहभूसुरः ॥ २ ॥

लिये मैंने तुम्हें संक्षेप से कह सुनायें हैं ॥ ९१ ॥ इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायाँ एकोनत्रिंशाऽध्यायः ॥ २९ ॥

नारद बोले-हे तपोनिधे ! आपने प्रथम पतिव्रता स्त्री की स्तुतिकी थी, अब कृपया संक्षेप में उसके सब लक्षण कहें ॥१॥

सूतजी बोले-श्रीनारदजी के पूछने पर हे ब्राह्मण गण ! स्वयं श्रीनारायण मुनि पतिव्रता के सब लक्षण सुनाने लगे ॥ २ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

श्रीनारायण बोले—नारद सुन--पतिव्रता के क्या लक्षण हैं। नीच स्वभाव का हो ॥ ३ ॥ चाहे वह रोगी हो, पिशाच हो, क्रोधी, हो मद्यप हो, वृद्ध हो, मूर्ख हो गुंगा हो, अन्धा हो, बहिरा हो, ॥ ४ ॥ भयानक हो, निर्धन हो, कदर्य हो, दुष्ट चित्त हो कायर हो परस्त्री लम्पट हो ॥ ५ ॥ साध्वी पत्नी इस प्रकार के दोषी पति की भी देवता की तरह वाणी मन शरीर द्वारा पूजा करे,

श्रीनारायणउवाच ॥ शृणुनारदवक्ष्यामिसतीनांव्रतमुत्तमम् ॥ कुरूपोवाकुवृत्तोवासुस्वभावोथवापतिः ॥३॥ रोगान्वितःपिशाचोवाक्रोधनोवाथमद्यपः ॥ वृद्धोवाप्यविदग्धोवामूकोऽधोबधिरोपिवा ॥ ४ ॥ रौद्रोवाथ दरिद्रोवाकदर्यःकुत्सितोपिवा ॥ कातरःकितवोवापिललनालंपटोपिवा ॥ ५ ॥ सततंदेववत्पूज्यःसाध्व्यावा- कायकर्मभिः ॥ नजातुविषमंभर्तुःस्त्रियाकार्यंकथंचन ॥ ६ ॥ बालयावायुवत्यावावृद्धयावापियोषिता ॥ नस्वातंत्र्येणकर्त्तव्यंकिंचित्कार्यंगृहेष्वपि ॥ ७ ॥ अहंकारंविहायाथकामक्रोधौचसर्वदा ॥ मनसोरंजनंपत्युः कार्यंनान्यस्यकुत्रचित् ॥ ८ ॥ सकामंवीक्षिताप्यन्यैःप्रियवाक्यैःप्रलोभिता ॥ स्पृष्टावाजनसंमर्दनविकारमुपै-

उसके साथ भी कभी विरोध न करे ॥ ६ ॥ बालिका हो, युवती हो, अथवा वृद्धा हो स्त्री स्वतन्त्र होकर कभी भी गृह में कार्य नकरे ॥ ७ ॥ अहंकार, काम, क्रोध, त्याग कर ही पत्नी पति के मनको प्रसन्न करती रहे, और कहीं भी मनोरंजन न करे ॥८॥ चाहे अन्य पुरुष उसे काम दृष्टि से भी देखते रहें, प्रिय वचनों द्वारा उसे प्रलोभित भी करें, उसका स्पर्श एवं मर्दन भी करें फिर

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

भी यदि उसका मन विकार को नहीं प्राप्त हुआ ॥ ९ ॥ तो वही स्त्री जितने भी स्त्रियों के अङ्गों में रोम होते है उतने सहस्र वर्षों पर्यन्त स्वर्ग में निवास करती है ॥ १० ॥ यदि पर पुरुष धन का लोभ भी देवे फिर भी मन, वचन कर्म के द्वारा जो परपुरुष का सेवन नहीं करती वह सती लोक भूषण है ॥ ११ ॥ किसी पुरुष ने दूती के द्वारा प्रार्थना भी की हो बल पूर्वक पकड़

तिया ॥ ९ ॥ यावंतोरोमकूपाःस्युःस्त्रीणाँगात्रेपुनिर्मिताः ॥ तावद्वर्षसहस्राणिनाकंताःपर्युपासते ॥१०॥ पुरुषंसेवतेनान्यंमनोवाक्कायकर्मभिः ॥ लोभितापिपरेणार्थैःसासतीलोकभूषणा ॥ ११ ॥ दौत्येनप्रार्थिता-वापिवलेनविधृतापिवा ॥ वस्त्राद्यैर्वासितावापिनैवान्यंभजतेसती ॥ १२ ॥ वीक्षितावीक्षतेनान्यैर्हासितान-हसत्यपि ॥ भाषिताभाषतेनैवसासाध्वीसाधुलक्षणा ॥ १३ ॥ रूपयौवनसंपन्नागीतेनृत्येऽतिकोविदा ॥ स्वानुरूपंनरंदृष्ट्वानयातिविकृतिंसती ॥ १४ ॥ सुरूपंतरुणंरम्यंकामिनीनांचवल्लभम् ॥ यानेच्छतिपरंकांतंविज्ञे·

भी लिया हो,वस्त्र आभूषणों द्वारा प्रसन्न करने परभी तुल गया हो फिर भी जो उसकी ओर नहीं देखती वह स्त्री सती है ॥१२॥ दूसरे देखे किन्तु आप न देखे, दूसरे हंसे आप न हंसे, अन्य पुरुष संभाषण करें किन्तु स्वयं न करे ऐसी स्त्री साधु लक्षण साध्वी है ॥ १३ ॥ रूप एवं जवानी में सम्पन्न तथा गीत नृत्य में भी अति चतुर जो स्त्री अपने अनुरूप पुरुष को भी देखकर विकार को नहीं प्राप्त होती वही सती साध्वी है ॥ १४ ॥ सुन्दर रूप वाले मनोहर, स्त्रियों को प्यारे लगने वाले ऐसे परपुरुष को

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

देखकर भी जो उसकी इच्छा नहीं करती वह महा सती है ॥ १५ ॥ सती स्त्रियों के लिये अपने पति को छोड़कर देवता मनुष्य गन्धर्व कोई भी प्यारा नहीं, पत्नी कभी भी पति का बुरा न करे ॥ १६ ॥ पति के खा लेने पर जो खाती है, दुःखी होने पर जो दुःखी होती है, प्रसन्न होने पर प्रसन्न होती है, विदेश चले जाने पर मलिन वस्त्र पहिनती है ॥ १७ ॥ पति के सो जाने

यासामहासती ॥ १५ ॥ देवोमनुष्योगंधर्वःसतीनांनापरःप्रियः ॥ अप्रियंनैवकर्तव्यंपत्युःपत्न्याकदाचन ॥ ॥ १६ ॥ भुंक्ते भुक्ते यथापत्यौदुःखितेदुःखिताचया ॥ मुदितेमुदितात्यर्थंप्रोषितेमलिनांबरा ॥ १७ ॥ सुप्तेपत्यौचयाशेतेपूर्वमेवप्रबुद्धयति ॥ प्रविशेच्चैवयावन्हौयातेभर्तरिपंचताम् ॥ १८ ॥ नान्यंकामयतेचित्ते साविज्ञेयापतिव्रता ॥ भक्तिंश्वशुरयोःकुर्यात्पत्युश्चापिविशेषतः ॥ १९ ॥ धर्मकार्येनुकूलत्वमर्थकार्येपिसं-चये ॥ गृहोपस्करसंस्कारेसक्तयाप्रतिवासरम् ॥ २० ॥ क्षेत्राद्वनाद्वाग्रामाद्वाभर्त्तारंगृहमागतम् ॥ प्रत्युत्था-याभिनंदेतआसनेनोदकेनच ॥ २१ ॥ प्रसन्नवदनानित्यंकालेभोजनदायिनी ॥ भुक्तवंतंतुभर्त्तारंनवदेदप्रि-

पर सोती है, उसके जागने से पहिले जागती है, पति के मर जाने पर जो उसके साथ सती होजाती है ॥ १८ ॥ अपने चित्त में अन्य किसी पुरुष को नहीं आने देती वही पतिव्रता नारी है। सास ससुर की तथा विशेषकर पति की सेवा करती है ॥ १९ ॥ धार्मिक कामों में अनुकूल रहती है, धन के काम में जो धन संचय करती है, दिन रात घर के धन्दों में लगी रहती है ॥ २० ॥ खेत से वन से किंवा गांव से यदि पति घर में आवे तो उसके आगे उठ कर उसका सत्कार आसन जल देकर करे ॥ २१ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

प्रसन्न मुख होकर जो समयानुसार नित्य भोजन देती है। भोजन करते हुए पति को अप्रिय कभी नहीं बोलती॥ २२ ॥ गृह की अधिकारिणी होकर–आसन, दान, भोजन, सम्मान, प्रिय भाषण आदि कृत्यों में चतुर होकर जो गृहस्थ चलाती है वह मुख्य पतिव्रता है ॥ २३ ॥ घर के खर्च के लिये घर के स्वामी ने जितना धन दिया हो उससे घर का खर्च चलाकर भी फिर भी बुद्धि

यंक्वचित् ॥ २२ ॥ आसनेभोजनेदानेसंमानेप्रियभाषणे ॥ दत्तयासर्वदाभाव्यंभार्ययागृहमुख्यया ॥ २३ ॥
गृहव्ययनिमित्तं चयद्द्रव्यंप्रभुणार्पितम् ॥ निर्वृत्यगृहकार्यंसाकिंचिद्बुद्ध्यावशेषयेत् ॥ २४ ॥ त्यागार्थम
र्पितेद्रव्येलोभात्किंचिन्नधारयेत् ॥ भर्तुराज्ञांविनानैवस्ववंधुभ्योदिशेद्धनम् ॥ २५ ॥ अन्यालापमसंतोषं-
परव्यापारसंकथाः ॥ अतिहासातिरोषंचक्रोधंचपरिवर्जयेत् ॥ २६ ॥ यच्चभर्त्तानपिवतियच्चभर्त्तानखादति ॥
यच्चभर्त्तानचाश्नातिसर्वंतद्वर्जयेत्सती ॥ २७ ॥ तैलाभ्यंगंतथास्नानंशरीरोद्वर्तनक्रियाम् ॥ मार्जनंचैवदं-

से उससे कुछ बचा लेना यह उत्तम स्त्री का काम है ॥ २४ ॥ दान के लिये जितना धन स्वामी देवे उससे कुछ भी न बचा रखे, पति की आज्ञा के बिना अपने बन्धुओं को कुछ भी न दे ॥ २५ ॥ दूसरों से बोलना, संतोष न करना दूसरों के सम्बन्ध की बात छेड़ बैठना अत्यन्त हंसना, क्रोध करना रूठ जाना, उत्तम पतिव्रता स्त्री ये सब बातें न करें ॥ २६ ॥ जिस वस्तु को पति नही खाता एवं जिसे नहीं पीता, और जिसे वह अभोज्य समझता है उसे सती स्त्री सर्वथा त्याग देवे ॥ २७ ॥ सती स्त्री अपने

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

पति को रिझाने के लिये ही, तेल साबुन, स्नान, शारीरिक श्रृंगार, उबटन दन्त मंजन आदि करें ॥ २८ ॥ हे मुनिजी त्रेतायुग से लेकर आज तक स्त्रियों को महीने महीने ऋतु आती है, उस ऋतु के तीन दिन छोड़कर शुद्ध होकर चौथे दिन घर के काम में लगे ॥ २९ ॥ ऋतु के पहिले दिन उस स्त्री की चाण्डाली संज्ञा है दूसरे ब्रह्मघातिनी तीसरे दिन धोबिन चौथे दिन शुद्ध

तानांकुर्यात्पतिमुदेसती ॥ २८ ॥ त्रेताप्रभृतिनारीणाँमासिमास्यार्त्तवंमुने ॥ तदादिनत्रयंत्यक्त्वाशुद्धास्याद्गृहकर्मणि ॥ २९ ॥ प्रथमेहनिचांडालीद्वितीयेब्रह्मघातिनी ॥ तृतीयेरजकीप्रोक्ताचतुर्थेहनिशुद्ध्यति ॥ ॥ ३० ॥ स्नानंशौचंतथागानंरोदनंहसनंतथा ॥ यानमभ्यंजनंनारीद्यूतंचैवानुलेपनम् ॥ ३१ ॥ दिवास्वप्नंविशेषेणतथावैदंतधावनम् ॥ मैथुनंमानसंवापिवाचिकंदेवतार्चनम् ॥ ३२ ॥ वर्जयेच्चनमस्कारंदेवतानांरजस्वला ॥ रजस्वलायाःसंस्पर्शंसंभाषाचतयासह ॥ ३३ ॥ त्रिरात्रंस्वमुखंनैवदर्शयेच्चरजस्वला ॥ स्ववाक्यंश्रावयेन्नैवयावत्स्नातानशुद्धतिः ॥ ३४ ॥ स्नात्वान्यंपुरुषंनारीनपश्येच्चरजस्वला ॥ ईक्षेतभास्करंदेवंब्रह्म-

होती है ॥ ३० ॥ उन दिनों में स्नान, शौच, गान, रोना, हंसना, सवारी करना सुरमा करना तेल लगाना, स्त्रियों के साथ द्यूत खेलना चन्दन लगाना ॥ ३१ ॥ दिन के समय सोना, दाँतों की सफाई, मैथुन (पुरुष संग) वाणी से देव पूजन ॥ ३२ ॥ देवताओं को नमस्कार आदि इन बातों को रजस्वला स्त्री त्याग देवे । रजस्वला का स्पर्श एवंउसके साथ संभाषण भी न करे॥३३॥ प्रस्तुत तीन रातें तो अपना मुख तक न दिखावें जब तक शुद्ध नहीं हो लेती तब तक अपना बचन भी न सुनावे ॥ ३४ ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

रजस्वला स्त्री स्नान करके अन्य पुरुष को न देखे पहिले सूर्य देव का दर्शन करे फिर पंचगव्यपान करे अथवा अपनी शुद्धि के लिये दुग्ध पान करे, इसी उपदेश पर चलने वाली उत्तम स्त्री होती हैं ॥ ३६ ॥ यदि स्त्री गर्भिणी हो तब भी अपने नियमों पर तत्पर रहे, उन दिनों वस्त्राभूषणों से अलंकृत रहे पति से प्यार तथा हित करे ॥ ३७ ॥ सदा हंस मुख रहे अपनी रक्षा के ध्यान

कुर्वंततःपिबेत् ॥ ३५ ॥ केवलंपंचगव्यंवाक्षीरंवात्मविशुद्धये ॥ यथोपदेशंनियतावर्तयेतवरांगना ॥३६॥ गर्भिणीचेद्भवेन्नारीतदानियमतत्परा ॥ अलंकृतासुप्रयताभर्तुःप्रियहितेरता ॥ ३७ ॥ तिष्ठेत्प्रसन्नवदनास्वधर्मनिरताशुचिः ॥ कृतरक्षासुभूषाचवास्तुपूजनतत्परा ॥ ३८ ॥ कुस्त्रीभिर्नाभिभाषेतशूर्पवातंचवर्जयेत् ॥ मृतवत्सादिसंसर्गंपरपाकंचसुँदरी ॥ ३९ ॥ नबीभत्संकिंचिदीक्षेन्नरौद्रांश्रृणुयात्कथाम् ॥ गुरुंवात्युष्णमाहाहारमजीर्णंनसमाचरेत् ॥ ४० ॥ अनेनविधिनासाध्वीशोभनंपुत्रमाप्नुयात् ॥ अन्यथागर्भपतनंस्तंभनंवाप्रपद्यते ॥ ४१ ॥ हीनांनिजगुणैरन्यांसपत्नींनैवगर्हयेत् ॥ ईर्ष्यारागसमुद्भूतेविद्यमानेपिमत्सरे ॥ ४२ ॥

में रहे सुन्दर भूषित रहे वास्तु पूजन करे ॥ ३८ ॥ दुष्टि स्त्रियों से भाषण न करे सूप (छाज) की वायु अपने ऊपर न आने दे। मृत सन्तान स्त्री के संसर्ग से दूर रहे दूसरे के पाक से भी दूर रहे ॥ ३९ ॥ भयानक तथा घृणित कोई वस्तु न देखे, न कोई भयानक कथा या बात सुने, भारी, गर्म, पचने वाले भोजन न करे ॥ ४० ॥ इस विधि से चलने वाली साध्वी नारी उत्तम पुत्र पाती है। अन्य था गर्भ पतन किंवा स्तंभन का भय रहता है ॥ ४१ ॥ जो अपने गुणों से हीन अथवा सौत हो

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

उसके साथ लड़ाई झगड़ा न करे चाहे ईर्ष्या, राग, मत्सर भी विद्यमान हो ॥ ४२ ॥सौतें आपस में बुराई न करें दूसरों के नाम गायन न करे न किसी दूसरे के सम्बन्ध में बात चीत करें ॥ ४३ ॥ पति से दूर हाकर न रहे, अपने स्वामी के सन्निधान रहे, जो भी पत्नी के लिये भूभाग निर्दिष्ठ हो उसमें रहकर सदा पति के अनुकूल रहें कभी विमुख न हो ॥ ४४ ॥ अपनी इच्छा से

अप्रियंनैवकर्त्तव्यंसपत्नीभिःपरस्परम् ॥ नगायेदन्यनामानिनकुर्यादन्यवर्णनम् ॥ ४३ ॥ नवसेद्दूरतःपत्युः स्थेयंवल्लभसंन्निधौ ॥ निर्दिष्टेचमहीभागेवल्लभाभिमुखावसेत् ॥ ४४ ॥ नावलोक्यादिशःस्वैरंनावलोक्यः परोजनः ॥ विलासैरवलोक्यंस्यात्पत्युराननपंकजम् ॥ ४५ ॥ कथ्यमानाकथाभर्त्राश्रोतव्यासादरंस्त्रिया ॥ पत्युःसंभाषणस्याग्रेनान्यत्संभाषयेत्स्वयम् ॥ ४६ ॥ आहूतासत्वरंगच्छेद्रतिस्थानंरतोत्सुका ॥ पत्यौगायति- सीत्साहंश्रोतव्यंहृष्टचेतसा ॥ ४७ ॥ गायंतंचपतिंदृष्ट्वाभवेदानंदनिर्वृता ॥ भर्तुःसमीपेनस्थेयंसोद्वेगंव्यग्रचि-

स्वतन्त्र रूप से कही सैर करने को न निकल जाय पर पुरुष की ओर न देखें, यदि विलास पूर्वक देखना हो तो अपने पति के मुख कमल को देखे ॥ ४५ ॥ यदि पति कोई बात कहने लगे तो पत्नी उसे आदर से सुने पति की बात काट कर स्वयं बीच में न बोलने लग जाय ॥ ४६ ॥ रमण करने की इच्छा से युक्त पत्नी पति के बुलाने पर झट पट रमण स्थान पर चली जाय। पति के गायन करने पर उसे उत्साह के साथ बड़े प्रेम से सुने ॥ ४७ । पति को गाता हुआ देखकर आनन्द से रीझ जाय। पति के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

समीप उदासीन एवं व्यग्र चित्त होकर कभी न ठहरे ॥ ४८ ॥ लड़ने झगड़ने वाले पति को भी प्रिय समझकर उससे लड़ाई झगड़ा न कर बैठे, चाहें पति निन्दा भी करे फटकारे किंवा ताड़ना भी करे, वही पतिव्रता होती है ॥ ४६ ॥ पतिद्वारा दुःखित भी की जाय फिर भी पति को प्रिय समझ गले लगाले। न ऊंचा रोवे, न उसके प्रति चिल्लावे ॥ ५० ॥ अपने घर

त्तथा ॥ ४८ ॥ कलहोनविधातव्यःकलियोग्येप्रियेस्त्रिया ॥ भर्त्सितानिंदितात्यर्थंताडितापिपतिव्रता ॥ ॥ ४६ ॥ व्यथितापिभयंत्यक्त्वाकंठेगृह्णहीतवल्लभम् ॥ उच्चैर्नरोदनंकुर्यान्नैवाक्रोशेच्चतंप्रति ॥ ५० ॥ पलायनंनकर्तव्यंनिकर्तव्यंनिजगेहाद्बहिःस्त्रिया ॥ उत्सवादिषुबंधूनाँसदनंयदिगच्छति ॥ ५१ ॥ लब्ध्वानुज्ञांतदापत्युर्गच्छेदध्यक्षरक्षिता ॥ नवसेत्सुचिरंतत्रप्रत्यागच्छेद्गृहंसती ॥ ५२ ॥ प्रस्थानाभिमुखेपत्यौनासन्मंगलभाषिणी ॥ नवार्योसौनिषेधोक्त्यानकार्यरोदनंतदा ॥ ५३ ॥ अकुर्त्वोद्वर्तनंनित्यंपत्यौदेशांतेरगते ॥

से कभी भी स्त्री भाग न जावे। यदि बन्धु बान्धवों में किसी के घर भी उत्सव आदियों में जाना पड़े तो ॥ ५१ ॥ पति की आज्ञा से पति की रक्षा में ही वहां जाय। वहां जाकर देर तक न रहे शीघ्रता पूर्वक वह सती घर में लौट आवे ॥ ५२ ॥ पति कहीं विदेश जा रहा हो उसके सम्मुख आकर कभी अमङ्गल मय बचन न बोले, और न रोकने के लिये कोई शब्द कहे एवं रोवे भी नहीं ॥ ५३ ॥ पति के विदेश चले जाने पर उबटन साबुन आदि न लगावे अपने जीवन रक्षा के लिये अनिन्दित कर्म

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

कर्म करती रहे ॥ ४५ ॥ सास ससुर के समीप अथवा कहीं अन्यत्र न सोवे, प्रतिदिन अपने पति के कुशल समाचार जानने के प्रयत्न में रहे ॥ ५५ ॥ पति के कुशलक्षेम पाने के लिये पत्र, अथवा कोई दूतया सन्देश भेजे, प्रसिद्ध देवताओं के समीप अपने पति के कुशल की याचना करे ॥ ५६ ॥ पति के विदेश जाने पर सती नारी इस प्रकार से करती रहे अपने अंगों को इतना

वधूर्जीवनरक्षार्थकमकुर्यादनिंदितम् ॥ ५४ ॥ श्वश्रूश्वशुरयोःपार्श्वेनिद्राकार्यानचान्यतः ॥ प्रत्यहंपतिवार्ताचितयान्वेष्याप्रयत्नतः ॥ ५५ ॥ दूताःप्रस्थापनीयाश्चपत्युःक्षेमोपलब्धये ॥ देवतानाँप्रसिद्धानांकर्त्तव्यमुपयाचनम् ॥ ५६ ॥ एवमादिविधातव्यंसत्याप्रोषितकांतया ॥ अप्रक्षालनमंगानांमलिनांबरधारणम् ॥ ॥ ५७ ॥ तिलकांजनहीनत्वंगंधमाल्यविवर्जनम् ॥ नखरोम्णामसंस्कारोदशनानाममार्जनम् ॥ ५८ ॥ उच्चैर्हासःपरैर्नर्मपरचेष्टाविचिंतनम् ॥ स्वेच्छापर्यटनंचैवपरपुंसांगमर्दनम् ॥ ५९ ॥ अटनंचैकवस्त्रेणनिर्लज्जत्वंयथागतिः ॥ इत्यादिदोषाःकथितायोषितोनित्यदुःखदाः ॥ ६० ॥ निवृत्त्यगृहकार्याणिहरिद्रालेपने-

साफ न रखे मलिन वस्त्र पहिने रहे ॥ ५७ ॥ तिलक बिन्दी सुरमा काजल आदि न लगावे, सुगन्धित पुष्प माला न धारे, नाखून रोम बाल न काटे, न दान्तों में मिस्सी आदि लगावे ॥ ५८ ॥ न ऊंचा हंसे, न दूसरों से हास्य विनोद करे, दूसरों के कामों की तरफ भी दृष्टि न डाले, न स्वेच्छा से घूमे, न परपुरुषों से अपने अङ्गों का स्पर्श होने दे ॥ ५९ ॥ एक वस्त्र धारण करके घूमना चलना भी स्त्रियों के लिये निर्लज्जता है, इत्यादि दोष स्त्रियों के लिये नित्य दुःखदायक हैं ॥ ६० ॥ पति के

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

आजाने पर घरके काम धन्दों से निबट कर हरिद्रा आदि का अपने अङ्गों पर उबटन लगावे, साबुन आदि से शुद्ध होकर फिर श्रंगार करे ॥ ६१ ॥ हंसते हुए मुख कमल से प्रियपति के समीप जावे। इस प्रकार के उत्तम स्वभाव से मन, वाणी, देह के द्वारा पतिसेवा में रहे ॥ ६२ ॥ जब पति बुलावे तब गृह कार्य छोड़कर भी झट पहुंचे। विनय पूर्वक पूछे, स्वामिन्! क्या आज्ञा

स्तनुम् ॥ प्रक्षाल्यशुचितोयेनकुर्यान्मंडनमुज्ज्वलम् ॥ ६१ ॥ समीपंप्रेयसोगच्छेद्धिकसन्मुखपंकजा ॥ अनेनैनारीवृत्तेनमनोवाग्देहसंयुता ॥ ६२ ॥ आहूतागृहकार्याणित्यक्त्वागच्छेच्चसत्वरम् ॥ किमर्थंव्याहृता-स्वामिन्सप्रसादोविधीयताम् ॥ ६३ ॥ माचिरंतिष्ठतेद्वारिनद्वारमुपसेवयेत् ॥ स्वामिनादापितंकिंचित्कस्मैचिन्नददात्यपि ॥ ६४ ॥ सेवयेद्भर्तुरुच्छिष्टमिन्नफलादिकम् ॥ महाप्रसादइत्युक्त्वामोदमानानिरंतरम् ॥ ६५ ॥ सुखसुप्तंसुखासीनंरममाणंयदृच्छया ॥ आतुरेष्वपिकार्येषुपतिंनोत्थापयेत्क्वचित् ॥ ६६ ॥ नैकाकिनीक्व-

है, कृपया आज्ञा करें ॥ ६३ ॥ अपने दरवाजे पर भी देर तक न ठहरी रहे, न दरवाजे पर जाकर बैठ जाय, पति से दी हुई वस्तु किसी को न दे ॥ ६४ ॥ पति के झूठे मीठे अन्न फल आदि जो कुछ भी हो उसे प्रसाद बड़ी कृपा समझ कर प्रसन्नता से निरंतर ग्रहण करे ॥ ६५ ॥ जिस समय पति सुख से सो रहा हो तो आप आराम से चुपचाप बैठ जावे, बड़ा काम होने पर भी न उठावे। पति यदि आराम में बैठे हुए हों तो उन्हें व्याकुल न करे ॥ ६६ ॥ न अकेली कहीं जावे, न नग्न होकर नहावे,

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

अपने पति से विद्वेष करने वाली नारी से वह पतिव्रता बोले तक नहीं ॥ ६७ ॥ ऊखल, मूसल, देहली, पत्थर, चरखा, बुहारी इनमें से किसी पर भी पतिव्रता स्त्री न बैठे ॥ ६८ ॥ यदि तीर्थ स्नान करने की इच्छा हो तो पति के चरण को धोकर वह जल पीले, शंकर हो किंवा विष्णु हो स्त्री के लिये तो इनसे बढ़ कर पति है ॥ ६९ ॥ जो नारी पति की आज्ञा न मानकर काई

चिद्गच्छेन्नग्नास्नामाचरेत् ॥ भर्तृविद्वेषिणींनारींसाध्वींनोभाषयेत्क्वचित् ॥ ६७ ॥ नोलूखलेनमुसलेन-वर्धिन्यांदृषद्यपि ॥ नयंत्रकेपिदेहल्यांसतीचोपविशेत्क्वचित् ॥ ६८ ॥ तीर्थस्नानार्थिनीनारीपतिपादोदकंपिबेत् ॥ शंकरादपिविष्णोर्वापतिरेवाधिकःस्त्रियाः ॥ ६९ ॥ व्रतोपवासनियमंपतिमुल्लंघ्ययाचरेत् ॥ आयुष्यंहरतेभर्तुर्मृतानरकमृच्छति ॥ ७० ॥ उक्ताप्रत्युत्तरंदद्यान्नारीक्रोधेनतत्परा ॥ सरमाजायतेग्रामेशृगाली-निर्जनेवने ॥ ७१ ॥ स्त्रीणांहिपरमश्चैकोनियमःसमुदाहृतः ॥ अभ्यर्च्यभर्तुश्चरणौभोक्तव्यंचसदास्त्रिया ॥ ॥ ७२ ॥ याभर्तारंपरित्यज्यमिष्टमश्नातिकेवलम् ॥ उलूकीजायतेक्रूरावृक्षकोटरशायिनी ॥ ७३ ॥ या-

भी व्रत उपवास का नियम धार लेती है, वह पति की आयु हर रही है, और मरने पर नरक में पड़ती है ॥ ७० ॥ पति यदि किसी कामके लिये कहे तो उसे जो कड़क कर क्रोध से जवाब दे वह गाँव में कुतिया तथा वनमें गीदड़ी का जन्म पाती है ॥ ७१ ॥ स्त्रियों के लिये तो यही एक ही उत्तम नियम कहा गया है जो सदा अपने पति के चरण पूजकर भोजन करे ॥ ७२ ॥ जा अपने

CSU-Jaipur Campus Collection

पति से छुपकर केवल आप ही मिष्ठान्न खा लेती है वह वृक्ष के खोल में रहने वाली महाक्रूरा उलूकी जन्मती है ॥ ७३ ॥ जो स्त्री पति के बिना अकेली एकान्त में घूमने की रसिका हो जाती है वह अपनी विष्ठाखाने वाली ग्रामशूकरी छिपकली किंवा गोधा हो जाती है ॥ ७४ ॥ जो अपने पति को हुं हुं करके अप्रिय बोलती है वह गूंगी हो जन्म लेती है। जो सौत से सदा

भर्तारंसमुत्सृज्यरहश्चरतिकेवलम् ॥ ग्रामेवासूकरीभूयाद्वल्गुलीवास्वविट्भुजा ॥ ७४ ॥ याहुँकृत्याप्रियंब्रूते सामूकाजायतेखलु ॥ यासपत्नींसदेर्ष्येतदुर्भगासान्यजन्मनि ॥ ७५ ॥ दृष्टिंविलुप्यभर्तुर्याकिंचिदन्यंसमीक्षते ॥ काणावाविमुखीवापिकुरूपाचैवजायते ॥ ७६ ॥ बाह्यादागतमालोक्यत्वरिताचजलासनैः ॥ तांबूलैर्व्यजनैश्चैवपादसंवाहनादिभिः ॥ ७७ ॥ अतिप्रियतरैर्वाक्यैर्भर्तारंयासुसेवते ॥ पतिव्रताशिरोरत्नंसानारीकथिताबुधैः ॥ ७८ ॥ भर्तादेवोगुरुर्भर्त्ताधर्मतीर्थव्रतानिच ॥ तस्मात्सर्वंपरित्यज्यपतिमेकंसमर्चयेत् ॥

ईर्ष्या रखती है वह अगले जन्म में दरिद्रा होती है ॥ ७५ ॥ जो स्त्री पति की दृष्टि को धोका देकर अन्य पुरुष को देखती है वह कानी कुरूपा एवं गन्दे मुंह वाली होती है ॥ ७६ ॥ पत्नी को तो चाहिये कि जब भी पति कहीं से आवे तो उसके सम्मानार्थ जल्दी२जल का लोटा पैर धोने को बैठनेको आसन ले आवे पैर धोकर आसन बिछाकर उसे बिठावें, स्वयं उसे पंखा करे ताम्बूल दे चरणों को कोमल हाथों से संवाहन करे ॥ ७७ ॥ इस प्रकार अत्यन्त प्रिय वचनों से जो पतिकी सेवा करती है उस नारी को बुद्धिमान् पतिव्रताओं में शिरोमणि कहते हैं। ७८ ॥ पत्नी के लिये देवता, गुरु, धर्म, तीर्थ, व्रत आदि सब कुछ पति

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

ही है अतः और सब कुछ त्यागकर केवल एक पति का पूजन करे ॥ ७६ ॥ जिस प्रकार जीवहीन होने से शरीर झट अशुद्ध होजाता है उसी प्रकार पतिहीन होने से चाहे वह खूब स्नान भी करती रहे फिर भी वह सदा अपवित्र रहती है ॥ ८० ॥ सब प्रकार के अमङ्गलों में विधवा नारी अत्यन्त अमङ्गलरूप है। विधवा यदि नजर आजाय तो किसी काम में सिद्धि नहीं होती॥८१॥

॥ ७६ ॥ जीवहीनोयथादेहःक्षणादशुचितांव्रजेत् ॥ भर्तृहीनातथायोषित्सुस्नाताप्यशुचिःसदा ॥ ८० ॥ अमंगलेभ्यःसर्वेभ्योविधवाह्यत्यमंगला ॥ विधवादर्शनात्सिद्धिर्जातुक्वापिनजायते ॥ ८१ ॥ विहायमातरं-चैकामाशीर्वादप्रदायिनीम् ॥ अन्याशिषमपिप्राज्ञस्त्यजेदाशीविषोपमाम् ॥ ८२ ॥ कन्यांविवाहसमयेवाच-येयुरितिद्विजाः ॥ भर्तुःसहचरीभूयाज्जीवतोऽजीवतोपिवा ॥ ८३ ॥ तस्माद्भर्तानुयातव्योदेहवच्छायया-स्वया ॥ एवंसत्यासदास्थेयंभक्त्यापत्यनुकूलया ॥ ८४ ॥ व्यालग्राहीयथाव्यालंबिलादुद्धरतेबलात् । एव

आशीर्वाद देने वाली माता को छोड़कर अन्य सबका आशीर्वादविष समान समझे,विधवा यदि कुई प्रकारके आशोर्वादभी देवे उसको ग्रहणन करे।८२।कन्या के विवाह होते समय ब्राह्मण लोग कन्या को यही शिक्षा दिया करतेहैंकि तू सदा भर्ताकीसहचरीहोकर रहना, पतिके मरजानेपर उसकेसाथ सती होजाना॥८३॥अतः पति की छायाकी भान्ति पत्नी रहे यही सतीके लक्षणहैंकि वह सदा भक्ति से पतिके अनुकूल रहे॥८४॥ जिस प्रकार सांप पकड़ने वाला बाँबी से भी सांप बल पूर्वक निकाल लेता है। उसी प्रकार सती स्त्री भी

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

यमदूतों के हाथ से पति को छीन कर स्वर्ग में ले जाती है ॥ ८५ ॥ यमदूत भी सती स्त्री को देखते ही दूर से भाग जाते हैं, और उस के पापाचारी दुष्ठकर्मा पतित पति को छोड़ जाते हैं ॥ ८६ ॥ पतिव्रता सती स्त्री जितने कि उसके शरीर के रोम हैं उतने ही करोड दस हजार वर्षों तक स्वर्ग में जाकर पति के साथ सुख भोगती हैं ॥ ८७ ॥ दुराचारिणी स्त्रियाँ तो सतीत्व नष्ठ कर

मुत्क्रम्यदूतेभ्यःपतिंस्वर्गंनयेत्सती ॥ ८५ ॥ यमदूताःपलायंतेसतीमालोक्यदूरतः ॥ अपिदुष्कृतकर्माणमु-
त्सृज्यपतितंपतिम् ॥ ८६ ॥ यावत्स्मलोमसंख्यास्तितावत्कोट्ययुतानिच ॥ भर्त्रास्वर्गसुखंभुंक्ते रममाणा-
पतिव्रता ॥ ८७ ॥ शीलभंगेनदुर्वृत्ताःपातयंतिकुलद्वयम् ॥ पितुःकुलंतथापत्युरिहामुत्रचदुःखिताः ॥८८॥
अनुयातिनभर्तारंयदिदैवात्कथंचन ॥ तत्रापिशीलंसंरक्ष्यशीलभंगात्पतत्यधः ॥ ८९ ॥ तद्वैगुण्यात्पिता-
स्वर्गात्पतिःपततिनान्यथा ॥ विधवाकबरीबंधोभर्तृबंधायजायते ॥ ९० ॥ शिरसोवपनंकार्यंतस्माद्विध

देने से पिता की तथा पति की दोनों कुल डुबा देती हैं और स्वयं इस लोक तथा परलोक में दुःख उठाती रहती हैं ॥ ८८ ॥ यदि किसी कारण वस पत्नी सती न हो सके तो अपने सतीत्व धर्म की रक्षा अवश्य करे अन्यथा उसका अधः पतन होता है॥ ८९॥ स्त्री के पतन होजाने से उसके पिता तथा पति दोनों का स्वर्ग से पतन होजाता है। विधवा स्त्री अपनी वेणी कभी न बान्धे, उसके वेणी वन्धन से--उसके पति का वन्धन होता है ॥९०॥विधवा स्त्री को तो सर्वदा के लिये बालों का मुण्डन कराना चाहिये।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वह एक ही समय आहार करे, दूसरे समय कभी नहीं ॥ ६१ ॥ विधवा कभी पलंग पर न सोवे, नहीं तो उसके पति का स्वर्ग से पतन होता है, पति के सुख की इच्छा से इमी कारण उसे भूमि पर सदा सोना चाहिये ॥ ६२ ॥ न वह अंगों को उबटन करे एवं न वह ताम्बूल खावे, और सुगन्धित पदार्थों का सेवन भी न करे ६३॥ प्रतिदिन कुशा, तिल जल से पतिके लिये तर्पण करे

वयासदा ॥ एकाहारःसदाकार्योनद्वितीयःकदाचन ॥ ६१ ॥ पर्यंकशायिनीनारीविधवापातयेत्पतिम् ॥ तस्माद्भूशयनंकार्यंपतिसौख्यसमीहया ॥ ६२ ॥ नैवांगोद्वर्तनंकार्यंनतांबूलस्यभक्षणम् ॥ गंधद्रवस्यसंभोगोनैवकार्यस्तयाक्वचित् ॥ ६३ ॥ तर्पणंप्रत्यहंकार्यंभर्तुःकुशतिलोदकैः ॥ तत्पितुस्तत्पितुश्चापिनामगोत्रादिपूर्वकम् ॥ ६४ ॥ श्वेतवस्त्रंसदाधार्यमन्यथारौरवंब्रजेत् ॥ इत्येवंनियमैर्युक्ताविधवापिपतिव्रता ॥६५॥ श्रीनारायणउवाच ॥ नैतादृशंदैवतमस्तिकिंचित्सर्वेषुलोकेषुसदैवतेषु ॥ यदापतिस्तुष्यतिसर्वकामाँल्लभ्यात्स-कामंकुपितश्चहन्यात् ॥ ६६ ॥ तस्मादपत्यंविविधाश्चभोगाःशय्यासनान्यद्भुतभोजनानि ॥ वस्त्राणिमाल्या

उसमें उसके पितामह तथा पिता का गोत्र के साथ नाम लेवे ॥ ६४ ॥ श्वेत वस्त्र धारण करे अन्यथा वह रौरव नरक में जाती है इस प्रकार के नियमों पर चलने वाली विधवा भी पतिव्रता होती है ॥ ६५ ॥ श्रीनारायण बोले-सारे लोको में एवं समस्त देवताओं में पति के समान उसके लिये और कोई देवता नहीं। पति की प्रसन्नता में उसके समस्त काम सिद्ध होते हैं पति के कुपित होने पर उसके समस्त काम नष्ठ हो जाते हैं ॥ ६६ ॥ केवल पति से ही स्त्री को सन्तान, अनेकों पदार्थ, शय्या, आसन, उत्तम

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

भोजन, वस्त्र, मालाएं आभूषण, सुगन्धित पदार्थ, प्राप्त होते हैं, इस लोक में तथा परलोक में विविध कीर्ति प्राप्त होती है ॥६७॥

इति श्रीपुरुषोत्तम मास महात्म्ये भाषाटीकायां त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

सूतजी बोले—इस प्रकार जब नारद जी ने पतिव्रता स्त्री के धर्म सुने-तब कुछ और भी सुनने की इच्छा से वे मुनिजी

नितथैवगंधाःस्वर्गेचलोकेविविधाचकीर्तिः ॥ ६७ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तममाहात्म्येश्रीनारायणनारदसंवादेपतिव्रताधर्मनिरूपणेत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

सूतउवाच ॥ इत्थंपतिव्रताधर्ममाकर्ण्यनारदोमुनिः ॥ किंचित्प्रष्टुमनाविप्रामुनिमाहपुरातनम् ॥ १ ॥ नारदउवाच ॥ सर्वदानाधिकंकांस्यसंपुटंपरिकीर्तितम् ॥ एतत्कारणमव्यक्तंवदमेबदरीपते ॥ २ ॥ श्रीनारायणउवाच ॥ एकदैतद्व्रतंब्रह्मन्नचीकरदुमापुरा ॥ तदापृच्छन्महादेवंकिंदेयंदानमुत्तमम् ॥ ३ ॥ येनसंपूर्णतांयातिव्रतंमेपौरुषोत्तमम् ॥ तन्मेवददयासिंधोसर्वेषांहितहेतवे ॥ ४ ॥ तच्छ्रुत्वामनसिध्यायन्ध्यायञ्छ्रीपु-

से बोले ॥ १ ॥ श्रीनारद बोले—हे बदरीनाथ ! आपने जो सब प्रकार के दानों में कांस्य पात्र के सम्पुट का दान अधिक कहा है उसका क्या कारण है ? यही कहें ॥ २ ॥ श्रीनारायण बोले-हे ब्रह्मन् ! सुनिये एक बार पहिले इस व्रत को श्रीपार्वती ने धारण किया था तब उन्होंने भी श्रीमहादेवजी से दान के विषय में पूछा था ॥ २ ॥ पार्वतीजी ने कहा था-कि कृपासिन्धो ! इस व्रत की समाप्ति के लिये कौन सा दान करना उत्तम है ॥ ४ ॥ यह सुनकर शंकरजी ने अपने मन में श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

किया तब सब लोकों का भला चाहने वाली श्रीपार्वती जी से बोले ॥ ५ ॥ श्रीमहादेव जी बोले– हे अपर्णे ! श्रीपुरुषोत्तम व्रत की पूर्ति करने में उत्तम दान करने की समर्था ही नहीं ॥ ६ ॥ हे पर्वत पुत्रि–जो दान श्रीकृष्ण के परम प्रिय महीनां में करने के लिये उत्तम कहा है वह तो आज कल गौण होगया है ॥ ७ ॥ इसी कारण अब वैसा दान तो कहीं भी दिखाई नहीं देता जिससे

रुषोत्तमम् ॥ उमामजीगदच्छंभुःसर्वलोकहितैषिणीम् ॥ ५ ॥ श्रीमहादेवउवाच ॥ नशक्यंकिंचिदेवास्त-
दानंश्रीपुरुषोत्तमे ॥ व्रतपूर्णविधिंकर्तुमपर्णेऽहंदशिक्वचित् ॥ ६ ॥ यद्यद्दानंगिरिसुतेह्युत्तमंपरिकीर्तितम् ।
श्रीकृष्णवल्लभेमासितत्सर्वंगौणतांगतम् ॥ ७ ॥ तस्मादेतादृशंदानंनैवास्तक्वापिसुन्दरि ॥ येनतेव्रतसंपू-
र्तिर्भवेच्छ्रीपुरुषोत्तमे ॥ ८ ॥ पुरुषोत्तममासेस्मिन्व्रतसंपूर्णहेतवे ॥ ब्रह्मांण्डसंपुटाकारंतदहंदयेमंगने ॥ ९ ॥
नशक्यंतत्तुकेनापिदातुंक्वापिवरानने ॥ तस्मादेतत्प्रतिनिधिंकृत्वाकांसस्यसंपुटम् ॥१०॥ तन्मध्येपूरयित्वै-
वःपूपांस्त्रिंशन्मितान्मुदा ॥ सप्ततंतुभिरावृत्यसंपूज्यविधिवत्प्रिये ॥ ११ ॥ देयंविप्रायविदुषेव्रतसंपूर्तिहेतवे ॥

कि तुम्हारे इस पुरुषोत्तम व्रत की पूर्ति हो ॥८॥ इस व्रत की पूर्ति में जो सम्पुट के आकार में ब्रह्माण्ड है हेअङ्गने! उसके आकार का दान किया जा सकता है ॥ ९ ॥ हेवरानने ! आज कल तो कहीं भी वैसा दान नहीं किया जा सकता, इसी कारण उसका प्रतिनिधि कांसी का सम्पुट (परात) बनवावे ॥ १० ॥ उसमें बड़ी प्रसन्नता से तीस संख्या में गिनकर मालपुआ रखे उसे सात तागों से लपेटे, विधि से पूजन करे ॥ ११ ॥ हे प्रिये ! वह परात व्रत की पूर्ति के लिये किसी वेदवेता विद्वान् ब्राह्मण को दे ।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

वैभय होने पर ऐसी तीस परात दान करे ॥ १२ ॥ इस प्रकार श्रीमहादेवजी के परम उपकारक मनोहर वचन सुनकर, सब का हित चाहने वाली पार्वती जी परम प्रसन्न हुई ॥ १३ ॥ तब श्रीपार्वतीजीने तीस विद्वान् ब्राह्मणों को कांस्य के परातों में तीस २ मालपुआ भरके दान कर दिये, इससे व्रत की पूर्णता होजाने से श्रीपार्वतीजी परम प्रसन्न हुई ॥ १४ ॥ श्रीसूतजी बोले-हे ब्राह्मण

एवंत्रिंशन्मितान्येवदेयानिसतिवैभवे ॥ १२ ॥ इत्याकर्ण्यवचोरम्यंधूर्जटेरुपकारकम् ॥ अबीभवदुमाहृष्टा-सर्वलोकहितैषिणी ॥ १३ ॥ त्रिंशत्कांस्यानिविद्वद्भ्यःसंपुटानिव्रतीर्यसा ॥ पूर्णंव्रतविधिंकृत्वामुमोदातीव नारद ॥ १४ ॥ सूतउवाच ॥ इत्याकर्ण्यमुनिर्विप्रानारायणवचोऽमृतम् ॥ पुनराहातितृप्तोसौनामंनामंपुनः पुनः ॥ १५ ॥ नारदउवाच ॥ सर्वेभ्यःसाधनेभ्योयंमासः श्रीपुरुषोत्तमः ॥ वरीयान्निश्चितोमेद्यश्रुत्वामाहात्म्यमुत्तमम् ॥ १६ ॥ श्रुत्वापिजायतेभक्त्यामहापापक्षयोनृणाम् ॥ किंपुनःश्रद्धयाकर्तुर्विधिनार्चेतमेमतिः ॥ १७ ॥ अतःपरंनकिंचिन्मेश्रोतव्यमवशिष्यते ॥ पीयूषांत्यंतलंतृप्तोनान्यत्तोयंसमीहते ॥ १८ ॥ सूतउ-

गण ! इस प्रकार नारायण के वचन सुनकर बार बार प्रणाम करते हुए नारदजी फिर कहने लगे ॥ १५ ॥ श्री नारदजी बोले-इस प्रकार श्रीपुरुषोत्तम मास का महात्म्य सुनकर मैंने तो आज यही निश्चय किया है कि अन्य सब साधनों में इसका व्रत सर्व श्रेष्ठ है ॥ १६ ॥ इसके महात्म्य भक्ति से सुनने से भी मनुष्यों के महा पाप नष्ठ होजाते हैं । और जो विधि पूर्वक परमश्रद्धा से इसका पूजन एवं व्रत धारण करे उसके पुण्यों का तो कहना हीक्याहै॥ १७॥ इसका महात्म्य सुनकर और कुछ सुनना ही बाकी नहीं रहा

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

अमृत से तृप्त हुआ पुरुष और जल नहीं चाहता ॥ १८ ॥ श्रीसूतजी बोले—यह कह कर श्री नारदजी चुप हो गये उन पुरातन नारायण मुनिजी के चरण कमलों में प्रणाम किया ॥ १९ ॥ भारतवर्ष में जन्म पाकर जो पुरुष गृहासक्त होकर श्रीपुरुषोत्तम मास का महात्म्य नहीं सुनते एवं न पुरुषोत्तम की सेवा करते हैं वे नराधम हैं ॥ २० ॥ वे दुर्भागी हैं आवागमन के चक्कर

वाच ॥ इत्युक्त्वाविरतोविप्रोनारदोमुनिसत्तमः ॥ अनीनमत्पादपद्मंपुरातनमुनेःपरम् ॥ १९ ॥ भारते जनुरासाद्यपुरुषोत्तममुत्तमम् ॥ नसेवंतेनशृण्वंतिगृहासक्तानराधमाः ॥ २० ॥ गतागतंभजंतेत्रदुर्भगाजन्मजन्मनि ॥ पुत्रमित्रकलत्राप्तवियोगाद्दुःखभागिनः ॥ २१ ॥ अस्मिन्मासेद्विजश्रेष्ठानामच्छास्त्राण्युदाहरेत् ॥ नस्वपेत्परशय्यायांनालपेद्वितथंक्वचित् ॥ २२ ॥ परापवादान्नब्रूयान्नकथंचित्कदाचन ॥ परान्नचनभुंजीतनकुर्वीतपरक्रियाम् ॥ २३ ॥ वित्तशाठ्यंकुर्वाणोदानंदद्याद्विजातये ॥ विद्यमानेधनेशाठ्यंकुर्वाणोरौरवंव्रजेत् ॥ २४ ॥ दिनेदिनेद्विजेंद्रायदत्वाभोजनमुत्तमम् ॥ दिवसस्याष्टमेभागेव्रतीभोजनमाचरेत् ॥

में पड़कर पुत्र, मित्र कलत्र, धन के वियोग में दुःख उठा २ कर जन्मते मरते रहते हैं ॥ ३१ ॥ इसी महीने में असत् शास्त्रों को न पढ़े, पराई खाट पर न सोवे, व्यर्थ तथा असत्य न बोले ॥ २२ ॥ दूसरे की निन्दा चुगली न करे, पराया अन्न न खावे एवं पराया काम न करे ॥ २३ ॥ धन की कंजूसी न करके यथा शक्ति ब्राह्मण को दान दे । धन होने पर कंजूसी करने वाला रौरव नरक में पड़ता है ॥ २४ ॥ हर रोज तो महीना भर श्रेष्ठ ब्राह्मण को उत्तम भोजन करावे और आप दिन के आठवें भाग

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सन्ध्या को भोजन करे ॥२५॥ वे पुरुष परम धन्य हैं जो पुरुषोत्तम मास में विधि पूर्वक भक्ति प्रेम से श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का व्रत एवं पूजन करते हैं॥२६॥इन्द्रद्युम्न, शतद्युम्न, यौवनाश्व, भगीरथ, आदि राजा श्रीपुरुषोत्तम भगवान् की आराधना करके भगवान् के निकट प्राप्त हुए हैं ॥ २७ ॥ इसी कारण सब प्रयत्नों से पुरुषोत्तम की सेवा करे । यह सब साधनों से श्रेष्ठ है सब मनोरथ

॥ २५ धन्यास्तेपुरुषालोकेयेनित्यंपुरुषोत्तमम् ॥ अर्चयंतिविधानेनभक्त्याप्रेमतुरःसरम् ॥ २६ ॥ इंद्रद्युम्नःशतद्युम्नोयौवनाश्वोभगीरथः ॥ पुरुषोत्तममाराध्ययर्भगवदंतिकम् ॥ २७ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनसंसेव्यःपुरुषोत्तमः ॥ सर्वसाधनतःश्रेष्ठःसर्वार्थफलदायकः ॥ २८ ॥ गोवर्धनधरंवन्देगोपालंगोपरूपिणम् ॥ गोकुलोत्सवमीशानंगोविन्दङ्गोपिकाप्रियम् ॥ २९ ॥ कौंडिन्येनपुराप्रोक्तमिमंमंत्रंपुनःपुनः ॥ जपन्मासंनयेद्भक्त्यापुरुषोत्तममाप्नुयात् ॥ ३० ॥ ध्यायेन्नवघनश्यामंद्विभुजंमुरलीधरम् । लसत्पीतपटंरम्यंसराधं पुरुषोत्तमम् ॥ ३१ ॥ ध्यायन्ध्यायन्नयेन्मासंपूजयन्पुरुषोत्तमम् ॥ एवंयःकुरुतेभक्त्यास्वाभीष्टं वमाप्नु-

पूर्ण करता है ॥ २८ ॥ श्रीगोवर्धन, गिरिराज को धारने वाले गोपरूप गोपाल, श्री गोकुल के उत्सव, गोपियों के प्यारे गोविन्द भगवान् को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २९ ॥ यह महामन्त्र है कौण्डिन्य ऋषि ने महीना भर भक्ति से इस का बार २ जपन किया है, वे पुरुषोत्तम को प्राप्त हुए हैं ॥ ३० ॥ इसी प्रकार नये मेघ की तरह श्याम सुन्दर, दो भुजा वाले मुरली बजाने वाले पीताम्बर धारी राधिकाजी के साथ विराजमान श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का ॥ ३१ ॥ इसी स्वरूप में ध्यान करते २ सारा पुरुषोत्तम मास

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

गुजारने वाला पुरुष सब मनोरथों को पाता है ॥ ३२ ॥ यह अत्यन्त रहस्य है जिस किसी को नहीं सुनाना चाहिये, हे तपोधन वर्ग, मैंने भी अभी तक किसी के आगे नहीं सुनाया ॥ ३३ ॥ यह परम पवित्र पुराण शास्त्र है मनोरथ पूर्ण करने वाला है इसको आदर के साथ निरन्तर सुनना चाहिये । इसका एकाध श्लोक सुनने से भी पुरुषों के हे ब्राह्मण गण ! सब पाप नष्ट हो

यात् ॥ ३२ ॥ गुह्याद्गुह्यतरंचैतन्नवाच्यंयस्यकस्यचित् ॥ मयापिकथितंनैवकस्याप्यग्रेतपोधनाः ॥३३॥
श्रोतव्यमेतत्सततंपुराणमभीष्टदंपावनमादरेण ॥ श्लोकैकमात्रश्रवणेनपुंसामघानिसर्वाणिनिहंतिविप्राः ॥
॥ ३४ ॥ गङ्गादिसर्वतीर्थेषुमज्जतोयत्फलंभवेत् ॥ तत्फलंशृण्वतस्तस्यमाहात्म्यंमुनिसत्तमाः ॥ ३५ ॥
इलांप्रदक्षिणीकुर्वन्यत्पुण्यंलभतेनरः ॥ तत्पुण्यंशृण्वतस्तस्यमहात्म्यंपौरुषोत्तमम् ॥ ३६ ॥ ब्राह्मणोब्रह्मवर्च-
स्वीक्षत्रियोवसुधाधिपः ॥ वैश्योधनपतिर्भूयाच्छूद्रःसत्तमतांलभेत् ॥ ३७ ॥ येन्येकिरातहूणाद्याःपशुवर्गि-
परायणाः ॥ तेसर्वेमुक्तिमायांतिश्रुत्वामाहात्म्यमुत्तमम् ॥ ३८ ॥ पुरुषोत्तममाहात्म्यंलेखयित्वाद्विजन्मने ॥

जाते हैं ॥ ३४ ॥ श्रीगङ्गाजी आदि तीर्थों के स्नान करने से मनुष्य को जितना फल मिलता है, उतना फल हे श्रेष्ठ मुनिजन ! इसके महात्म्य सुनने से प्राप्त होता है ॥ ३५ ॥ सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने से जितना पुण्य होता है वह पुण्य पुरुषोत्तम मास के महात्म्य सुनने से होता है ॥ ३६ ॥ ब्राह्मण सुने तो ब्रह्म तेज पाता है, क्षत्रिय राज्य पाता है वैश्य धनपति होता है, शूद्र श्रेष्ठता पाता है ॥ ३७ ॥ और भी जो किरात हूण आदि पशु पालन के काम करने वाली जातियां भी इसके उत्तम महात्म्य को

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

सुनने से मुक्ति प्राप्त करती हैं ॥ ३८ ॥ जो पुरुष पुरुषोत्तम महात्म्य लिखवाकर उस पुस्तक को वस्त्र भूषण आदि से विभूषित करके विधि पूर्व ब्राह्मण श्रेष्ठ को दान करता है ॥ ३९ ॥ वह अपने तीनों कुलों का उद्धार करके गोपिका वृन्द से घिरे हुए श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का परम दुर्लभ गोलोक में प्राप्त होता है ॥ ४० ॥ जो इस ग्रन्थ रत्न को लिखवाकर अपने घर में धारण

संभूष्यवस्त्रभूषाभिर्विधिनाथःप्रयच्छति: ॥३९॥ कुलत्रयंसमुद्धृत्यगोलोकंयातिदुर्लभम् ॥ यत्रास्तेगोपिकावृं-
दैर्वेष्टितःपुरुषोत्तमः ।४०। लिखित्वाधारयेद्यस्तुगृहेमाहात्म्यमुत्तमम् ॥ तद्गृहेसर्वतीर्थानिविलसंतिनिरंतरम्
॥ ४१ ॥ मासोत्तमस्यमहिमानमनंतपुण्यंश्रुत्वासुविस्मितधियोमुनयश्चसर्वे ॥ ऊचुश्चसूततनयंविनयेनविष्व-
क्सेनांघ्रिसेवनविधौनिपुणानितांतम् ॥ ४२ ॥ ऋषयऊचुः ॥ सूतसूतमहाभागधन्योसित्वंमहामते ॥ त्व-
न्मुखामृतपानेनकृतार्थाःस्मोवयंभृशम् ॥ ४३ ॥ चिरंजीवसदासूतपौराणिकशिरोमणे ॥ अस्तुतेशाश्वती-

करता है उसके घर में इस उत्तम महात्म्य के होने के कारण सब तीर्थ आकर निरन्तर निवास करते हैं ॥ ४१ ॥ इस प्रकार इस पुरुषोत्तम मास का अत्यन्त पुण्यदायक महात्म्य सुनकर सारे मुनिजन विस्मित हुए वे भगवान् की सेवा करने में निरन्तर निपुण होकर विनय पूर्वक सूतजी से कहने लगे ॥४२॥ ऋषि बोले- हे महा भाग्यवान् सूतजी महाबुद्धिमान् सूतजी आप धन्य हैं। आपके मुख द्वारा अमृत पान करके हम लोग भी आज अत्यन्त कृतार्थ हो गये हैं ॥ ४३ ॥ हे पुराणों के ज्ञाताओं में शिरोमणि सूतजी! आप चिर तक जीवित रहें आपकी जगत् को पवित्र करने वाली सनातनी कीर्ति विस्तृत हो ॥ ४४ ॥ आपके मुखारविन्द से प्रकट

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

होने वाली मुकुन्द भगवान् की जो अमृत मय कथा है उसके पान करने के लोभी हुए २ इस नैमिष क्षेत्र के निवासी मुनिजनों ने तभी तो परम पूज्य ब्रह्मासन आपको दिया है ॥ ४५ ॥ हे सूतजी ! इस पृथ्वी तल पर जब तक कि भगवान् की पवित्र कीर्ति

कीर्तिर्जगत्पावनपावनी ॥ ४४ ॥ तुभ्यंप्रदत्तंनिमिषालयस्थैर्ब्रह्मासनंपूज्यतमंमुनीशैः ॥ त्वदीयवक्त्रांबुजनिर्गतश्रीमुकुंदवार्तामृतपानलोलैः ॥ ४५ ॥ विष्टरश्रवसएवपवित्रायावदेववितताभुविकीर्तिः ॥ तावदत्रमुनिवर्यसमाजेश्रीहरेर्वदकथांकमनीयाम् ॥ ४६ ॥ इत्थंद्विजाशीर्वचनंप्रगृह्यप्रदक्षिणीकृत्यद्विजान्समस्तान् ॥ नत्वागमद्देवनदींस्वकीयंकृत्यंविधातुंसचसूतसूनुः ॥ ४७ ॥ अन्योन्यमूचुर्निमिषालयस्थावरिष्ठमाहात्म्यमिदंपुराणम् ॥ मासस्यदिव्यंपुरुषोत्तमस्यसमीहितार्थार्पणकल्पवृक्षम् ॥ ४८ ॥ इतिश्रीबृहन्नारदीयपुराणेपुरुषोत्तमाहात्म्ये श्रीनारायणनारदसंवादेपुरुषोत्तममाहात्म्यश्रवणफलकथनंनामएकत्रिंशोऽध्यायः ॥३१॥

छायी हुई है तब तक मुनिजनों के समाज में बैठकर आप श्रीहरि की परम मनोहर कथाएं सुनाते रहें ॥ ४६ ॥ उन ब्राह्मणों से इस प्रकार की अनेको आशीर्वादें प्राप्त करके उन सब ब्राह्मणों की परिक्रमा तथा नमस्कार कर वे सूतजी अपने कृत्य करने के लिये श्रीगङ्गाजीकी ओर चल पड़े ॥ ४७ ॥ तब नैमिष क्षेत्र के रहने वाले मुनिजन आपस में मिलकर बैठे, फिर सब मनोरथों को पूर्ण करने से कल्पवृक्ष रूप इस पुरुषोत्तम मास का यह दिव्य पुराण कहना आरम्भ किया ॥ ४८ ॥

इति श्रीपञ्चनन्द प्रान्तीय शरणार्थि पं० श्रीहरिश्चन्द्र शास्त्रिणाविरचितायां पुरुषोत्तममास महात्म्य भाषा टीकायांमेकत्रिंशोऽध्यायः समाप्तः ॥

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

❀ पूजा पाठ, व्रतादिक तथा माहात्म्य, ज्योतिष और कर्मकाण्ड की पुस्तकें ❀

पुरुषोत्तम मास माहात्म्य भा० टी०	३)
कार्तिक माहात्म्य भा० टी०	३)
एकादशी माहात्म्य भा० टी०	३)
बैशाख महात्म्य भा० टी०	३)
एकादशी माहात्म्य भाषा	१।)
कार्तिक माहात्म्य भाषा	१।)
माघ माहात्म्य भाषा	१।)
बैसाख माहात्म्य भाषा	१।)
गरुड़ पुराण भा० टी०	३)
दुर्गा सप्तशती भा० टी०	२)
श्रीमद्भागवत् भा० टी० २ जिल्दों में	१५)
चाणक्य नीति भा० टी०	।।।)
विदुर नीति भा० टी०	१।।)
मनुस्मृति भा० टी०	५)
वाशिष्टी हवन पद्धिती भा० टी०	१)
सत्यनारायण कथा भा० टी०	।।)
गोपाल सहस्रनाम मूल	।=)
गोपाल सहस्त्रनाम भा० टी०	।।।)
विष्णु सहस्त्रनाम मूल	।=)
विष्णु सहस्त्रनाम भा० टी०	।।।)
शिवस्वरोदय भा० टी०	।।।)
ज्योतिष सर्व सग्रह भा० टी०	१।।)
शीघ्रबोध भा० टी०	१।)
हनुमान ज्योतिष भा० टी०	।।)
विवाह पद्धिति भा० टी०	१)
बृहद् ज्योतिषसार भा० टी०	३।।)
मुहूर्त चिन्तामणि भा० टी०	३)
जन्मपत्री के फार्म रंगीन (३ कागजों का सैट) १०० कागज के दाम	६।)
सामुन्द्रिक शास्त्र सचित्र बड़ा	४)
इन्द्रजाल यानी साबरतन्त्र	२।।)
बड़ा विचार सागर पीताम्बरी	१०)
सुख सागर १२ स्कन्ध सचित्र	१०)

हर प्रकार की पुस्तकें मंगाने का पता **हिन्दी पुस्तकालय, मथुरा।**

मुद्रक— [illegible] हिन्दी पुस्तकालय प्रेस मथुरा।

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection

Digitization: HHFA(USA). Funding: Shastry Family, Mattur, Shivamogga KN

CSU-Jaipur Campus Collection